बैशाख कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 27 अप्रैल 2024
वर्ष-2, अंक-259, पृष्ठ-18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 6 रुपये

अमृत विचार

अयोध्या
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

वैवाहिक रिश्तों को अस्वीकार करना मानसिक क्रूरता 18

मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे नडाल 17

बरेली के राजेंद्रनगर में रोड शो के दौरान उमड़ी भीड़ का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

मोदी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

कार्यालय संवाददाता,बरेली

- खुली जीप में पहली बार किसी पीएम और सीएम ने किया बरेली में रोड शो

अमृत विचारः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवा रथ पर सवार होकर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के साथ रोड शो के दौरान लोगों से दिल से रिश्ता जोड़ने की पूरी कोशिश की। भगवा पोशाक में पहने प्रधानमंत्री अभिवादन करते हुए निकले, बगल में मौजूद सीएम विजयी मुद्रा में मुस्कुराहट के साथ लोगों की तरफ इशारा कर रहे थे।

शुक्रवार की शाम बरेली के लोगों के लिए यादगार बन गया। पहली बार ऐसा मौका रहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री एक साथ रोड शो में शामिल हुए हो, भीड़ इतनी जुटी की रथ पर सवार पीएम और सीएम गदगद दिखे। लोग भी अपने बीच दोनों हस्तियों को पाकर बेहद खुश नजर आएं। हर कोई एक झलक पाने को बेताब था। बुर्जुग, युवा, महिला और बालकों में पीएम को देखने में होड़ लगी रही। खुली जीप कार्यक्रम स्थल पर दो घंटे पहले पहुंची गई। प्रधानमंत्री जब भगवा रथ पर सवार हुए तो उनके बगल में एक तरफ सीएम योगी आदित्य नाथ तो दूसरी तरफ बरेली लोक सभा क्षेत्र के प्रत्याशी छत्रपाल मौजूद रहे। इनके पिछे सांसद संतोष गंगवार और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह थे। करीब 12 सौ मीटर की दूरी के दौरान पीएम ने अपने आप को मौजूद भीड़ से रिश्ता जोड़ने की पूरी कोशिश की। टार्च नुमा कमल का निशान हाथ में लेकर रथ पर चल रहे थे।छत पर खड़े लोगों का अभिवादन और भीड़ के सामने करीब तीन झुक प्रणाम भी किया। बांके बिहारी मंदिर के गेट के सामने जब मोदी की नजर मंदिर की तरफ तो भगवान की मूर्ति देखते सामने हाथ जोड़कर सिर झुकाया तो भीड़ ने पूरी ताकत के साथ जयघोष किया। सीएम मौजूद के भीड़ को हाथ से विजयी मुद्र में इशारें कर रहे थे।

संतोष को दिया सम्मान छत्रपाल के लिए मांगे वोट

बरेली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोड शो के दौरान सांसद संतोष गंगवार को पूरा ख्याल किया। भगवता रथ पर सांसद अपने साथ रखा। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार को विजयी बनाने के लिए लोगों का समर्थन मांगा। कमल निशान दिखाकर हर किसी को इशारे में वोटे देने का अनुरोध किया। रोड शो के दौरान एक बार संतोष से मोदी की कानाफूसी भी हुई।

एक नजर

दो दिनों के लिए घटाया गया स्कूलों का समय

लखनऊ। बेसिक शिक्षा विभाग ने अगले दो दिनों के लिए स्कूलों का समय परिवर्तित करने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, 27 और 28 अप्रैल को कक्षा एक से आठ तक के सभी स्कूल सुबह 7.30 बजे से 11.30 बजे तक संचालित होंगे। जबकि 28 अप्रैल को रविवार है। आदेश में कहा गया है कि 29 अप्रैल से सभी स्कूलों का समय पहले से जारी समय के अनुसार, सुबह 7.30 बजे से अपरान्ह एक बजे तक विद्यालय खुलेंगे। बता दें कि बीते दिनों गर्मी व लू के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत आने वाले सभी स्कूलों का समय सुबह 7.30 बजे से दोपहर एक बजे तक कर दिया गया था।

उत्तराखंड में बच्चों को माह में एक दिन बस्ते से छूट

काशीपुर। उत्तराखंड के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में शनिवार से बस्ता रहित दिवस मनाया जाएगा। माह में एक दिन शनिवार को बच्चे बिना बस्ते के स्कूल जाकर मृदा प्रबंधन, कृषि, बागवानी, मानवीय सेवाएं, वित्तीय प्रबंधन आदि के गुर सीखेंगे। अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण निदेशक वंदना गर्ब्याल ने जिले के हर सीईओ को इस बाबत आदेश जारी किए हैं। प्रदेश में 12,073 प्राइमरी, 3,434 जूनियर हाईस्कूल व 2,313 इंटरमीडिएट विद्यालय हैं।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 88 सीटों पर हुआ 61 प्रतिशत मतदान

उप्र व महाराष्ट्र में कम मतदान

64.02% अमरोहा **49.29%** मथुरा **58.70%** मेरठ **55.79%** बुलंदशहर **49.65%** गाजियाबाद

नयी दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शाम सात बजे तक शुक्रवार को 88 सीटों पर करीब 61 प्रतिशत वोट डाले गये। बारह राज्यों और केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर की कुल 88 सीटों पर मतदान का कुल प्रतिशत पहले चरण से भी कम रहा।

दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से काफी कम रहा जबकि जबकि त्रिपुरा, मणिपुर, छत्तीसगढ़ पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर में 70 से लगभग 79 प्रतिशत के दायरे में मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग के रात सात बजे तक के मतदान के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में 54.85 प्रतिशत, बिहार में 54.91 प्रतिशत महाराष्ट्र में 54.34 प्रतिशत और मध्यप्रदेश में 56.60 प्रतिशत वोट पड़े, जबकि केरल में 65.28 प्रतिशत राजस्थान में भी मतदान का प्रतिशत 63.74 रहा। त्रिपुरा में सर्वाधिक 78.63 प्रतिशत मतदान हुआ। मणिपुर में 77.18 प्रतिशत,छत्तीसगढ़ में 73.05 प्रतिशत,पश्चिम बंगाल 71.84 प्रतिशत,जम्मू-कश्मीर 71.63 प्रतिशत,असम 70.78 प्रतिशत मतदान हुआ। पहले चरण में 102 सीटों पर 63.4 प्रतिशत के करीब मतदान हुआ था। इसके साथ ही 543 सदस्यीय लोकसभा की 190 सीटों पर मतदान संपन्न हो गया है। तीसरे चरण का मतदान सात मई को होगा। छिटपट घटनाओं को छोड़ दे तो कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण रहा। छत्तीसगढ़ में बस्तर डिवीजन के 102 गांवों के मतदाताओं ने पहली बार लोकसभा के चुनाव में वोट डाले।

बुलंदशहर में ढोल नगाड़े के साथ मतदान केंद्र में जाती महिलाएं। ● एजेंसी

बेंगलुरू में मतदान के बाद आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले।

अमरोहा में सबसे ज्यादा 64.02 प्रतिशत हुई वोटिंग

लखनऊ। प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों पर चुनाव के लिए 54.85 प्रतिशत मतदान हुआ। अमरोहा सीट पर सबसे ज्यादा 64.02 प्रतिशत व सबसे कम मथुरा में 49.29 प्रतिशत मतदान हुआ। कई जगहों पर ईवीएम में खराबी समेत कई शिकायतें दर्ज हुईं, जिनका निस्तारण किया गया। इस चरण की अन्य सीटों में मेरठ में 58.70 प्रतिशत, बागपत में 55.93 प्रतिशत, गाजियाबाद में 49.65 प्रतिशत, गौतमबुद्धनगर में 53.21 प्रतिशत, बुलंदशहर सुरक्षित सीट पर 55.79 प्रतिशत व अलीगढ़ में 56.62 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि बुलंदशहर में फर्जी मतदाता की शिकायत आयी थी, पर वह गलत पाई गई। ईवीएम में खराबी समेत विभिन्न शिकायतों का समय रहते निस्तारण कराया गया।

वीवीपैट संबंधी याचिका खारिज मतपत्र से चुनाव भी नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बीच, उच्चतम न्यायालय ने ईवीएम के जरिये डाले गए वोट का वीवीपैट के साथ शत-प्रतिशत मिलान कराने संबंधी याचिकाएं शुक्रवार को खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तंत्र के किसी भी पहलु पर आंख मूंद कर अविश्वास करना अवांछित संशय पैदा कर सकता है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मामले में सहमति वाले दो फैसले सुनाये और इस मामले से जुड़ी वे सभी याचिकाएं खारिज कर दीं। इन याचिकाओं में मतपत्रों से चुनाव कराने की प्रकिया को फिर से उपयोग में लाने संबंधी याचिका भी शामिल थी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने अपना फैसला सुनाते हुए निर्वाचन आयोग को ईवीएम में चिह्न लोड किये जाने के बाद, इसके लिए उपयोग में लाई गई यूनिट को सील करने और 45 दिनों के लिए स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने ईवीएम विनिर्माताओं के इंजीनियर को चुनाव नतीजों की घोषणा के बाद, दूसरे या तीसरे स्थान पर रहे उम्मीदवारों के अनुरोध पर मशीनों के माइक्रोकंट्रोलर का सत्यापन करने की अनुमति भी दे दी। न्यायालय ने कहा कि माइक्रोकंट्रोलर के सत्यापन का अनुरोध चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद, शुल्क अदा किये जाने पर सात दिनों के अंदर किया जा सकता है। इसने कहा यदि सत्यापन के दौरान यह पाया गया कि ईवीएम में छेड़छाड़ की गई है तो उम्मीदवारों द्वारा अदा किया गया शुल्क लौटा दिया जाएगा।

ईवीएम में तीन यूनिट होती है बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट। ये तीनों माइक्रोकंट्रोलर से जुड़े होते हैं। वर्तमान में, निर्वाचन आयोग प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच मतदान केंद्रों के ईवीएम में पड़े मतों का मिलान वीवीपैट पर्चियों के साथ करता है।

चुनौती देने वाली याचिकाओं को 40 बार खारिज किया

निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने उल्लेख किया कि उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों ने ईवीएम की विश्ववसनीयता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को कम से कम 40 बार खारिज किया है। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार की इस हालिया टिप्पणी का भी जिक्र किया कि ईवीएम शत-प्रतिशत सुरक्षित हैं और राजनीतिक दल जानते हैं कि ये मशीनें निष्पक्ष हैं।

> प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह कांग्रेस-नीत इंडिया गठबंधन को करारा तमाचा है और उसे ईवीएम के खिलाफ अविश्वास पैदा करने के लिए जनता से माफी मांगनी चाहिए।

कांग्रेस ने कहा कि वह चुनावी प्रक्रिया में जनता का विश्वास बढ़ाने के लिए वीवीपैट के अधिक से अधिक उपयोग पर राजनीतिक अभियान जारी रखेगी।

अयोध्या में कड़ी सुरक्षा के बीच शुक्रवार को फैजाबाद लोकसभा सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन सांसद व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह दोपहर लगभग एक बजे कलक्ट्रेट पहुंचे और नामांकन कक्ष में जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार को नामांकन पत्र सौंपा। ● अमृत विचार

रायबरेली-सुल्तानपुर हाईवे पर बोलेरो पलटी, 4 की मौत

अमावां, रायबरेली

- मिल एरिया थाना क्षेत्र में हादसा, 3 घायल अस्पताल में उपचाराधीन

अमृत विचार : मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली-सुल्तानपुर हाईवे पर शुक्रवार तड़के बरात से लौट रही एक बोलेरो मालिनपुरवा के पास पुलिया से टकराकर सड़क पर पलट गई। घटना में बोलेरो सवार चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

लालगंज थाना क्षेत्र के कटहरियन का पुरवा गांव से सर्वेश की बरात गुरुवार की शाम फुरसतगंज थाना क्षेत्र के गांव में आई थी। सभी कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद एक बोलेरो आठ बरातियों को लेकर लालगंज के लिए रवाना हो गई। रायबरेली-सुल्तानपुर हाईवे पर मालिनपुरवा के पास तड़के साढ़े तीन बजे बोलेरो नैया नाला के पुल के पास पलट गई। बोलेरो में सवार 7 लोग घायल हो गए। हादसे में कटरियन का पुरवा निवासी पंकज पाल (26) पुत्र राजाराम पाल, दीपक पाल (25) पुत्र बभन कुमार, अवधेश पाल (32) पुत्र प्यारे पाल व लालगंज थाना क्षेत्र के ही ऐहार निवासी राघवेंद्र यादव (35) पुत्र रामखेलावन सहित चारों लोगों को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

कांग्रेस के मंसूबों पर वोट के माध्यम से पानी फेरना होगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने मीडिया से साझा बयान में कांग्रेस की सोच को बताया देश के लिए हानिकारक

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस के मेनिफेस्टो को भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए घातक बताया है। योगी शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। चुनाव में अप्रासंगिक मुद्दे उठने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा शुरू से ही विकास, सुरक्षा और सुशासन के मुद्दे के साथ चुनाव में उतरी थी।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के सत्ता से कोसों दूर होने पर भी क्या मानसिकता है, इसपर लगातार जनता का ध्यान आकर्षित किया जा रहा है। इनकी मंशा को सफलता न मिले, इसलिए ये जरूरी हो जाता है कि जनता समय रहते अपने एक-एक वोट के जरिए इसपर पानी फेरने का काम करे।

योगी के मुताबिक, कांग्रेस अपने मेनिफेस्टो में देश के तालिबानीकरण से लेकर जनता की संपत्ति और पर्सनल लॉ जैसे मुद्दों को समर्थन देकर मजहबी आधार पर देश के विभाजन की आधारशिला रखना चाहती है। उन्होंने कहा, विरासत की संपत्ति का आधा हिस्सा ले लेने और पर्सनल लॉ जैसे कानून को फिर से लागू करने की बात ये लोग कर रहे हैं। इस देश का विभाजन इन्हीं कारणों से हुआ था।

मुजफ्फरनगर में एमबीबीएस छात्रा की हत्या

मुजफ्फरनगर। एक निजी मेडिकल कॉलेज की एमबीबीएस प्रथम वर्ष की छात्रा की मंसूरपुर थाना क्षेत्र में हत्या कर दी गयी। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि मामले में एमबीबीएस के एक छात्र को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार औरैया जिले के निवासी राहुल चौहान की बेटी कीर्तिका (22) का शव बृहस्पतिवार देर रात जिले के मंसूरपुर थाने के बेगराज़पुर गांव में रेल पटरी के पास बरामद हुआ। परिजनों ने एमबीबीएस के एक छात्र पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

शाहजहांपुर से सपा प्रत्याशी का नामांकन खारिज

शाहजहांपुर : सपा (गठबंधन) के उम्मीदवार राजेश कश्यप का नामांकन खारिज हो गया है। वहीं हरदोई निवासी ज्योत्सना गौंड ने सपा आलाकमान के आदेश पर अधिकृत उम्मीदवार के रूप में नामांकन किया है।

18 फरवरी को सपा ने राजेश कश्यप को शाहजहांपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया था। राजेश ने जोरशोर से चुनाव की तैयारी शुरू कर दी। इसी बीच चर्चा होने लगी कि भाजपा की एक कद्दावर महिला नेता सपा में आ रही है और राजेश की जगह उन्हें प्रत्याशी बनाया जाएगा। वहीं सपा आलाकमान के आदेश पर हरदोई निवासी ज्योत्सना गौंड़ का नामांकन अंतिम तिथि से एक दिन पहले 24 अप्रैल को करा दिया गया।

विज्ञान इस क्षुद्रग्रह को पृथ्वी का अर्ध-उपग्रह भी माना जाता था, वैज्ञानिकों को मिली सफलता

चंद्रमा पर गड्ढे से पृथ्वी के नजदीकी क्षुद्रग्रह का रहस्य उजागर

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : वैज्ञानिकों ने चंद्रमा पर बने गड्ढे व पृथ्वी के नजदीकी क्षुद्रग्रह के बीच संबंध का पता लगाने की बड़ी कामयाबी हासिल की है। इसका नाम 469219 कामो'ओलेवा क्षुद्रग्रह है। इस क्षुद्रग्रह को पृथ्वी का अर्ध-उपग्रह भी माना जाता था।

दरअसल कामो'ओलेवा क्षुद्रग्रह व चंद्रमा के सुदूर भाग में स्थित विशाल गड्ढे की कहानी बड़ी रोचक है। यह गड्ढा 21 किमी चौड़ा है। और चंद्रमा के सुदूर भाग पर स्थित है।

नासा के लूनर रिकोनाइसेंस ऑर्बिटर कैमरे ने इस गड्ढे की तस्वीर ली है। इस गड्ढे का मिलान 469219 कामो'ओलेवा क्षुद्रग्रह से किया गया तो पता चला कि यह गड्ढा इसी क्षुद्रग्रह के कारण बना है। कालांतर में यह क्षुद्रग्रह चंद्रमा से टकराया होगा और वापस अंतरिक्ष में छिटक गया।

चंद्रमा पर बना गड्ढा।

इसके बाद अपनी कक्षा में घूमने लगा। इस क्षुद्रग्रह के बारे में पूर्व में कहानियां भी लिखी गयी हैं। इसकी विशेषता यह है कि इसे कभी पृथ्वी का अर्ध उपग्रह भी माना जाता था। यह चंद्रमा की तरह कक्षीय अवधियों में पृथ्वी के करीब रहता है और आने वाली कई शताब्दियों तक इसकी कक्षा स्थिर बनी रहेगी।

सूर्य के चारों ओर इसकी कक्षा पृथ्वी की कक्षा के साथ समकालिक है। इसके बारे में 2021 में स्पेक्ट्रोस्कोपी तकनीक से इसका पता लगा लिया था। खगोलविदों ने नेचर एस्ट्रोनॉमी में इस नए शोध को प्रकाशित किया है। चंद्रमा में इस दूर के गड्ढे नाम जिओर्डानो ब्रूनो है।

16वीं सदी के इतालवी दार्शनिक, कवि, ब्रह्माण्ड संबंधी सिद्धांतकार और गूढ़विद्या पर इसका नाम पर रखा गया है। नासा समेत कई देशों के वैज्ञानिकों के सामूहिक शोध से इस रहस्य का खुलासा हुआ।

नमूने जुटाएगा तियानवेन -2 मिशन कमोओलेवा

2025 में लॉन्च होने वाला चीनी तियानवेन-2 मिशन कमोओलेवा के नमूने एकत्र करेगा। बाद में वापस पृथ्वी में लाएगा। दूसरा मिशन नासा का एन इ ओ सर्वेक्षक अंतरिक्ष दूरबीन को 2027 में लॉन्च किया जाएगा। इन दोनों मिशन के अध्ययन से इस क्षुद्रग्रह कामो'ओलेवा के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाएगा।

कार में आग से दो माह का बच्चा और मां की जलकर मौत

कासगंज। ढोलना थाना क्षेत्र के अंतर्गत कैनाल बाइपास पर शुक्रवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। माइल स्टोन से टकराकर कार में आग लग गई। दुर्घटना में कार सवार ढाई माह का बेटा और उसकी मां जिंदा जल गए। कार चला रहा पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। बरेली के थाना भमोरा क्षेत्र के गांव रफियाबाद निवासी 30 वर्षीय आशीष यादव, 25 वर्षीय पत्नी मीना और ढाई माह के बेटे के साथ गुरुवार की देर रात मथुरा जा रहे थे। शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े तीन बजे कैनाल बाइपास से गुजर रही थी कि ढोलना थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव भगवंतपुर के समीप सड़क किनारे मार्ग की दूरी दर्शाने के लिए लगे पत्थर से कार टकरा गई।

साल में 2 बार सीबीएसई परीक्षा की तैयारी, सेमेस्टर प्रणाली खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

- अगले माह इसके लिए प्रधानाध्यापकों से बैठक करेगा बोर्ड

शिक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से 2025-26 शैक्षणिक सत्र से साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने के संबंध में व्यवस्थागत तैयारी करने को कहा है। सेमेस्टर प्रणाली शुरू करने की योजना को खारिज कर दिया गया है। सूत्रों ने कहा कि मंत्रालय और सीबीएसई साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने के लिए अगले महीने स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ चर्चा करेंगे।

सीबीएसई वर्तमान में इस बात पर काम कर रहा है कि स्नातक प्रवेश कार्यक्रम को प्रभावित किए बिना एक और बोर्ड परीक्षा को समायोजित करने के लिए अकादमिक कैलेंडर को कैसे तैयार किया जाएगा। एक सूत्र ने बताया मंत्रालय ने सीबीएसई से इस बात पर काम करने को कहा है कि साल में दो बार बोर्ड परीक्षा किस तरह आयोजित की जाएगी। सूत्र ने बताया 2025-26 शैक्षणिक सत्र से वर्ष के अंत में बोर्ड परीक्षाओं के दो संस्करण आयोजित करने का विचार किया जा रहा है, लेकिन तौर-तरीकों पर अभी भी काम करने की जरूरत है। हालांकि, सेमेस्टर प्रणाली को लागू करने की कोई योजना नहीं है। मंत्रालय की प्रारंभिक योजना 2024-25 शैक्षणिक सत्र से साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं शुरू करने की थी।

एक नजर

पति व बेटी पर फेंका खौलता पानी, दोनों भर्ती

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : रौनाही थाना के बेनीपुर गांव में पति से नाराज पत्नी ने सोते समय खौलता पानी डाल दिया। बगल में सोई बेटी के भी पैर जल गये। दोनों को परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां पति की हालत नाजुक बताई जाती है। पिता के साथ झुलसी किशोरी महिमा (10) पुत्री दिलीप कुमार सैनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पिता और मां के बीच लड़ाई-झगड़ा होता रहता है। इसी कारण शुक्रवार भोर में मां पूनम सैनी ने खौलता पानी मेरे सहित पिता पर डाल कर मार डालने का प्रयास किया। जिससे दोनों काफी झुलस गए। प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया तहरीर पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

दिलाई शपथ, करें मतदान

अयोध्या। अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अदुभुत अयोध्या के तहत मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। गोसाईगंज में बूथ लेवल अफसर और सुपरवाइजर ने शुक्रवार को मतदाता जागरूकता रजिस्टर भरने के लिए घर-घर सर्वे कराया। 20 मई को मतदान के लए शपथ दिलाई गई। रूदौली क्षेत्र में बीएलओ ने मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई गई।

छात्रों से रकम लेकर प्रवेश कराने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

सॉल्वर गिरोह के फर्जीवाड़े का शिकार हुए थे नर्सिंग के छात्र

▸▸ फरवरी माह में नर्सिंग कॉलेज की सहायक प्राचार्य ने दर्ज कराई थी शिकायत

अयोध्या, कार्यालय

अमृत विचार। स्वायत्तशासी राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के बीएससी नर्सिंग के छात्र सॉल्वर गिरोह के फर्जीवाड़े का शिकार हुए थे। यह बात छात्रों से रकम लेकर प्रवेश कराने वाले गिरोह के तीन लोगों की गिरफ्तारी और उनसे हुई पूछताछ में सामने आई है। फ़िलहाल पुलिस पूरे मामले की तहकीकात में जुटी है।

पुलिस लाइंस के सभागार में शुक्रवार को एसएसपी राजकरन नय्यर ने बताया कि फरवरी माह में नर्सिंग कॉलेज की सहायक प्राचार्य नीमा वीपी ने अयोध्या कोतवाली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि संस्थान में पढ़ रहे 11 छात्रों ने सीएनईटी 2024 की प्रवेश परीक्षा में शामिल हो काउंसलिंग के माध्यम से फर्जीवाड़ा कर प्रवेश हासिल किया है। इस बाबत अटल बिहारी बाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ की ओर से पत्र भेजकर संबधित छात्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को कहा गया है। पुलिस ने सभी के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू की थी।

पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते एसएसपी। अमृत विचार

अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा की टीम ने एंटी थेफ़्ट सेल की टीम के सहयोग से मोहल्ला लखरौरा थाना रामनगर, बाराबंकी निवासी रितांशु मौर्या, रेहरा खुर्द थाना कठेला समय माता जिला सिद्धार्थनगर निवासी अजय सिंह व छोटी लाइन रेलवे कॉलोनी थाना खैराबाद जिला सीतापुर निवासी सचिन राजवंशी को गिरफ्तार किया है। रितांशु के खिलाफ लखनऊ में गैंगेस्टर व फर्जीवाड़ा के कुल तीन मामले दर्ज मिले हैं। पूछताछ में इन्होंने स्वीकार किया है कि इनके गिरोह ने सिनेट की परीक्षा में मोटी रकम लेकर बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा में प्रवेश दिलाया था। इसके लिए छात्रों के प्रवेश पत्र में फोटो आदि को बदला गया था।

एसएसपी ने बताया कि इन्होंने अपने गिरोह से जुड़े कुछ अन्य लोगों का नाम भी बताया है। जिनकी तहकीकात कराकर गिरफ्तारी का प्रयास कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दर्ज मामले में नामजद सभी 11 छात्रों की भूमिका और संलिप्तता की जाँच की जा रही है। पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में कूटरचना , साजिश तथा परीक्षा अधिनियम की धारा बढ़ाई है और पकड़े गए आरोपियों का चालान किया है। इस अवसर पर एसपी देहात एके सोनकर,एसपी सिटी मधुबन सिंह, सीओ अयोध्या आशुतोष मिश्र, सीओ सदर एएसपी अरुण कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक बृजेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

रामसेवकपुरम में तीन महीने से ताले में बंद रामलला की दो मूर्तियां

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के तीन माह पूरे होने के बाद भी अभी तक मूर्तिकारों के द्वारा बनाई गईं रामलला की दो अन्य मूर्तियों को उचित स्थान नहीं मिल सका है। वे दोनों मूर्तियां अभी भी रामसेवकपुरम में ताले में बंद हैं। ट्रस्ट की मानें तो मूर्ति को उचित स्थान दिए जाने के लिए अभी कोई निर्णय नहीं हो सका है।

भव्य मंदिर में रामलला को विराजमान कराए जाने के लिए देश के तीन प्रमुख मूर्तिकारों ने पांच वर्षीय रामलला की मूर्तियां बनाई थीं। अरुण योगीराज के द्वारा कर्नाटक के श्याम शिला, गणेश भट्ट श्याम शिला और सत्यनारायण पांडे द्वारा सफेद संगमरमर के पत्थर पर मूर्ति को स्वरूप दिया गया। प्राण प्रतिष्ठा के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा गठित धार्मिक समिति ने कर्नाटक के योगीराज की मूर्ति पर सहमति जताई और 22 जनवरी को विधि विधान पूर्वक भव्य राम मंदिर के अष्टकोणीय गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। इस संबंध में ट्रस्ट के एक पदाधिकारी ने नाम न छापे जाने की शर्त पर बताया कि इस संबंध में अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है। निर्णय होते ही अवगत कराया जाएगा।

अभी तक नहीं मिला स्थान, ट्रस्ट के निर्णय का इंतजार



रामसेवकपुरम में दोनो मूर्तियां रखी हैं।

अभी नहीं मिली कोई सूचना : मूर्तिकार सत्यनारायण

मूर्तिकार सत्यनारायण पांडे ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के पहले श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम जन्मभूमि परिसर में ही इन मूर्तियों को भी उचित स्थान दिए जाने की बात कही थी। अभी तक कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। उनके मुताबिक जिस स्थान पर मूर्ति का निर्माण किया गया है अभी उसी स्थान मूर्तियां रखी हुई हैं।

कल सुबह 7:30 से 11:30 बजे तक फिर 29 से दोपहर एक बजे तक खुलेंगे स्कूल

अयोध्या कार्यालय

▸▸ बेसिक शिक्षा विभाग को भी लगी गर्मी, दो दिन में दो आदेश जारी

अमृत विचार : गर्मी की चपेट में बेसिक शिक्षा विभाग भी आ गया है। गर्मी के प्रकोप को लेकर विभाग को दो दिन में दो आदेश जारी करने पड़े। 25 अप्रैल को जारी कक्षा एक से आठ तक के बच्चों की दोपहर एक बजे की छुट्टी के आदेश की विसंगति 'अमृत विचार' ने शुक्रवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की। जिसके बाद शुक्रवार दोपहर बीएसए ने नया आदेश जारी कर छुट्टी का समय एक बजे से घटा कर सुबह 11:30 बजे कर दिया। इस आदेश में खास बात ये है इसके तहत सिर्फ शनिवार को ही ये व्यवस्था लागू होगी और सोमवार से फिर सुबह 7:30 बजे से दोपहर एक बजे तक स्कूल खोलने का आदेश इसमें दिया गया है। एक दिन के लिए समय परिवर्तन शिक्षकों व अभिभावकों की समझ से भी परे है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने शुक्रवार 26 अप्रैल की दोपहर एक नया आदेश जारी कर बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित कक्षा एक से आठ तक परिषदीय व मान्यता प्राप्त स्कूलों का समय परिवर्तन किया है। जारी आदेश में कल 27 अप्रैल को स्कूल सुबह 7:30 से 11 :30 बजे तक खुलेंगे। वहीं 29 अप्रैल से सुबह 7:30 से दोपहर एक बजे तक। इससे पहले 25 अप्रैल को बीएसए ने स्कूलों का समय 7:30 से एक बजे तक तय किया था।



कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अयोध्या

बीएसए का 25 अप्रैल का आदेश।



कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अयोध्या

बीएसए का 26 अप्रैल का आदेश।

> परिस्थिति देखकर आगे फैसला किया जाएगा। दोपहर एक बजे की छुट्टी को लेकर अभिभावकों की आपत्ति थी। इसलिए समय बदल दिया है। – **संतोष कुमार राय, बीएसए**

बेसिक शिक्षा कार्यालय के अनुसार यदि गर्मी का यही प्रकोप रहा तो 29 अप्रैल के आदेश में भी संशोधन किया जाएगा। हालांकि शिक्षक मात्र एक दिन के लिए 11:30 की छुट्टी को लेकर चुटकी ले रहे हैं, क्योंकि 28 को रविवार है।

चिकित्सा शिविर में परीक्षण कर दीं गईं दवाएं

अयोध्या। अमृत विचार : लोगों व यात्रियों के लिए शुक्रवार को नि :शुल्क चिकित्सा शिविर शुरू किया गया। डॉक्टर ने लोगों का परीक्षण कर दवाएं वितरित की। ह्यूमन डेवलपमेंट सोसायटी और अनूप फाउंडेशन ने नहरबाग में शिविर लगाया है। डॉ. दीपिका चंद्रा लोगों का परीक्षण कर परामर्श के साथ औषधि वितरण भी किया। इस मौके पर सविता सिंह, कंचन लता श्रीवास्तव, एकता भटनागर, सोनाली श्रीवास्तव, स्मिता, प्रीति सिंह, रंजीता चौहान आदि मौजूद थे।

कुलदीप बने ऑल इंडिया कांग्रेस वर्किंग कमेटी के यूपी स्टेट जनरल सेक्रेटरी

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : ऑल इंडिया कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने जिले के कुलदीप दूबे को ऑल इंडिया कांग्रेस वर्किंग कमेटी का यूपी स्टेट जनरल सेक्रेटरी के पद पर नियुक्त किया है। हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम डीह भरथी निवासी कुलदीप दूबे की यह ताजपोशी ऑल इंडिया कांग्रेस वर्किंग कमेटी के राष्ट्रीय वर्किंग प्रेसिडेंट ठाकुर अनिल सिंह व फाउंडर प्रेसिडेंट सुदेव चक्रवर्ती द्वारा की गई है।

कुलदीप दूबे

लोकसभा चुनाव : साहब! हर घंटे आता है चक्कर, कैसे करूं ड्यूटी

अयोध्या कार्यालय

▸▸ चुनाव ड्यूटी कटवाने को विकास भवन में पहुंच रहे लोग

अमृत विचार: साहब! हर घंटे चक्कर आता है। चुनाव में ड्यूटी कैसे कर पाऊंगा ? गोद में छोटा बच्चा है। चुनाव ड्यूटी करने में अपने को असमर्थ पा रही हूं। ड्यूटी से पृथक करने का कष्ट करें। यह एक उदाहरण है। इसी तरह के कई उदाहरण हैं जो ड्यूटी कटवाने के लिए विकास भवन पहुंच रहे कर्मचारी अफसरों के सामने रख रहे हैं।

मतदान कर्मचारियों के पहला प्रशिक्षण सपंन्न हो गया है। अब दूसरे प्रशिक्षण की तैयारी है। वहीं कर्मचारियों में ड्यूटी कटवाने को लेकर होड़ है। रोज बड़ी संख्या में पुरुष और महिला कर्मचारी विकास भवन पहुंच रहे हैं। वह सीडीओ, डीडीओ सहित कार्मिक विभाग से जुड़े अफसरों से मिलकर चुनाव ड्यूटी कटवाने की याचना कर रहे हैं। एक महिला शिक्षक का कहना था कि उसके पति भारत-तिब्बत सीमा पुलिस असम में तैनात हैं। वह चुनाव ड्यूटी कर रहे हैं। छोटा बच्चा है। वह स्वयं उसकी देखभाल करती है। चुनाव में ड्यूटी करने में असमर्थ है। एक अन्य महिला शिक्षक का कहना है कि उसके पति गैरजनपद में काम करते हैं। वह अकेली है। छोटे बच्चे की देखभाल करनी है। बाहर जाने पर दिकक्त होगी। एक पुरूष कर्मचारी ने कहा कि उसे पेट में अल्सर है। उल्टियां आती है। ड्यूटी करने में अपने को असमर्थ है। बताया गया है कि ड्यूटी कटवाने के लिए अब तक कई सौ आवेदन पत्र आ चुके हैं। सवाल-जवाब के जरिए अफसर इनकी समस्या जान रहे हैं, फिर यथाउचित आश्वासन दे रहे हैं। ड्यूटी कटवाने वालों की लाइन लंबी है।

महिला कार्मिकों को लेकर ज्यादा समस्या

चुनाव में मतदान कार्मिक विभाग के पास महिला कार्मिकों को लेकर समस्या ज्यादा है। इनकी संख्या कम है। ड्यूटी कटवाने के आवेदन ज्यादा है। आयोग के नियमों के तहत कुछ स्थानों पर महिला कर्मचारी जरूरी हैं। ऐसे में समस्या ज्यादा बताई जा रही है।

बीकापुर विधान सभा में 45 बूथ क्रिटिकल घोषित

सोहावल, अयोध्या

अमृत विचार : लोक सभा चुनाव के लिए बीकापुर विधानसभा से तैयार की गई मतदाता सूची में इस बार 6270 मतदाता नए जोड़े गए है जो सियासी दावेदारों की भाग्य का फैसला करेंगे। इनके मतदान के लिए 410 बूथ बनाए गए है जिनमे 45 बूथों को विभिन्न कारणों से क्रिटिकल घोषित किया गया है। इनमे 21 बूथ सोहावल के है तो 24 बूथ मसौधा व बीकापुर ब्लाक से ताल्लुक रखते है। 85 प्लस और दिब्यांग मतदाताओं की संख्या भी इतनी है कि हार जीत में निर्णायक की भूमिका अदा कर सकते हैं।

विधानसभा के चुनाव में 383530 मतदाताओं ने इस विधानसभा से अपना पंजीकरण कराया था जबकि 2024 लोकसभा चुनाव की तैयार मतदाता सूची में मतदाताओं की संख्या अब 389800 तक जा पहुंची है। इनमें महिलाओं की संख्या 186954 है तो पुरुष मतदाताओं की संख्या 202836 है। थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या में कोई बढ़ोत्तरी नही हुई। वह आज भी 10 है।

274 बीकापुर में पहली बार अच्छी खासी संख्या 85 प्लस और दिव्यांगों की सामने आई है। जो नए मतदाताओं के साथ जोड़ लिए जाए तो कांटे के मुकाबले में निर्णायक की भूमिका अदा कर सकते है। इनमे उम्र दराज 2805 तो दिव्यांग 2952 हैं। इनमें वह मतदाता जो बूथ तक आने में लाचार बताएंगे उनका वोट प्रशासन घर घर जाकर डलवाने की तैयारी कर रहा है।

> अधिकतम और निष्पक्षता के साथ पारदर्शी मतदान की व्यवस्था बनाई जा रही है। कड़ी सुरक्षा के बीच बिना किसी भय के मतदान हो यही चुनाव आयोग की मंशा है। इसकी तैयारी लगभग पूरी है। – **अशोक कुमार सैनी, एसडीएम /सहायक निर्वाचन अधिकारी**

कहां - कहां कितने क्रिटिकल बूथ

सोहावल के क्रिटिकल बूथ में रामनगर धौरहरा के चार बूथ, महोली के एक, सैदपुर एक, बिसौली एक, ड्योढी बाजार एक, देवई दो, देवरा कोट एक, बैदरा पुर दो, कपासी एक, शेखपुर जांफर एक, रौनाही दो, मजनावा एक, पंडितपुर एक, खिरौनी एक, कोला एक है। वहीं मसौधा व बीकापुर के क्रिटिकल बूथों में फिरोजपुर उपहार एक, कोटसराय एक, हाजीपुर सिंहपुर एक,मिर्जापुर दो, ताजपुर कोडरा दो, बंदी दासपुर एक, कुरावा एक, नईपुरा एक, सरियामा एक, कंदैला एक, जीवपुर एक, भदरसा एक, पिपरी दो, चंदीपुर नगहरा एक, करौदी दो, बीकापुर एक, सौंन खरी एक, बदरामपुर एक, बिलारी माफी एक, खजुराहट एक है।

अब स्कूल टीचर बनाए जाएंगे मनोदक्ष

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : छात्रों में बढ़ रहे व्यवहार विकार व भावनात्मक समस्याओं के प्रति जागरूकता व प्रबंधन कौशल विकसित करने के उद्देश्य से शिक्षकों व अभिभावकों के संवेदीकरण हेतु त्रिस्तरीय मनोप्रशिक्षण सत्र होंगे। जूनियर, मिडल व सीनियर ग्रुप में विभाजित सत्र में शिक्षक व अभिभावक शामिल होंगे।जिसकी शुरुआत पीएम श्रीकेंद्रीय विद्यालय से होगी। यह जानकारी शुक्रवार को जिला चिकित्सालय के मनोपरामर्शदाता डॉ. आलोक मनदर्शन व केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य आरसी पांडेय ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि चुनिंदा संस्थाओं में चलने वाले इस ट्रेनिंग सत्र से शिक्षा गुणवत्ता व व्यक्तित्व परिपक्वता का दोहरा लाभ छात्रों को मिलेगा। इस कार्यक्रम से शिक्षकों में क्लास रूम प्रबंधन व भावनात्मक बुद्धिमता का विकास भी होगा।

सार-संक्षेप

झंडा देकर सपा की सदस्यता ग्रहण कराते प्रत्याशी व जिलाध्यक्ष।

कई ने थामा समाजवादी पार्टी का झंडा

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : समाजवादी पार्टी द्वारा मिल्कीपुर क्षेत्र के इनायत नगर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के कई कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी में आस्था व्यक्त करते हुए सदस्यता ग्रहण की। सभी को इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद व सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने सदस्यता दिलाई। मुख्य रूप से विपिन तिवारी, हरनाथ यादव, सत्यबक्स तिवारी, पंकज पाठक, चिरकुट पासी, रामचंद्र विश्वकर्मा, शेर बहादुर यादव, सुनील तिवारी, परवाज अहमद आदि शामिल हैं। जिला महासचिव बख्तियार खान, विधानसभा अध्यक्ष पृथ्वीराज यादव, प्रदेश सचिव छोटे लाल यादव, डॉ माखनलाल यादव, जिला पंचायत प्रतिनिधि अजय रावत आदि लोग मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष ने बताया कि 30 अप्रैल को 11 बजे समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद नामांकन करेंगे।

छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं का किया स्वागत

चयनित छात्र-छात्राओं का स्वागत करते शिक्षक। अमृत विचार

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में अमानीगंज ब्लॉक क्षेत्र स्थित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय खंडासा से सात बच्चों का चयन एनएमएमएस में हुआ है। शिक्षकों ने शुक्रवार को आस्था, शाहीन, उर्वशी, नंदिनी, बृजेश, दिवाकर, प्रियंका को सम्मानित किया। प्रधानाध्यापक बजरंग बहादुर सिंह ने बताया कि इस सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों मानेंद्र प्रताप सिंह, विजय शंकर तिवारी, सुशील कुमार दुबे व पूजा सिंह को जाता है।

पुलिस की मौजूदगी में परिणय सूत्र में बंधे प्रेमी युगल

चौकी प्रभारी के साथ नवविवाहित प्रेमी युगल।

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : मां कामख्या धाम मंदिर में शुक्रवार को प्रेमी युगल के पुलिस की मौजूदगी के हुआ विवाह चर्चा में है। थाना बाबा बाजार के ग्राम रतनपुर निवासी दिलीप और ग्राम सुनवा की ममता का प्रेम प्रसंग चल रहा था। दिलीप के परिजन शादी से इंकार कर दिया तो ममता ने पुलिस को पत्र देकर के मदद की गुहार लगाई। चौकी प्रभारी दिवाकर ने दोनों पक्षों को समझाया। दिलीप के परिजन भी शादी के लिए तैयार हो गए। मां कामाख्या मंदिर बुलाकर के वैदिक मंत्रोचार के साथ दोनों की शादी करवाई गई। चौकी प्रभारी ने बताया कि वर पक्ष के लोग विवाह से इंकार कर रहे थे। समझने पर तैयार हो हुए तो मंदिर में विवाह हो गया। इस मौके पर विजय सिंह, रविन्द्र सिंह,अनिल सिंह मौजूद रहे।

सरयू इंटरनेशनल में सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों का होगा समागम

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : सीबीएसई बोर्ड की ओर से संचालित जिले भर के स्कूलों का शनिवार को बाईपास स्थित सरयू इंटरनेशनल स्कूल में समागम होगा। लखनऊ के ला मार्टिनियर गर्ल्स कालेज द्वारा यहां ओरियंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। सरयू इंटरनेशनल के चेयरमैन डॉ संजय तिवारी ने बताया कि कनक किड्स समेत सीबीएसई द्वारा संचालित सभी स्कूलों की सहभागिता होगी। ओरियंटेशन कार्यक्रम में स्कूलों के संचालन, छात्रों की सुविधाओं के साथ सभी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। चेयरमैन ने बताया कि यह कार्यक्रम आने वाले समय में महत्वपूर्ण साबित होगा। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

स्कूल का ताला तोड़ सामान उड़ाया

अयोध्या, अमृत विचार : गोसाईगंज कोतवाली इलाके के जैता गांव में गुरुवार रात चोरों ने कंपोजिट विद्यालय के कमरों व ऑफिस का दरवाजा तोड़कर उसमें रखे सामान को पार कर दिया। प्रधानाचार्य शिवानन्द तिवारी जब विद्यालय पहुंचे तो जानकारी हुई। उन्होंने बताया कि चोरों ने दो कमरों का ताला व एक कमरे का दरवाजा तोड़ डाला। उसमें रखे राशन, बर्तन, कंप्यूटर का माउस, कैमरा डांगल, वाई-फाई व जरूरी कागजात उठा ले गए।एसएचओ परशुराम ओझा ने बताया कि जांच की जा रही है।

सिंधी भाषा विकास के प्रयास की महाराष्ट्र के हासानी ने की सराहना

अयोध्या। प्रभु रामलला के दर्शन करने महाराष्ट्र से अयोध्या पहुंचे सीनियर चार्टर्ड अकाउंटेंट किशन हासानी ने गत दिवस अवध विश्वविद्यालय के संत कंवर राम साहिब सिंधी अध्ययन केंद्र का दौरा किया। उनके साथ रेखा हासानी, गुरुनानक नगर रायबरेली पंचायत के मुखिया राजेश चंदनानी, पूनम चंदनानी आदि भी थे। केंद्र के पुस्तकालय में रखी अनेक दुर्लभ पुस्तकों, संग्रहालय में रखे सिंधु सभ्यता के प्रतीक चिन्हों को देखा। केंद्र के सलाहकार ज्ञान प्रकाश टेकचंदानी सरल और निदेशक एसके रायजादा से चर्चा कर जानकारी की। सिंधी भाषा के प्रसार के लिए किए जा रहे प्रयास की सराहना की। उन्होंने मातृभाषा के संरक्षण संवर्धन में जुटकर काम करने की बात कही। समाज के सरोकार से जुड़े अयोध्या के विश्व प्रकाश "रुपन" का आभार जताया। रायबरेली सिंधी पंचायत के मुखिया राजेश चंदनानी व पूनम ने रायबरेली में सिंधी भाषा के प्रसार पर कार्य करने की बात कही।

मौसम 40 फीसदी से अधिक बढ़ी बिजली की खपत, 30 से 35 रुपये पहुंचा आरओ पानी

गर्मी ने दिखाये तेवर, पारा पहुंचा 41 के पार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जिले में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 41 के पार पहुंच गया। लू के थपड़े और आग उगलते सूरज से लोग बेहाल हैं। जनजीवन प्रभावित है। बिजली की खपत भी 40 फीसदी बढ़ गई है। इतना ही नहीं 30 रुपये केन मिलने वाला आरओ पानी अब 35 रुपये हो गया है।

जिले में शुक्रवार सुबह नौ बजे घर से ऑफिस और जरूरी काम के लिए निकले लोगों को तीखी धूप ने बेहाल कर दिया। दिन का तापमान 41.5 व न्यूनतम 22.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पांच दिनों के तापमान पर गौर करें तो 21 अप्रैल को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता 81 प्रतिशत रही। वहीं 22 अप्रैल को अधिकतम तापमान 40.5 रिकॉर्ड किया गया। अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता 78 प्रतिशत रही। 23 अप्रैल को अधिकतम तापमान 39 डिग्री रहा और अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता 80 प्रतिशत। 24 अप्रैल को भी अधिकतम तापमान 40 डिग्री रहा जबकि आर्द्रता अधिकतम 79 प्रतिशत। 25 अप्रैल को अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि सापेक्षिक आर्द्रता 79 प्रतिशत रही।

मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार एक सप्ताह में जिले का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मौसम वैज्ञानिक अमरनाथ मिश्रा का कहना है कि औसत तापमान सामान्य से और अधिक होगा। पांच मई तक अधिकतम तापमान हर दिन एक डिग्री सेल्सियस बढ़ने की संभावना है।

तपिश में शुक्रवार को स्टाल से मुंह ढ़ककर जातीं मेडिकल की छात्राएं।

210 से बढ़कर 310 मेगावाट पहुंची बिजली खपत

उत्तर प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन के पारेषण विभाग की माने तो बिजली खपत तेजी से बढ़ रही है। जनवरी माह के शुरू में खपत जहां 192 मेगावाट थी वहीं 21 जनवरी को 210 मेगावाट हो गई। फरवरी में 220 तो मार्च में 240 तक रिकॉर्ड की गई। अप्रैल के प्रथम सप्ताह में जिले की खपत करीब 280 मेगावाट थी जो अब करीब 310 मेगावाट प्रतिदिन पहुंच रही है। अधिशासी अभियंता प्रथम प्रदीप कुमार वर्मा के अनुसार बिजली खपत को देखते हुए लोगों से कम उपयोग की अपील की जा रही है।

> तेजी से बढ़ती गर्मी के पीछे क्लामेट चेंज सबसे बड़ी वजह है। गत वर्ष के मुकाबले इस वर्ष ही नहीं आगामी वर्षों में भी मार्च और अप्रैल में अधिक गर्मी रहेगी। पर्यावरण संरक्षण के अभाव में प्राकृतिक असंतुलन एक बड़ा खतरा है। – **प्रो. जसवंत सिंह, पर्यावरण वैज्ञानिक, अवध विश्वविद्यालय।**

जिले में 167 मतदान केंद्र संवेदन व अतिसंवेदनशील

नामांकन की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एसएसपी।

अयोध्या, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में जिले में कुल 167 मतदान केंद्रों को संवेदनशील और अतिसंवेदनशील की श्रेणी में चिन्हित किया गया है। जिले में 54 लोकसभा क्षेत्र फ़ैजाबाद के लिए 20 मई को मतदान होना है। जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार की ओर से शुक्रवार को चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। एसएसपी राजकरन नय्यर ने बताया कि लोकसभा चुनाव को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपादित करने के लिए चुनाव आयोग के निर्देश के अनुसार पुलिस की ओर से सभी आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जिले में कुल 853 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें से पुलिस ने पूर्व के चुनाव के दौरान हुए मामलों, मिश्रित आबादी, सियासी गुटबंदी आदि के आधार पर कुल 167 मतदान केंद्रों को संवेदनशील और अतिसंवेदनशील की श्रेणी में चिह्नित किया है। सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुरक्षा बलों के साथ संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

सन राईज ट्रक एवं बस
में कुशल कर्मचारियों की आवश्यकता है
महा प्रबंधक विक्रय – लखनऊ/अयोध्या
प्रबंधक विक्रय – लखनऊ/अयोध्या – वाणिज्यक वाहन विक्रय– भारी वाहन क्षमता
प्रबंधक विक्रय – लखनऊ/अयोध्या – वाणिज्यक वाहन विक्रय– मध्यम वाहन क्षमता
बिक्री कार्यपालक – लखनऊ क्षेत्र – लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, सुल्तानपुर व हरदोई
बिक्री कार्यपालक – अयोध्या क्षेत्र– आजमगढ, गोंडा, बहराईच व अयोध्या
ट्रैक्टर, कंस्ट्रक्शन मशीनरी, कमर्शियल व्हीकल, व्हीकल इन्शुरन्स और कमर्शियल व्हीकल फाइनेंस क्षेत्र के लोगो को वरीयता दी जायेगी!
Corporate office- D 69 Vibhuti Khand, Gomti Nagar Lucknow-226010

SUN RISE TRUCK & BUS
Requires Experience Sales Staff
General Manager Sales – Lucknow / Ayodhya
Sales Manager – Lucknow / Ayodhya Commercial Vehicle HCV
Sales Manager – Lucknow / Ayodhya Commercial Vehicle LCV
DSE – Lucknow Territory-Lucknow, Barabanki, Raibareli, Sultanpur & Hardoi
DSE – Ayodhya Territory – Ayodhya, Azamgarh, Gonda, Bahraich
Preference will be given people from tractor/CV/CE/ commercial vehicle insurance and finance industry.
Share your CV/Resume at mtbt.sales@suninfra.org Mob: 9335946049

लोकसभा चुनाव : कड़ी सुरक्षा के बीच नामांकन प्रक्रिया शुरू

पहले दिन भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह ने दाखिल किया नामांकन पत्र

अयोध्या कार्यालय

- बगैर लाव-लश्कर पहुंचे, एक सेट में दाखिल किया पर्चा
- सीसीटीवी के सामने कराई जा रही प्रक्रिया, 21 लोगों ने 29 सेट में लिया नामांकन पत्र

अयोध्या। कड़ी सुरक्षा के बीच शुक्रवार को 54फैजाबाद लोकसभा सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन सांसद व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह ने दोपहर एक बजे के बाद कलक्ट्रेट स्थित डीएम न्यायालय कक्ष में रिटर्निंग अफसर नितीश कुमार के सामने एक सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

भाजपा प्रत्याशी नामांकन दाखिल करने बगैर किसी तामझाम और लाव-लश्कर के पहुंचे थे। नामांकन पत्र में उनके प्रस्तावक सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी है। नामांकन प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरे के सामने कराई जा रही है। नामांकन स्थल पर शुक्रवार को नामांकन फॉर्म प्राप्त करने वालों की भीड़ रही। इंडिया गठबंधन (सपा), भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी सहित विभिन्न दलों और निर्दल 21 प्रत्याशियों की ओर से कुल 29 सेट नामांकन पत्र प्राप्त किए गए।

नामांकन प्रक्रिया शुरू होने डीएम नितीश कुमार, एसएसपी राज करन नय्यर सहित अन्य अफसरों ने नामांकन स्थल की व्यवस्था का जायजा लिया। कलक्ट्रेट परिसर में बैरीकेडिंग के साथ लोहे जालियां लगाई गईं हैं। इनमें से कोई अंदर घुस नहीं सकता। नामांकन करने वालों को गेट संख्या छह से प्रवेश दिया जा रहा है। पूरे रास्ते पर संगीनधारी सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए हैं।

एआरओ व एसडीएम सदर आरके पांडेय ने बताया कि शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह ने एक सेट में नामांकन दाखिल किया। इसके साथ ही 21 लोगों ने 29 सेट में नामांकन पत्र भी लिया है। नामांकन प्रक्रिया सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक चली।

नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले रामलला को साष्टांग प्रणाम कर आशीर्वाद लेते भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह।

नामांकन से पहले लिया रामलला का आशीर्वाद

सांसद व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह शुक्रवार को नामांकन करने से पहले श्रीराम जन्मभूमि स्थित राममंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने रामलला को साष्टांग प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद प्रमुख संतों से भी मुलाकात कर उन्हें प्रणाम किया।

5.40 करोड़ के मालिक लल्लू 1.37 करोड़ रुपये के कर्जदार भी

अयोध्या कार्यालय

- आपराधिक इतिहास नहीं असलहों से दूर का रिश्ता

अमृत विचार : 54-फैजाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करने वाले सांसद लल्लू सिंह 5.40 करोड़ रुपये की संपत्ति के मालिक हैं। वह विभिन्न वित्तीय संस्थानों के 1.37 करोड़ रुपये के बकाएदार भी हैं। कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। असलहों के भी शौक नहीं है। यह जानकारी नामांकन के दौरान दाखिल किए गए शपथ पत्र से मिली है।

सांसद लल्लू सिंह

एमए, एलएलबी तक की शैक्षिक योग्यता रखने वाले सांसद लल्लू सिंह और उनकी पत्नी सरिता सिंह की कुल संपत्ति 5.40 करोड़ रुपये है। वित्तीय साल 2022-23 में सिंह ने 13.90 लाख का व पत्नी सरिता सिंह ने 3.84 लाख रुपये का आयकर रिटर्न दाखिल किया। सांसद 1.70 लाख रुपये नकदी के साथ चुनाव मैदान में उतरे हैं। उनकी पत्नी के पास भी 1.25 लाख रूपये की नकदी है। लल्लू सिंह का पार्लियामेंट दिल्ली स्थित एसबीआई सहित कई बैंकों में और पत्नी का स्टेट बैंक ऑफ इंडिया व पीएनबी अयोध्या में खाता है। विभिन्न वित्तीय संसाधनों में 2.29 लाख के शेयर होल्डर हैं। पत्नी न्यू साकेत ट्रांसपोर्ट में 50 फीसदी की पार्टनर है। उनके पास टोयटा इनोवा के साथ रॉयल इनफील्ड बुलट व एक मोटरसाइकिल है। 3.36 लाख रूपये के जेवर और घरेलू सामान है। पत्नी के पास डेढ़ लाख रूपये मूल्य के जेवरात हैं। वह 1.05 करोड़ की चल और 3.09 करोड़ की अचल संपत्ति के मालिक हैं। जबकि पत्नी 83.73 लाख की चल, अचल संपत्ति की मालकिन हैं। लल्लू के पास अयोध्या के रायपुर, खरगपुर, कोटसराय, बल्लीपुर, मांझा कला, अब्बू सराय और भीखनपुर में कृषि की जमीन हैं। सहादतगंज में पैतृक मकान, लखनऊ के विराटखंड और ट्रांसपोर्ट नगर में आवासीय प्लाट के साथ एडीए से आवंटित मकान है। जमीने पैतृक और स्वयं से खरीदी गई भी है।

सांसद लल्लू सिंह और उनकी पत्नी विभिन्न वित्तीय प्रतिष्ठानों के 1.37 करोड़ रुपये के कर्जदार भी हैं। इनमें पीएनबी सिविल लाइन, एचडीएफसी, राजधानी लखनऊ और सहकारी समिति कोटसराय से लिए गए ऋण है। उन्होंने 4.85 लाख रुपये को कर्ज दूसरों को भी दिया है। पत्नी ने भी राजधानी नगर सहकारी बैंक गोमतीनगर से साढ़े 22 लाख रुपये का कर्ज ले रखा है।

अधिसूचना के साथ चुनाव प्रक्रिया शुरू

जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी। इसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि 54 लोकसभा फैजाबाद निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन कक्ष में तीन मई तक पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक नामांकन सम्बंधी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल, उप जिलाधिकारी सदर राजकुमार पांडेय सहित नामांकन एवं अन्य चुनावी प्रक्रिया में लगे अधिकारी मौजूद रहे।

छुट्टी के बाद सहारनपुर के मदरसे जा रहे थे बच्चे

अयोध्या कार्यालय

- इनमें 15 पुराने और बाकी को इस सत्र में लेना था प्रवेश

अमृत विचार : डबल डेकर बस में मिले कुल 97 बच्चों में से 95 सहारनपुर स्थित मदरसे में तालीम हासिल करने के लिए जा रहे थे। दो बच्चे अपने अभिभावक के साथ बतौर सवारी बस में सवार थे। चाइल्ड हेल्प लाइन की सुनीता यादव ने बताया कि बच्चे साफ-साफ कुछ नहीं बता पा रहे थे। उनका कहना है कि परिवार ने उनको मौलाना और हाफिज के हवाले कर दिया। वो गुरुवार रात नौ बजे बिहार के अररिया में बस पर सवार हुए थे। बताया कि कोई भी बच्चा 15 साल की उम्र का नहीं मिला है। मामले की गहराई से जाँच की जरूरत है।

बच्चों के साथ मौजूद सहारनपुर के जामिया रफ़ीकिया तहफीजुल मदरसा के प्रबंधक तौसीफ अली का कहना है कि हरिद्वार रोड पर उनका मान्यता प्राप्त मदरसा है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वह नया सत्र शुरू होने के बाद बच्चों को उनके माता-पिता की मर्जी से लेकर जा रहे थे। शिक्षक शजद अली और रिजवान ने बताया कि 15 ऐसे बच्चे हैं जो उनके यहां पहले से पढ़ रहे हैं, 80 बच्चों को उनके माता-पिता ने पढ़ाई के लिए साथ भेजा है। एएचटी थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार से बताया कि पूछताछ और पड़ताल कराई जा रही है। एसएसपी राजकरन नय्यर का कहना है कि मामला बाल कल्याण समिति से जुड़ा है। शिकायत मिलने पर रिपोर्ट दर्ज करवा कार्रवाई की जाएगी।

बस में सवार यात्री भी फंसे

संयुक्त टीम की कार्रवाई में बस में सवार आठ यात्री भी फंस गए। खबर लिखे जाने तक सभी पुलिस लाइंस में बैठे थे। इन्हीं में से एक दिल्ली निवासी शकीकुल ने बताया कि पत्नी की मौत होने के बाद वह निकाह के लिए लड़की देखने बिहार गया था। ट्रेवल एजेंट ने उसको एसी बस बता दिल्ली तक का 1700 रुपया वसूल लिया और साधारण बस में बिठा दिया। इसी तरह अन्य लोग भी बिहार के अररिया से दिल्ली के लिए सवार हुए थे।

स्थानीय लोग भी पहुंचे सिविल लाइंस

बच्चों और मदरसा के प्रबंधक समेत शिक्षकों को पुलिस लाइंस में बैठाने की सूचना पर शहर के कई लोग पहुंचे। बच्चों से भोजन व जलपान की जानकारी ली। पूरे घटनाक्रम को जाना। इस दौरान सराय कोफ्ता के मौलाना जियाउद्दीन, जमील, हाफिज इरफ़ान, तौहीद, जहीर अब्बास, हाजी अनीस आदि मौजूद रहे।

चार डॉक्टरों की टीम ने किया परीक्षण

एक साथ 95 बच्चे मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल पहुंचे तो इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात स्टाफ में हलचल मच गई। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक अरुण प्रकाश श्रीवास्तव ने अधीक्षक विपिन वर्मा को सभी का मेडिकल कराने की जिम्मेदारी सौंपी। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉ. आशीष पाठक, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल वर्मा और डॉ. शिशिर श्रीवास्तव व ईएनटी के डॉ. एसएन तिवारी ने तीन घंटे से ज्यादा समय में सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान जिला अस्पताल के दोनों गेट बंद कर दिए गए।

तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से हुई महिला की मौत

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार बाइक सवार ने एक महिला को टक्कर मार दी। जिससे गंभीर रूप से घायल महिला की मौत हो गई। नगर पंचायत कुमारगंज क्षेत्र के वार्ड नंबर तीन अकमा निवासी एकता पाण्डेय पति राम केवल पाण्डेय के साथ सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज से इलाज करा घर जा रही थी। अयोध्या रायबरेली हाईवे 330- ए स्थित विद्युत उपकेंद्र कुमारगंज के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गई। सौ शैय्या अस्पताल के डॉ. अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि एकता पाण्डेय के सिर में गंभीर चोटे थीं। उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। जहां उसकी मौत हो गई।

यूपी में सभी सीटें जीतेगी भाजपा : उपमुख्यमंत्री

अयोध्या कार्यालय

- स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक बोले- कन्नौज में अखिलेश के मंसूबे नहीं होंगे सफल
- सड़क मार्ग से सिद्धार्थनगर व संतकबीर नगर के लिए किया प्रस्थान

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में भाजपा की मोदी की लहर चल रही है। भाजपा सभी सीटें जीतेगी। कन्नौज में अखिलेश यादव के मंसूबे सफल नहीं होंगे। कन्नौज के लोग भाजपा को प्रचंड बहुमत के साथ जिताएंगे। सपा की जमानत जब्त होगी। ये बातें शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहीं। वो अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने उन्होंने इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। कहा कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा के प्रथम चरण और आज द्वितीय चरण के मतदान में सभी आठ के आठ लोकसभा क्षेत्र में हमारे कार्यकर्ताओं ने मेहनत की है। वहां के आम जनमानस से हमारी बात हुई है। भाजपा के पक्ष में लोग अपने घरों से निकलकर पोलिंग बूथ पहुंच रहे हैं। मोदी की जो गरीब कल्याण योजनाएं हैं जन-जन तक पहुंची हैं। लोगों का भरोसा भाजपा पर लगातार बढ़ा है। एयरपोर्ट पर कुछ समय रुकने के बाद उपमुख्यमंत्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सड़क मार्ग से सिद्धार्थनगर व संतकबीर नगर के लिए प्रस्थान कर गए।

एयरपोर्ट पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

डबल डेकर बस में मिले 97 बच्चे

- एनजीओ की बाल तस्करी की शिकायत पर संयुक्त टीम ने हाईवे पर पकड़ा

अयोध्या, कार्यालय

- अभिभावकों को सूचना देकर बुलाया, सभी बच्चों को संरक्षण गृह भेजने की तैयारी

अमृत विचार : दिल्ली के एक स्वयंसेवी संस्था की शिकायत पर राज्य बाल आयोग के निर्देश पर जिले की बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन, डीपीओ, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना व जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को डबल डेकर पकड़ी। बस में 97 बच्चे सवार मिले। टीम ने बस को लखनऊ-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में देवकाली स्थित एक होटल के सामने से पकड़ा है। बस में अन्य सवारियां भी थीं। बच्चों की काउंसलिंग के बाद सभी का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराने के बाद अब बाल संरक्षण गृह भेजवाने की तैयारी है।

दिल्ली की एनजीओ मुक्ति फाउंडेशन ने राज्य बाल आयोग से शिकायत की थी कि बिहार के अररिया जिले से काफी बच्चों को अरुणांचल प्रदेश में पंजीकृत बस एआर 16 बी 1551 से गोरखपुर और लखनऊ के रास्ते सहारनपुर ले जाया जा रहा है, जिसके बाद आयोग की सदस्य डॉ. शुचिता चतुर्वेदी ने जिले के बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन, डीपीओ, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना समेत जिला पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई के लिए कहा।

इसके बाद सक्रिय हुई संयुक्त टीम ने अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में देवकाली स्थित एक होटल के सामने संबंधित डबल डेकर बस को शुक्रवार दोपहर रोका लिया। बस में अन्य सवारियों के साथ चार साल से 12 साल उम्र के कुल 97 बच्चे सवार मिले। इनके साथ सहारनपुर जिला स्थित एक मदरसा के प्रबंधक और शिक्षक भी थे। सभी को पुलिस लाइंस लाकर काउंसिलग और पूछताछ की गई। छानबीन में संयुक्त टीम को केवल दो बच्चों के अभिभावक मौके पर मौजूद मिले हैं। अन्य बच्चों की ओर से काउंसलिंग में स्पष्ट बात न बता पाने और साथ मौजूद लोगों के पास बच्चों के अभिभावकों का सहमति पत्र न होने के चलते संयुक्त टीम की ओर से बच्चों के अभिभावकों को सूचना देकर बुलाया गया है। फ़िलहाल अभी तक की जाँच में बाल तस्करी की बात साबित नहीं हो पाई है। बच्चों के साथ मौजूद सहारनपुर के जामिया रफ़ीकिया तहफीजुल मदरसा के प्रबंधक तौसीफ अली का कहना है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वह मदरसे का नया सत्र शुरू होने के बाद बच्चों को उनके माता-पिता की मर्जी से लेकर मदरसे जा रहे थे।

पुलिस लाइन में खड़ी कराई गई बस। अमृत विचार

कोई अधिकार पत्र नहीं दिखा पाए

बाल कल्याण समिति अध्यक्ष सर्वेश अवस्थी ने बताया कि 95 बच्चों के अभिभावक मौके पर मौजूद नहीं मिले। इनके साथ मौजूद लोग बच्चों को अपने साथ ले जाने का कोई अधिकार पत्र नहीं दिखा पाए। जिसके चलते बच्चों का मेडिकल करवा देखेरख के लिए लखनऊ स्थित बाल संरक्षण गृह भेजवाया जा रहा है। अभिभावकों के आने और उनकी काउंसिलग के बाद स्वेच्छा से भेजे जाने की बात सामने आएगी तो बच्चों को उनके हवाले कर दिया जाएगा अथवा विधिक कार्रवाई कराई जाएगी।

सार-संक्षेप

झाला खरीदने आए, 100 ग्राम सोना ले उड़े

ज्वैलरी की दुकान में सीसीटीवी में कैद हुए दो संदिग्ध।

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : रौनाही के सत्ती चौरा पुलिस चौकी अंतर्गत एक सर्राफ की दुकान में शुक्रवार दोपहर खरीदारी करने आए दो युवक लगभग 100 ग्राम सोने का सामान पार कर फरार हो गए। पुलिस सीसीटीवी के जरिए युवकों की पहचान करने में पुलिस जुटी है। पीड़ित दुकानदार ईश्वर लाल वर्मा निवासी पूरे कीरथ ने बताया कि दो युवक सोने का कान का झाला खरीदने आए थे। इस दौरान उन्होंने अन्य सामान दिखाने को कहा। इसी दौरान झाले का पैकेट लेकर फरार हो गए। चौकी प्रभारी गोविंद अग्रवाल ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे की मदद से टप्पे बाज युवकों की खोजबीन कराई जा रही है।

अमेठी डिपो का बुकिंग क्लर्क निलंबित

अयोध्या, अमृत विचार : रोडवेज के अमेठी डिपो के बुकिंग क्लर्क सूर्य भान सिंह को रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक ने विमल राजन निलंबित कर दिया है। क्लर्क पर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक से अशिष्टतापूर्वक व्यवहार का आरोप है। आरएम राजन ने बताया कि 19 अप्रैल से अनुपिस्थित चल रहे चालकों/परिचालकों की समीक्षा के दौरान क्लर्क ने एआरएम से अशिष्टतापूर्वक व्यवहार कर अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया था। उस पर व्यवस्था पटल पर तैनाती के बाद चालकों/परिचालकों को अनावश्यक रूप से परेशान कर निगम का संचालित को प्रभावित करने, निगम क छवि धूमिल करने, निगम निर्देशों के विपरीत कार्य करने का भी आरोप है।

शूटिंग खिलाड़ी श्रीलंका में करेंगे प्रतिभाग

अयोध्या, अमृत विचार : रामनगरी के शूटिंग खिलाड़ी अब श्रीलंका अंतरराष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में निशाना साधेंगे। भवदीय शूटिंग अकादमी की अयोध्या शूटिंग रेंज के चार खिलाड़ी श्रीलंका में 29 जून से होने वाली अंतरराष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। कोच शनि कुमार वर्मा ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों में जिले के डिप्टी एसपी डॉ. राजेश कुमार तिवारी, सहायक बेसिक शिक्षा निदेशक रामसागर पति त्रिपाठी, देवेश कुमार व डॉ. डीआर भुवन शामिल हैं।

शॉर्ट सर्किट से लगी आग, दो बकरियां जलीं

आग लगने से फैला धुंआ और जला सामान।

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : बीकापुर तहसील क्षेत्र के शाहगंज बाजार स्थित मुकीमपुर में बिजली की शार्ट सर्किट से लगी आग में गरीब का आशियाना जलकर राख हो गया। इसके साथ ही दो बकरियां भी जिंदा जल गईं। ग्राम मुकीमपुर निवासी राधेश्याम के घर छप्पर में शॉर्ट सर्किट से आग लग जाने के कारण दो बकरी, एक मोटरसाइकिल, दो साइकिल, दो चारपाई एवं अन्य सामान जलकर राख हो गए। यह आग शुक्रवार को दोपहर लगभग 12 बजे लगी। बताया कि घर के छप्पर के ऊपर से बिजली की केबल गई हुई थी। जिसमें स्पार्किंग हो जाने के कारण भीषण आग लग गई। इसी के साथ-साथ बगल में रामकरन सोनी के घर के ऊपर रखी पानी की टंकी भी जल गई। मौके पर ग्राम प्रधान लल्लन दुबे, पूर्व प्रधान विजय गुप्ता एवं ग्राम वासियों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया।

व्यवसाय अयोध्या में जनवरी में 1.28 करोड़ लीटर बिक्री, मार्च में हुई 1.63 करोड़ लीटर डीजल की खपत, डीजल बिक्री में हुआ 27 फीसदी का इजाफा

श्रद्धालुओं के बढ़ने से पेट्रोलियम कंपनी की बल्ले-बल्ले

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

अमृत विचार : अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद मानो पेट्रोलियम कंपनियों को संजीवनी मिल गई है। डीजल की बिक्री में जबरदस्त उछाल आया है। जनवरी माह में 1.28 करोड़ लीटर डीजल की बिक्री करने वाला जिला मार्च में रिकॉर्ड 1.63 करोड़ लीटर डीजल की बिक्री की है। इससे पंप संचालकों के चेहरे खिले हुए हैं। एक अनुमान है कि अयोध्या जिले के शहरी क्षेत्र में संचालित पेट्रोल पंपों की आमदनी लखनऊ, वाराणसी जैसे महानगरों की तर्ज पर पहुंचने लगी है।

22 लाख से सीधा 31 लाख लीटर पहुंच गया पेट्रोल

जिला आपूर्ति विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) के पेट्रोल की खपत भी बढ़ी है। जनवरी में 22.80 लाख लीटर, फरवरी में 28.34 लाख लीटर व मार्च में 31.27 लाख लीटर पेट्रोल की जिले में खपत हुई है। कुछ इसी तरह हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) व भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) में भी पेट्रोल की खपत रही।

रीडगंज ओवरब्रिज के बगल स्थित पेट्रोल पंप।

शुक्रवार को डीजल व पेट्रोल के दाम: 95.03 रुपये लीटर पेट्रोल | 88.21 रुपये लीटर डीजल

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देश की तमाम नामचीन हस्तियां अयोध्या पहुंची थीं। इसके बाद दिव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन शुरू हुए तो श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। फरवरी और मार्च महीने में रामपथ, जन्मभूमि पथ व धर्मपथ पर पैर रखने की जगह नहीं रही। देश के कोने-कोने से आने वाले रामभक्त कुछ तो अपने वाहनों से आ रहे थे कुछ ने बसों व अन्य साधनों का प्रयोग किया। आलम यह रहा कि डीजल की बिक्री में 27 प्रतिशत का इजाफा हो गया।

कंपनी	माह जनवरी	मार्च
आईओसी	5026000	6303000
एचपीसीएल	1631000	2131000
बीपीसीएल	6221000	7932000

नोट- आपूर्ति विभाग से मिले यह आंकड़े लीटर में हैं।

तीन माह में आए 1.5 करोड़ श्रद्धालु

पर्यटन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद से राम मंदिर में दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ी है। तीन माह में लगभग डेढ़ करोड़ राम भक्तों ने अयोध्या में पहुंचकर दर्शन-पूजन किया है।

148 पंप, पेट्रोल पर तीन, डीजल पर दो रुपये 10 पैसा कमीशन

पेट्रोल पंपों पर मिलने वाली सुविधाएं या फिर घटतौली की शिकायत का आपूर्ति विभाग संज्ञान लेता है। जिले में कुल 148 पेट्रोल पंप संचालित हैं। संचालकों को पेट्रोल पर करीब तीन रुपये व डीजल पर दो रुपये 10 पैसे की बचत होती है। इसी बचत को लेकर पंप कर्मियों के चेहरे खिले हुए हैं।

> अयोध्या में दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ने से डीजल की बिक्री में उछाल आया है। इससे न सिर्फ राजस्व बढेगा बल्कि प्रदेश की इकोनॉमी में भी मजबूती आएगी। -बृजेश मिश्रा, जिला आपूर्ति अधिकारी

सार-संक्षेप

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को किया गया आमंत्रित

महंत कमल नयन दास को निमंत्रण पत्र देते पदाधिकारी।

अयोध्या, अमृत विचार : तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सिंधी सम्मेलन के लिए शुक्रवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्याय ट्रस्ट के अध्यक्ष नृत्य गोपाल दास को आमंत्रित किया गया। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कोटवानी व महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता टिलवानी ने उन्हें सम्मेलन का आमंत्रण दिया। इसके साथ ही महंत कमल नयन दास व ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा को भी निमंत्रण दिया। मंच के राष्ट्रीय जनसंपर्क अधिकारी ओमप्रकाश ओमी ने बताया कि सिन्धु एकता मंच द्वारा 13 से 15 जुलाई को जिले के एक होटल में सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

छात्रवृत्ति परीक्षा में सात छात्र हुए चयनित

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में शिक्षा क्षेत्र रुदौली के सात छात्रों का चयन हुआ है। प्राथमिक विद्यालय शुक्लापुर रूदौली के सहायक अध्यापक असगर अली ने 2021 से गरीब मेधावियों के भविष्य को संवारने का बेड़ा उठाया है। उनके प्रयास से कम्पोजिट कन्या रुदौली के एहसान, कम्पोजिट विद्यालय लोहटी की शैलजा मिश्रा, सत्यनामी विद्यापीठ इंटर कॉलेज के रूपचंद्र,कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय शुक्लापुर के अभिनव और कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय शुक्ला के अवधेश, कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय शुक्लापुर की अंकिता ने सफलता हासिल की है।

अग्निवीर बनें दो युवकों का हुआ सम्मान

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : राजकुमार पाल और शिवकुमार मौर्य का अग्निवीर में चयन हुआ है। ग्राम प्रधान अभिषेक सिंह ने शुक्रवार को हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत पलिया लोहानी में स्थापित पुस्तकालय में चयनित युवकों का लड्डू खिलाकर, राम पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। ग्राम प्रधान अभिषेक सिंह ने बताया करीब डेढ़ वर्ष पूर्व पुस्तकालय की स्थापना की गई थी। चयनित दोनों युवक इसी पुस्तकालय में परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। इस मौके पर बीडीसी सदस्य दुर्गा प्रसाद अग्रहरि, समाजसेवी लवलेश, रजनीश व पुस्तालय के अन्य छात्र मौजूद रहे।

साइबर सेल ने वापस कराए 5600 रूपये

अयोध्या, अमृत विचार। अयोध्या कोतवाली की साइबर सेल ने एक पीड़ित की ठगी गई रकम उसके बैंक खाते में वापस कराई है। कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के गोलाघाट चौराहा निवासी अजय कुमार ने साइबर हेल्प डेस्क को शिकायत दी थी उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन किया था। इसी दौरान एक मोबाइल नंबर से उनके पास फोन आया और आवेदन को स्वीकृत कराने के लिए रकम की मांग की गई। उन्होंने ऑनलाइन यूपीआई के माध्यम से संबंधित बैंक खाते में कुल 5600 रूपये की रकम का भुगतान कर दिया। उसके बाद आनाकानी और फिर फोन उठना बंद हुआ तो उनको ठगे जाने की जानकारी हुई। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए साइबर सेल ने संबधित बैंक खाते में रकम को फ्रीज करवाया और फिर पूरी रकम पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराई गई है।

तमंचे के साथ पकड़ा गया गैंगस्टर का वांछित आरोपी

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : महराजगंज पुलिस ने शुक्रवार को गैंगस्टर में वांछित एक आरोपी को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 11:30 बजे मुखबिर की सूचना पर समंथा नहर पुलिया के पास एक युवक को संदिग्ध रूप में गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर उसके पास 12 बोर का एक तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में सुल्तानपुर जिले के थाना मोतिगरपुर श्रीराम नगर निवासी के रूप में पहचान हुई। आरोपी पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है जो वांछित चल रहा था।

विवाहिता ने लगाई फांसी, पति समेत पांच पर केस

सतरिख, बाराबंकी : अमृत विचार : दहेज प्रताड़ना से परेशान एक विवाहिता ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज़ करते हुए पति सास –ससुर,ननद समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज़ कर तीन लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है। देवा कोतवली क्षेत्र के मचौटी गांव निवासी विनीता यादव का विवाह सतरिख थाना क्षेत्र के दुल्हीपुर मजरे छत्रपालन गांव के मुकेश यादव के साथ करीब 11 माह पूर्व हुआ था। गुरुवार को विवहिता की मौसी की पुत्री का विवाह था। पति, पत्नी विवाह में चले गए थे। रात में घर वापस आने के बाद पति और पत्नी में कुछ विवाद हो गया। जिसके बाद विवाहिता ने घर के अंदर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर सीओ सुमित त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया आदि पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। इसके बाद मौके पर फरेंसिक टीम ने भी जांच पड़ताल की। मामला दहेज हत्या से जुड़ा होने के कारण मौके पर मजिस्ट्रेट ने पहुंच कर बयान भी दर्ज़ किए। पुलिस टीम ने शव को फांसी के फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के भाई रंजीत यादव का आरोप है की ससुराल के लोग उसकी बहन को दहेज़ की लिए आये दिन प्रताड़ित किया करते थे। प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार का कहना है कि पति, सास, ससुर, ननद समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया गया। पति, सास और ससुर को गिरफ्तार भी कर लिया गया है।

हाईस्कूल की ओएमआर शीट पर व इंटर की होगी लिखित परीक्षा

मई के तीसरे सप्ताह में प्रस्तावित है मासिक एग्जाम, 444 कॉलेजों के छात्र होंगे शामिल

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा परिषद ने हाईस्कूल विद्यार्थियों की मासिक परीक्षा ओएमआर पर कराने का निर्देश दिया है। जिससे बोर्ड परीक्षा के दौरान विद्यार्थी त्रुटि रहित तरीके से ओएमआर भर सकें। इंटर के विद्यार्थियों की मासिक परीक्षा लिखित कराई जाएगी।

यूपी बोर्ड के विद्यालयों में एक अप्रैल से शैक्षिक सत्र की शुरूआत हो चुकी है। मई माह के तीसरे सप्ताह में हाईस्कूल विद्यार्थियों की मासिक परीक्षा बहुविकल्पीय प्रश्नों के आधार पर ओएमआर पर कराई जाएगी। जून में गर्मी की छुट्टियों के बाद जुलाई से फिर पढ़ाई शुरू होगी। जुलाई के अंतिम सप्ताह में वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर विद्यार्थियों की मासिक परीक्षा होगी। ओएमआर पर परीक्षा कराकर अभ्यास कराया जाएगा। सितंबर से नवंबर के प्रथम सप्ताह तक अर्द्धवार्षिक परीक्षा आयोजित की जाएगी। नवंबर माह के अंतिम सप्ताह में फिर से मासिक परीक्षा के लिए ओएमआर और वर्णनात्मक परीक्षा का पैटर्न शुरू कर दिया जाएगा। दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह तक मासिक परीक्षाएं विद्यालयों में कराई जाएगी। मई से दिसंबर के बीच कम से कम छह मासिक परीक्षा विद्यालयों को करानी होगी। जिले में माध्यमिक शिक्षा के कुल 444 विद्यालय हैं। इनमें से हाईस्कूल के 75 और इंटरमीडिएट के 369 कॉलेज हैं। इनमें भी हाईस्कूल के 14 राजकीय, सहायता प्राप्त 33,वित्त विहिप 28 कॉलेज है। इंटरमीडिएट के 14 राजकीय, 50 सहायता प्राप्त और 366 वित्त विहीन कॉलेज है। जहां प्रवेश प्रक्रिया के दौरान अभी तक 46 हजार छात्र पढ़ रहे हैं।

> बोर्ड की ओर से जारी आदेश सभी कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को भेज दिया गया है। निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार ही परीक्षा कराई जाएगी। –डॉ. राजेश कुमार आर्या, जिला विद्यालय निरीक्षक।

गांव में खराब हैं हैंडपंप, तो कंट्रोल रुम को दें सूचना

रामनगर, बाराबंकी

▸▸ ब्लॉक प्रशासन ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

अमृत विचार : भीषण गर्मी को देखते हुए जनमानस को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता के लिए विकासखंड के गांवों में लगे खराब हैंडपंप और रिबोर करवाने के लिए अब ग्रामीणों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। इसकी शिकायत के लिए कंट्रोल रूम बनाकर हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है।

ग्रामीण अब घर बैठे नल को सही करवाने के लिए अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। शिकायत होने के उपरांत विकास विभाग के द्वारा अति शीघ्र दुरुस्त किया जाएगा। इस संबंध में प्रभारी एडीओ पंचायत अभय शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि विकास खंड क्षेत्र के किसी भी ग्राम पंचायत में इंडियामार्का हैंडपंप खराब है या उसमें गंदा पानी आ रहा है तो उसकी शिकायत विकास खंड में बनाए गए कंट्रोल रुम के दूरभाष नंबर 8707515637 व 9454925548 पर दर्ज करवाने के उपरांत ग्राम पंचायत से संबंधित सचिव के द्वारा तत्काल इंडिया मार्का पंप की मरम्मत व रिबोर अति शीघ्र करवाया जाएगा। जिससे आमजन मानस को पेयजल की सुविधा मिल सके।

नंबर किसी की योग्यता का पैमाना नहीं : करुणाकर

देवा इंटर कॉलेज में मेधावियों को सम्मानित करते भाजपा नेता करुणाकर पाण्डेय।

मसौधा (अयोध्या)।

अमृत विचार : यूपी बोर्ड परीक्षा में जिले और प्रदेश में सफलता का परचम लहराने वाले शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी देवा इंटर कॉलेज ऊसरु अमौना के मेधावियों व उनके अभिभावकों को शुक्रवार को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता करुणाकर पांडे, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी महेश नारायण पांडे व प्रबंधक किसान सेवा केंद्र कपिल देव दुबे ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि, विद्यालय के प्रबंधक सहदेव उपाध्याय, देवास प्रबंधक अमन उपाध्याय व विद्यालय उपप्रबंधक अजय उपाध्याय ने शील्ड प्रदान कर मेधावियों को सम्मानित किया। प्रधानाचार्या नमिता मिश्रा ने सभी मेधावियों व उनके अभिभावकों का तिलक लगाकर व माला पहनाकर अभिनंदन किया।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता करुणाकर पांडे ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सफलता की शुरुआत है। नंबर किसी की योग्यता का पैमाना नहीं होते। यह सिर्फ एक मानक है और आगे बढ़ाने की प्रेरणा देने का स्रोत है। विद्यालय प्रबंधक ने कहा कि अगले वर्ष बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले बच्चे इन मेधावियों से प्रेरणा लेकर अपनी मेधा का परिचय दें। कार्यक्रम का संचालन रीतू त्रिपाठी व मंच संचालन शिक्षक घनश्याम यादव ने किया। सीनियर कोऑर्डिनेटर सीता शरण मिश्र, शिक्षिका सुनीता श्रीवास्तव, मोनिका, सुनीता यादव व कमलेश श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, छात्र-छात्राएं कार्यालय गर्मी तथा भारी संख्या में अभिभावकगण उपस्थित रहे।

इनका हुआ सम्मान

हाईस्कूल : प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त करने वाले आनंद कुमार, सुधांशु पाठक, आंशी, सृष्टि यादव, आशू यादव, उपमा, सृष्टि त्रिपाठी, पलक, आस्था सोनी, आस्था शुक्ला, शिवा पाठक, शिवांशी सिंह, अरुण यादव, श्रद्धा, सुचिता, प्रभात वर्मा, शगुन पाण्डेय, लक्ष्मी गुप्ता, प्रियांशी पाण्डेय, वर्तिका, विभा तिवारी।

इंटरमीडिएट : आकांक्षा शर्मा, दीपशिखा, यशी मिश्रा वत्स, कल्पना गौड़, नैन्सी यादव, पारुल तिवारी, रागिनीबाला, शिवम चौरसिया, सूरज वर्मा, विशाल विश्वकर्मा, अनामिका, सौम्या यादव, अनन्या पाठक, सूर्यमणि यादव, हर्षिता सिंह।

तीसरे पड़ाव पर ऋंगी आश्रम पहुंची 84 कोसी परिक्रमा यात्रा

अयोध्या कार्यालय

विश्राम करते यात्रा के नेतृत्व कर्ता संत–महंत। अमृत विचार

▸▸ दो जत्थों में चल रही है परिक्रमा यात्रा, स्वागत से अभिभूत हुए श्रद्धालु

अमृत विचार : पौराणिक चौरासी कोसी परिक्रमा शुक्रवार को अपने तीसरे पड़ाव स्थल अयोध्या धाम के प्रथम द्वार में शामिल श्रृंगी ऋषि आश्रम पहुंची। जहां रामजानकी मंदिर के महंत बाबा जगदीशदास के नेतृत्व में पुजारी महेंद्र कुमार, बाबा रामप्यारे दास सहित तमाम लोगों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। यात्रा में दो जत्थे चल रहे है। एक की अगुवाई धर्मार्थ सेवा संस्थान के बैनर तले महंत गयादास व दूसरे जत्थे की विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में है। इसकी अगुवाई हनुमान मंडल के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कर रहे है।

श्रृंगी ऋषि आश्रम पर महंत गयादास ने बताया कि चौरासी कोसी परिक्रमा करने से सभी पापों का नाश हो जाता है। महंत गयादास के नेतृत्व में चल रही यात्रा रात्रि विश्राम कर अगले पड़ाव गोसाईगंज कस्बे के महादेवा घाट के लिए शनिवार को रवाना होगी। सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में चल रही यात्रा शुक्रवार शाम अगले पड़ाव स्थल महादेवा घाट के लिए रवाना हो गई। उनके स्वागत, जलपान व भोजन की व्यवस्था महादेवा जीर्णोद्धार कमेटी द्वारा किया गया। श्रृंगी ऋषि आश्रम पर विनीत सिंह बिन्नू, उदयभान गुप्ता,ध्रुव गुप्ता, डॉ. दीपक गुप्ता, गजेंद्र पांडेय, महादेवा घाट पर हनुमान प्रसाद,जय प्रकाश,ध्रुव बरनवाल आदि लोग मौजूद रहे।

सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत

हैदरगढ़, बाराबंकी। लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर हुई सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। जानकारी के अनुसार बारा गांव निवासी अमरनाथ पुत्र राम हरख 65 वर्ष शुक्रवर की सुबह लगभग 5 बजे गांव स्थित घर से लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे के किनारे स्थित अपनी बाग में महुआ बीनने आ रहे थे कि तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची 108 एंबुलेंस द्वारा घायल वृद्ध को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टर द्वारा वृद्ध को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव के पीएम के लिए भेजा है।

इंजन में फंसी साड़ी, महिला की मौत

सूरतगंज, बाराबंकी

▸▸ इंजन बंद करते समय हुआ हादसा, हो रही थी खेत की सिंचाई

पप्पी देवी (फाइल फोटो)

अमृत विचार : पंपिग सेट (इंजन) को बंद करते समय साड़ी फंसने से महिला किसान की दर्दनाक मौत हो गई। वह पति के साथ खेत पर लगें मेंथा (पिपरमिंट) की फसल पर पानी की सिंचाई करवा रही थी। हादसा उस समय हुआ है। जब वह इंजन को बंद करने गई हुई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के सूरतगंज कस्बे के मौसंडा गांव निवासी तिलकराम पत्नी पप्पी के संग खेत में मेंथा फसल की सिंचाई कर रहे थे। तभी सिंचाई पूरी होते देख, पत्नी पप्पी देवी को इंजन बंद कर देने की हांक दी। तो पप्पी इंजन को बंद कर रही थी। इस दौरान अचानक से उसकी साड़ी का पल्लू इंजन में लगें पंखे में जा फंसा। पप्पी की मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना के बाद घर वाले उसे सीएचसी सूरतगंज ले गए। यहां डॉक्टर वी.पी. सिंह ने उसे मृत घोषित कर दिया। चालीस वर्षीय मृतका पप्पी ब्लॉक पर गठित लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह में सदस्य के पद पर कार्य करते हुए कुछ वक्त पूर्व वह सामुदायिक संदर्भ व्यक्ति (आईसीआरपी) के पद पर कार्यरत हुई थी।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **17.05.2024** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदाकर्ता निविदा फॉर्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एफडीआर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

निविदा सूचना सं.	03402024 दिनांक 25.04.2024		
निविदा सं.	09-Sr.DEN-VI/LKO/2024-25		
कार्य का नाम	वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर–VI, लखनऊ के अधीन सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रयाग के अंतर्गत रेलवे ट्रैक के पास पेड़ों के तनों एवं शाखाओं की छंटाई और कटाई का कार्य।		
अनुमानित लागत	₹61,38,576.80	धरोहर राशि	₹1,22,800/-
कार्य समापन की अवधि	स्वीकृत पत्रजारी करने की तिथि से 06 माह		
निविदा डालने का प्रारंभ	03.05.2024	वेबसाइट	www.ireps.gov.in
निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	17.05.2024 को 15:00 बजे		

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 1245/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

नालों की सफाई का काम किया गया तेज

अयोध्या, अमृत विचार: शासन की ओर से नगर निगम सीमा में स्थित नालों की सफाई की समय सीमा तय हो जाने के बाद काम तेज हो गया है। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने शुक्रवार को सुभाषचन्द्र बोस वार्ड में स्थित अड़गड़ा, अटल नगर वार्ड में सहादतगंज हनुमानगढ़ी के निकट व हनुमत नगर वार्ड के रामनगर मोहल्ले में नाले की सफाई का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समुचित जल निकासी व नालों की सफाई के पूर्व व उपरान्त की जियो टैग फोटोग्राफ भी संकलित किये जाने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, सहायक अभियंता राजपति यादव, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमल कुमार आदि मौजूद रहे।

63 लाख रुपये की लागत से बना अमृत सरोवर सूखा

पूराबाजार, अयोध्या

सरायरासी के सूखे अमृत सरोवर में खेलते बच्चे।

अमृत विचार : केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अमृत सरोवर धूल धूसरित हो चुकी है। अकेले पूराबाजार ब्लाक में ही 54 में से केवल दो पंचायतों में निर्माण पूरा हुआ वह भी बदतर। इतना ही नहीं सरायरासी में 63 लाख की लागत से बना अमृत सरोवर सूखा पड़ा है। यह हाल तब है जब इन अमृत सरोवरों को ग्रामीण पिकनिक स्पाट के रूप में तब्दील किया जाना था।

मनरेगा के तहत क्षेत्र के दर्जन ग्राम पंचायतों में तालाब बनाए गए थे, जो अब सूखे पड़े हैं। कई तालाबों में झाड़ियां तक उग आई हैं, जहां जानवर इन्हें चरागाह बनाए हैं। जबकि कई तालाबों में बच्चे खेल का मैदान बना लिया है। मनरेगा के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा जल संचयन भूगर्भ जलस्तर को बढ़ाने के साथ मजदूरों को रोजगार देने के लिए आदर्श व अमृत जलाशयों का निर्माण कराना शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य था कि गाँव का पानी नालियों से बहकर इन तालाबों में पहुंचेगा, जिसके बाद जानवरों के पीने और सिंचाई के काम में इस्तेमाल किया जाएगा। इस पर लाखों रुपये भी खर्च किए गए लेकिन जमीन पर एक भी तालाब सही हालत में नहीं है। बताया जाता है कि खुदाई, बैरीकेडिंग और उनके किनारे वृक्षारोपण के नाम पर लाखों रुपए खर्च भी हुए हैं लेकिन अधिकांश तालाब सूखे पड़े हैं। इतना ही नहीं इनमें डाले गये इनलेट व आउटलेट पाइप खुले में हैं। वृक्षारोपण के नाम पर लगाए गए पौधे सूख गए हैं। कई तालाबों के किनारे बैठने के लिए लगाई गईं सीमेन्ट की बेंच भी टूट चुकी हैं।

बच्चों ने बना लिया खेल का मैदान

सरायरासी में अमृत सरोवर का निर्माण जिला पंचायत निधि से कराया गया था। जिसकी लागत लगभग 63 लाख आई। अब एक बूंद पानी न होने के कारण बच्चों ने खेल का मैदान बना लिए है। शीलापटों पर मोटे मोटे अक्षरों से तालाब के विषय में लिखी गई बाते तो अभी भी अपनी चमक लिए हुई है लेकिन अमृत सरोवर की रौनक बेदम हो चली है।

एडीओ पंचायत ने झाड़ा पल्ला

एडीओ पंचायत पूरा धनजीत से बात हुई तो उन्होंने धन का अभाव बताते हुए जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ लिया। पूछा गया कि मनरेगा का कार्य तो हमेशा चलता रहता है तो जवाब था कि मनरेगा का भी पेमेंट रुका हुआ है। बताया इसलिए ग्राम प्रधानों ने अपने हाथ खड़े कर दिए हैं। जिससे अमृत सरोवर का कार्य अधूरा पड़ा है।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा सूचना संख्या	टीआरडी–9–सीनि0डी0ई0ई0–लखनऊ–24
कार्य का नाम	लखनऊ मंडल पर बैरियर बूम ब्रेकेज के कारण होने वाले ओएचई ब्रेकडाउन को रोकने के लिए समपार फाटकों (56 संख्या) पर अतिरिक्त तार व्यवस्था का प्रावधान।
अनुमानित लागत	रु.54,53,375.33/–
बयाना राशि	रु.109100.00/–
कार्य पूर्ण करने की अवधि	06 माह
निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि	दिनांक 23.05.2024 को 15.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15.00 बजे के बाद
प्रस्ताव की वैधता	निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन।
उत्तर रेलवे की वेबसाइट	अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर चैक की जा सकती है।
पत्रता मापदण्ड	निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नही है, जब तक कि वह

निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नही करता: 1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए: जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महिने पहले के अंतिम दिन तक): "कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो"। एक समान कार्य की परिभाषा होगी: Similar work means design, supply, erection, testing & commissioning of 50 Hz, Single Phase 25 KV AC OHE.

3. निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें।

नोट: इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

सं. –टीआरडी–9–सीनि0डी0ई0ई0–लखनऊ–24 दिनांक: 24.04.2024 1260/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

व्यवस्था | राज्य विज्ञान संस्थान ने तैयार किया पाठ्यक्रम, इसी सत्र से होगा लागू

वैज्ञानिकों व गणितज्ञों समेत 36 विभूतियों को पढ़ेंगे छात्र

अयोध्या कार्यालय

▸▸ परिषदीय प्राथमिक स्कूलों के दो लाख से अधिक नौनिहाल जानेंगे विज्ञान और गणित का ज्ञान

अमृत विचार : परिषदीय प्राथमिक स्कूलों के छात्र-छात्राएं अब आयुर्वेद के प्रणेता चरक, खगोल विज्ञानी वराहमिहिर, जानकी अम्माल विज्ञान के क्षेत्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने वाली प्रथम भारतीय महिला जैसे वैज्ञानिकों और विदूषियों को भी पढ़ेंगे।

राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान प्रयागराज के विशेषज्ञों ने कक्षा एक से पांच तक के बच्चों के लिए 'हमारे महान वैज्ञानिक एवं गणितज्ञ' शीर्षक एक सप्लीमेंटरी पुस्तक तैयार की है। जिसमें प्राचीन से लेकर आधुनिक काल तक के भारतीय वैज्ञानिकों और गणितज्ञों के बारे में जानने का मौका मिलेगा। इसमें भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में डॉ. विक्रम साराभाई, होमी जहांगीर भाभा, डॉ. मेघनाद साहा, रसायन विज्ञान के क्षेत्र में शांति स्वरूप भटनागर, टीआर शेषाद्रि, गणित के क्षेत्र में बौधायन, चरक,वराहमिहिर, रामानुजन, सुश्रुत, इंजीनियरिंग के क्षेत्र में एम विश्वेश्वरैया, पक्षी विज्ञान के क्षेत्र में सालिम अली आदि जैसे प्रमुख प्राचीन व आधुनिक वैज्ञानिकों एवं गणितज्ञों सहित कुल 36 विभूतियों की महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं उनके योगदान से परिचित कराया गया है। बता दें कि महर्षि चरक को आयुर्वेद का प्रणेता एवं सुश्रुत को प्लास्टिक सर्जरी का जनक माना जाता है। बताया गया कि इसी सत्र मंत पाठ्यक्रम लागू करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार पुस्तकों की आपूर्ति होते हंक सभी स्कूलों में भेज दी जाएगी। इससे जिले के 1792 परिषदीय विद्यालयों के करीब दो लाख से अधिक नौनिहालों को लाभ होगा।

> भारतीय अंक पद्धति, दाशमिक स्थान प्रणाली, जोड़, घटाना, शून्य एवं अनंत की परिकल्पना निसंदेह भारतीय गणितज्ञों की महान देन है। यह पाठ्यक्रम लागू होने से बच्चों को भविष्य में बेहद लाभ होगा। इसके लिए तैयारी की जा रही है। –संतोष कुमार राय, बीएसए

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र अंशु सविता का जन्म दिनांक 26.04.2008 को घर पर हुआ है। मेरी पत्नी का नाम साधना देवी है। मेरे पुत्र अंशू सविता को जन्मतिथि का पंजीयन नगर पालिका फतेहपुर की जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाना है। अत: मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाये। **अखिलेश कुमार पुत्र राम नि0– मोहल्ला– देवीगंज शहर फतेहपुर पर0 तह0 व जिला फतेहपुर।**

सूचना

पहले मेरा नाम SUFIYAN था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHAMMAD SUFIYAN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: AHMAD RASOOL VILL- A K B A R N A G A R NAWABGANJ, BARABANKI**

सूचना

सूचित हो कि कुछ अभिलेखों में मेरा नाम Sanjulata दर्ज है। जबकि कुछ अभिलेखों में मेरा नाम Sanjulata Srivastava दर्ज है। उपरोक्त दोनों नाम Sanjulata एवं Sanjulata Srivastava दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे ही हैं। भविष्य में मुझे Sanjulata Srivastava के नाम से जाना व पहचाना जाये। **Sanjulata Srivastava W/o Abhay Prakash R/o- 170, Sector E Chandralok Colony, Aliganj, Lucknow.**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र मोहम्मद शानू व बहू शरीफुन को उसके गलत कृत्यों से परेशान व छुब्ध होकर अपनी व अपने पूर्वजों की चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं और भविष्य में उनके द्वारा किए गए कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मुझे वह मेरे अन्य परिवार वालों से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **मोहम्मद रफी पुत्र मोहम्मद सफी निवासी ग्राम जालामऊ सहिजना रहीमाबाद मलिहाबाद लखनऊ।**

सूचना

सूचित हो कि मैं **अरुण कुमार राय पुत्र स्व. ओम प्रकाश राय,निवासी– ग्राम अमिलिया कला, पो0–रामनगर जिला–सुल्तानपुर** अपने पुत्र आदित्य राय को अपने संरक्षण में ले रहा हूँ। उसकी अब किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी उसके बड़े पापा संतोष कुमार राय एवं टिंकल राय की नहीं होगी।

सूचना

सूचित हो कि मेरा सही नाम बिंदु यादव है, जबकि बेटे निकेतन पुत्र यशवंत कुमार की टीसी में मेरा नाम बिंदु देवी लिखा है, जो गलत है। अत: पुत्र के शैक्षिक अभिलेख में मेरा नाम बिंदु यादव अंकित किया जाय। **–बिंदु यादव पत्नी यशवन्त कुमार निवासी–ग्राम हिसामुद्दीनपुर पिपरा, 307 आलापुर, जिला– अम्बेडकरनगर**

एक नजर

गैंगेस्टर एक्ट के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। थाना बेवाना क्षेत्र में पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना बेवाना पुलिस टीम ने कोतवाली अकबरपुर में पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त योगेन्द्र उर्फ राजेन्द्र कुमार पुत्र सूर्यनाथ निवासी ग्राम नयानगर पीरपुर थाना कोतवाली अकबरपुर को थाना क्षेत्र के रामपुर सकरवारी बाजार से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर जेल रवाना कर दिया गया है।।

विवाद सुलझा, साथ रहने को राजी हुए तीन जोड़े

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला थानाध्यक्ष प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र प्रियंका पाण्डेय मय टीम द्वारा पति-पत्नी के एक जोड़े और थाना जैतपुर से एक जोड़े व जलालपुर से एक जोड़े को महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त हेल्प डेस्क कर्मी के प्रयास से पति-पत्नी के कुल तीन वैवाहिक जोड़े जिनके बीच चल रहे पारस्परिक परिवारिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया और उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए उन्हें एक साथ रहने के लिए समझाया गया। जिसके बाद पति-पत्नी एक साथ रहने के लिए राजी हो गए।

पुलिस ने दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। थाना महरुआ पुलिस टीम ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर ग्राम महमदपुर चपरा से थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमों में अभियुक्त मोहन निषाद पुत्र चैतू निवासी ग्राम अतरौरा थाना महरुआ और शुभम सिंह पुत्र स्व. हरिवंश सिंह निवासी ग्राम नरहरपुर थाना महरुआ मूल पता जलालुद्दीन नगर थाना महाराजगंज जनपद अयोध्या को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

लोकसभा चुनाव के लिए माइक्रो आब्जर्वर को किया गया प्रशिक्षित

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी व सकुशल संपन्न कराने के लिए माइक्रो आब्जर्वर का दो पालियों में प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। इस दौरान प्रशिक्षकों ने बताया कि 25 मई को मतदान दिवस को रिपोर्टिंग कैसे की जाएगी इस बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। जिससे वह समय से अपनी रिपोर्टिंग कर सकें। कंट्रोल यूनिट, वैलिड यूनिट व वीवी पैट को सुचारू रूप से संचालित करने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया और साथ ही डेमो करके दिखाया गया।

जान बूझकर 30 लाख खाली पदों को नहीं भर रही भाजपा: आनंद

आयोजन

▸▸ **बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद ने लोकसभा उम्मीदवार कमर हयात के समर्थन में की जनसभा**

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

आकाश आनंद को चांदी की हाथी और मुकुट देकर किया गया सम्मानित।

जनसभा को संबोधित करते आकाश आनंद।

अमृत विचार। मायावती की कर्मभूमि अंबेडकरनगर पहुंचे बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद ने शुक्रवार को लोकसभा सीट से बसपा उम्मीदवार कमर हयात के समर्थन में पवित्र ब्रह्मस्थली शिवबाबा मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। जनसभा को संबोधित करते हुए आकाश आनंद ने कहा कि मायावती ने अपना जीवन आदर्शों के रास्ते पर चलकर बसपा मूवमेंट को आगे बढ़ाया है। उन्होंने जनता को नई राजनीतिक शक्ति दी है। मैं उनके पदचिन्हों पर चलकर आगे बढ़ूंगा।

आकाश आनंद ने बीजेपी पर जमकर हमला बोला। कहा कि लोकसभा चुनाव में हमारे दुश्मन सामने से न आकर बहरूपिये के रूप में आपको गुमराह करेंगे। बहरूपिये से सतर्क और सावधान रहना है। पिछले कुछ वर्षों में आरोप लगता रहा है, जैसे कोई जब पार्टी छोडक़र जाता है तो पैसे मांगने का आरोप लगता है, जबकि ये खुद इलेक्ट्रोरल बांड में सबका नाम आया, लेकिन बसपा का नाम नहीं आया है। बसपा अपने कार्यकर्ताओं के तन, मन, धन के सहयोग से चलने वाली है, न कि धन्ना सेठों के पैसों से। भाजपा 10 सालों से सरकार में हैं, जब यह लोग आपके बीच आये तो सिर्फ 3 मुद्दों रोजगार। भाजपा मार्केटिंग बहुत ही अच्छे से करती है, लेकिन जमीन पर कुछ नहीं है। 30 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हैं। इसे बीजेपी के लोग जान बूझकर नहीं भर रहे है। इसको भरने पर हमे भी स्थान देना पड़ेगा।

इस दौरान जिलाध्यक्ष सुनील सावंत, अयोध्या उम्मीदवार सच्चिदानंद पांडेय, अंबेडकरनगर उम्मीदवार कमर हयात अंसारी, पूर्व सांसद लक्ष्मीचंद खरवार मौजूद रहे।

रोजगार का हाल बुरा

आकाश आनंद ने कहा कि 2 करोड़ नौकरी देने का वादा करने वाली भाजपा 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देकर मुंह बन्द करने का काम कर रही हैं। भाजपा ने 80 करोड़ जनता को भिखारी बना दिया है। 12 हजार का राशन देकर ढाई लाख का चूना लगा रहे है। महंगाई बढ़ाकर अपने धन्ना सेठों की जेब भर रहे है, पिछले एक साल में 4 सौ से ज्यादा किसानों ने मौत को गले लगा लिया। यूपी में अपराध की बाढ़ है, हत्या, बलात्कार, किडनैपिंग के मामले बढ़ गए हैं।

तो सपाई घरों में घुस गए

आकाश आनंद ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि 2022 में जिस जाति के लोगों ने एक तरफा वोट दिया उसके साथ भी यह नहीं खड़े हुए। मुस्लिमों पर जब भी अत्याचार बढ़ा तो इनके नेता घरों में घुस गए। सपा को वोट करना मतलब गद्दारी करना है। कांग्रेस आजकल कह रही है एससी-एसटी को पूरा आरक्षण देंगे। इनसे कोई पूछे अब तक कहा थी। जब कांग्रेस हाथ लेकर आए तो आप उनके हाथ में चवन्नी रख देना। बीएसपी इकलौती ऐसी पार्टी है, जिसने सबको सम्मान दिया।

वन क्षेत्राधिकारी ने ग्राम प्रधान की उच्चाधिकारियों से की शिकायत

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जलालपुर कोतवाली अन्तर्गत जैनापुर गांव निवासी रवि पांडेय ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए कहा कि गांव स्थित तालाब की भूमि पर एक आम का मोटा पेड़ था, जिसे गांव के ही आलोक कुमार ने काट कर गिरा दिया था। जिसे व्यापारी के हाथ बेचना चाह रहा था, लेकिन मामले की शिकायत वन विभाग के रेंजर जलालपुर से की गई थी। शिकायत पर वन विभाग द्वारा लकड़ी को कब्जे मे लेते हुए लिखा पढ़ी के साथ ग्राम प्रधान महानंद मौर्या को सुपुर्द कर दिया गया था। जिसे कुछ माह पूर्व ग्राम प्रधान के द्वारा बेशकीमती लकड़ी को बेच दिया गया। गांव निवासी ने उपजिलाधिकारी से शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग किया था। वन क्षेत्राधिकारी स्नेह कुमार द्वारा प्रधान के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए नोटिस जारी किया गया। लेकिन प्रधान ने नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया।

अविनाश सिंह बोले- 29 अप्रैल से शुरू होगी नामांकन की प्रक्रिया

जिला निर्वाचन अधिकारी और एसपी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह व साथ में एसपी डॉ. कौस्तुभ।

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ की उपस्थिति में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 29 अप्रैल से शुरू हो रहे नामांकन की प्रक्रिया छह मई तक चलेगी। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच सात मई को संपन्न होगी। नौ मई को नाम वापसी की तिथि निर्धारित की गई है। 24 मई को राजकीय हवाई पट्टी अकबरपुर से पोलिंग पार्टी की रवानगी की जाएगी। 25 मई को मतदान और चार जून को राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर में मतगणना का कार्य संपन्न किया जाएगा। नामांकन को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में बैरीकेडिंग एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। नामांकन निर्धारित तिथि में सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर किसी भी दिन सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक होगा। इस दौरान प्रत्याशी सहित पांच लोग ही प्रवेश कर सकेंगे। निर्दलीय और बिना मान्यता प्राप्त दल के प्रत्याशी के साथ 10 प्रस्तावकों में बारी-बारी चार-चार की संख्या में प्रवेश करेंगे। नामांकन के समय कक्ष के सौ मीटर की परिधि तक मात्र तीन वाहन को प्रवेश दिया जाएगा। सभी उम्मीदवारों को आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करना अनिवार्य होगा। बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, परियोजना निदेशक, डीसी मनरेगा, उप जिलाधिकारी, प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

95 लाख तक खर्च कर सकेंगे प्रत्याशी

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पांच दिन पहले पहुंचेगी मतदाता पर्ची व्यय की अधिकतम सीमा लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए रुपए 95 लाख है। सभी मतदाताओं को मतदाता पर्ची मतदान दिवस 25 मई से 5 दिन पूर्व प्राप्त हो जाएगी। सचिव एमसीएमसी जिला सूचना अधिकारी ने प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बातया कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारित होने वाले विज्ञापन पूर्व प्रमाणीकरण, प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले पेड न्यूज, इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया में फेक न्यूज आदि के संबंध में जानकारी दी। यह भी बताया कि कि एमसीएमसी का कंट्रोल रूम स्थापित है जो कि 24 घंटे निगरानी कर रहा है।

सुरक्षा की तैयारी पूरी

पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा संबंधी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान के लिए किया जागरूक

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। शुक्रवार को नगर पंचायत जहांगीरगंज के कर्मचारियों ने नगर पंचायत क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। रैली में शामिल कर्मचारी विभिन्न नारों के साथ और नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को मताधिकार के प्रति प्रेरित किया। अधिशासी अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में निकाली गई जागरूकता रैली में शामिल कर्मचारियों ने जगह-जगह लोगों से आगामी 25 मई को मतदान में अवश्य भाग लेने की अपील की। जागरूकता रैली में लिपिक सैयद अमानुल्लाह, बाल गोविंद, सर्वेश यादव, अवनीश श्रीवास्तव, मोहम्मद शोएब, अरविंद कुमार, सुरजीत सिंह, रिंकू दूबे, सुमित समेत कर्मचारी मौजूद रहे।

मतदाता जागरूकता रैली में शामिल नगर पंचायत कर्मचारी।

सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पति-पत्नी गिरफ्तार

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। रुहानी इलाज के लिए विश्व विख्यात दरगाह किछौछा शरीफ आई युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के हस्तक्षेप के बाद बसखारी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

बिहार की रहने वाली जायरीन महिला ने बताया कि उसकी पुत्री का स्वास्थ्य खराब रहता है। दरगाह किछौछा में आस्था के कारण अपनी पुत्री को झांड़-फूंक व दुआ कराने के उद्देश्य से सलमा पत्नी कलाम दरगाह किछौछा के मकान में किराए पर रहती थी। 18 अप्रैल को जब वह सामान लेने कमरे से बाहर गई हुई थी तभी सलमा ने अपने पति और चार अज्ञात लोगों को बुलाकर उसकी पुत्री के साथ सामूहिक दुष्कर्म करवाया और वीडियो भी बना लिया। किसी को बताने पर दोनों को जान से मारने की धमकी दिया। पीड़िता की मां ने एसपी को बताया कि जब उसकी पुत्री ने उसे रो-रो कर पूरी घटना बताई तो वह बसखारी थाने पर गई, लेकिन पुलिस ने वहां पर मुकदमा दर्ज नहीं किया। बसखारी पुलिस ने कलाम व 04 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपित सलमा और उसके पति सैफ अहमद को गिरफ्तार कर लिया है।

डीएम ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने निष्पक्ष, पारदर्शी चुनाव कराने के लिए निर्वाचन कार्यालय परिसर का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त रूप से निर्वाचन कार्यालय परिसर, वेयर हाउस का निरीक्षण किया। जिसमें सुरक्षा व्यवस्था, बैरी केटिंग और अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित को दिए गए।

फंदे से लटकता मिला महिला का शव

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। भीटी थाना क्षेत्र के गोशाईं का पूरा गांव में महिला का शव घर की छत से लगे कुंडे के सहारे लटकता मिला। नीलम (30) का पति गणेश कुमार दिल्ली में रहकर निजी कंपनी में नौकरी करता है। घरवालों ने बताया कि नीलम ने फोन पर पति से काफी देर तक बात की। इसके बाद वह अपने कमरे में चली गई। कुछ देर बाद जब परिवार के सदस्य उसके कमरे के सामने से गुजरे तो वहां का दृश्य देखकर सन्न रह गए। नीलम का शव छत में लगे कुंडे के सहारे लटक रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

सार-संक्षेप

मेधावी को किया गया सम्मानित

इमरान रजा

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जलालपुर स्थित मसूद अख्तर इंटर कॉलेज के बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को सम्मानित किया गया है। वहीं इस विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। कॉलेज के प्रधानाचार्य ने बताया कि बोर्ड परीक्षा परिणाम में 10वीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने अच्छे अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है। जफराबाद निवासी गुलाम रजा के होनहार बेटे इमरान रजा ने 91.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल और परिजनों का नाम रोशन किया है।

सुरेश लाल को विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। तहसील अन्तर्गत गयासपुर के मूल निवासी स्व. रामेश्वर लाल व उर्मिला देवी के बेटे सुरेश लाल श्रीवास्तव जो राजकीय हाईस्कूल जहांगीरगंज में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत है। जिन्हें साहित्य सृजन व स्तम्भकारिता सन्दर्भ में एमएसएमई व नीति आयोग से पंजीकृत पण्डित दीन दयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ वृन्दावन धाम मथुरा द्वारा भोपाल में आयोजित समारोह में विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान से सम्मानित किया गया। विद्यापीठ के कुलपति डॉ. इन्दु भूषण मिश्र ने इन्हें यह सम्मान उत्कृष्ट हिन्दी लेखन, शिक्षण और समाज सेवा क्षेत्र में राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा के आधार पर किए गए शोध कार्यों, सामाजिक कार्यों के लिए प्रदान किया है। विद्यापीठ से प्राप्त उपाधि को सुरेश लाल श्रीवास्तव को जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह ने प्रदान किया। फोटो 1 रू सुरेश लाल श्रीवास्तव को सम्मानित करते डीआईओएस गिरीश कुमार सिंह।

कटेहरी ब्लॉक के दो बच्चों ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

होनहार बच्चों के साथ मौजूद प्रधानाचार्या मालती विश्वकर्मा व साथ में अन्य।

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जनपद के कटेहरी ब्लॉक के दो होनहार बच्चों ने राष्ट्रीय आय आधारित योग्यता परीक्षा में सफलता हासिल की है। जिससे क्षेत्र का सम्मान बढा है। राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा 2022-23 के लिए आयोजित की गई थी। जिसका परीक्षा परिणाम आने पर शिक्षा क्षेत्र कटेहरी के उच्च प्राथमिक विद्यालय दान्दूपुर की छात्रा सृष्टि यादव पुत्री शिवकुमार यादव ने 23वीं और आयुष पुत्र विजय प्रकाश ने 46वीं रैंक हासिल किया है बच्चों की सफलता पर विद्यालय की प्रधानाचार्या मालती विश्वकर्मा, राम भवन यादव, प्रतिभा त्रिपाठी और अभिभावकों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

एसपी ने ली परेड की सलामी, किया निरीक्षण

पुलिस लाइन में अभिलेखों का अवलोकन करते एसपी डॉ. कौस्तुभ।

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गई। परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात पुलिस अधीक्षक ने शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड को दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल और व्यायाम करवाया गया। ड्रिल देखकर पुलिस अधीक्षक ने उसे और बेहतर तरीके से कराने के लिए निर्देशित किया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में विभिन्न रजिस्टरों और अभिलेखों को चेक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक राजीव राय और अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

गेहूं की फसल व गौशाला जलकर राख

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर

शहाबुद्दीनपुर में आग बुझाने का प्रयास करते ग्रामीण। अमृत विचार

अमृत विचार। अज्ञात कारणों से लगी आग थोड़ी ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। आग से काट कर मड़ाई के लिए रखी गई एक बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। वहीं एक व्यक्ति की गौशाला भी आग की चपेट में आ गया। ग्रामीणों और दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अधिकतर फसलों के पहले से कट जाने से किसानों को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ।

बता दें कि जहांगीरगंज के शहाबुद्दीनपुर में गांव की सीमा पर सबसे पहले आग नर्वदेश्वर तिवारी के खेत में मौजूद पाराली में लगी। देखते ही देखते यह अन्य खेतों को अपने चपेट में लेते हुए नजदीकी गांव कल्याणपुर तक पहुंच गई। गांव के ओंकार तिवारी के खेत में एक बीघा गेहूं की फसल काटकर मड़ाई के लिए रखी थी। वह आग की चपेट में आने से जलकर राख हो गई। इसी आग की चपेट में गांव के निवासी सानू मिश्रा की गौशाला भी आ गई और वह भी जलकर नष्ट हो गई। गांव निवासी संतराम तिवारी का 10 बिस्वा गेहूं की फसल भी जलकर राख हो गई। तेजी से फैल रही आग ने एक बाग को भी अपनी चपेट में ले लिया। वहां करीब चार पेड़ भी जल गए। ग्रामीणों और दमकल कर्मियों के सहयोग से करीब 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही की ज्यादातर फसलें कट चुकी थी, जिससे भारी नुक्सान होने से बच गया।

टेंट उतारते समय युवक को लगा करंट

टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तेंदुआ प्यारेपुर में शुक्रवार को टेंट उतारने गए युवक की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे टांडा कोतवाली निरीक्षक दीपक सिंह रघुवंशी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्राम तेंदुआ पियरेपुर में गुरुवार की रात्रि में एक बर्थ-डे पार्टी का आयोजन किया गया था, जिसमें टेंट लगाया गया था। शुक्रवार की सुबह में टेंट उतारने पहुंचे 22 वर्षीय युवक अंशमान पुत्र गुलभवन निवासी ग्राम गौरा गूजर को बिजली का करंट लग गया। जिसे महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बिना मान्यता के चल रहे दो विद्यालयों पर की कार्रवाई

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। खंड शिक्षाधिकारी कटेहरी प्रिया पाठक ने बिना मान्यता के चल रहे विद्यालयों पर कार्रवाई की है। उन्होंने दो बगैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों में पहुंचकर उन्हें बंद करने का नोटिस चस्पा किया है। साथ ही वहां ताला डालकर संबंधित बच्चों को नजदीकी परिषदीय स्कूलों में पंजीकृत कर बेहतर शिक्षा देने का निर्देश दिया है।

बीईओ ने एक्सीलेंट कोचिंग सेंटर बरामदपुर जरियारी महरूआ गोला और आरजे कॉन्वेंट स्कूल घनेपुर आनंदनगर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों विद्यालय बिना मान्यता के चलते पाए गए। बीईओ को विद्यालय प्रबंधन कोई वैध कागजात नहीं दिखा सका। जिसके बाद बीईओ ने स्कूल प्रबंधन को कड़ी चेतावनी देते हुए विद्यालय पर नोटिस चस्पा कर दिया है। उन्होंने कहा कि आगे यदि विद्यालय का संचालन होता पाया गया तो मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। इसके बाद वहां बीईओ ने दोनों विद्यालयों में ताला लगवा दिया। बीईओ ने प्राथमिक विद्यालय हरिनाथपुर का भी निरीक्षण किया। यहां नामांकन के सापेक्ष उपस्थिति ठीक पाई गई। उन्होंने कंपोजिट विद्यालय उच्च प्राथमिक विद्यालय बंदनडीह व नरसिंहदासपुर के निरीक्षण में कई तरह की लापरवाही मिली।

विडंबना अब तक 677 किसानों से 1590.52 मीट्रिक टन गेहूं की हुई खरीद, 86 हजार 700 मीट्रिक टन गेहूं खरीद का है लक्ष्य

किसान आढ़तियों को बेच रहे हैं गेहूं, क्रय केंद्रों पर सन्नाटा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

सहकारी समिति रफीगंज पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

अमृत विचार। जनपद में गेहूं खरीद की रफ्तार धीमी होने के चलते लक्ष्य को प्राप्त करना आसान नहीं है। किसान सरकारी क्रय केंद्रों का रुख नहीं कर रहे हैं। जिसके चलते सरकारी क्रय केंद्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। किसान आढ़तियों से गेहूं का पर्याप्त दाम मिलने से वह खेत में ही अपनी उपज को बेच दे रहे हैं। जिससे किसानों को भाड़ा और पल्लेदारी से भी छुटकारा मिल रहा है।

गेहूं का सरकारी समर्थन मूल्य जहां 2275 रुपए प्रति कुंतल है वहीं आढ़ती 2200 रुपए प्रति कुंतल तक का भुगतान किसानों को उनके घर या खेत में ही कर दे रहे हैं। जिसके कारण किसान सरकारी क्रय केंद्रों का रुख नहीं कर रहे हैं। किसान मोहित पांडेय ने बताया कि क्रय क्रेंद्रों पर गेहूं बेचने में काफी परेशानी का भी सामना करना पड़ता है। जिसके कारण किसान आढ़तियों को ही अच्छे दाम में गेहूं की बिक्री कर दे रहे हैं। क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद की शुरुआत करीब दो माह पूरे होने को है लेकिन अब तक सिर्फ 677 किसानों के 1590.52 मीट्रिक टन गेहूं की ही खरीद हुई है। शासन से जनपद में गेहूं की खरीद के लिए 86,700 मीट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जनपद में एक मार्च से गेहूं की खरीद शुरू हुई है। इसके लिए सात एजेंसियों के क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसमें खाद्य विभाग के 25, पीसीएफ के 40, नैफेड के चार, पीसीयू के छह, यूपीएसएस के छह, मंडी समिति के एक व भारतीय खाद्य निगम के पांच क्रय केंद्र शामिल हैं।

अधिकारी बोलीं जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी विनीता मिश्रा ने बताया कि सभी क्रय केंद्र प्रभारियों को किसानों से संपर्क करने के निर्देश दिए गए हैं। केंद्र प्रभारी उपज की बिक्री के लिए किसानों को प्रेरित करें।

दुर्घटना में मौत के मामले में मुकदमा

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। सब्जी बेच कर घर जा रही अधेड़ महिला को अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारने से हुई मौत के मामले में पुलिस ने पीड़ित पुत्र की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। मालीपुर थाना क्षेत्र के भदोई गांव निवासी कमलेश मौर्य ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 अप्रैल को शाम 7 बजे के करीब मेरी माता प्रभावती देवी सब्जी बेचकर घर आ रही थी। अपने घर के सामने पहुंचकर रोड क्रॉस कर रही थी, उसी समय सामने से एक आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें तेजी से टक्कर मार दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जिनकी इलाज मिलने से पहले ही मौत हो गई थी।

एक नजर

साफ-सफाई न होने से मच्छरों का आतंक

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : विकासखंड पंडरी कृपाल अंतर्गत रानी जोत मे जलनिकासी व्यवस्था चौपट है। नाली का पानी सड़कों पर बह रहा है। आने जाने वाले लोगों को समस्या हो रही है। ग्रामीण से सफाई कर्मचारी को समस्या से अवगत करा रहे हैं लेकिन स्थाई समाधान नहीं मिल पा रहा है। साफ-सफाई व्यवस्था चौपट है। नाली का पानी जमा होने से पूरे मोहल्ले में मच्छरों का आतंक है। यहां पर रहने वाले लोगों ने समस्या से प्रशासन को अवगत कराया। लेकिन कोई ठोस निदान समस्या का नहीं हो पाया है। गांव के रहने वाले बाबू, मोहित, पंकज, आशीष, मयंक, रमेश, उमेश, अजय , शिवा, ओम प्रकाश, सुनीता आदि ने जलभराव से मुक्ति की मांग की है। फिलहाल नाली का पानी से गंदगी आने से मोहल्लेवासियों में आक्रोश है।

सहफसली खेती का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

वजीरगंज, अमृत विचार : ब्लॉक के ग्राम पंचायत नौबस्ता में किसानों की सहफसली खेती का गन्ना विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण किया। किसान अमरेश पाण्डेय सहफासली खेती गन्ना और भिंडी की खेती एक साथ कर रहे हैं। निरिक्षण के दौरान गन्ने में कोराजन व माइक्रोफ्रूड समेत दवाइयों का स्प्रे करने के लिए बताया। इस मौके पर बजाज कुंदुरखी चीनी मिल के अधिकारी प्रदीप पाण्डेय व फील्ड सुपरवाइजर वसीम अहमद ने प्लाट का निरिक्षण किया।

सरकारी स्कलू का हैंडपंप ठीक कराने की मांग

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : सरकारी स्कूल में लगा हैंडपंप खराब है। जिससे छात्रा छात्राओं को पानी पीने में असुविधा हो रही है। शिक्षा क्षेत्र पंडरी कृपाल अंतर्गत तुर्कडीहा गांव में सरकारी स्कूल में लगा हैंडपंप का पानी खराब आ रहा है। विद्यालय में पढ़ रहे छात्र छात्रों ने हैंडपंप को सही करने की मांग की है। विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों का कहना है कि हैंडपंप से पानी पीला आ रहा है।

गोंडा में सरयू किनारे मनाया जाएगा दीपोत्सव

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : मातृ शक्ति को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से जोड़ने के उद्देश्य से दीपोत्सव का आयोजन करने का फैसला लिया गया है। 12 मई को मदर्स डे के अवसर पर करनैलगंज क्षेत्र में सरयू घाट पर दीपोत्सव आयोजित किया जाएगा। डीएम ने बताया 12 मई को सरयू घाट पर दीपोत्सव गोधूलि बेला में प्रारंभ होगा। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 1100 दीपों की व्यवस्था होगी। कार्यक्रम में जनपद स्तरीय अफसरों की उपस्थिति में अतिरिक्त विकासखण्ड करनैलगंज, हलधरमऊ, कटरा बाजार के निकटवर्ती ग्रामों की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां शामिल होंगी।

अब अपनी पढ़ाई का बोझ खुद उठाएंगे मेधावी

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में पांच बच्चे हुए सफल

संवाददाता, बेलसर

अभिषेक तिवारी।

अंशु शुक्ला।

शिवा।

बजरंगबली।

विनय कुमार पांडेय।

अमृत विचार: परिषदीय विद्यालयों में भी अब होनहारों की कमी नहीं है। सरकारी स्कूल के बच्चों ने भी अपने पढ़ाई का बोझ स्वयं उठाने की पहल की है। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में उदवत नगर कंपोजिट स्कूल के पांच बच्चों ने परीक्षा पास कर ली है। अब प्रत्येक बच्चों को चार साल तक 48 हजार रुपए सरकार छात्रवृत्ति के रूप में देगी जिससे वे आगे की पढ़ाई का खर्च वे स्वयं उठा सकेंगे।

प्रधानाध्यापिका विभा सिंह ने बताया कि विद्यालय के नौ छात्र छात्राओं ने राष्ट्रीय योग्यता एवं आय आधारित परीक्षा में प्रतिभाग किया था। गुरुवार को जारी परिणाम में पांच बच्चे सफल घोषित हुए हैं। अभिषेक तिवारी को 150 में 115, विनय कुमार पांडेय 103, अंशू शुक्ला 99, बजरंगबली 98 और शिवा को 76 अंक प्राप्त हुए हैं। एक ही विद्यालय के पांच बच्चों का चयन राष्ट्रीय योग्यता एवं आय आधारित इस परीक्षा में होने पर प्रधानाध्यापिका विभा सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे विद्यालय के शिक्षक अनिल तोमर, सतीश चौहान, नरेन्द्र गुप्ता ने प्रतिदिन दो घंटे अतरिक्त समय देकर बच्चों की तैयारी कराई थी। जिससे यह सफलता अर्जित हुई है। शिक्षक संघ बेलसर के मंत्री विजय कुमार चौहान ने बताया कि इस बार लगभग 2 लाख बच्चों ने इस परीक्षा में प्रतिभाग किया था जिसमें से 14896 बच्चों का चयन किया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी बेलसर राम खेलावन सिंह, शिक्षक नेता राजेश शुक्ल ने प्रसन्नता व्यक्त किया है। बेलसर शिक्षा क्षेत्र में कुल 12 बच्चे सफल हुए हैं।

बरात से लौट रहे बाइक सवार मवेशी से टकराए, एक की मौत

संवाददाता, खरगूपुर

घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

अमृत विचार: बारात से वापस आ रहे बाइक सवार दो व्यक्ति बेसहारा पशु से टकराकर घायल हो गए। जिनमें से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

खरगूपुर थाना क्षेत्र के पिपरा भोधर के मजरा बालपुर मौहरिया से थाना इटियाथोक क्षेत्र के कठौआ जुगराजपुर बारात में शामिल होने राजू गोस्वामी(38) तथा पन्नू गोस्वाम(35) निवासी बालपुर मौहरिया बाइक से गए थे। देर रात बारात से वापस आते समय कठौआ गांव के पास एक बेसहारा पशु से बाइक टकरा गई।जिससे राजू गोस्वामी की मौत हो गई। वहीं बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर रात को ही इटियाथोक पुलिस मौके पर पहुंची और शव को औपचारिकता पूरी कर पीएम के लिए भेज दिया।मृतक राजू गोस्वामी अपने घर का इकलौता कमाने वाला व्यक्ति था।जिसके परिवार में पत्नी के अलावा पुत्र प्रिंस (16) बेटी कोमल (14) नेहा (12) तथा पुत्र प्रतीक दस व अभय आठ थे। मौते से पूरे गांव में मातम पसरा है।

फर्नीचर शोरूम में लगी आग, लाखों का नुकसान

साहेबगंज मोहल्ले में एक होटल के बगल स्थित है शोरूम

गोंडा कार्यालय

साहेबगंज बाजार स्थित फर्नीचर शोरूम में लगी आग। अमृत विचार

अमृत विचार: कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत साहेबगंज मोहल्ला में आनंद होटल के बगल लखनऊ फर्नीचर के शोरूम पर ट्रांसफार्मर से भीषण आग लग गयी। फर्नीचर शोरूम के ऑफिस में रखा कंप्यूटर आदि सामान जलकर स्वाहा हो गया। बगल के आनंद होटल में रहने वाले लोग सड़क पर आकर जोर जोर से चिल्लाने लगे। घटना गुरुवार रात लगभग तीन बजे की है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि लखनऊ फर्नीचर दुकान व आवास सामने बिल्कुल सटा हुआ बिजली विभाग का एक बहुत ही बड़ा ट्रांसफर लगा है।

बिजली विभाग की लापरवाही से ट्रांसफार्मर में शार्ट सर्किट की वजह से ट्रांसफार्मर में आग लग गई। आग लगते ही लखनऊ फर्नीचर आवास के अंदर आग बुरी तरह से फैल गई, जिससे घर के अंदर का सारा कीमती सामान जलकर राख हो गया।

मोहल्ला वाले बताते हैं कि बिजली विभाग का यह ट्रांसफार्मर लगाते समय इसका विरोध भी किया गया था, लेकिन बिजली विभाग वाले किसी की भी नहीं सुने और अपना ट्रांसफार्मर लखनऊ फर्नीचर के दुकान के सामने लगा दिया। लखनऊ फर्नीचर के मालिक नितिन लोहिया ने बताया कि घर के अंदर रखा कई कंप्यूटर, एसी, प्रिंटर, लैपटाप, फ्रिज, एलसीडी, टीवी, कैमरा के साथ साथ सोफा व अन्य कीमती लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया है।

फिलहाल सूचना देने पर फायर ब्रिगेड वालों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पा लिया है, जिससे किसी का जान जोखिम नहीं हुआ है। नगर कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि रात में ही पुलिस मौके पर पहुंची थी दमकल कर्मियों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया है।

समारोह में मेधावियों को किया सम्मानित

बाबू बच्चा सिंह स्मारक इंटर कॉलेज देवरिया कला भटपुरवा में कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता, खरगूपुर

मेधावियों को सम्मानित करते शिक्षक। अमृत विचार

अमृत विचार: प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र छात्राएं शामिल रहीं।

शुक्रवार को क्षेत्र के बाबू बच्चा सिंह स्मारक इण्टर कालेज देवरिया कला भटपुरवा में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें इण्टरमीडिएट में कालेज टॉप करने वाली छात्रा शगुन मिश्रा और हाईस्कूल में कालेज टॉप करने वाले छात्र मोहम्मद फैसल अंसारी के साथ ही हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी छात्र/छात्राओं को फूल माला पहनाकर मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कालेज के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट कवीन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि जो भी विद्यार्थी लगन एवं मेहनत से पढ़ते हैं। सफलता उनके कदम चूमती है। प्रबंधक रवीन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करने से सदैव आप जीवन में सफल होंगे। प्रधानाचार्य रोहित तिवारी ने कहा कि जो भी विद्यार्थी नियमित रूप से विद्यालय आते हैं, उनका हर परीक्षा में प्रदर्शन अच्छा रहता है। इस अवसर पर सभी मेधावी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना भी की गयी।

इस मौके पर पूर्व प्रधान भूपेन्द्र सिंह, देवेन्द्र कुमार सिंह, राघवेन्द्र सिंह, अशोक कुमार सिंह, यशोदानन्द शुक्ल, पंकज सिंह, डीपी सिंह, सुमित श्रीवास्तव, राहुल शुक्ल, अमरीष मिश्रा, रघुनाथ तिवारी, मो० नफीस, मो० समसुददुहा, रूबी सिंह, साक्षी सिंह, प्रतिभा सिंह, सेजल सिंह, राखी, सुनीता सिंह आदि शिक्षक शिक्षिकाएं रहीं।

ग्राम समाज की भूमि पर कब्जे की शिकायत

करनैलगंज, अमृत विचार : करनैलगंज तहसील के मात्र 1 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम कुम्हर गढ़ी में खाली पड़ी ग्राम समाज की जमीन पर एक व्यक्ति द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है। मामले की शिकायत ग्रामीणों ने एसडीएम से की है। एसडीएम ने राजस्व निरीक्षक को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। ग्राम कुम्हर गढ़ी निवासी पारस गोस्वामी और जसवंत गोस्वामी ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर कहा है की गाटा संख्या 181 जो ग्राम समाज के रूप में है उस पर जबरिया तरीके से लोग कब्जा कर रहे हैं। जबकि हल्का लेखपाल ने इसके पूर्व उन्हें कब्जा करने से मना किया फिर भी मान नहीं रहे हैं। एसडीएम ने कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। नायब तहसीलदार करनैलगंज अल्पिका वर्मा का कहना है कि राजस्व निरीक्षक व लेखपाल को मौके पर भेज कर जांच कराने के साथ कार्रवाई की जा रही है।

मिला जनता का साथ तो बना राम मंदिर

गोंडा कार्यालय

बूथ सम्मेलन को संबोधित करते क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा कमलेश मिश्र। अमृत विचार

अमृत विचार: गौरा विधानसभा के मसकनवा बाजार में भाजपा की ओर से बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि भाजपा अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा रहे। अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप एवं संचालन विधानसभा संयोजक श्रावण शुक्ल ने किया। सम्मेलन में सांसद गोंडा कीर्ति वर्धन सिंह राजा भैया, गौरा विधायक प्रभात कुमार वर्मा, विधानसभा प्रभारी प्रमोद आर्य चंचल, गोंडा लोकसभा प्रवासी गौरव वर्मा ने संबोधित किया।

क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि अगर हमें कोई चुनाव जीताता है तो वह बूथ अध्यक्ष ही हैं। शक्ति केंद्र संयोजक एवं बूथ अध्यक्ष को ही यह पता होता है कि हमें कितना वोट मिलना है कौन-कौन हमारे साथ है और कौन-कौन नहीं। उन्होंने कहा कि यदि 2014 और 2019 में लोकसभा चुनाव में साथ न दिया होता तो न धारा 370 खत्म हो पाती न राम मंदिर बन पाता। 20 मई को हमें अपने-अपने बूथों पर यह कार्य बहुत ही तन्मयता के साथ करना होगा। जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र ओझा पट्टू ने बताया कि मनकापुर विधानसभा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन आगामी 28 अप्रैल को नवाबगंज में किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जल शक्ति मंत्री यूपी सरकार एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा उत्तर प्रदेश स्वतंत्र देव सिंह का आगमन हो रहा है।

किशोर की हत्या के दो आरोपी पकड़े गए

इटियाथोक, अमृत विचार: दलपतपुर गांव के छात्र मनीष हत्याकांड के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि मनीष हत्याकांड के मुख्य आरोपी अभियुक्त मुकेश यादव को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। उक्त मामले में वांछित चल रहे रवी प्रताप यादव उर्फ परवेश व राजकुमार यादव को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

शनिवार की रात छात्र मनीष यादव(15) गांव में तिलक समारोह से देर रात घर आया था। वहां मुकेश यादव ने शौच के बहाने मनीष की बाहर ले जाकर बांके से वार कर हत्या कर दी। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्त मुकेश यादव ने बताया कि मनीष अक्सर उसकी बहन को लेकर अभद्र टिप्पणी किया करता था।

इसी बात से नाराज होकर शनिवार की रात शौच के बहाने बाहर ले जाकर बांके से वार कर हत्या कर दी थी। घटना में शामिल रवी प्रताप यादव उर्फ प्रवेश व राजकुमार यादव को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

तीन दिन में क्षतिग्रस्त मैनहोल को करें कवर

गोंडा कार्यालय

निर्देश

▸▸ सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपी गई निगरानी की जिम्मेदारी

अमृत विचार: डीएम नेहा शर्मा ने सभी नगरीय निकायों के क्षतिग्रस्त मैनहोल को कवर करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने तीन दिन में रिपोर्ट भी मांगी है। निगरानी की जिम्मेदारी सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपी गई है। बीते 23 अप्रैल को लखनऊ में एक बच्चे के खुले मैनहोल में गिरने के कारण मृत्यु होने की दुखद घटना प्रकाश में आई है। ऐसी घटनाओं पर रोकथाम के संबंध में समय-समय पर शासन स्तर से कड़े निर्देश निर्गत किए गए हैं तथा इन निर्देशों के अनुपालन की जिम्मेदारी संबंधित नगर निकाय के अधिकारियों को दी गई है। डीएम नेहा शर्मा ने साफ किया है कि यह भी सुनिश्चित किया जाना है कि जहां पर पहले से रखे गए पत्थर क्षतिग्रस्त हैं, उन्हें तत्काल रिप्लेस कर दिया जाए। ताकि, किसी भी प्रकार की दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने 03 दिन में इस कार्यवाही को सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं। प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय के माध्यम से इसकी रिपोर्ट उपलब्ध करानी होगी।

मतदान की जागरूकता को बनाई स्वीप दीवार

मतदाता जागरूकता के लिए हुआ दीवार लेखन। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: जिले में 20 मई को लोकसभा चुनाव होगा। लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिकतम लोग प्रतिभाग करें इसे लेकर जिला प्रशासन कवायद कर रहा है। मतदान प्रतिशत बढ़े इसे लेकर कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।

बहराइच रोड मंडी समिति में भी व्यापारियों व किसानों को जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन के निर्देश पर मंडी के मुख्य द्वार की दीवार को स्वीप दीवाल बनाई गई है। जिसमें मतदान को बढ़ाने के लिए स्लोगन लिखे गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी नेहा शर्मा लगातार विभिन्न माध्यमों से जागरूकता कार्यक्रम चल रही हैं। विद्यालयों में छात्रों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है, तो वही मेडिकल स्टोर संचालक भी लोगों को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। जिलाधिकारी में मंडी प्रशासन को निर्देश दिया कि वह लोग भी मतदाता जागरूकता को लेकर अभियान चलाया जिसके क्रम में मंडी के मुख्य गेट को मतदाता जागरूकता के स्लोगन से सजाया गया है। किसान राम जग ने बताया कि मंडी में गेहूं लेकर आए थे दीवारों पर सुंदर-सुंदर आकृति के साथ कुछ नारे लिखे थे जब हमें देख रहा थे तो मंडी के कर्मचारियों ने बताया कि आगामी 20 मई को जिले में मतदान होगा उसमें सभी लोगों को हर हाल में मतदान करना है। उन्होंने बताया कि अब वह गांव जाकर लोगों को मतदान क्यों आवश्यक है इसके बारे में बताते हुए सबको जागरूक करेंगे। वहीं व्यापारी नीरज का कहना है कि लोकतंत्र में मतदान की हम भूमिका होती है इससे स्वच्छ हुआ मजबूत सरकार बनती है ऐसे में सभी लोगों को मतदान करना चाहिए उन्होंने बताया कि मतदान करें इसको लेकर पल्लेदारों को भी जागरूक किया जा रहा है। मंडी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से किसानों व्यापारियों को जागरूक करने के लिए स्वीप दीवार बनाई गई है। उसको लोग पढ़कर व देखकर मतदान करने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि मंडी के कर्मचारी भी लोगों को जागरुक कर रहे हैं।

सर्पदंश का बहाना बता किशोरी को दफनाया

करनैलगंज, अमृत विचार : कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम नकार के मजरा चतुरूपुर में एक 17 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने के बाद उसके परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए सांप काटने का बहाना बता कर उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

मामले में बाद में पता चला कि घर वालों ने ही मिलकर उसकी हत्या की थी और मामले को छुपाने के लिए बिना पुलिस को सूचना दिए, पोस्टमार्टम कराए बिना शव को दफना दिया। जिसकी लिखित तहरीर गांव के ही सुहावन लाल ने शुक्रवार को पुलिस को दिया है। जिसमें कहा गया है कि चतुरूपुर गांव में मुस्लिम परिवार की एक 17 वर्षीय किशोरी की 17 अप्रैल की रात मौत हुई और सुबह उसके परिजनों ने सांप काटने से मौत का बहाना बता कर शव को दफन कर दिया। अब धीरे-धीरे मामला खुलने लगा तब पता चला कि परिवार वालों ने उसकी हत्या की थी। सुहावन लाल ने तहरीर देकर शव को खुदवा कर पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। कोतवाल निर्भय नारायण सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए कार्रवाई कराई जा रही है।

पहल श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के हिंदी विभाग ने एड ऑन कोर्स/ सर्टिफिकेट कोर्स किया शुरू

समाचार लेखन पर सर्टिफिकेट कोर्स शुरू, सीखे समाचार लेखन

गोंडा कार्यालय

समाचार लेखन की प्रक्रिया सीखते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

अमृत विचार: श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के हिंदी विभाग ने समाचार लेखन विषय पर एड ऑन कोर्स/ सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ किया। महाविद्यालय के ललिता शास्त्री सभागार में 25 अप्रैल से 30 अप्रैल के मध्य प्रतिदिन चार घंटे सैद्धांतिक एवं एक घंटे प्रायोगिक वाले शिक्षण-प्रशिक्षण में विद्यार्थी पत्रकारिता की आधारभूत जानकारी संग समाचार लेखन की प्रविधि सीख सकेंगे।

गुरुवार को विद्यार्थियों के पंजीकरण के साथ उद्घाटन सत्र का प्रारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रवीन्द्र कुमार ने लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ पत्रकारिता के अंतर्गत समाचार लेखन विषयक कोर्स को संचालित करने के लिए हिंदी विभाग को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता देश-दुनिया और समाज को बेहतर बनाने में अहम भूमिका अदा कर सकती है। करने और उसे मजबूत बनाने में योगदान दिया है। हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र नाथ मिश्र ने उद्घाटन सत्र में 'समाचार क्या है' विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस धरती को खूबसूरत बनाने के लिए पत्रकारिता सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। पत्रकारिता में समाज को सुंदर बनाने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि जाति, क्षेत्र, भाषा, भूगोल, रंग आदि भेदों को भुलाकर एक श्रेष्ठ पत्रकार बना जा सकता है। प्रो. जय शंकर तिवारी ने समाचार लेखन का उद्भव और विकास समझाते हुए कहा कि कागज और छापाखाना की खोज के साथ ही पत्रकारिता का प्रारंभ होता है। भारत में सन् 1550 ई. में पुर्तगालियों द्वारा गोवा में और तमिलनाडु में प्रेस की स्थापना की गई। उन्होंने कहा कि भारत में समाचार पत्र का प्रारंभ अंग्रेज पत्रकार जेम्स आगस्टस हिकी की पत्रकारिता से होता है। इसके साथ ही यह भी ध्यान देने योग्य है कि भारत में समाचार लेखन का उद्भव सत्ता के प्रतिरोध से शुरू होता है। प्रथम हिंदी समाचार पत्र उदंत मार्तंड से लेकर हिंदी पत्रकारिता के वर्तमान रूप तक हुए विकास-क्रम को प्रोफेसर तिवारी ने समझाया। कोर्स के संबंध में हिंदी विभाग के सहायक आचार्य अच्युत शुक्ल ने क्रमबद्ध ढंग से रूपरेखा प्रस्तुत की। संचालन हिंदी विभाग की प्रवक्ता डॉ. मुक्ता टंडन ने किया। 'उद्घोष' दीवार पत्र के संपादकद्वय पुष्कर बाबू और जीतेशकांत पांडेय ने संपादन अनुभव को साझा किया।

रेलवे व बस स्टेशन के पास टेंट लगाकर बैठने की होगी व्यवस्था

बढ़ती गर्मी से राहत देने के लिए प्रशासन ने उठाया कदम

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। दोपहर में लू चलने से आम जीवन प्रभावित है। ऐसे में डीएम ने आम जनमानस को राहत देने के लिए रेलवे व बस स्टेशन के निकट अस्थायी रूप से टेंट लगाकर कुछ देर बैठने व आराम करने की सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट, सभी उप जिलाधिकारी और समस्त अधिशासी अधिकारी को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

डीएम ने बताया कि सभी संबंधित अधिकारी देखें कि रात्रि में यदि कोई व्यक्त अपने गंतव्य तक पहुंच नहीं पा रहा है तो उसे रैन बसेरों में ठहरने की सुविधा अवश्य मिले। इसके लिए पूर्व में संचालित रैन बसेरों को क्रियाशील कराते हुए वहां पर पेयजल, प्रसाधन, बिस्तर आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। रैन बसेरों में साफ सफाई दुरुस्त रहे। मच्छर से बचाव के लिए तथा इन स्थानों पर दवा का नियमित रूप से छिड़काव होता रहे। अधिकारी ने कहा कि काम में लापरवाही कदापि सहन नहीं की जाएगी।

हैंडपंप और प्याऊ की व्यवस्था दुरुस्त करें

जिलाधिकारी ने जनपद में खराब हैंडपंप को ठीक कराने और प्याऊ की व्यवस्था भी दुरुस्त करने के आदेश दिए हैं। इसके चलते कई क्षेत्रों में प्याऊ क्रियाशील भी हो गए हैं। डीएम नेहा शर्मा ने साफ किया है कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं की जाएगी।

भाजपा व सपा समेत 16 उम्मीदवारों ने खरीदे 23 पर्चे

लोकसभा क्षेत्र गोंडा से 17 फार्म तो कैसरगंज से छह फार्म बिके, सुरक्षा व्यवस्था के रहे पुख्ता प्रबंध

सुरक्षा की जांच करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

एडीएम न्यायालय पर मौजूद रिटर्निंग ऑफिसर सीडीओ एम अरुन्मौली। अमृत विचार

नामांकन पत्र खरीदते लोग। अमृत विचार

गोंडा लोकसभा की रिटर्निंग ऑफिसर डीएम नेहा शर्मा। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: शुक्रवार से गोंडा व कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में पांचवें चरण के चुनाव का बिगुल बज चुका है। नोटिफिकेशन के बाद गोंडा की रिटर्निंग आफिसर डीएम नेहा शर्मा व कैसरगंज की रिटर्निंग अधिकारी सीडीओ एम अरुन्मौली ने सुबह 11 बजे से 3 बजे तक मुस्तैद रहीं लेकिन पहले दिन एक भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुए।

पहले दिन गोंडा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह की तरफ से दो सेटों में पर्चा खरीदा गया जबकि सपा की श्रेया वर्मा की तरफ से चार सेटों में पर्चा खरीदा गया। कैसरगंज से निर्दल के रूप में छह पर्चे बिके। दोनों लोकसभा क्षेत्र से दावेदारों ने कुल 23 पर्चे खरीदे। लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के दृष्टिगत 26 अप्रैल को दो लोकसभा सीटों पर नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हुई है। जिसके अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र गोंडा से कुल 11 लोगों ने नामांकन फॉर्म खरीदा है जिसमें कुल 17 फार्म बिके हैं। इसी प्रकार लोकसभा क्षेत्र कैसरगंज से 6 लोगों ने नामांकन फार्म खरीदा है जिसमें कुल 6 फार्म बिके हैं।

लोकसभा क्षेत्र गोंडा से कीर्तिवर्धन सिंह के प्रतिनिधि ने दो सेट फॉर्म लिया। भाजपा पार्टी से गौतम प्रसाद शर्मा निवासी धौरहरा ने लोकसभा कैसरगंज एवं गोंडा से एक-एक सेट फॉर्म खरीदा। निर्दलीय विनोद कुमार सिंह निवासी बछईपुर के ने लोकसभा गोंडा से एक सेट फॉर्म खरीदा। सपा से लोकसभा गोंडा से श्रेया वर्मा निवासी सिरौली बाराबंकी के प्रतिनिधि ने चार सेट फॉर्म खरीदा। लोकसभा गोंडा से राघवेंद्र निवासी नवागांव देवरिया अलावल ने स्वयं दो सेट फॉर्म खरीदा।

भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से लोकसभा क्षेत्र गोंडा से मोहम्मद शाकिर निवासी इमामबाड़ा द्वारा स्वयं एक सेट फार्म खरीदा गया। निर्दलीय लोकसभा क्षेत्र गोंडा से राम उजागर निवासी भरथापुर बलरामपुर ने स्वयं एक सेट फॉर्म खरीदा। लोकसभा क्षेत्र गोंडा से ओम प्रकाश तिवारी निवासी किरतापुर रेहरा बाजार बलरामपुर के द्वारा स्वयं एक सेट फॉर्म खरीदा गया। लोकसभा कैसरगंज से दीपक पाठक निवासी बड़ाहाट जनपद बहराइच ने स्वयं एक सेट फार्म खरीदा। कांग्रेस पार्टी से लोकसभा क्षेत्र कैसरगंज से विनोद कुमार पटेल निवासी नेवादा प्रतापगढ़ ने सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से स्वयं एक सेट फॉर्म खरीदा।

लोकसभा क्षेत्र गोंडा से सय्यद अब्दुल रऊफ निवासी मेवातियान गोंडा के द्वारा स्वयं एक सेट फॉर्म खरीदा गया। लोकसभा क्षेत्र कैसरगंज अरुणिमा पांडेय निवासी गोमती नगर लखनऊ के प्रतिनिधि द्वारा एक सेट फॉर्म खरीदा गया। लोकसभा गोंडा से राकेश कुमार वर्मा निवासी सिरौली गौसपुर बाराबंकी के प्रतिनिधि द्वारा एक सेट फॉर्म खरीदा गया। लोकसभा क्षेत्र कैसरगंज से वैभव कुमार श्रीवास्तव निवासी गरीबी पुरवा गोंडा के द्वारा एक सेट फॉर्म खरीदा गया। लोकसभा कैसरगंज से नरेंद्र पांडेय निवासी इंदिरा नगर लखनऊ ने स्वयं एक सेट फॉर्म खरीदा।

सुरक्षा की रही चाक-चौबंद व्यवस्था: नामांकन के पहले दिन पहले ही कोई पर्चा दाखिल न हुआ हो लेकिन प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही। कलेक्ट्रेट मुख्य गेट से आम लोगों का आवागमन बंद कर दिया गया। नामांकन स्थल पर टेंट लगाया गया था। सुरक्षा की दृष्टि से मेटल डिटेक्टर का गेट लगाया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ सहित करीब 180 पुलिसकर्मियों व अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

खंडहर बन गया सहकारी समिति का भवन, किसान केवल चुनावी मुद्दा

उमरी बेगमगंज, अमृत विचार: चुनावी सरगर्मियों के बीच हर तरफ किसानों की बात हो रही है। कोई किसानों की आय दोगुनी करने की बात कर रहा है तो कोई कर्ज माफी की घोषणा कर अपनी तरफ लुभाने की कोशिश में लगा है। लेकिन किसानों की आय दोगुनी कैसे होगी इस सवाल पर किसानों को सस्ते दर पर खाद बीज वा दवाओं को उपलब्ध कराने के लिए स्थापित साधन सहकारी समिति के भवन की जर्जरता पूरी तरह से विराम लगा देती है।

कर्मचारियों की कमी और खंडहर में तब्दील हो चुके सहकारी समिति के भवन से किसानों को मिलने वाले लाभ का अनुमान लगाया जा सकता है। बानगी के तौर पर सहकारी समिति ऐली परसौली को देख लीजिए। यह भवन सेमरी कला गांव में बना है और पूरी तरह से खंडहर में तब्दील हो चुका है। इसका लाभ भी सचिव के चहेतों को ही मिलता है। यहां खाद बीज कब आता है आम किसानों को तो पता भी नहीं। अब सवाल यह है कि किसानों की आय को बढ़ाने के लिए सस्ते दर पर खाद बीज उपलब्ध कराने वाली यह समितियां खुद ही अपनी जर्जरता पर आंसू बहा रही हैं तो फिर किसानों की आय में बढ़ोतरी कैसे होगी। ऐली परसौली के अयोध्या प्रसाद सिंह कहते हैं कि करीब 35 वर्ष पहले सहकारी बिल्डिंग बनाई गई थी। चूना और सुर्खी से बनाई गई इस बिल्डिंग के निर्माण में ही अनियमितता बरती गई थी और इसकी मरम्मत ना होने से यह बिल्डिंग खंडहर में तब्दील हो चुकी है। सरकारी सहायता कालाबाजारी की भेंट चढ़ जाती है। जग प्रसाद यादव कहते हैं कि किसानों के लिए कई लाभकारी योजनाएं चल रही हैं सहकारी समितियां भी सस्ते दामों पर किसानों को खाद बीज उपलब्ध कराने की एक माध्यम हैं, लेकिन कर्मचारियों की लापरवाही से किसी को लाभ नहीं मिल रहा है। राजू सिंह ने बताया कि समिति के सचिव कुछ खास लोगों को लाभ देकर कागजी घोड़ा दौड़ते हैं, जबकि आम आदमी को इसकी भनक भी नहीं लगती। सिधौटी के सूर्य प्रकाश सिंह कहते हैं कि सहकारी समिति पूरी तरह से बंद पड़ी है। इसका सचिव कौन है मुझे इसकी जानकारी नहीं है। खाद बीज के लिए प्राइवेट दुकानों का सहारा ही लेना पड़ता है।

खंडहर बना सहकारी समिति का भवन।

आग के तांडव में 16 घर जलकर राख, लाखों रुपये का नुकसान

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: जिले के दो गांवों में आग लगने से 16 घर जलकर राख हो गए। इसमें लाखों रुपए की गृहस्थी व खाने पीने का सामान भी जल गया।

उमरी बेगमगंज रिपोर्टर के अनुसार उमरी थाना क्षेत्र के ऐली परसौली गांव में शुक्रवार की दोपहर बाद अज्ञात चरणों से लगी आग में गांव निवासी नंदू, नत्थू, राजाराम, मंसाराम, राजेंद्र, रामेश्वर, रामदेव, सीताराम, जयकला, धनपता की पूरी गृहस्थी जलकर खाक हो गई। लाखों रुपए नुकसान का आकलन किया गया है। थानाध्यक्ष संजीव वर्मा अपनी पूरी टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे। परसपुर संवाददाता के अनुसार क्षेत्र के पयोली पूरे दक्षिण गांव में शुक्रवार को दोपहर में अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गयी। जिसमें आधा दर्जन लोगों के घर गृहस्थी के सामान कपड़े, बर्तन, अनाज, सायकिल जलकर राख हो गये। 5 बीघा गेंहू की फसल जलकर राख हो गयी। ग्रामीणों ने पम्पिंग सेट इंजन चलाकर आग बुझाने का भरसक प्रयास किया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना अग्निशमन पुलिस को दी। मौके पर पहुंची अग्निशमन पुलिस व ग्रामीणों के सहयोग से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल विनय यादव ने अग्निकांड में क्षति का आकलन किया। उन्होंने बताया कि पांच लोगों का तकरीबन एक लाख रुपये का नुकसान आकलन कर प्रशासन को रिपोर्ट भेजी जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सैकड़ों बीघा पककर तैयार गेंहू की फसल को बचाने के लिये लोगों ने काफी मशक्कत किया। आग की लपटों ने खुशीराम के पांच बीघे बटाई गेंहू फसल को अपने आगोश में ले लिया। जिससे जगप्रसाद के खेत में लगे खुशीराम का बटाई पांच बीघा गेंहू फसल भी जलकर राख हो गयी। जिससे अग्निकांड पीड़ित खुशीराम लोध, काली प्रसाद, जगन्नाथ, मुन्ना, फुलेराज का काफी नुकसान हुआ।

ऐली परसौली गांव में लगी आग।

जच्चा-बच्चा मौत मामले में डॉक्टर पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

बभनजोत, अमृत विचार: खोड़ारे थाना क्षेत्र के गौरा चौकी बाजार में स्थित यशोदा हॉस्पिटल में शुक्रवार को प्रसव के दौरान जच्चा व बच्चा की हुई मृत्यु के मामले में डाक्टर के खिलाफ मृतका के पति के तहरीर पर गैर इरादतन समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

वहीं मुख्य चिकित्साधिकारी ने तत्काल प्रभाव से हॉस्पिटल को सीज कर अस्पताल मालिक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करायी है। ये जानकारी देते हुए सीएमओ डा. रश्मि वर्मा ने बताया कि गुरुवार को केशवनगर ग्रांट निवासी रविंदर शर्मा ने प्रसव के लिए अपने पत्नी लल्ली देवी (30) को यशोदा देवी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि अस्पताल में मौजूद डाक्टर राजेश ने ऑपरेशन करने के लिए पैंतीस हजार रुपए जमा भी करवा लिए और आपरेशन रूम में लेकर चले गए। जहां ऑपरेशन के दौरान जच्चा बच्चा दोनों की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही आक्रोशित परिजनों ने हंगामा काटा और मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से की। डा.वर्मा ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर करायी गयी जांचोपरांत प्रथम दृश्या दोषी पाये गये अनियमित तरीके से अस्पताल के संचालन पर हॉस्पिटल को सीज कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त अस्पताल मालिक पर प्राथमिकी दर्ज कराकर विधिक कार्यवही करायी जा रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि मृतक के पति रविंद्र शर्मा के तहरीर के आधार पर अस्पताल संचालक डॉक्टर राजेश पांडे के विरुद्ध राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम 34 व 304ए 504, 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

राजा परीक्षित व सुकदेव के आगमन की कथा से भावविभोर हुए लोग

नवाबगंज, अमृत विचार: सरयू घाट क्षेत्र के कटरा भोगचंद के खजुरिया गांव में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास आचार्य भोलानाथ शास्त्री ने राजा परीक्षित के जन्म तथा सुकदेव के आगमन की कथा सुनाई। जिसे सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। कथा व्यास ने कहा कि महाभारत के युद्ध में गुरु द्रोणाचार्य के मारे जाने से नाराज होकर उनके पुत्र अश्वत्थामा ने पांडवों के विनाश के लिए ब्रह्मास्त्र चलाया था जिसकी दिशा भगवान् श्रीकृष्ण ने मोड़ दिया था। उसके बाद अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा के गर्भ से राजा परीक्षित का जन्म हुआ था। आगे चलकर पांडवों ने राजपाठ परीक्षित को सौंप कर स्वर्ग चले गए। कथा व्यास ने कहा कि कलयुग के प्रभाव से राजा परीक्षित ने समीक ऋषि के गले में मरा हुआ सांप लपेट दिया था। यह जानकारी जब ऋषि के पुत्र को हुई तो वह नाराज होकर ऋषि पुत्र ने उन्हें श्राप दे दिया कि आज से सातवें दिन सांप के काटने से उनकी मौत हो जाएगी। ऋषि को जब अपने पुत्र के द्वारा श्राप दिए जाने की जानकारी हुई तो उन्होंने अपने दिव्य दृष्टि से देखा कि यह तो राजा परीक्षित थे। जिन्होंने कलियुग के वशीभूत होकर ऐसा काम किया था। ऋषि ने श्राप की सूचना राजा को दिया जिसे सुनकर वह अपना राज्य अपने पुत्र जनमेजय को सौंप कर गंगा नदी के तट पर चले गए जहां पर शुकदेव महराज मुलाकात हुई। सुकदेव जी ने राजा को श्रीमद्भागवत कथा सुनाई जिससे उनका उद्धार हो गया। कथा व्यास ने कथा को विश्राम दिया और मुख्य यजमान धनलाल यादव ने अपने पत्नी के साथ भगवान की आरती उतारी। और महिला श्रोताओं ने मंगल गीत गाते हुए सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर शिव वचन यादव, रामबचन यादव,राम सकल यादव, देवी प्रसाद यादव, कमलेश यादव राम शंकर यादव सालिक राम यादव समेत काफी संख्या में महिला पुरुष श्रोता मौजूद रहे।

कथा कहते भोलानाथ शास्त्री।

पक्षियों के लिए पेयजल की व्यवस्था कर रहे ग्रामीण

संवाददाता, वजीरगंज

अमृत विचार: मार्च से ही भीषण गर्मी का माहौल देखा जा रहा है। आसमान से आग जैसे कडी धूप बरस रही है। धरती तपने लगी है। हर कण्ठ को तलाश है पानी की, चाहे वह पशु-पक्षी हों या फिर इंसान हों। इंसान का ही कर्तव्य है कि वह खुद के लिए जतन तो करे ही, अपने आस-पास के प्राणियों खासकर पशु-पक्षियों के लिए भी सब इंतजाम करे कि कोई भी दाना-पानी के अभाव में दम न तोड़ दे।

झुलसाने वाली धूप में कोई पक्षी प्यासा न रहे। मूक पक्षियों के लिए जीव दया का भाव रखते हुए प्रधान हामिद अली उर्फ बिल्लू ठेकेदार ग्राम पंचायत रसूलपुर में अब नन्हे बच्चे बड़ों को प्रेरणा दे रहे हैं। प्रधान ने कहा कि पक्षियों के लिए जलपात्र रखकर उनके लिए पेयजल और दाना की व्यवस्था की जा रही है।

शुक्रवार को अचलपुर के प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद जकी, शमसाद अली, बभनी तुर्काडीहा प्रधान वृजनाथ सिंह ने अपने-अपने क्षेत्रों में पात्रो में पानी और दाना रखा ताकि पक्षी प्यासा और भुखा न रहे। उन्होंने शुक्रवार से पूरे ग्राम पंचायत में जलपात्र लगाया।

समाजसेवी अरुण कुमार शुक्ला ने कहा कि बच्चों की तरह ही किसी भी प्रकार के बर्तन में पक्षियों के लिए पानी भरकर घरों के आंगन में, छत पर रखें। पक्षियों की प्यास बुझाएं और इसके लिए नाते-रिश्तेदारों को भी प्रेरित करने को कहा।इस दौरान गांव के तमाम लोगों ने हिस्सा लिया।

स्वास्थ्य केंद्रों पर उमड़ रही मरीजों की भीड़

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: लू व गर्मी के चलते लोगों के तबीयत खराब हो रही हैं। पहले तो लोग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंच रहे हैं। लेकिन समुचित इलाज न मिल पाने के कारण जिला मुख्यालय की ओर दौड़ रहे हैं। मेडिकल कॉलेज में काफी भीड़ देखी जा रही है। अधिकतर मरीज बुखार, डायरिया, सर दर्द, पेट दर्द, के ही आ रहे हैं। लू के थपेड़ों ने बीमारी बढ़ा दी है। प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर निशुल्क इलाज नहीं मिल रहा है। चिकित्सक बाहर से दवाएं लिख रहे हैं। जांच के लिए भी रोगियों को प्राइवेट पैथोलॉजी पर भेजा जाता है। अभावग्रस्त मरीजों को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। डॉक्टरों की मेहरबानी से मेडिकल स्टोर संचालकों की चांदी है। मुफ्त में जांच व इलाज कराने के लिए रोगियों को धूप में 50 से 100 किलोमीटर की दूरी तय करके जिला मुख्यालय स्थित मेडिकल कालेज की दौड़ लगाना पड़ रहा है।

तेज धूप व गर्म हवा चलने से बेहोशी आना, तेज बुखार, सांस लेने में तकलीफ, उल्टी आना, चक्कर आना, दस्त, सिर दर्द, शरीर टूटना, बार-बार मुंह सूखना और हाथ-पैरों में कमजोरी आना व लू लगने के लक्षण वाले मरीजों की संख्या बढ़ी है। इन बीमारियों के इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर व्यवस्था किए जाने का दावा किया जा रहा है, लेकिन मेडिकल कालेज की भीड़ स्वास्थ्य विभाग के दावे को झूठा साबित कर रही है। मेडिकल कालेज आए जीतन लाल ने बताया कि उन्हें दस दिनों से बुखार आ रहा है। स्वास्थ्य केंद्र पंडरी कृपाल में इलाज कराने गए थे। चिकित्सक ने जांच लिखा, लेकिन निशुल्क जांच नहीं हो पाई। दवाएं भी बाहर की लिखी गई। इसलिए मेडिकल कालेज आ गया हूं। यहां जांच व दवाएं निशुल्क मिल जाएगी। इसी तरह क्षेत्रीय निदान केंद्र में खून की जांच करा रहे सोहन कुमार ने कहा कि बुखार से पीड़ित हैं। कटरा बाजार सीएचसी गए थे, लेकिन निशुल्क दवाएं नहीं मिल पाई। इसी तरह की समस्या कई अन्य सीएचसी पर भी हैं, जहां मरीजों को निशुल्क जांच व दवाएं नहीं मिल पा रही हैं। सामान्य बीमारी का उपचार कराने के लिए रोगियों को जिला मुख्यालय आना पड़ता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी रश्मि वर्मा ने बताया की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षकों को रोगियों को निशुल्क जांच व दवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। रोगियों को बाहर की दवा व जांच लिखने पर संबंधित की जिम्मेदारी तय की जाएगी। यदि ऐसी शिकायत मिलेगी तो जांच कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

जिला अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

सार-संक्षेप

अधिवक्ता भी करेंगे मतदाताओं को जागरूक

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : जिला पंचायत सभागार में अधिवक्ताओं के साथ मतदाता जागरूकता संवाद कार्यक्रम सभी अधिवक्ता सभी मतदाताओं को मतदान के दिन शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक करेंगे। कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी चन्द्र शेखर, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, नगर मजिस्ट्रेट विजय शर्मा, उपजिलाधिकारी सदर गोण्डा अवनीश त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर नेहा मिश्रा, परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्र शेखर, मंच संचालक रघुनाथ पाण्डेय तथा सभी अधिवक्तागण सहित अन्य सभी विभाग से संबंधित लोग उपस्थित रहे।

सपा राष्ट्रीय सचिव ने पीड़ितों से की मुलाकात

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मसूद आलम खान ने बीते दिनों परसिया बहोरी के 4 युवकों की दुर्घटना हुई मौत पर पीड़ितों के गांव जाकर परिजनों से मुलाकात कर दुख जताया है। हादसे में मो शाहिद, बिलाल, अहमद, रिजवान की मौत हो गई थी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ने गांव में पहुंच करके सभी पीड़ित परिवारों से मुलाकात दुख जताया। परिवार को भरोसा दिया कि इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े हैं। कहा कि परिवारों को जब भी उनकी जरूरत पड़ेगी उनके साथ खड़े रहेंगे। इस दौरान प्रधान आदिल चौधरी, सपा नेता गोविंद शिल्पकार उर्फ सीटू, सलमान खान, आसिफ लारी, सिरताज मोहम्मद, मो अख्तर, कृष्ण चंद्र पाण्डेय, विकास गुप्ता, राजेश यादव आदि मौजूद रहे।

दो घरों में लगी आग, गृहस्थी हुई राख

इटियाथोक, अमृत विचार : शुक्रवार की दोपहर छप्पर में लगी आग से दो घरों की गृहस्थी का सामान जल गया।सरकांड गांव के पंडितपुरवा के गंगाशरण के छप्पर में आग लग गई। आग लगने से छप्पर के नीचे रखा गृहस्थी का सामान जल गया। काफी तेज हवा चलने से आग फैल गई। जिससे पड़ोस के घनश्याम पांडेय का छप्पर भी जल गया। ग्राम वासियों ने पंपिंग सेट व हैंडपंप के सहारे आग बुझाई। गंगाशरण के परिवार में शादी की तैयारी चल रही थी इस अग्निकांड में फ्रिज वाशिंग मशीन कूलर सहित घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया। छप्पर के नीचे खड़ी साइकिलें भी जलकर खाक हो गई।

भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों की गिरफ्तारी की निंदा

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) जिला कमेटी सचिव मंडल गोंडा-बलरामपुर ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ में उत्पीड़न के खिलाफ न्याय की मांग कर रहे भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों की पुलिस द्वारा गिरफ्तारी की कठोर निंदा की है। जिला सचिव कौशलेंद्र पांडेय ने कहा कि चीफ प्रॉक्टर के आदेश पर छात्रों को लाठियों से पीटने वाले गार्डों तथा चीफ प्रॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई न करके उल्टे पीड़ित छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की गई है जो बेहद अलोकतांत्रिक और तानाशाही पूर्ण कदम है। बीबीयू जैसे शिक्षा संस्थान को छात्र उत्पीड़न और केवल आरएसएस विचारधारा का प्रचार केंद्र बना दिया गया है।

शिक्षकों की बैठक में आज तय होगी रूपरेखा

रुपईडीह, अमृत विचार : ब्लॉक के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक व कंपोजिट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की बैठक कल 27 अप्रैल को ब्लॉक संसाधन केंद्र पर दो चरणों में आयोजित की जाएगी। ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि इस बैठक में विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए चलाई जा रही विकास योजनाओं व कार्यक्रमों से लाभान्वित बच्चों की सभी प्रधानाध्यापकों से प्रगति के बारे में जानकारी ली जाएगी तथा उन्हें कुछ आवश्यक विभागीय दिशा निर्देशों से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक में शामिल होने के लिए विद्यालय के सभी प्रधानाध्यापक को निर्देशित कर दिया गया है।

सड़क दुर्घटना में दो घायल, रेफर

करनैलगंज, अमृत विचार : गोंडा-लखनऊ मार्ग पर कादीपुर के पास बाइक व ई-रिक्शा में भिड़ंत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार एक युवक व ई-रिक्शा पर सवार एक महिला घायल हो गई जिसे प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। शुक्रवार को दोपहर बाद करनैलगंज पावर हाउस के सामने लखनऊ की तरफ जा रही बाइक और ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार अमरेश कुमार पुत्र कृष्ण कुमार उम्र 22 वर्ष निवासी रामनगर बाराबंकी व ई-रिक्शा पर सवार रामावती पत्नी अयोध्या प्रसाद निवासी छिटवापुर गंभीर रूप से घायल हो गई।

अफसरों के चक्कर लगा रहा पीड़ित परिवार

करनैलगंज, अमृत विचार : गांव के कुछ लोगों की प्रताड़ना से परेशान एक परिवार लगातार अधिकारियों के कार्यालय का चक्कर काट रहा है। कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर गढ़वार बऊडिहन पुरवा निवासी राजितराम और उनके संयुक्त परिवार ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमें कहा है कि गांव के कुछ दबंग किस्म के लोग उसकी जमीन हथियाने के लिए नाजायज तौर पर पूरे परिवार को परेशान कर रहे हैं और जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। विरोध करने पर ट्रैक्टर दौड़ा कर चढ़ाने का प्रयास करते हैं। गांव के दबंग परिवार के लोगों ने रास्ते पर ट्राली खड़ी कर दी और रास्ता अवरुद्ध कर दिया। जब कार्यक्रम की दुहाई देकर उनसे बात की गई तो पूरे परिवार को दौड़ा लिया और मारने पीटने के साथ-साथ परिवार पर ट्रैक्टर चढ़ाने के लिए बार-बार ट्रैक्टर दौड़ाते रहे। जिस पर पूरा परिवार घर में छुप गया। जिसका वीडियो भी उसने पुलिस को दिखाया। उसने पुलिस को सूचना दी मगर चचरी चौकी पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बजाय कोई कार्रवाई नहीं की। इस संबंध में कोतवाल निर्भय नारायण सिंह का कहना है कि पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध शांति भंग की कार्रवाई की गई है और मामले की जांच कराई जा रही है।

सात बोटा जंगली लकड़ी पकड़ी

मनकापुर, अमृत विचार: क्षेत्र भम्रण के दौरान पुलिस ने पिकअप पर लदी सात बोटा जंगली सागौन की लकड़ी पकड़ कर पिकप चालक को गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा है। एसआई कमल किशोर मिश्रा क्षेत्र भम्रण पर थे। पुलिस टीम ने ग्राम परसापुर रोड पर सम्मय माता मंदिर के पास एक पिकप पर लदी जंगली सात बोटा लकड़ी पकड़ा। पुलिस को देख कर पिकअप पर बैठे तीन लोग फरार हो गए। मौके से पकड़े गए पिकअप चालक ने अपना नाम गजई प्रसाद निवासी थाना वजीरगंज ग्राम देवीनगर व एक अन्य का नाम अवधेश उर्फ गब्बर पांडेय निवासी ग्राम सुरजापुर पांडेय पुरवा थाना मनकापुर बताया।

चकमार्ग पर किया कब्जा दर्ज कराई गयी रिपोर्ट

मनकापुर, अमृत विचार: उपजिलाधिकारी के निर्देश पर चक मार्ग पर अवैध रुप से कब्जा करने पर हल्का लेखपाल ने अतिक्रमणकारी के खिलाफ पुलिस में सार्वजानिक सम्पति निवारण अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। तहसील क्षेत्र के ग्राम अंधियारी के हल्का लेखपाल अतीकुर्ररहमान ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि ग्राम अंधियारी निवासी राहुल सिह ने गांव के चकमार्ग को ट्रैक्टर से जोत कर अपने खेत में मिला लिया। जिसमें गन्ने की फसल लगा कर अवैध रुप से कब्जा कर रखा था। शिकायत मिलने पर राजस्व व पुलिस टीम ने गन्ना की फसल कटवा कर व कटीले तार को हटवाते हुए अवैध रूप से अतिक्रमण भूमि को खाली कराया था। जिस पर कुछ दिनों बाद पुनः राहुल सिंह ने अवैध रुप से कब्जा कर लिया, जिसकी शिकायत उपजिलाधिकारी से की गई थी। उपजिलाधिकारी ने मामले को संज्ञान लेकर हल्का लेखपाल को फौरन अतिक्रमणकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया। एसडीएम के निर्देश मिलते ही पुलिस ने अतिक्रमणकारी राहुल सिंह के खिलाफ सार्वजानिक सम्पत्ति निवारण अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

एक नजर

सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे तीन गिरफ्तार

श्रावस्ती। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के टेपरी बरगदहा केले के बाग में सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 03 अभियुक्त बेचन अली पुत्र स्व0 ढोढे निवासी ग्राम टेपरी बरगदहा, छोटकऊ उर्फ महमुदुल हसन पुत्र अय्युब हसन निवासी ग्राम टेपरी बरगदहा, शकील पुत्र मकमूल खां निवासी ग्राम फतेपुर कला दा0 जमुनहा भवनिया पुर, को गिरफ्तार किया गया इस दौरान मालभड़ से रुपये 1280 व जामा तलाशी से रुपये 1930 व ताश के 52 पत्ते भी बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना मल्हीपुर में अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध जुआ अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया।

फायर कर्मियों की सक्रियता से टला बड़ा हादसा

बलरामपुर। देवीपाटन में सिरिया पुल के पास सड़क किनारे झाड़ियों में भीषण आग लग गई। आग से घिरे दो कार को फायर कर्मियों व पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित किया जिससे बड़ा हादसा होते बचा है। देवीपाटन में शुक्रवार दोपहर सिरिया नाला पुल के पास सड़क किनारे झाड़ियों में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। देवीपाटन मेला आये श्रद्धालु दो कार सड़क किनारे लगाकर मेला देखने चले गये थे। दोनों कार अचानक लगी आग से घिर गई। सूचना मिलते ही देवीपाटन चौकी पुलिस व फायर टीम की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंच कार को सुरक्षित करते हुए आग पर काबू पाया। मौके पर फायर टीम के मनोज मिश्रा, देवीपाटन चौकी इंचार्ज विपुल कुमार पांड़ेय, कांस्टेबल अमित, धर्मेन्द्र मौजूद रहे।

चरस के साथ गिरफ्तार

श्रावस्ती। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी जमुनहा सतीश कुमार शर्मा के निर्देशन में थानाध्यक्ष मल्हीपुर श्री जयहरि मिश्रा मय पुलिस टीम द्वारा मुखविर की सूचना पर रोशनपुरवा चौराहा के पास से 01 अभियुक्त जाकिर पुत्र सबूर अली निवासी रोशनपुरवा दाखिला भरथा रोशनगढ़ थाना मल्हीपुर को 350 ग्राम चरस (कीमत लगभग रुपये 01 लाख 05 हजार) के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना मल्हीपुर में अभियोग पंजीकृत किया गया।

अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में भाग लेंगे छह देशों के प्रतिनिधि

▸▸ **एमएलके कॉलेज में आज से शुरू होगा वनस्पति विज्ञान का दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन**

बलरामपुर, अमृत विचार। एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर सभागार में शनिवार को वनस्पति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू होगा। महाविद्यालय के प्राचार्य व सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो .जे पी पाण्डेय ने बताया कि महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा लगातार दूसरे वर्ष अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

इस सत्र में 27 व 28 अप्रैल को विभाग द्वारा जीव विज्ञान और अनुप्रयुक्त विज्ञान, अंर्तसंबंध विषयों में सतत विकास के परिप्रेक्ष्य विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। दो दिनों तक चलने वाले इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भारत, नेपाल, चीन, दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त राज्य अमेरिका व बांग्लादेश के प्रतिनिधि विषय पर अपनी राय साझा करेंगे। इसके साथ ही देश के केरल, उड़ीसा, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, बिहार, राजस्थान, दिल्ली व उत्तर प्रदेश सहित कुल 14 राज्यों के विश्वविद्यालय व महाविद्यालय के शोधार्थी व पीजी छात्र सहित लगभग 400 से अधिक प्रतिनिधियों के सम्मिलित होने की संभावना है।

भीषण गर्मी और लू के चलते सड़कों पर सन्नाटा

बलरामपुर, अमृत विचार। भीषण गर्मी और तेज हवाओं का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। दोपहर होते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा है। लोग घरों में दुबकने के लिए मजबूर हो गए हैं। प्रशासन लगातार हीट वेव से निपटने की तैयारी में जुटा है। प्रशासन ने सलाह दी है कि यह भी जरूरी हो तभी घरों से बाहर निकलें।

शादी विवाह के इस मौसम में भीषण गर्मी तथा लू के प्रकोप ने लोगों का हाल बेहाल कर रखा है। दोपहर होते ही आसमान से आग बरस रही है। शादी विवाह का सामान खरीदने के लिए लोगों को मजबूरन घर से निकलना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि लोग गर्मी और लू की चपेट में आकर संक्रामक रोगों का शिकार हो रहे हैं। अस्पतालों में सर्दी, जुकाम, बुखार तथा उल्टी दस्त के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। प्रशासन लगातार लोगों को हीट वेव के प्रति आगाह करने में जुटा है। जगह-जगह हीट वेव से बचने के लिए पोस्टर आदि लगाए जा रहे हैं।

भीषण गर्मी के बीच बिजली भी मुसीबत बनती जा रही है। तेज हवा शुरू होते ही ग्रामीण क्षेत्र की आपूर्ति ठप कर दी जाती है। इसके पीछे तर्क यह दिया जाता है कि तारों के टकराने से आग लगने का खतरा बना रहता है। गांव तो दो शहर में भी बार-बार बिजली की ट्रिपिंग हो रही है। घरों में संसाधन होने के बावजूद बिजली नहीं मिल पा रही है।

जरूरत पड़ने पर सुरक्षित होकर निकले घर से बाहर

भीषण गर्मी व लू से बचने के लिए खुद सतर्क रहना होगा। धूप में निकलते समय पूरे शरीर को ढीले सूती कपड़े से ढककर निकलें। अपने पास पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था रखें। गर्मी से किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में परीक्षण कराएं। ताजा व सुपाच्य भोजन का प्रयोग करें। खुद के साथ-साथ परिवार के सदस्यों को भी सतर्क रखें।

अरुण कुमार सिंह, जिला आपदा विशेषज्ञ

बलरामपुर में भीषण गर्मी के बीच सड़क पर दिख रहा सन्नाटा। अमृत विचार

पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल पर हो समुचित व्यवस्था : डीएम

यातायात प्रबंधन, भीड़ प्रबंधन, रूट डायवर्जन, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मास्टर प्लान बनाने का दिशा-निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन - 2024 तथा गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव को सकुशल, निष्पक्ष रूप से संपन्न कराए जाने हेतु डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह द्वारा पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल स्पोर्ट स्टेडियम एवं परेड ग्राउंड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विधानसभावार टेंट लगा पोलिंग पार्टियों को चुनाव सामग्री वितरण किए जाने, बसों एवं छोटी गाड़ियों को सुव्यवस्थित ढंग से क्रम में खड़ा किए जाने आदि का निर्देश दिया।

डीएम ने कहा की पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल पर साफ सफाई की समुचित व्यवस्था, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था, शौचालय साफ सुथरे हो, मतदान कार्मिकों की गाड़ियों के लिए पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित किए किए जाने का निर्देश दिए। पानी की पर्याप्त व्यवस्था के लिए पानी के टैंकर की अतिरिक्त व्यवस्था, मोबाइल शौचालय की व्यवस्था का निर्देश अधिशासी अधिकारी को दिए।

बलरामपुर में पोलिंग पार्टी रवाना स्थल का निरीक्षण करते डीएम अरविंद सिंह। अमृत विचार

पोलिंग पार्टी रवानगी के समय यातायात प्रबंधन, भीड़ प्रबंधन, रूट डायवर्सन, सुरक्षा व्यवस्था आदि का मास्टर प्लान बनाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की पोलिंग पार्टियों को लेकर जाने वाली बसों का रूट निर्धारित कर लें। डीएम ने बताया की गोंडा लोकसभा सीट की विधानसभा उतरौला के लिए 19 मई को तथा श्रावस्ती लोकसभा सीट व गैंसड़ी विधासभा उपचुनाव के लिए 24 मई को पोलिंग पार्टी स्पोर्ट स्टेडियम से रवानी होगी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन - 2024 को सकुशल, स्वतंत्र, निष्पक्ष रूप से संपन्न कराए जाने के लिए समस्त तैयारियों पूर्ण की जा रही हैं।

इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी, आरटीओ, एसडीएम सदर व अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सेक्टर मजिस्ट्रेट को बताई गई ईवीएम और वीवीपैट से जुड़ी बारीकियां

बलरामपुर, अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन - 2024 को सकुशल, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराए जाने हेतु डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में 08 जोनल मजिस्ट्रेट एवं 122 सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।

इस दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा सेक्टर मजिस्ट्रेट को मतदान के दौरान किन-किन बातों का ध्यान रखना है, इसकी बारीकियां बताई गईं तथा ईवीएम व वीवीपैट से जुड़ी बारीकियां भी बताई गई। इस अवसर पर डीएम/ जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा की चुनाव को सकुशल एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराए जाने में सेक्टर मजिस्ट्रेट की भूमिका अतिमहत्वपूर्ण हैं। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने कार्य एवं दायित्व को अच्छी तरह से जान ले तथा हैंडबुक एवं गाइडलाइन का गहन अध्ययन कर ले।

मतदान के दिन सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट दृढ़ निश्चय एवं निपुणता के साथ सकुशल एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न कराएंगे। उन्होंने कहा की सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने सेक्टरों का चप्पा चप्पा देख लें। मतदान केंद्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो यह सुनिश्चित करेंगे। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने सेक्टर के महत्वपूर्ण व्यक्तियों प्रधान, सचिव, लेखपाल, एसएचओ का नंबर अपने मोबाइल में रखेंगे। इस अवसर पर सीडीओ संजीव कुमार मौर्य, एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक व अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहें।

स्कूलों के निरीक्षण में गायब मिले गुरुजी, बीएसए ने रोका वेतन

बलरामपुर, अमृत विचार। परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों के गैरहाजिरी की मिल रही शिकायत के बीच डीएम ने स्कूलों का निरीक्षण किया।डीएम ने कई स्कूलों का निरीक्षण किया। जिसमें 110 शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक गैरहाज़िर मिले तो चार स्कूल बंद मिले।डीएम ने गैरहाज़िर शिक्षकों का वेतन रोककर स्पष्टीकरण मांगा है। डीएम अरविंद सिंह के निरीक्षण में पचपेड़वा के उच्च प्राथमिक विद्यालय आदमतारा, तुलसीपुर के प्राथमिक विद्यालय धोकरा, हरैया सतघरवा के प्राथमिक विद्यालय सिटकिहवा तथा तुलसीपुर के प्राथमिक विद्यालय गढ़वा खुर्द बंद मिला था।डीएम अरविंद सिंह ने स्कूलों के बंद मिलने पर कड़ा एतराज जताते हुए वहां तैनात शिक्षकों का लेखा जोखा तलब किया है। बीएसए कल्पना देवी ने बताया कि डीएम के निर्देश पर जिले के सभी 9 ब्लॉकों के स्कूलों की जांच हुई है। स्कूलों के निरीक्षण में 110 शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक गैरहाज़िर मिले हैं।जिनका वेतन रोककर जवाब मांगा गया है।

पूरी लगन से जुटें कार्यकर्ता : राहुल राज

बलरामपुर के पचपेड़वा में संचालन समिति की बैठक को संबोधित करते भाजपा जिला प्रभारी। अमृत विचार

बलरामपुर, अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी की गैसडी विधानसभा संचालन समिति की बैठक गुरुवार को पचपेड़वा में आयोजित की गई। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी लगन व ईमानदारी से करने पर जोर दिया गया।

मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कहाकि सभी पन्ना प्रमुख अपने-अपने पन्नों में दर्ज सभी मतदाताओं के घर-घर जाकर संपर्क करें जिससे मतदान के दिन कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित न रहने पाए। क्षेत्र में पार्टी के वाहन प्रचार संयोजक सरकार की ओर से चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। शक्ति केंद्र संयोजक एवं बूथ अध्यक्ष का कार्य बहुत महत्वपूर्ण है। चुनाव में सबसे अहम भूमिका शक्ति केंद्र संयोजक एवं बूथ अध्यक्ष ही निभाते हैं।

गैसडी विधानसभा प्रभारी डॉ अजय सिंह पिंकू ने कहा कि पीएम मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। श्रावस्ती लोकसभा एवं गैसडी विधानसभा में चुनाव होना है। इसलिए सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। श्रावस्ती लोकसभा का विकास डबल इंजन की सरकार ही कर सकती है। केंद्र एवं प्रदेश की सरकार सभी वर्गों के लिए कार्य कर रही है। विपक्षी पार्टियों का झूठ बेनकाब हो चुका है जनता देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है। बैठक में लोकसभा प्रत्याशी साकेत मिश्रा एवं गैसडी विधानसभा प्रत्याशी शैलेश कुमार सिंह शैलू को भारी मतों से जिताने की अपील की। इस अवसर पर गैसडी विधायक प्रत्याशी शैलेश कुमार सिंह शैलू , भाजपा जिला महामंत्री रवि मिश्रा, नगर पंचायत पचपेड़वा अध्यक्ष रवि वर्मा, ब्लॉक प्रमुख मनोज तिवारी, परमजीत सिंह पम्मी, पद्मिनी सिंह व रीता शर्मा सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गोसेवा के लिये अधिक से अधिक मात्रा में दान करें भूसा : डीएम

श्रावस्ती, अमृत विचार। जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने बताया है कि वर्तमान में जनपद में गेहूँ की कटाई को मौसम है, जिससे जनपद के प्रत्येक क्षेत्र में भूसे की उपलब्धता है। इसलिए गो-आश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंशो हेतु अधिकाधिक मात्रा में भूसे को दान के रूप में प्राप्त कर भूसा बैंक में संग्रहीत किया जाना है।

उन्होने जनपद के नागरिकों/किसानों से गो सेवा के दृष्टिगत भूसा दान में दिये जाने हेतु अपील किया है कि निराश्रित गोवंशो की सुरक्षा एवं उनके भरण-पोषण हेतु जनपद में अस्थाई/स्थाई गो-आश्रय स्थलों की स्थापना कर निराश्रित गोवंशो को संरक्षित कर उनकी सेवा की जा रही है। संरक्षित गोवंशो के भरण-पोषण हेतु अधिक से अधिक भूसा की आवश्यकता पड़ती है। वर्तमान में जनपद में गेहूँ की कटाई का मौसम है, जिससे जनपद के प्रत्येक क्षेत्र में भूसे की उपलब्धता प्रचुर मात्रा में है।

इसलिए जनपद के समस्त नागरिकों/किसान भाइयों से अपील है कि जनपद में संचालित गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशो के भरण-पोषण एवं गोसेवा के लिये अधिक से अधिक मात्रा में भूसा दान करें। भूसा दान किये जाने हेतु अपने क्षेत्र के उपजिलाधिकारी अथवा खण्ड विकास अधिकारी अथवा स्थानीय स्तर पर संचालित गो-आश्रय स्थलों पर संम्पर्क कर सकते है।

प्रशिक्षण में नदारद तो होगा मुकदमा दर्ज

श्रावस्ती, अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा एवं प्रभारी अधिकारी कार्मिक/ मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में लगाये गये कार्मिकों का प्रशिक्षण अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज भिनगा में प्रारम्भ हो गया है। प्रशिक्षण क्रमशः दो पालियों में प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 12.00 बजे तथा अपरान्ह 02.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वयं मतदान कार्मिकों को ईवीएम/वीवीपैट संचालन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी तथा मतदान दिवस के दिन मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु मतदान कार्मिकों को निर्देशित भी किया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि चुनाव का पूरा दारोमदार पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों के कन्धो पर ही होता है। ईवीएम/वीवीपैट मशीन का संचालन करने के साथ ही पोलिंग पार्टी के मुख्यालय से रवाना होने से मतदान के पश्चात ईवीएम/वीवीपैट मशीन स्ट्रांगरूम में जमा होने तक पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारियों की मुख्य भूमिका रहती है। इसलिए सभी कार्मिक अपने दायित्वों के निर्वहन के बारे में बारीकी से जानकारी हासिल कर लें, ताकि भारत निर्वाचन आयोग के मंशानुरूप लोकसभा निर्वाचन के मतदान को सकुशल, निर्विघ्न एंव सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जा सके। पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम को मिलाकर दोनो पाली में कुल 1600 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाना था, जिसमें से दोनो पाली में मिलाकर कुल 1595 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। तथा मतदान कराने से सम्बन्धित सभी जानकारियां दी गयी।

सार-संक्षेप

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत चला जागरूकता अभियान

बिना हेलमेट के जा रहे बाइकसवार से पूछताछ करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

श्रावस्ती, अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा दिये गये दिशा-निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी यातायात संदीप कुमार वर्मा के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक यातायात मय पुलिस व परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने ईदगाह तिराहा में सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाये जाने के क्रम मे 22 अप्रैल से 04 मई तक चलने वाले सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत परिवहन विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए परिवहन विभाग के अधिकारी व कर्मचारियो के साथ अस्पताल तिराहा कस्बा भिनगा मे आम नागरिको को यातायात के नियमो का पालन करने हेतु उन्हे एकत्रिक कर जागरूक करते हुए दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमट पहनने, दो पहिया वाहनो पर 02 से अधिक सवारी न बैठाने तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का उपयोग करने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलायें, ओवर स्पीड में वाहन न चलानें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन /इयरफोन का प्रयोग न करने के बारे मे निर्देशित करते हुए उन्हे यातायात के नियमो की जानकारी दी गयी सड़क सुरक्षा संकेतो के प्रति जागरुक भी किया गया।

पेड़ी गन्ने का प्रबंधन कर अधिक लाभ कमा सकते हैं किसान

उतरौला/बलरामपुर, अमृत विचार। बजाज चीनी उतरौला परिक्षेत्र के ग्राम गौर गुमडी.में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सहायक महाप्रबंधक गन्ना आर एस मिश्रा ने किसानों को बताया कि पेंडी.प्रबंधन करना बहुत ही आवश्यक है ।पेंडी.प्रबंधन अपना कर कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। पेड़ी प्रबंधन में सिंचाई खाद व गुड़ाई अवश्य करें। जिससे फसल अच्छी होगी साथ ही साथ फसल सुरक्षा के दृष्टिकोण से कीटों की रोकथाम के लिए 150 एम एल कोराजेन को एक एकड़ खेत के लिए 400 लीटर पानी में धोल बनाकर गन्ने की जड़ों के पास मोटे फव्वारे से ड्रेंचिगं करें। तथा दो किलो फरटेरा प्रति बीघा के दर से डालकर सिंचाई कर दें जिससे गन्ने की फसल को कीटों से बचाया जा सके। कृषक गोष्ठी में चीनी मिल अधिकारी एवं गन्ना विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किसानों को गन्ना पैदावार बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें गन्ना किसान संस्थान रजनपुर गोंडा के वैज्ञानिक एस पी शुक्ला एवं नरेंद्र सिंह ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गन्ना केपी मिश्रा गन्ना विकास निरीक्षक चीनी चीनी मिल अधिकारी विजय पाण्डेय, ओमप्रकाश वर्मा ,रामायन पाण्डेय कृषक शेषराम लोकई ,रामचंद्र व तुलाराम आदि लोग मौजूद रहें।

नहर में नहाते समय डूबा युवक, लापता

बलरामपुर, अमृत विचार। हरैया थाना क्षेत्र के मोतीपुर टिटहरिया गांव के पास शुक्रवार को राप्ती मुख्य नहर में अपने दोस्तों के साथ नहाने गया युवक गहरे पानी में डूब गया। पुलिस तथा ग्रामीणों के काफी मशक्कत के बाद भी युवक का पता नहीं चल सका है। प्रभारी निरीक्षक हरैया गोविंद कुमार ने बताया कि भगवानदीन उम्र करीब 20 वर्ष पुत्र रेंगू पाल निवासी मोतीपुर टिटहरिया दोपहर में अपने अन्य दोस्तों के साथ पास के सरयू नहर में नहाने गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया जिसके कारण डूब गया। साथ में नहाने गए अन्य साथियों के जानकारी देने पर ग्रामीणों तथा पुलिस टीम द्वारा गहरे पानी में बांस व रस्सी के सहायता से खोजा गया परंतु कोई पता नहीं चल सका है। गोताखोरों को सहायता के लिए बुलाया गया है। भगवानदीन के पिता रेंगू पाल ने बताया कि वह इकलौता पुत्र था। घर का चिराग बुझ गया। तीन पुत्रियां, राधना, ननकनी तथा उर्मिला हैं। जिसमें दो पुत्रियों की शादी हो चुकी है। घर पर छोटी पुत्री उर्मिला बची है। भगवानदीन अभी गत 10 अप्रैल को मुंबई से घर आया था। नहर में कभी नहीं नहाता था। उसे तैरना भी नहीं आता था परंतु उसकी मौत नहर तक खींच ले गई।

सम्मेलन इंडी गठबंधन के नेता बोले - लोगों को महंगाई व बेरोजगारी से मिलेगी राहत

भाजपा की तानाशाही व मनमानी से देश को मुक्त कराएगा पीडीए

बलरामपुर, अमृत विचार। केंद्र प्रदेश की भाजपा सरकार तानाशाह बन चुकी है। सरकार की मनमानी से हर वर्ग परेशान है। भाजपा से देश को मुक्त करने का समय आ गया है। उत्तर प्रदेश में यह काम समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में पीडीए करेगा। लोगों को महंगाई और बेरोजगारी से भी राहत दिलाई जाएगी। यह बातें गैंसड़ी विधानसभा में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए इंडी गठबंधन के नेताओं ने कहीं।

बलरामपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते सपा प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा।

गैंसड़ी विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव लड़ रहे सपा प्रत्याशी राकेश यादव ने कहा कि उनके पिता स्वर्गीय डॉक्टर एसपी यादव गैंसड़ी क्षेत्र के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे। उनकी मौत के बाद मैं उनके सपनों को आगे बढ़ाऊंगा। श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि मैं पिछले 5 साल विपक्ष का सांसद रहते हुए क्षेत्र में तमाम विकास कार्य किया हैं। मेडिकल कॉलेज, यूनिवर्सिटी व रेलवे लाइन के लिए मैंने सदन में मुद्दा भी उठाया। यदि इस बार क्षेत्र की जनता ने समर्थन दिया तो मैं अपने अधूरे कार्यों को अंजाम तक पहुंच पाउंगा।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए भिनगा सपा विधायक का इन्द्राणी वर्मा डुमरियागंज सभा विधायक शाहिदा खातून ने कहा कि भाजपा देश को धर्म के नाम पर बांटना चाहती हैं। जनता की गाढ़ी कमाई चंद पूंजीपतियों को सौंप रही है। भाजपा की यह मनमानी अब नहीं चलेगी। इन लोगों ने कार्यकर्ताओं से पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जी जान से जुट जाने की अपील की। सम्मेलन को पूर्व विधायक रामसागर अकेला, जगराम पासवान, मशहूद खान, अनवर महमूद खान तथा गोंडा के सपा नेता सूरज सिंह ने भी संबोधित किया। कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह तथा आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। सम्मेलन की अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष माणिक लाल कश्यप ने की। इस अवसर पर अंकित सिंह सूर्यवंशी, ओंकारनाथ पटेल, मुशीर पप्पू, रविंद्र सिंह टोप, परशुराम वर्मा, रामनिवास मौर्य, शाहिद, उमर खान और विशाल श्रीवास्तव समेत तमाम समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सड़क दुर्घटना में एक की मौत

श्रावस्ती, अमृत विचार। नवीन मॉडर्न थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग बौद्ध परिपथ पर भिट्टी गांव के पास मोटरसाइकिल सवार युवक 25 वर्षीय रामजीवन निषाद पुत्र शिव सागर निवासी चिरैंधापुर थाना इकौना जो अपने गांव से शादी समारोह में शामिल होने के लिए मोटरसाइकिल से नवीन मॉडर्न थाना क्षेत्र के बगहा जा रहा था तभी अचानक भिट्टी गांव के पास बौद्ध परिपथ पर बलरामपुर की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात कार ने ठोकर मार दी जिससे राम जीवन की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।कार मौके से फरार हो गई। जब आसपास के लोगों ने देखा तो नवीन मॉडल थाना श्रावस्ती पुलिस को सूचित किया प्रभारी निरीक्षक गणनाथ प्रसाद पुलिस बल के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिनगा भेज दिया।

एक नजर

आठ बीघा फसल राख

पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के ग्राम नरायनपुर के धमसीडीहवा में गेहूं की कटी फसल पर बिजली का तार टूटकर गिर जाने से आग लग गई, जिससे लगभग 8 बीघे की फसल जलकर राख हो गयी सूचना पर पहुँची पुलिस और फायर ब्रिगेड टीम ने ग्रामवासियों की मदद से आग पर काबू पाया। अग्निकांड से बलराम दुबे पुत्र सुरेश्वर दुबे व शिवपूजन पुत्र गुल्लू शुक्ला के लगभग 1.5 एकड़ गेहूं की फसल में क्षति हुई है। राजस्व टीम को सूचना दे दी गई है।

शराब के साथ पकड़ा

पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार। पयागपुर पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि गुरुवार को असैला सतपेड़िया निवासी सुबेदार को प्लास्टिक की पिपिया मे 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। जिस पर आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर उसे न्यायालय रवाना किया गया।

चोरी का नहीं हुआ खुलासा

बहराइच, अमृत विचार। हरदी थाना क्षेत्र के भगवानपुर निवासी बहराइची पुत्र भलर मिश्र के घर में 17 अप्रैल की रात चोरो ने नकब लगाकर एक लाख नगदी, सोने चांदी के जेवर सहित लगभग साढ़े तीन लाख की सम्पत्ति पर हाथ साफ कर दिया था। इस मामले में काफी जद्दोजहद के बाद केस दर्ज किया गया था। इस चोरी का खुलासा पुलिस नौ दिनों बाद भी नही कर सकी है।

फसल कटाई पर पीटा

नानपारा, बहराइच, अमृत विचार। नानपारा कोतवाली के ग्राम पंचायत लखैयाकलां में सुबह नौ बजे सरस्वती देवी खेत में गेंहू की फसल काट रही थी। इसी दौरान उसका पति राम दयाल वर्मा पहुंचा और पत्नी की डंडे से जमकर धुनाई कर दी। जिसके चलते वह घायल हो गई। एक कान से रक्तस्त्राव होने से सुनाई नही दे रहा है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मेडिकोलीगल कराकर मारपीट, धमकी व गाली गलौज की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

प्रधानाचार्य के पिता के निधन पर शोक

जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार। ठाकुर भगौती सिंह किसान इंटर कॉलेज जरवल रोड के प्रधानाचार्य विनोद कुमार मिश्र के पिता मारकंडे मिश्रा का निधन गुरूवार रात आठ बजे हो गया है। शुक्रवार को विद्यालय में एक शोक सभा का आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। शोक सभा में विद्यालय प्रबंधक भूपेन्द्र प्रताप सिंह, अध्यापक कुँवर आनन्द प्रताप सिंह, संजय शुक्ला, सुरेश यादव सहित विद्यालय परिवार के दर्जनों अध्यापक व कर्मचारी मौजूद रहे।

सक्रियता बनाएं रखें एसएसटी व एफएसटी टीम

नानपारा, बहराइच

अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अजा) के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र नानपारा का भ्रमण कर क्षेत्र में तैनात की गई फ्लाईंग स्क्वायड टीम तथा एसएसटी बैरियर का निरीक्षण किया। उन्होंने टीम को 24 घंटे सक्रियता बनाए रखने की बात कही।

आदर्श आचार संहिता व व्यय अनुवीक्षण का पालन कराये जाने के लिए संचालित की जा रही गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। व्यय प्रेक्षक ने भ्रमण के दौरान पाया कि ईमामगंज चौराहा के निकट एफएस टीम द्वारा वाहन की जांच की जा रही है। यहां पर टीम के मुखिया अवर अभि सरयू नहर खण्ड नानपारा मो. ज़ीशन, उप निरीक्षक संदीप कुमार द्विवेदी, मुख्य आरक्षी सुरेश यादव, आरक्षी विनय चौधरी व अजय चौधरी मौके पर मौजूद रहे। अवर अभि. ने व्यय प्रेक्षक को बताया कि अब तक 40 वाहनों की जांच की गई है। इसी प्रकार नानपारा रूपईडीहा मार्ग पर भविनयापुर के निकट एक अन्य एफएस टीम वाहनों की जांच करते हुए पायी गयी। यहां पर टीम के मुखिया अवर अभि. नलकूप खण्ड बहराइच विनय कुमार खरवार, उप निरीक्षक शिवानन्द सिसौदिया, मुख्य आरक्षी अवधेश यादव, आरक्षी सुनील कुमार व सत्यव्रत चौरसिया मौके पर मौजूद पाये गये। टीम मुखिया द्वारा बताया गया कि अब तक 25 वाहनों की जांच की जा चुकी है। निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक द्वारा पंजिकाओं का भी अवलोकन किया गया।

व्यय प्रेक्षक मुरूगन ने कुरमियन चौराहा व राणा पेट्रोल पम्प के निकट एसएसटी बैरियर का निरीक्षण कर टीम प्रभारी आनन्द रूवरूप व हरिशंकर प्रजापति से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया गया कि मुस्तैदी के साथ कार्य करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गयी मानक प्रचालन प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर प्रेक्षक के लाईजन आफिसर जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह मौजूद रहे।

नानपारा में जांच करते व्यय प्रेक्षक। अमृत विचार

संवीक्षा में सही पाये गये 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत 56-बहराइच (अजा) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए दाखिल किये गये नामांकन पत्रों की संवीक्षा में 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र विधिमान्य पाये गये हैं।

रिटर्निंग आफिसर मोनिका रानी द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्य राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी भारतीय जनता पार्टी से आनन्द कुमार पुत्र अक्षयवर लाल, बहुजन समाज पार्टी से डॉ. बृजेश कुमार पुत्र रामहर्ष व समाजवादी पार्टी से रमेश चन्द्र पुत्र माता प्रसाद के नामांकन पत्र विधिमान्य पाये गये।

इसी प्रकार रजिस्ट्रीकृत राजनैतिक दलों (मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनैतिक दलों से भिन्न) के अभ्यर्थी भारतीय अवाम पार्टी (राष्ट्रीय) से अरविन्द कुमार पुत्र सुन्दर लाल, बहुजन मुक्ति पार्टी से बेचूलाल पुत्र लखराज, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से राम मिलन पुत्र अमरनाथ व राष्ट्र धारक दल से रिंकू साहनी पत्नी रोशन लाल नाविक तथा अन्य अभ्यर्थी निर्दलीय जगराम पुत्र बाबादीन, जनार्दन गोंड पुत्र शिवबचन तथा रमेश बाल्मीकि पुत्र राकेश बाल्मीकि के नामांकन पत्र भी सही पाये गये।

नामांकन पत्रों की जांच करतीं जिला निर्वाचन अधिकारी और मौजूद प्रेक्षक।

खाली पेट निकलने पर हीट स्ट्रोक का हो सकते हैं शिकार

डॉक्टर बोले- बचाव के लिए पानी का करते रहें सेवन

कैसरगंज, बहराइच

अमृत विचार। चिलचिलाती गर्मी के साथ चल रही गर्म हवा स्वस्थ व्याक्ति को भी नुकसान पहुँचा सकती है। इस मौसम मे बगैर खाये पिये बाहर निकलने से कोई भी व्यक्ति हीट स्ट्रोक(लू)का शिकार हो सकता है। ध्यान न देने पर यह हीट स्ट्रोक गम्भीर रूप धारण कर सकता है। गर्मी के मौसम मे लू चलते ही सबसे ज्यादा हीट स्ट्रोक के ही मरीज आते है। स्वस्थ व्यक्ति भी इसके शिकार हो सकते हैं।

यह बातें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कैसरगंज के वरिष्ठ चिकित्सक डा वीके सिंह ने जानकारी देते हुए कही। उन्होंने कहा कि इस मौसम मे जब तापमान बढ़ जाता है तो लू चलने लगती है। ऐसे मे अगर कोई व्यक्ति बहुत देर तक इस वातावरण में रहता है तो उसके शरीर के तापमान मे अचानक परिवर्तन होने लगता है। शरीर मे मौजूद जल की मात्रा कम होने लगती है। और उसकी त्वचा सूखने लगती है। शरीर का तापमान 37 डिग्री सेंटीग्रेड होता है और जब शरीर का तापमान उससे ऊपर बढ़ने लगता है। इसे हीट स्ट्रोक कहा जाता है। गर्मियों की यह बीमारी काफी खतरनाक होती है। इससे बेहोशी और संधि पार तक हो सकता है। जिससे शरीर के दूसरे अंग भी प्रभावित हो सकते है। गुर्दे और लीवर पर भी इसका असर पड़ सकता है। डा0 सिंह ने बताया कि ऐसे व्यक्ति के शरीर को ठण्डा रखने की कोशिश करनी चाहिए। उसके तुरंत बाद किसी डाक्टरोन के पास ले जाना चाहिए। बच्चों को इस मौसम मे विशेष रूप से बचाने की कोशिश करनी चाहिए। यदि लू लग गयी तो बुखार चढ़ने लगता है। बुखार के ज्यादा बढ़ने पर मस्तिष्क के भीतर के तापमान वाला केन्द्र(हाईपोथैलम्प)काम करना बन्द कर देता है और बच्चों को ज्यादा खतरा हो सकता है। लू में शरीर को ढक कर रखना चाहिए। बच्चों को बुखार हो जाये तो तुरंत पानी से हाथ पैर और सिर पोंछना चाहिए।

शुक्रवार को धूप के बीच आवागमन करते लोग। अमृत विचार

बर्फ के पानी का न करें सेवन

डॉक्टर वीके सिंह ने कहा कि गर्मी में बर्फ का पानी नहीं पीना चाहिए और यदि उल्टी होने लगे तो नींबू, नमक, और ओआरएस का घोल पीना चाहिए। उन्होंने बताया कि बर्फ के पानी के सेवन का गलत असर होता है।

खाना बनाते समय महिला झुलसी, लखनऊ रेफर

महसी, बहराइच। क्षेत्र के बालासराय गांव निवासी एक महिला शुक्रवार सुबह खाना बनाते समय जल गई। महिला को जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर कर दिया गया है। हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बाला सराय के मजरा मिश्री लाल पुरवा निवासी अनुराधा तिवारी पत्नी जय प्रकाश शुक्रवार सुबह खाना बना रही थी। खाना बनाते समय गैस सिलेंडर से आग लग गई। जिसकी चपेट में कर महिला झुलस गई। आग बुझाकर महिला को सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दोपहर में इलाज के दौरान हालत में सुधार न होने पर महिला को लखनऊ रेफर कर दिया गया। महिला का इलाज सिविल अस्पताल में चल रहा है। हालत गंभीर बनी हुई है।

प्रद्युम्न को मिला सम्मान

छात्र को सम्मानित करते साहित्यकार।

बहराइच। यूपी बोर्ड परीक्षा के मेधावियों का सम्मान जारी है। जनपद के मिलकीजोत गांव में स्थित श्री छोटेलाल त्रिपाठी सुखदेव पांडेय इंटर कॉलेज से यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा मे सम्मिलित मेधावी छात्र प्रद्युम्न उपाध्याय ने कॉलेज में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। जिस पर कवि व साहित्यकार रोशन रसिक द्वारा छात्र को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सभी शिक्षकों ने छात्र को बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित किया।

बेहतर सरकार के लिए मतदान है जरूरी

मिहीपुरवा, बहराइच

अमृत विचार। उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र और छात्राओं की ओर से शुक्रवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के द्वारा लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही लोगों को पहले मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने सभी विभागों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने और लोगों को अधिक से अधिक मात्रा में मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उसी के तहत बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से छात्र और छात्राएं विद्यालय के शिक्षकों के साथ जागरूकता रैली निकाल रहे हैं। शुक्रवार को विकास खंड मिहीपुरवा के उच्च प्राथमिक विद्यालय कठौतिया से निकाली गई। छात्र और छात्राओं ने गांव में रैली के द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। रैली को ग्राम प्रधान कठौतिया रमापति चौहान प्रधानाध्यापक गिरीश राम ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। पूरा ग्राम भ्रमण के बाद रैली पुनः विद्यालय आकर समाप्त हुई। इस अवसर पर पंकज कुमार सहायक अध्यापक, राम अनुग्रह, राजेश कुमार, हेमंत सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विवेकानंद चौहान मस्तराम, आरती देवी, शिक्षा मित्र अमरावती, संध्या, गुड़िया, संजना आदि लोग उपस्थित रहे। जबकि सोनिका संजय अंजू भादू एवं अन्य छात्राओं ने बड़े हर्षोल्लास के साथ नारे लगाए।

मतदाता जागरूकता रैली निकालते छात्र और शिक्षक। अमृत विचार

सड़क हादसों में दो की मौत, वृद्ध समेत दो घायल

बहराइच/पयागपुर, अमृत विचार। जिले के पयागपुर थाना क्षेत्र से शादी समारोह में शामिल होने आ रहे बाइक सवारों को चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें एक युवक की मौत हो गई। जबकि वृद्ध समेत दो घायल हो गए। वहीं नानपारा क्षेत्र में हुए हादसे में घायल एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिवदहा कंजेभरिया निवासी लल्लन सिंह (60) की रिश्तेदारी में गुरुवार को विवाह था। जिस पर लल्लन सिंह परिवार के निखिल पुत्र श्रवण और छोटकऊ पुत्र हीरा सिंह के साथ बाइक से शादी समारोह में शामिल होने के लिए कोतवाली देहात के बरौंवा गांव जा रहे थे। रात नौ बजे के आसपास बाइक सवारों को चार पहिया वाहन ने खुटेहना में टक्कर मार दी। हादसे में तीनों घायल हो गए। सभी को सीएचसी पहुंचाया गया। यहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में लाते समय निखिल की मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर कोतवाली नानपारा क्षेत्र में गुरुवार को रूपईडीहा मार्ग आटो की टक्कर से घायल हुई बालिका काजमा (12) की मौत हो गई। मालूम हो कि इसी हादसे में कजमा की बहन की गुरुवार मौके पर ही सड़क हादसे में मौत हो गई थी।

सार-संक्षेप

मतदान के लिए बच्चों के माध्यम से भिजवाएं संदेश

शिक्षकों के साथ बैठक करते बीएसए। अमृत विचार

बहराइच, अमृत विचार। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी ने कार्यालय के सभागार में अकादमी टीम की बैठक की। बीएसए ने कहा कि शत प्रतिशत मतदान के लिए सभी प्रयोग शिक्षक करें। बच्चों के द्वारा अभिभावकों को संदेश भिजवायें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारी स्टेट रिसोर्स ग्रुप अकादमीमीक रिसोर्स पर्सन को संबोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि आगामी 13 और 20 मई को जिले में मतदान होगा। जहां भी विद्यालय निरीक्षण करने जाएं वहां पर मतदान करने की लोगों से अपील करें तथा अपने-अपने क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लें समीक्षा बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र नाथ द्विवेदी, अजीत सिंह, अनुराग मिश्रा, कमलेश मिश्रा, अकादमी रिसोर्स पर्सन राजेश कुमार मिश्रा, कार्यालय लिपिक सलीम अहमद अंसारी, रहमान अहमद, इसरार अहमद, जिला समन्वयक निर्माण राकेश कुमार सिंह, आशीष कुमार, दशरथ, पूनम, रमेश, अनिल, लक्ष्मीकांत भानु पवन कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

छात्रवृत्ति परीक्षा में तपेसिपाह के छात्राओं का दबदबा

छात्रवृत्ति में चयनित छात्र। अमृत विचार

जरवल, बहराइच, अमृत विचार। सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम गुरुवार को घोषित हुआ। जिसमें जरवल के परिषदीय विद्यालय तपेसिपाह के दो बच्चों ने सफलता हासिल की। जरवल शिक्षा क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय तपेसिपाह के विशाल गुप्ता ने जिले में प्रथम रैंक हासिल की। वहीं उत्तम राजपूत ने जिले में 21वीं रैंक हासिल की। वह अपने मामा दिनेश कुमार के यहाँ रहकर पढाई करते थे। विद्यालय के होनहार बच्चों की सफलता पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रीता सिंह और समस्त विद्यालय स्टाफ ने बच्चों के अभिभावकों का मुंह मीठा कराकर विद्यालय में सम्मानित किया। उत्तीर्ण छात्रों को प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये की छात्रवृत्ति सरकार द्वारा प्रदान की जाती है।

उर्स मेले में लगा झूला टूटा, आधा दर्जन घायल

झूला टूटने के बाद लगी भीड़।

जरवल, बहराइच, अमृत विचार। जरवल नगर पंचायत में लखनऊ हाइवे के निकट बाबा अहमद शाह के उर्स में लगा झूला बच्चों को झुलाते समय अचानक टूट गया। इसके चलते आधा दर्जन लोग घायल हो गए। एक बालिका की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है। जरवल रोड थाना क्षेत्र के जरवल नगर पंचायत में लखनऊ हाइवे के निकट बाबा अहमद शाह की मजार है। मजार पर सालाना उर्स का आयोजन गुरुवार को चल रहा था। उर्स के मौके पर दूर दराज से दुकानें लगी हुई है। बाहर से किसी के द्वारा झूला भी लगाया गया है। जिसका संचालन रात में हो रहा था। रात 10 बजे के आसपास झूला बच्चे झूल रहे थे। तभी अचानक झूला टूट गया। इससे झूले में बैठी सूफिया (16) पुत्री वसीम निवासी बसहिया, प्रतिभा चौधरी पुत्री सियाराम समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। उर्स मेले में झूला टूटने से भगदड़ मच गई। आसपास के लोगों की सूचना पर चौकी इंचार्ज राघवेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को सीएचसी मुस्तफाबाद पहुंचाया। यहां हालत गंभीर होने पर सूफिया को मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया। । चौकी इंचार्ज ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बरात से आ रही जायलो पलटी, महिला समेत चार घायल

बहराइच, अमृत विचार। जिले के मैला सरैया गांव से बृहस्पतिवार रात को बारात गई। मुड़का गांव से बारात वापस आते समय जाइलो वाहन तेज रफ्तार में पलट गई। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मैला सरैया निवासी बराती लाल के यहां गुरुवार को विवाह था। जिस पर परिवार और रिश्तेदार के लोग जायलो वाहन से मुड़का गांव बारात लेकर गए। इसके बाद देर रात को सभी वापस घर के लिए लौट रहे थे। तेज रफ्तार में जाइलो कर कनेरा गांव के पास पलट गई। जिसमें बाराती सुनीता साहू पत्नी इंदल साहू निवासी गजाधरपुर समेत चार लोग घायल हो गए। सुनीता साहू की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

अपहृत किशोरी का सुराग नहीं लगा सकी पुलिस

बहराइच, अमृत विचार। हरदी थाना क्षेत्र के गांव निवासी किशोरी का तीन दिन पूर्व अज्ञात लोगों ने रात में अपहरण कर लिया था। किशोरी के परिजन खेत में लगी गेंहू की फसल काटने गए थे। घर में रखी नगदी व मोबाइल भी गायब मिला है। पीड़ित पिता ने तलाश में कोई पता न चलने पर गुरूवार रात केस दर्ज कराया है। हरदी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी परिवार के सभी लोग खेत में लगी गेंहू की फसल कटवा रहे थे। जब वह रात में घर आए तो उनकी 17 वर्षीय बेटी घर पर नहीं मिली। पीड़ित का मोबाइल व दस हजार नगदी भी नहीं मिली। आसपास तलाश किया। कहीं भी पता न चलने पर सभी संभावित जगहों पर तलाशा। उसका कोई सुराग नही लगा। हरदी थानाध्यक्ष संतोष कुमार सरोज ने बताया कि अपहरण की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। किसी को नामजद नही किया गया है।

विशेश्वरगंज में कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

▸▸ सांसद बोले - मैं एक सामान्य कार्यकर्ता, राहुल के बारे में कुछ नहीं कहना

विशेश्वरगंज, बहराइच

अमृत विचार। विशेश्वरगंज में बृहस्पतिवार शाम को कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि विपक्ष दिल के टुकड़े हजार हुए जैसा हो गया है। हालत ऐसी हो गई है कि कोई अलग चुनाव लड़ रहा है तो कोई गठबंधन के साथ है।

जिले के विशेश्वरगंज में बृहस्पतिवार को चुनावी प्रबंधन की बैठक आयोजित हुई, जिसके मुख्य अतिथि कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह रहे। संसद में क्षेत्र के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से वार्ता करते हुए चुनाव तैयारी पर मंथन किया। उन्होंने कहा कि चिंता न करें, भाजपा उनको ही टिकट देगी। सांसद बोले कि पूरे देश में कैसरगंज सबसे हॉट सीट बन गई है। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से वार्ता की। टिकट मिलने के सवाल पर कहा कि परेशान मत होइए, टिकट आ जायेगा। राहुल गांधी के महिलाओं को करोड़ पति बनाने के मामले में सांसद ने कहा कि वह छोटे कार्यकर्ता हैं। वह राहुल के बारे में कुछ नहीं बोल सकते। विपक्ष के गठबंधन के मामले में सवाल के बारे में बोलते हुए सांसद ने कहा कि विपक्ष पूरी तरह से बिखर गया है। उन्होंने गाना दिल के टुकड़े हजार हुए, कोई यहां गिरा कोई वहां जैसी स्थिति बन गई है। गठबंधन सिर्फ नाम का है, सब बिखर गए हैं। इस दौरान भाजपा विधायक पुत्र निशंक त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में सांसद का स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

अल्ट्रासाउंड कराने गई युवती के पर्स से चोरों ने उड़ाई नगदी

बहराइच, अमृत विचार। शहर में अल्ट्रासाउंड कराने आई युवती के पर्स से चोरों ने पांच हजार रुपये नगदी उड़ा दिया। पीड़िता द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ की गई पर पैसों का कोई पता नहीं चल सका। मामले में पीड़िता द्वारा पुलिस के यूपी काप एप पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाली देहात अंतर्गत शेखदहीर निवासी सुचिता सिंह अपनी भतीजी जनपद श्रावस्ती के परसा निवासी सोनू सिंह को लेकर शहर के जिला चिकित्सालय के सामने स्थित डॉक्टर अमित डायग्नोस्टिक सेंटर पर अल्ट्रासाउंड कराने गई। काउंटर पर भतीजी सोनू द्वारा अल्ट्रासाउंड की फीस भुगतान करने के दौरान ही किसी चोर ने उसके पर्स से 5000 रुपये की नगदी उड़ा दी। पीड़िता द्वारा मामले में आसपास के लोगों से पूछताछ की गई पर पैसों का पता नहीं चल सका। पीड़िता द्वारा रुपए चोरी होने पर उत्तर प्रदेश पुलिस के यूपी काप ऐप पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई है।

अग्निकाण्ड प्रभावित 18 लोगों के खातों में भेजी गई 1.3 लाख की राशि

बहराइच, अमृत विचार। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि शुष्क मौसम के दृष्टिगत जनपद में तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) क्षेत्र में 24 अप्रैल को ग्राम दुधाधारी में हुए अग्नि दुर्घटना में 13 व्यक्तियों के मकान जल गए थे। गृह अनुदान के रूप में 74 हजार रूपये तथा तहसील नानपारा अन्तर्गत कोयलहवा, सिलेडनगंज, बरूही में हुए अग्निकाण्ड में 05 व्यक्तियों को अहैतुक सहायता 29 हजार रूपये सहायता प्रदान की गई है।

आगाज परिषदीय विद्यालय में स्मार्ट क्लास का उद्घाटन

स्मार्ट क्लास में गरीब बच्चे हासिल करेंगे बेहतर शिक्षा

जरवलरोड, बहराइच

अमृत विचार। जिले के ग्राम पंचायत परसोहर में कम्पोजिट विद्यालय परसोहर में स्मार्ट क्लास रूम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी व विशिष्ट अतिथि बीईओ तजवापुर अखिलेश वर्मा, बीईओ जरवल अरविंद सिंह ने फीता काटकर किया। संचालन एआरपी मो. अहमद ने किया। कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों को 20 मई को मतदान हेतु शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर हुआ। विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत सहित मतदान हेतु प्रेरणा गीत, सहित देशभक्ति गानों पर कार्यक्रम प्रस्तुत किये। खण्ड शिक्षा अधिकारी जरवल अरविंद सिंह ने बताया कि चयनित विद्यालयों में स्मार्ट क्लास बनाये जाने का कार्य चल रहा है, जिसे 10 से 15 दिनों में पूर्ण कर उसका संचालन प्रारम्भ कर दिया जायेगा। कार्यक्रम में मौजूद छात्रों के अभिभावकों को बीडीओ जरवल के द्वारा 20 मई को मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। प्रधानाध्यापक आसिफ अली ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आनंद पाठक, जिला मंत्री विजय उपाध्याय, एआरपी कल्पना मिश्र, अब्दुल मोमिन, रियाज अहमद, ग्राम प्रधान सबीना, प्रतिनिधि तौहीद, प्रबन्ध समिति अध्यक्ष कमल कुमार, शिक्षिका ऋतु त्रिपाठी, विजय सिंह वर्मा, नसतरन आब्दी, सीमा अस्थाना, नेहा तिवारी, बीनू शर्मा, बीनू शुक्ला, रंजना वर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

परिषदीय विद्यालय में स्मार्ट क्लास का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

कूट रचित अभिलेख लगा कर कराया जमीन का बैनामा, केस दर्ज

मोतीपुर, बहराइच, अमृत विचार। क्षेत्र निवासी एक महिला के नाम दर्ज कृषि भूमि का बैनामा किसी अन्य युवती को रजिस्ट्रार दफ्तर मे खड़ा कर करा लिया गया। जब महिला ने खतौनी निकलवाई तो इसकी भनक लगी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने एक महिला सहित तीन को नामजद कर धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के खड़िया गांव निवासी प्रेमावती पुत्री रामनाथ इसी थाना क्षेत्र के मझांव गांव में रहती है। उसकी खड़िया गांव में पिता की वरासत में मिली कृषि भूमि है। जिसमें कई सह खातेदार है। प्रेमावती ने वर्ष 2021 में बंटवारे का वाद मिहीपुरवा तहसील मे दायर कर रखा है। जो लंबित चल रहा है। इस सम्पत्ति को हड़पने के लिए जरही निवासनी मालती पत्नी कुंद लाल, कुंदलाल पुत्र रामलाल, गुरूद्वारा कालोनी परवानी गौढ़ी निवासी पिंटु पुत्र सुकई ने साज करके 6 मई 2023 को बैनामा लिखवाया। प्रेमादेवी के बजाय किसी अन्य महिला को खड़ा कर कूट रचित फर्जी बैनामा करा लिया। प्रेमादेवी ने एक अक्तूबर 2023 को खतौनी निकलवाई तो इसकी भनक लगी कि मालती देवी के नाम उसकी भूमि का बैनामा कराया गया है। तो बैनामा स्थगित कराने को सात मार्च को कुंदलाल से मिली तो वह मारपीट फौजदारी को अमादा हो गया। पीड़िता ने इसकी तहरीर पुलिस अधीक्षक के यहां दी। एसपी के हस्तक्षेप पर धोखाधड़ी की धाराओं के तहत धोखाधड़ी की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। एसएचओ दद्दन सिंह ने बताया कि तहकीकात की जा रही है।

यस्य कृत्यं न विघ्नन्ति शीतमुष्णं भयं रतिः।
समृद्धिरसमृद्धिर्वा स वै पण्डित उच्यते॥

जो व्यक्ति सरदी-गरमी, अमीरी-गरीबी, प्रेम-धृणा इत्यादि विषय परिस्थितियों में भी विचलित नहीं होता और तटस्थ भाव से अपना राजधर्म निभाता है, वही सच्चा ज्ञानी है।

संपादकीय

चीन पर दबाव

अमेरिका रूस की मदद रोकने के लिए लगातार चीन पर दबाव बना रहा है। इसके चलते दोनों देशों के बीच रिश्ते फिर से बिगड़ गए हैं। अमेरिका के विदेशमंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और अन्य वरिष्ठ चीनी अधिकारियों से मुलाकात की। दोनों नेताओं की यह मुलाकात अमेरिका और चीन के बीच विभिन्न द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विवादों को दूर करने की कोशिश के तहत हुई है। ब्लिंकन ने कहा कि उन्होंने चिनफिंग से चीन द्वारा रूस को की जा रही आपूर्ति को लेकर अपनी चिंताओं से अवगत कराया। चीन मशीन और माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक की आपूर्ति कर रहा है जिसका इस्तेमाल यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस रक्षा पंक्ति को मजबूत करने में कर रहा है। चिनफिंग से मुलाकात के बाद ब्लिंकन ने संवाददाताओं से कहा अगर चीन मदद न करे तो रूस यूक्रेन में लड़ाई जारी रखने में मुश्किल का सामना करेगा। गौरतलब है कि हाल ही में चीन और रूस ने आर्थिक और व्यापार सहयोग को बढ़ाने का फैसला लिया है। इस पर अमेरिका ने एतराज जताते हुए कहा रूस के रक्षा उद्योग को आपूर्ति करना न केवल यूक्रेन की सुरक्षा को खतरा पैदा करता है बल्कि यूरोप की सुरक्षा को भी खतरे में डालता है। परंतु अमेरिका के एतराज को चीन ने सिरे से खारिज कर दिया। अमेरिका ने कहा था कि अगर रूस को यूक्रेन में बढ़त मिलती है तो वह चीन को जिम्मेदार ठहराएगा।

इस पर चीन ने कहा कि वह रूस के साथ अपने संबंधों पर आलोचना या दबाव स्वीकार नहीं करेगा। ऐसे में चीन के राष्ट्रपति व अमेरिका के विदेशमंत्री की मुलाकात खास अहमियत रखती है। दोनों देशों के बीच मतभेदों के बढ़ने के बावजूद हाल के महीनों में बातचीत के दौर में वृद्धि हुई है। फिर भी दोनों देशों के नेताओं की टिप्पणी मतभेदों की एक लंबी सूची का संकेत देती है जिसमें ताइवान और दक्षिण चीन सागर, व्यापार और मानवाधिकार, रूस के लिए चीन का समर्थन और 'सिंथेटिक ओपिओइड प्रीकर्सर' का उत्पादन और निर्यात शामिल है। उधर चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि चीन की मांग सुसंगत है और वह हमेशा एक-दूसरे के मूल हितों का सम्मान करने की वकालत करता है। अमेरिका को चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए, चीन के विकास को दबाना नहीं चाहिए, और जब चीन की संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों की बात आती है तो चीन की लाल रेखाओं पर कदम नहीं उठाना चाहिए। यानि दोनों देशों के बीच मतभेद अधिक गंभीर होते जा रहे हैं और वैश्विक सुरक्षा को खतरा पैदा कर रहे हैं। चीन और अमेरिका को द्वेषपूर्ण प्रतिस्पर्धा में शामिल होने के बजाय साझा आधार तलाशना चाहिए।

जनतंत्र में राजतंत्र के षड्गुणों की महिमा बरकरार

कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

आधुनिक बुर्जुआ जनतंत्र (आगे से जनतंत्र) यूरोप में पैदा हुआ और राजतंत्र की कोख से पैदा हुआ। ब्रिटिश गृह युद्ध (1612-1660), ब्रिटेन की गौरवशाली क्रांति (1688), और फ्रांसीसी क्रांति (1789) इसके प्रसव के प्रमुख कालखंड बनाते हैं। उपनिवेशों के माध्यम से ही यह दुनिया के अन्य देशों में फैला।

हमारी महान संस्कृति की तरह हमारा जनतंत्र भी महान और उदार है। परंपरावादी, अतीतजीवी, भविष्यदर्शी, सर्व-समावेशी सब कुछ एक साथ है। कितने एहतियात से उसने राजतंत्र, सामंतवाद, पूंजीवाद, बुर्जुआ जनतंत्र और जनता के जनतंत्र सबको अपने सीने से लगा रखा है। मिलेगी कहीं ऐसी मिसाल?

आधुनिक बुर्जुआ जनतंत्र (आगे से जनतंत्र) यूरोप में पैदा हुआ और राजतंत्र की कोख से पैदा हुआ। ब्रिटिश गृह युद्ध (1612-1660), ब्रिटेन की गौरवशाली क्रांति (1688), और फ्रांसीसी क्रांति (1789) इसके प्रसव के प्रमुख कालखंड बनाते हैं। उपनिवेशों के माध्यम से ही यह दुनिया के अन्य देशों में फैला। यह अपने पूर्ववर्ती राजतंत्र के गुणों-अवगुणों से सर्वथा मुक्त नहीं हो सकता था, नहीं हुआ।

राजतंत्र में सत्ता पाने और सत्ता में बने रहने के लिए इस देश में षड्गुणों की अहम भूमिका होती थी-संधि, विग्रह (नुक़सान पहुंचाना), यान (आक्रमण करना), आसन (उपेक्षा करना), संश्रय (आत्म-समर्पण करना) और द्वैधीभाव (संधि और विग्रह के छद्म भाव में बने रहना)। जनतंत्र में लगभग सभी राजनीतिक दल चुनावों के पूर्व घोषणा-पत्र (एक बड़ा दल अंग्रेजी के मैनीफ़ेस्टो शब्द का 'राष्ट्रवादी' तरजुमा कर उसी को 'संकल्प-पत्र' कहता है) जारी करते हैं। उसमें बहुत उदात्त, कभी-कभी यथार्थ और संभाव्य के बंधनों से मुक्त लोक-लुभावन कार्यक्रमों का सुमधुर समावेश होता है। घोषणा-पत्र / संकल्पपत्र जारी करने की रिवायत है, इसलिए जारी किया जाता है। कोई भी चलते पुर्जे वाला दल उसके भरोसे नहीं बैठा रहता। वे तो सत्ता-प्राप्ति/ सत्ता-संरक्षण के उपरोक्त षड्गुणवादी उपायों में निरंतर, अहर्निश लीन रहते हैं। माने, जनतंत्र में राजतंत्र के षड्गुणों की महिमा बरकरार है।

जनतंत्र का जन्म उस समय हुआ जब उद्योग-व्यापार से अर्जित संपत्ति के चलते अस्तित्व में आया एक ऐसा 'मध्य वर्ग' (आज का मध्यवर्ग नहीं) विकसित हो गया था जो उच्च (सामंत) वर्ग से सत्ता छीनना चाहता था। इस बुर्जुआ मध्य वर्ग के वर्चस्व से भी जनतंत्र कभी मुक्त नहीं हो सका। होता क्या है कि राजनीतिक दल बुर्जुआ मध्यवर्ग से प्रकट या गुप्त चंदा वसूलते हैं और उसी के सहारे सामान्य जनता का वोट बटोरने की जुगत भिड़ाते हैं। यह समीकरण चल गया तो सरकारी ख़ज़ाने से चक्रवृद्धि ब्याज के साथ चंदे को काइंड में लौटा देते हैं। फिर सामान्य जनता के कल्याण लिए भी कुछ करना ही पड़ता है। इसके लिए वे काम करने का एक विकल्प निकाल लेते हैं। बातें करने की कला का नाम ही (बुर्जुआ) जनतंत्र है। कभी-कभी बाय डिफ़ॉल्ट कुछ काम भी हो जाता है, बाक़ी रिक्ति पूर्ति बातों से ही करनी पड़ती है। लिहाज़ा, व्यवहार में जनतंत्र के धनतंत्र में अंतरित होने की संभावना लगातार बनी रहती है।

संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष का द्वंद्व, उनकी प्रतियोगिता हर चुनाव क्षेत्र की ज़मीनी समस्याओं के आलोक में हो, उनके नीतिगत समाधान और उसकी भिन्नता की दिशा परिलक्षित करे। सत्ता का संघर्ष महज़ वाग्जाल और स्टंट न होकर इन समस्याओं के समाधान के परिप्रेक्ष में हो। संसद चिल्लपों का अड्डा बनने के बजाय उसकी बहसें जनता की ठोस, ज़मीनी समस्याओं के निदान के, जनता के विकास के, उसके रास्ते की समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में हो। संसद सांसदों की वाक्पटुता के प्रदर्शन के बजाय जनता की समस्याओं का, जनता का प्रतिबिंब बने। जनतंत्र को भीड़तंत्र और भेड़तंत्र में अंतरित होकर निकृष्ट शासन प्रणाली साबित होने से बचाने का शायद यही विकल्प है।

इसी के समाहार के लिए साम्यवादी व्यवस्था प्रकाश में आई जिसका लक्ष्य बुर्जुआ जनतंत्र की जगह जनता का जनतंत्र लागू करना था। किंतु दुरूह और अकाट्य मानव स्वभाव की सीमाओं से टकराकर वह चूर-चूर हो गई।

जैसे किसी धर्म या वाद को जिस तरह के अनुयायी मिलते हैं, व्यवहार में वह वैसे ही हो जाता है, उसी तरह किसी संविधान को अमल में लाने के लिए जिस तरह के लोग मिलते हैं, संविधान भी वैसा ही हो जाता है। भारतीय संविधान की प्रारूप-समिति के अध्यक्ष डॉ. आंबेडकर को संविधान-सभा की समापन बहस में इस रहस्य का खुलासा करना पड़ा था। तो जनतंत्र के विचलन के विरुद्ध संविधानवाद भी बहुत असरदार कवच साबित नहीं होता, मानव-स्वभाव की बाध्यकारी सीमाओं के सामने वह भी हाथ जोड़ लेता है।

गांधी के नेतृत्व में देश के आजादी की जो लड़ाई लड़ी गई थी, उसके बाद आजाद भारत संसदीय लोकतंत्र की आवश्यकता भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था में मौलिक परिवर्तन लाने के लिए एक सशक्त विकल्प के रूप में महसूस की गई थी। आजादी के रजत जयंती वर्ष तक आते आते जनसामान्य यह स्पष्टतः महसूस करने लगा था कि जिस व्यवस्था में वह जीने के उपक्रम में है, क्या वह लोकतांत्रिक है? क्या संसद और विधानसभा लोकतंत्र के वाहक रह गए हैं? आम आदमी की रोटी और आजादी राजनीती की शिकार होती चली गई। जो राजनीति आम आदमी की भाषा हो सकती थी वह मात्र एक तरकीब बन कर रह गई। इस व्यवस्था के बदलाव के लिए एक नायक की तलाश थी।

जनतंत्र के संचालन में पुराने यूनान के प्रत्यक्ष जनतांत्रिक युग की परंपरा-सॉफ़िज़्म-का भी कुछ तत्व हमेशा बना रहा। सॉफ़िस्ट्स का एक दार्शनिक स्कूल था। बाद में वह दर्शन के उद्देश्य-ज्ञान से प्रेम-से फिसलकर सत्ता की युक्ति बन गया। सॉफ़िज़्म का प्रशिक्षण देने के स्कूल खुल गए। सॉफ़िज़्म का केंद्रीय तत्व वाक्चातुर्य से सही को ग़लत और ग़लत को सही की प्रतीति उत्पन्न करने की कला बन गया। यूनान के प्रत्यक्ष जनतंत्र में अपना करियर बनाने के इच्छुक नवयुवक इन स्कूलों में प्रशिक्षण प्राप्त करने लगे। राजनीतिक दलों के नेता आज भी उन स्कूलों में दी गई शिक्षा का समुचित पालन कर रहे हैं। बिना स्कूल का मुंह देखे। नेतागण सॉफ़िज़्म में जितने माहिर होते हैं चुनाव-प्रचार में उतना ही उनका सिक्का चलता है। बस उन्हें एक नई संज्ञा से सुशोभित कर दिया गया है-स्टार प्रचारक। राजनीतिक दलों में एक अजूबा देखने में आता है। वे अपनी गलतियों के लिए तो परिस्थितियों को ज़िम्मेदार बताते हैं और दूसरों की ग़लतियों के लिए उन्हें धूर्त, मक्कार और बदमाश कहते हैं। कोई भी पैमाना पहले अपने ऊपर लागू करना चाहिए न? यह तो सीधे-सीधे दोमुंहापन हुआ।

अरस्तू ने जनतंत्र को सबसे उत्तम शासन प्रणाली बताने के साथ उसके इस भीड़तंत्री या भेड़तंत्री संस्करण को सबसे निकृष्ट शासन प्रणाली बताया था। भ्रष्ट व निरंकुश राजतंत्र और भ्रष्ट व निरंकुश कुलीनतंत्र से भी निकृष्ट। इस भेड़तंत्र से हम आम को इमली और इमली को आम सिद्ध करने का चमत्कार कर सकते हैं। निर्दोष को अपराधी और अपराधी को निर्दोष सिद्ध कर देना तो बाएं हाथ का खेल है। विकल्प क्या है? है भी या नहीं? हर सांसद संसद-सत्र के समय को छोड़कर अपने अपने क्षेत्र में रहे। घर पर दरबार लगाने या डाक बंगले में आराम करने नहीं, लगातार भ्रमण करने। वहां के लोगों का काम करने-कराने के लिए।

संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष का द्वंद्व, उनकी प्रतियोगिता हर चुनाव क्षेत्र की ज़मीनी समस्याओं के आलोक में हो, उनके नीतिगत समाधान और उसकी भिन्नता की दिशा परिलक्षित करे। सत्ता का संघर्ष महज़ वाग्जाल और स्टंट न होकर इन समस्याओं के समाधान के परिप्रेक्ष में हो। संसद चिल्लपों का अड्डा बनने के बजाय उसकी बहसें जनता की ठोस, ज़मीनी समस्याओं के निदान के, जनता के विकास के, उसके रास्ते की समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में हो। संसद सांसदों की वाक्पटुता के प्रदर्शन के बजाय जनता की समस्याओं का, जनता का प्रतिबिंब बने। जनतंत्र को भीड़तंत्र और भेड़तंत्र में अंतरित होकर निकृष्ट शासन प्रणाली साबित होने से बचाने का शायद यही विकल्प है।

प्रसंगवश

अद्वैत दर्शन के प्रणेता

आद्य शंकराचार्य सनातन धर्म की विश्व व्यापी महानता के उदार प्रवक्ता थे। उन्होंने वैदिक धर्म को अनंत युगों का स्थायित्व देकर उसे अत्यंत सुदृढ़ नींव प्रदान की। हिंदू धर्म का दर्शन चिरस्थायी है और सम्पूर्ण विश्व के लिए मंगलकारी है।

वैदिक सनातन धर्म की पुनर्स्थापना करने वाले महान दार्शनिक आदि शंकराचार्य आचार्य शंकर का आविर्भाव ऐसी विषम परिस्थिति में हुआ, जब सनातन हिंदू धर्म बलहीन, विध्वंश और विच्छिन्न हो गया था तथा विदेशी आक्रमण हो रहे थे। उन्होंने अपनी विद्वता एवं तप बल से बौद्ध विद्वानों को पराजित किया। श्री मंडन मिश्र जैसे विद्वानों को भी उन्होंने शास्त्रार्थ में पराजित कर शिष्य बनाया। उन्होंने 16 वर्ष की आयु में महान कार्यों को संपादित किया।

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

वे 32 वर्ष के संक्षिप्त जीवन काल में भारत वर्ष के सुदूर जनपदों का भ्रमण कर सुप्त प्राय समाज को जागृत किया। अपने जीवन काल में उन्होंने अनेक ग्रंथ लिखे तथा मंदिरों का जीर्णोद्वार कराया। धर्म की सत्ता निरंतर बनी रहे और आध्यात्मिक मूल्यों का उत्कर्ष होता रहे इस दृष्टि से महान भविष्य दृष्टा ने भारत वर्ष के चार धार्मिक केंद्रों में मठों की स्थापना की। अल्पायु में ही संपूर्ण भारतवर्ष का तीन बार पैदल भ्रमण कर बख़ूबी समझा और निरंतर साधना के बल पर प्रत्यक्ष अनुभव किया था। संभवतः यही कारण रहा कि वे राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के स्थाई, मान्य एवं व्यावहारिक सूत्र और सिद्धांत देने में सफल रहे। पूरब से पश्चिम तथा उत्तर से दक्षिण तक राष्ट्र को एकता एवं अखंडता के सुदृढ़ सूत्र में पिरोने में उन्हें सफलता मिली। सुदूर दक्षिण में जन्म लेकर भी वे संपूर्ण भारतवर्ष की रीति, नीति, प्रकृति एवं प्रवृत्ति को भली-भांति समझ पाए।

वेदों, उपनिषदों, पुराणों एवं महाकाव्यों में बताया गया है कि ईश्वर सृष्टि के कण-कण में विद्यमान हैं। भारतीय दर्शन के अनुसार आत्मा, परमात्मा एवं संपूर्ण ब्रह्मांड एक-दूसरे से गहरे जुड़े हैं। जड़-चेतन, चर-अचर सभी प्राणियों में एक ही परम तत्व को देखने और पाने की दृष्टि भारतवर्ष में सदा से रही है।

आद्य शंकराचार्य ने इसका प्रत्यक्ष अनुभव किया था। इस ज्ञान, अनुभव एवं साधना के बल पर ही वे समय की धारा में स्वाभाविक रूप से आए भ्रम एवं भटकाव तथा भेद एवं संघर्ष आदि को पहचानकर, उसे दूर कर पाए। उन्होंने उस समय प्रचलित विभिन्न मत, पंथ, जाति आदि के बीच समन्वय स्थापित कर अद्वैतवाद का दर्शन दिया। उनका अद्वैत दर्शन सब प्रकार के भेद, संघर्ष, अलगाव व दूरी को मिटाकर आत्मा को परमात्मा, जीव को ब्रह्म तथा व्यक्ति-व्यक्ति को प्रकृति और पर्यावरण से जोड़ने का माध्यम है।

उन्होंने मनुष्य को छोटे-छोटे स्वार्थों एवं संकीर्णताओं से ऊपर उठाया तथा उसकी संवेदना को विस्तार दिया। उन्होंने बताया और समझाया कि मनुष्य यदि स्वार्थ एवं संकीर्णताओं से ऊपर उठ जाए तो वह संपूर्ण सृष्टि के साथ गहरा आत्मिक संबंध स्थापित कर सकता है। उनके विचारों ने मनुष्य की चेतना को ऊपर उठाकर उसे उदार एवं श्रेष्ठ बनाने का कार्य किया। उनके अनुसार बाहरी संसार में जो भेद या अलगाव दिखाई देता है, वह अज्ञानता के कारण है। सत्य का साक्षात्कार हो जाने या सच्चा ज्ञान जान लेने पर यह भेद-बुद्धि अपने-आप समाप्त हो जाती है और सारा संसार उसी परम ब्रह्म का अभिव्यक्त स्वरूप जान पड़ता है, जिसे आध्यात्मिक भाषा में नाम रूपात्मक जगत कहते हैं। सही मायने में उनका अद्वैत दर्शन देश, काल, परिस्थिति आदि सब प्रकार की मानव निर्मित सीमाओं से परे एक विश्व-दर्शन है, जिसमें संपूर्ण धरती एवं मानवता के कल्याण का भाव निहित है।

आद्य शंकर के समन्वयकारी दर्शन ने उस समय प्रचलित भिन्न-भिन्न वैचारिक एवं धार्मिक धाराओं को भी सनातन धारा में सम्मिलित कर लिया। बौद्ध एवं जैन मतावलंबियों को भी वे सनातन के साथ लाने में लगभग सफल रहे। उन्होंने ऐसा राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक बोध दिया कि दक्षिण के कांची-कालड़ी-कन्याकुमारी-श्रृंगेरी आदि में पैदा हुआ व्यक्ति कम-से-कम एक बार अपने जीवन में उत्तर के काशी-केदार-प्रयाग-बद्रीनाथ की यात्रा करने की इच्छा रखता है तो वहीं पूरब के जगन्नाथपुरी का रहने वाला पश्चिम के द्वारकाधीश-सोमनाथ की यात्रा कर स्वयं को धन्य समझता है। देश के चार कोनों पर चार मठों एवं धामों की स्थापना कर उन्होंने एक ओर देश को एकता एवं अखंडता के मजबूत सूत्रों में पिरोया तो दूसरी ओर विघटनकारी शक्तियों एवं प्रवृत्तियों पर लगाम लगाया।

जेल में मुलाकात का एक दिन

अमिता शरीन
प्रयागराज

खुदा न खास्ता कोई दूसरी सरकार आ गई तो क्या जेल की ये निर्मम व्यवस्था इंसानों को इंसान समझने लगेगी? सरकारें बदलने से क्या ये निर्मम व्यवस्था बदलेगी?

आज एक बार फिर से जेल जाना हुआ। लखनऊ सेंट्रल जेल। बिंदा, अनिता, कृपा शंकर और बृजेश से मिलने। सुबह 8 बजे से लाइन में लगे लगे साढ़े 9 बजे मुलाकात की पर्ची कटी। जेल का सर्वर डाउन था। मोबाइल से कनेक्शन लेकर काम चल रहा था। खैर, पर्ची कटी किसी तरह। हमारे ठीक आगे एक महिला खड़ी थी। उन्होंने आधार को दोनो तरफ फोटोकॉपी नहीं कराया था। उसकी पर्ची नहीं कटी वह मिन्नतें करती रह गई कि वह बहुत दूर से आई है। लेकिन नहीं सुनना था तो नहीं सुना। क्या आधार नंबर से उसका वेरिफिकेशन नहीं किया जा सकता।

फिर शुरू हुआ अपनी बारी का इंतज़ार। मुलाकात की पहली पर्ची आई 11.30 पर। हमारा नाम उसमें नहीं था। विडंबना यह कि पर्ची में जो नाम पुकारे जा रहे थे उनमें बहुतायत मुस्लिमों का था। दलित ओबीसी भी थे। चंद नाम शुक्ला तिवारी के भी थे। इंतज़ार जारी रहा। पहली मुलाकात कर के लोग वापस आ गए। पर्ची फिर भी नहीं आई। 5 साल का एक बच्चा बार बार अपनी मां से पूछ रहा था कि पापा कब मिलेंगे? वहां एक तरफ ऑनलाइन पर्चियां कट रही थी वहीं मुलाकातियों से अंगूठा लगवाया जा रहा था। एक साथ सौ साल आगे और सौ साल पीछे। कन्फ्यूज्ड भारत का एक और नमूना। 42 डिग्री तापमान। गरमागरम लू के थपेड़े गाल, आंख और दिमाग तीनों को जला रहे थे। अपनों से पलभर मिलने का तनाव अलग से था।

आखिर इंतज़ार ख़त्म हुआ। तकरीबन 12.40 दोपहर में हमारी पर्ची आई। मुलाकात कक्ष में पहुंची तो अनिता और बिंदा आ चुकी थीं। उधर पुरुषों की गैलरी में कृपा और बृजेश भी थे। जब हम जेल में थे तो पहले मुलाकात कक्ष में जेल की भाषा में अडगड़े लगे थे। हम हाथ बढ़ा कर अपनों से हाथ मिला सकते थे। यह स्पर्श अगली मुलाकात तक बना रहता। हमारे रहने के दौरान ही उस पर एक जाली लगा दी गई। फिर भी हम एक उंगली निकाल कर अपनों को छूने की कोशिश करते और उंगलियों के पोरों पर स्पर्श ले कर जाते। अब जब इनसे मिलने आए तो देखा कि उस जाली के एक फीट बाद एक और जाली लगा दी जेल प्रशासन ने। आलम ये कि गला फाड़ कर चिल्ला चिल्ला कर बात करनी पड़ती है। पुरुषों की गैलरी में इतना शोर होता है कि सारी आवाज़ें आपस में टकरा कर वहीं फैल जाती। कोई बात करना संभव नहीं। जेल में सुधार का मतलब होता है बंदियों और उनके परिजनों की मुश्किलें और बढ़ा देना। ये स्टेट का सेडिस्ट एप्रोच है। अनिता और बिंदा की तकलीफें भी बढ़ गई हैं। पहले दोनों सहेलियां साथ में एक बैरक में थीं। अब उन्हें अलग-अलग हातों में डाल दिया गया है। और अब दोनों हातो के लोग एक दूसरे से नहीं मिल सकते। दोनो ही वहां स्वास्थ्य की परेशानियों से जूझ रही हैं। कृपा शंकर और बृजेश दोनो को अतिसंवेदनशील वार्ड में तन्हाई में रखा गया है। उन्हें किसी से मिलने की इजाज़त नहीं है। ऐसा क्यों है इसका जवाबदेह कोई नहीं। शायद एटीएस के निर्देश पर ऐसा किया गया होगा। कोर्ट कचहरी की अपनी तकलीफें अलग है। अव्वल तो वकील तय करना मुसीबत का काम है। वकील है तो डेट नहीं, डेट है तो सुनवाई नहीं, सुनवाई है तो भी हमारी कोई सुनवाई नहीं।

इसी बीच 15 मिनट बीत गए। न जी भर के देख पाए, न ही सुकून से बात हुई। चलो चलो का शोर मचने लगा। हम भारी मन से वहां से चल दिए। बाहर निकलते वक्त कुछ औरतें ज़ार ज़ार रो रही थीं। एक युवती की आंखें नम थी। गोद में बच्ची थी। मैंने उससे पूछा कौन है आपका जिससे आप मिलने आई थी तो कहा ' मानो तो बहुत कुछ है न मानो तो कुछ भी नहीं'। दुख की सियाही उसके चेहरे पर पुत गई। न जाने क्या बात हुई होगी दोनों में। मैंने आगे पूछना उचित नहीं समझा। हमारे ये चारों साथी इंसानियत को प्यार करने वाले राजनीतिक सामाजिक बंदे हैं, जेल में उन्हें महज एक बंदी में रिड्यूस कर दिया गया है, जिनके कोई अधिकार नहीं। फिर उनके सामानों का झोला जमा करने की एक और लाइन।

धधकती लू में फाइनली हम ढाई बजे बाहर निकले। 15 मिनट की मुख्तसर सी मुलाकात के लिए सुबह 8 बजे से 3 बजे तक जेल कैंपस में रहे। मन कसैला हो गया। पिछली बार बिंदा ने पोस्ट से किताब भेजने को कहा था। होली के दो तीन दिन पहले हमने 3 किताबें मय डिक्शनरी स्पीड पोस्ट की थी जो आज तक डिलीवर नहीं हुई। दूसरे राउंड की पोलिंग है हो चुकी है। खुदा न खास्ता कोई दूसरी सरकार आ गई तो क्या जेल की ये निर्मम व्यवस्था इंसानों को इंसान समझने लगेगी? सरकारें बदलने से क्या ये निर्मम व्यवस्था बदलेगी?

सोशल फोरम

बेचने की कला

बेचने की कला हो तो आप गाय का मूत्र बेच दें। बाबा बेच ही रहे हैं। पर सब इतने कलाकार नहीं होते। सब इतने चतुर होते तो दुनिया कैसे चलती। बाज़ारों में रौनक कहां से आती। दुकानदारी में दो पक्ष होते हैं। एक बेचने वाला एक खरीदने वाला। सौदा हो जाए इसलिए इनमें से एक का गधा होना ज़रूरी है और वो निश्चित रूप से ख़रीदार ही होता है। बेचने वाला लच्छेदार बाते बनाता है। यकीन दिलाता है खरीदने वाले को कि वो जो बेच रहा है वो उसके ज़िंदा रहने के लिए कितना ज़रूरी है। बेची जाने वाली चीज उसकी रूखी सूखी ज़िंदगी को कितना तर कर सकती है। वो जो बेच रहा है वो कितनी आरामदायक है और उसकी उपस्थिति ग्राहक की साख इज़्ज़त में कितना इज़ाफ़ा कर सकती है। जादूगर होता है बेचने वाला। सम्मोहन जानता है। ग्राहक जान ही नहीं पाता कि उसने अपना क्रेडिट कार्ड कब बेचने वाले के हाथ मे थमा दिया है। वो बस खरीदता है। खरीदी चीज को ढो कर लाता है घर और फिर यह सोचता है कि इसका क्या किया जाए। बाते बनाने में ,बेचने में उस्तादी हासिल हैं गुजरातियों को। अब बताइए, अहमदाबाद का एक चतुर आदमी गधी का दूध सात हज़ार रूपये लीटर बेच रहा है और लोग लाईन लगा कर खरीद भी रहे हैं। वही बातों की जलेबियां। बातें भी कैसी कैसी। गधी के दूध मे फलाने विटामिन है, एलर्जी दूर होती है इससे। बच्चों के लिए फायदेमंद है। मुमकिन है इनमें से कुछ बातें सही भी हों। यह भी पता है हमें कि क्लियोपेट्रा नहाती थी गधी के दूध से। पर गधी का दूध यदि गौ माता के दूध से महंगा बिकने लगे तो हम दुनिया को क्या मुंह दिखाएंगे। और फिर हमारे यहां कायदा यह कि जिसका दूध पिया जाता है वो हमारे लिए अम्मा जितनी सम्माननीय होती है। ऐसे मे हमें गधी और उसके सबसे नज़दीकी रिश्तेदार गधे को देखने का नज़रिया भी बदलना होगा। हालांकि मुश्किल वक्त में गधे को बाप बनाने का रिवाज है हमारे यहां, पर अब बाजार चाहता है कि हम यह बात सार्वजनिक रूप से भी मान लें। हमें जो बताना था बता चुके आपको। जहां तक हमारी बात है, राम राम कहिए।

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

-फेसबुक वॉल से

विश्व के सबसे बड़े सांप का जीवाश्म

भारतीय सर्पविदों ने गुजरात के एक कोयले के खदान से ऐसे सांप का जीवाश्म खोज निकाला है जो विश्व में अब तक के सबसे बड़े सांप होने की दावेदारी में आ गया है। इसका वैज्ञानिक नाम भी पुराकथाओं के वासुकि सर्प पर रखा गया है जो शिव के गले का हार है और जिसके बारे में कहा गया है कि समुद्र मंथन के वक्त मंदराचल पर्वत को मथानी बनाने के लिए वासुकि को ही रस्सी के रुप में इस्तेमाल किया गया था। श्रीकृष्ण ने भी कहा है कि, "सर्पाणामस्मि वासुकिः।(श्रीमद्भगवद्गीता 10.28)। जाहिर है कि हमारी लोकस्मृति में ऐसे ही विशाल सांपों की छवि रची बसी हुई है जो कभी भारत भूमि पर विचरण करते थे। और इसलिए ही अनेक पुराकथाओं में उनका उल्लेख हुआ है। शोधकर्ताओं ने अभी पिछले हफ्ते ही पता लगाया कि भारत में यह प्राचीन बड़ा सांप एक टन वजन का रहा होगा जो एक स्कूल बस से भी लंबा रहा होगा। कोयला खदान के पास मिले जीवाश्मों के अनुसार इसकी लंबाई 36 फीट (11 मीटर) से लेकर 50 फीट (15 मीटर) तक है। यह सबसे बड़े ज्ञात उस सांप के समान है, जो मूल रूप से कोलंबिया में पाया गया था और लगभग 42 फीट (13 मीटर) लंबा था। यानि वासुकि से लंबाई में कम। कथित वासुकि भारतीय धरती पर यही कोई 4.7 करोड़ वर्ष पहले विचरता था। वैज्ञानिकों ने उचित ही इसका नामकरण वासुकि इंडिकस किया है। इसकी रीढ़ की हड्डी से पता चलता है कि यह 15 मीटर तक लंबा हो रहा होगा। हालांकि इसकी केवल कुछ रीढ़ की हड्डी ही बरामद की गई थी, लेकिन शोधकर्ताओं का अनुमान है कि यह निश्चय ही 15 मीटर तक लंबा रहा होगा।

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

वर्ष 2005 में, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के सुनील बाजपेयी सहित जीवाश्म विज्ञानी पश्चिमी भारत के गुजरात में एक कोयला खदान में जीवाश्मों की खोज कर रहे थे। बाजपेयी कहते हैं, 'हम वास्तव में इस इलाके में शुरुआती व्हेल के जीवाश्मों की खोज कर रहे थे, लेकिन हमें न केवल व्हेल बल्कि सांपों सहित कई अन्य कशेरुकी जीवाश्म मिले।' खोजे गये जीवाश्मों में 27 कशेरुकाओं का एक संग्रह था, जिनकी लंबाई 6 सेंटीमीटर और चौड़ाई 11 सेंटीमीटर थी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के देबाजी दत्ता कहते हैं कि उनके बड़े आकार और इस तथ्य के कारण कि उनकी शारीरिक रचना कुछ हद तक खदान की तलछट से अस्पष्ट थी, पहले माना जाता था कि ये किसी प्रकार के विलुप्त मगरमच्छ के हैं। किंतु करीब से विश्लेषण करने के बाद, दत्ता और बाजपेयी अब मानते हैं कि कशेरुकाएं मैड्सोइडे नामक एक विलुप्त परिवार के एक बहुत बड़े सांप की ही है। अब विलुप्त हो गयी एक अन्य प्रजाति टाइटेनोबोआ सेरेजोनेंसिस से इसकी कशेरुकाएं थोड़ी बड़ी हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह संभवतः एक घात लगाने वाला शिकारी रहा होगा जो स्थलीय या अर्ध-जलीय वातावरण में रहता था, जैसे कि दलदलों में।

आज के कई बड़ी प्रजातियों के अजगरों की लंबाई भी 15 फीट पाई जाती है। आधुनिक समय के सांपों के डेटा का उपयोग करते हुए, जो उनके कशेरुकाओं के आकार की तुलना समग्र लंबाई से करते हैं, दत्ता और बाजपेयी का अनुमान है कि वासुकि इंडिकस 10.9 से 15.2 मीटर के बीच था। हालांकि यह संभावित रूप से टाइटेनोबोआ से अधिक लंबा है, लेकिन शोधकर्ता इस बात पर जोर देते हैं कि हमारे पास किसी भी मैड्सोईड सांप का पूरा कंकाल नहीं है, इसलिए यह जानना असंभव है कि उनकी लंबाई और कशेरुकाओं का आकार जीवित प्रजातियों के समान ही सहसंबंधित होगा या नहीं। न्यूयॉर्क के रोचेस्टर में नाज़रेथ विश्वविद्यालय में जैकब मैककार्टनी कहते हैं, 'जब भी आप उपलब्ध डेटा सेट से परे अनुमान लगा रहे हों, तो हमेशा सावधानी बरतनी चाहिए।' लेकिन इस नई प्रजाति की कशेरुकाएं अपेक्षाकृत बहुत बड़ी हैं। चलिए, भारत ने अब सांपों के मामले में भी अपना सिक्का दुनिया में जमा दिया है।

मां की सीख

केन्या के सुप्रसिद्ध धावक अबेल मुताई ओलंपिक प्रतियोगिता के अंतिम राउंड मे दौड़ते वक्त अंतिम लाइन से एक मीटर ही दूर थे और उनके सभी प्रतिस्पर्धी पीछे थे। अबेल ने स्वर्ण पदक लगभग जीत ही लिया था, इतने में कुछ गलतफहमी के कारण वे अंतिम रेखा समझकर एक मीटर पहले ही रुक गए। उनके पीछे आने वाले स्पेन के इव्हान फर्नांडिस के ध्यान में आया कि अंतिम रेखा समझ नहीं आने की वजह से वह पहले ही रुक गए। उसने चिल्लाकर अबेल को आगे जाने के लिए कहा लेकिन स्पेनिश नहीं समझने की वजह से वह नहीं हिला। आखिर में इव्हान ने उसे धकेलकर अंतिम रेखा तक पहुंचा दिया। इस कारण अबेल का प्रथम तथा इव्हान का दूसरा स्थान आया। पत्रकारों ने इव्हान से पूछा "तुमने ऐसा क्यों किया? मौका मिलने के बावजूद तुमने प्रथम क्रमांक क्यों गंवाया?" इव्हान ने कहा "मेरा सपना है कि हम एक दिन ऐसी मानवजाति बनाएंगे जो एक दूसरे को मदद करेगी ना कि उसकी भूल से फायदा उठाएगी। और मैंने प्रथम स्थान नहीं गंवाया। पत्रकार ने फिर कहा "लेकिन तुमने केनियन प्रतिस्पर्धी को धकेलकर आगे लाया। इसपर इव्हान ने कहा "वह प्रथम था ही। यह प्रतियोगिता उसी की थी।"

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

पत्रकार ने फिर कहा, "लेकिन तुम स्वर्ण पदक जीत सकते थे।" इव्हान ने कहा, "उस जीतने का क्या अर्थ होता। मेरे पदक को सम्मान मिलता? मेरी मां ने मुझे क्या कहा होता?

संस्कार एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक आगे जाते रहते हैं। मैंने अगली पीढ़ी को क्या दिया होता? दूसरों की दुर्बलता या अज्ञान का फायदा न उठाते हुए उनको मदद करने की सीख मेरी मां ने मुझे दी है।"

कांग्रेस भ्रष्टाचारी तो सपा गुंडों की पार्टी है : पाठक

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया की तीसरी महाशक्ति बनेगा भारतः डॉ संजय निषाद

संवाददाता संतकबीरनगर

अमृत विचारः उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचारियों की सरदार है तो समाजवादी पार्टी गुंडे माफियाओं लुच्चे लफंगों की पोषक है। विपक्षी गठबंधन के पास न कोई नीति है और न ही कोई सिद्धांत। बेमेल गठबंधन बनाकर सभी विपक्षी सिर्फ मोदी को रोकने की नियत से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ भाजपा नेतृत्व का एनडीए गठबंधन देश की तरक्की खुशहाली और सम्प्रभुता की सुरक्षा के साथ ही दुनिया के सामने भारत को महाशक्ति बनाने की गारंटी के साथ चुनाव मैदान में है।

उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने खलीलाबाद स्थित कृष्णा पैलेस में भाजपा सोशल मीडिया वालंटियर्स सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2004 से 2014 तक देश ने ऐसी सरकार देखा जिसने जमीन से लेकर आसमान तक भ्रष्टाचार किया। रोज कोई न कोई घोटाला उजागर होता था और सरकार के मंत्री जेल चले जाते थे।

श्री पाठक ने कहा कि सपा सरकार में वन डिस्टिक वन माफिया होते थे लेकिन योगी सरकार में वन डिस्टिक वन प्रोडक्ट का बोलबाला है। उत्तर प्रदेश के बड़े माफिया मिट्टी में मिल चुके हैं। लगभग 25 हजार गुंडे जेलों में बंद हैं।

ये सब आपके वोट की ताकत से सम्भव हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी जी का ट्रैक रिकॉर्ड आपके सामने है। सभी सोशल मीडिया वालंटियर्स पूरी क्षमता के साथ आम जनता को केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बताएं। मतदान के दिन एक एक वोट पोल कराने में अपनी पूरी क्षमता लगा दें। । अपने सम्बोधन में कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय निषाद ने कहा कि पिछले चुनाव में आप ने प्रवीण निषाद को महज 15 दिनों में ही सांसद बना दिया था। इस बार और बड़ी जीत दिलाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में भाजपा ने 325 सीटों पर विजय प्राप्त किया था और 75 सीटों पर भाजपा प्रत्याशी दूसरे स्थान पर थे। उन 75 सीटों को भी इस बार भाजपा और सहयोगी दल बड़े अंतर से जीतने जा रहे हैं। अपने तीसरे कार्यकाल में मोदी ज देश को दुनिया की तीसरी महाशक्ति बनाएंगे।

कार्यक्रम को भाजपा प्रत्याशी प्रवीण निषाद, सदर विधायक अंकुर राज तिवारी, विधायक अनिल त्रिपाठी, गणेश चौहान, पूर्व सांसद अष्टभुजा शुक्ल, इंद्रजीत मिश्र, बनर्जी लाल अग्रहरि, पुष्कर चौधरी, शैलेश राजभर आदि नेताओं ने भी सम्बोधित किया। सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद श्रीवास्तव और संचालन कौशलेश सिंह दीपू ने किया। इस मौके लोकसभा प्रभारी राम ललित चौधरी, रजनीकान्त मणि त्रिपाठी, अनीता कमल, राजेश सिंह, पवन पाण्डेय, अमर राय, बब्बन शर्मा, जगदीश चौरसिया, राकेश पाठक, अनिरुद्ध निषाद, देवेन्द्र सिंह, नीलमणि, बाबूलाल कन्नौजिया, हेमंत चतुर्वेदी, पियूष मिश्र, अरुणेश द्विवेदी, अशोक यादव, गणेश पाण्डेय समेत तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डिप्टी सीएम का स्वागत करते भाजपाई। अमृत विचार

सैकड़ो साथियों के साथ वरिष्ठ सपा नेता प्रदीप सिसोदिया ने थामा भाजपा का दामन

संतकबीरनगर। शुक्रवार को खलीलाबाद में आयोजित सोशल मीडिया वालंटियर्स सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने समाजसेवी, यूथ आइकॉन और सपा के वरिष्ठ नेता रहे प्रदीप सिसोदिया को बीजेपी की सदस्यता ग्रहण कराई। प्रदीप सिसोदिया अपने कैम्प कार्यालय से सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ कृष्णा मैरेज हॉल में आयोजित कार्यक्रम में समल्लित हुए। उनके साथ भाजपा में शामिल होने वालों में प्रमुख रूप से डा. भूपेंद्र सिंह, डा. के. सी पाण्डे, प्रिंस अगम सिंह, नित्यानंद जी, लाल शरण सिंह, रमेश सिंह, गौरव सिंह, मार्तंड सिंह, नितिन सिंह, अभय सिंह, राम छैल चौधरी, दीपेंद्र नायक, हरिगोविंद सिंह, रजत सिंह, शुभम सिंह, रत्न सिंह, अंशुमान सिंह, समीर सिंह, सिंह, रवि चौधरी, उमेश सिंह, मोनू सिंह, अजय सिंह, अजय भारती, विजय भारती, अवधेश सिंह, गिरीश पांडे सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करें राजनीतिक दल : जिलाधिकारी

संतकबीरनगर। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी नेकहा कि निर्वाचन आयोग की गाईड लाइन के अनुसार आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन करना और निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान नियमों का पालन करना हम सब की जिम्मेदारी है। 29 अप्रैल को जनपद के निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के बाद परमिशन के लिए सिगल विन्डों सिस्टम कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित अपर जिलाधिकारी न्यायिक कार्यालय में बनाया गया है। इसके अतिरिक्त जनपद से बाहर की दोनो विधानसभा क्षेत्रों खजनी और आलापुर के एआरओ के द्वारा भी स्थानीय स्तर पर परमिशन जारी किया जा सकेगा। उन्होंने डमी मतपत्र के माध्यम से प्रचार के विषय पर कहा कि इसका साइज निर्वाचन के मतपत्र से आधा होना चाहिए तथा रंग भिन्न होना चाहिए। डमी ईबीएम की साईज भी निर्वाचन ईवीएम की साइज से आधा होना चाहिए।

इस अवसर पर सपा के रामदरश यादव,भाजपा केकौशलेश सिंह, बसपा के धर्मदेव प्रियदर्शी, आम आदमी पार्टी के ब्रम्हदेव सिंह सैंथवार,कांग्रेस के प्रवीण पाण्डेय, अपना दल एस के बाबूलाल कन्नौजिया आदि मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक ने किया साप्ताहिक परेड का निरीक्षण

संतकबीरनगर**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने और जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। एसपी ने कहा कि आम जनता से मधुर ब्यवहार स्थापित करने से पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास मजबूत होता है। उच्च कोटि की वर्दी पहनने से पुलिस कर्मियों की छवि बेहतर नजर आती है। पुलिस कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई गई। परेड के दौरान अनुशासन और एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। इस मौके पर उन्होंने पुलिस लाइन्स परिसर में मेस, गणना कार्यालय, आर्म बैरक आदि का निरीक्षण किया।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय लक्ष्मीपुर उर्फ निचौरा की छात्राओं को मिली सफलता

चयनित छात्राएं। अमृत विचार

मगहर, संतकबीरनगर। राष्ट्रीय आय आधारित छात्र बृत्ति परीक्षा वर्ष 2024-25 के घोषित परिणाम में पूर्व माध्यमिक विद्यालय लक्ष्मीपुर उर्फ निचौरा की दो छात्राएं सफल हुई हैं। उनकी सफलता पर विद्यालय परिवार, ग्राम प्रधान व अभिभावकों ने बधाई दिया है। प्रधानाध्यापक राजेश कुमार सिंह ने सफल छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए बताया कि इस परीक्षा में विद्यालय की अंजली सिंह ने जिले में 22वां जबकि लक्ष्मी कुमारी ने जिले में31वां स्थान प्राप्त कर सफलता पाई है। बच्चों की इस सफलता पर प्रधानाध्यापक राजेश कुमार सिंह, दिनेश कुमार, किरन चौधरी, शशिप्रभा सिंह, संजय यादव, बिंदा देवी, बद्री नाथ उपाध्याय, सिकन्दर कुमार आदि ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

लखनऊ में मगहर के तीन खिलाड़ियों का चयन

मगहर, संतकबीरनगर

अमृत विचारः उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ द्वारा शैक्षिक सत्र 2024/25 के कक्षा 6 में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें बीरबहादुर सिंह स्पोर्ट्स कालेज गोरखपुर, गुरू गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज लखनऊ और मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कालेज सैफई में प्रवेश पाने के लिए बच्चों ने परीक्षा दिया था। विभिन्न खेलों के लिए विभिन्न आयु के बच्चों का चयन स्पोर्ट्स कालेजों में होता है। जिसमें पढ़ाई के साथ हाकी, क्रिकेट, वालीबाल, फुटबॉल, कुश्ती, टेनिस, कबड्डी आदि खेल भी सिखाया जाता है। इसी क्रम में बस्ती मण्डल के नगर पंचायत मगहर के मुहल्ला गांधी आश्रम के निवासी संतोष गुप्ता के 11 वर्षीय पुत्र शनि कुमार गुप्ता, शेरपुर मोहल्ले के निवासी 12 वर्षीय अयान आलम पुत्र मोहम्मद आलम और 11 वर्षीय जैनुल आब्दीन खान पुत्र एडवोकेट एकबाल खान ने अंडर 12 आयु सीमा के तहत फुटबॉल खेल की मुख्य चयन परीक्षा को पास कर प्रदेश में परचम लहराया है। काउंसिलिंग के पश्चात चयनित सूची में नाम होने की जानकारी मिलते ही कस्बे में खुशी की लहर दौड़ गई।

बच्चों के स्पोर्ट्स कालेज में चयनित होने पर चेयरमैन प्रतिनिधि नुरूज्जमा अंसारी, सुहेल अख्तर, अहमद आलम जेई, कौसर अख्तर, संतोष गुप्ता, दिलीप गुप्ता, इंद्रजीत यादव, मो ख़ालिद, औसाफ़ हुसैन, इकबाल, एडवोकेट सरफराज नवाज आलम, अवधेश सिंह, त्रिलोकीनाथ बर्मा, गुलाम हुसैन, परवेज कौसर आदि लोगों ने बधाई देते हुए मेधावियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया है।

तीन ग्रामीणों के फूस के मकान जले

पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार। क्षेत्र के गुरुचाही गांव में शुक्रवार शाम को तीन ग्रामीणों के फूस के मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें ग्रामीणों की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई।

पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गुरचाही में अज्ञात कारणों से आग लगने से किस्मत पुत्र मुनीस,कुलदीप पुत्र गंगाराम पाण्डेय तथा वेदप्रकाश पुत्र गोली के फूस के घर जलकर राख हो गये। सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों व फायर विभाग के लोगों ने ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पाया। अग्निकांड से किसी प्रकार की जनहानि,पशुहानि नहीं है।थानाध्यक्ष कमलशंकर चतुर्वेदी ने बताया कि आग लगने की वजह स्पष्ट नही हो सकी है।घटना की सूचना राजस्व टीम को दे दी गयी है। एसडीएम दिनेश कुमार ने बताया कि क्षति रिपोर्ट के आधार पर आर्थिक सहायता राशि दी जाएगी।

रविन्द्र लाल श्रीवास्तव हुए गांधी आश्रम मगहर के मंत्री

मगहर, संतकबीरनगर

अमृत विचार। क्षेत्रीय श्री गांधी आश्रम मगहर मंत्री पद को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहता है। कोई भी मंत्री अपने पूरे कार्यकाल तक पद पर नहीं रहने पाता है। कभी कोर्ट के आदेश पर तो कभी प्रबन्ध समिति के द्वारा मंत्री को हटा दिया जाता है। इस बार गांधी आश्रम के मंत्री राम आशीष शर्मा के खिलाफ प्रबंध कारिणी सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव ला कर उन्हें अपदस्थ कर दिया। उनकी जगह नये मंत्री के रूप में सदस्यों ने रविन्द्र लाल श्रीवास्तव को मनोनीत किया है।

गांधी आश्रम के मंत्री राम अशीष शर्मा की कार्यप्रणाली को लेकर पिछले दिनों से प्रबंध कारिणी के सदस्यों में नाराजगी चल रही थी। प्रबन्ध कार्यकारिणी के सदस्य श्याम बिहारी मिश्र ने बताया कि गांधी आश्रम के प्रबन्धकारिणी में कुल नौ सदस्य हैं। जिनमें एक सदस्य को अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया जाता है।

उन्होंने बताया कि गांधी आश्रम की कार्यकारिणी में कोई भी बुनकर अथवा कक्तिन को मनोनीत नहीं किया जा सकता है। जिसके विपरीत मंत्री राम अशीष शर्मा ने एक बुनकर और एक कक्तिन को वर्ष 2021/22 में प्रबंध कारिणी का सदस्य मनोनीत कर दिया था। जिसे लेकर सभी सदस्यों की आपात बैठक हुई और मंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। जिसमें अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में रविन्द्र लाल श्रीवास्तव, श्याम बिहारी मिश्रा, इंद्राज मौर्य,वीरेंद्र कुमार दूबे, राम आशीष यादव, रामेश्वर नाथ मिश्र खड़े हुए। जबकि विरोध में मात्र दो सदस्य राम अशीष शर्मा और राजेंद्र उपाध्याय ही रहे। अध्यक्ष रामेश्वर नाथ मिश्र तटस्थ भूमिका में बने रहे।

गांधी आश्रम प्रबन्धकारिणी की बैठक में मंत्री पद का चुनाव करते सदस्य।

क्या कहते हैं निवर्तमान मंत्री !

मगहर। क्षेत्रीय श्री गांधी आश्रम मगहर के मंत्री राम अशीष शर्मा अविश्वास प्रस्ताव हारने के बाद अपने पद से त्याग पत्र दे दिया। जिसे स्वीकार भी कर लिया गया। उन्होंने बताया कि प्रबंध कारिणी में बुनकर और कत्तीन को सदस्य बनाने वाले प्रस्ताव पर सभी के हस्ताक्षर कराए गए थे। उसके बाद में उनके ऊपर सेवानिवृत्त को 60 वर्ष से बढ़ा 65 साल करने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। जिसे नहीं मानने के कारण उनके विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया गया।

प्रबन्धकारिणी के सदस्य मनोनीत हुए इंद्रेश

मगहर। क्षेत्रीय श्री गांधी आश्रम मगहर के प्रबंध कारिणी की बैठक में कार्यकारिणी के सभी नौ सदस्यों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इंद्रेश राम को प्रबन्धकारिणी का सदस्य मनोनीत किया जाए। इन्द्रेश राम के नाम सहमति बनने के साथ ही उनके नाम की घोषणा भी कर दिया गया। ।

एक नजर

दरगाह परिसर में मिली अज्ञात की लाश

बहराइच। दरगाह थाना क्षेत्र के दरगाह परिसर में झूला लगा हुआ है। झूले के पास शुक्रवार को एक अज्ञात व्यक्ति की लाश पड़ी मिली। आसपास के लोगों की सूचना पर दरगाह पुलिस मौके पर पहुंची। थाने के प्रभारी थानाध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि अज्ञात का शव मिला है। उन्होंने बताया कि मृतक लगभग दो माह से यही रहता था। मौत स्वाभाविक लग रही है। पोस्टमार्टम के लिए शव भेज दिया गया है।

छत से गिरकर युवक घायल

बहराइच। हुजुरपुर थाने के गाजीपुर गुलहरिया निवासी 35 वर्षीय राधेश्याम पुत्र ननकऊ शुक्रवार सुबह मकान की छत से कुछ सामान उठाने गए थे। पैर स्लिप हो जाने पर वह असंतुलित होकर छत से भूमि पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन मे परिजनों ने उन्हे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

नशे पर अंकुश के लिए सामूहिक सहयोग जरूरी

बहराइच

अमृत विचार। रूल ऑफ लॉ सोसायटी के तत्वावधान में शुक्रवार को संगठन कैम्प कार्यालय में नगरीय क्षेत्र समेत जनपद के ग्रामीणांचल में बढ़ रहे नशा प्रचलन पर चिंता व्यक्त करते हुए अवैध नशा कारोबार , उपभोग , उत्पादन व क्रय-विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जन-जागरण अभियान चलाए जाने की कार्ययोजना पर विचार विमर्श किया। साथ ही नशामुक्त , भयमुक्त शतप्रतिशत मतदान के लिए भी कार्ययोजना बनाई।

रूल ऑफ लॉ सोसायटी के सिविल कोर्ट स्थित कैम्प कार्यालय में संगठन पदाधिकारियों ने विचार विमर्श करते हुए बताया कि जनपद के नगरीय क्षेत्र व ग्रामीणांचल में अवैध नशा कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता संघ विचारक विनोद ने कहा कि अवैध नशा कारोबार पर नियंत्रण बिना सामाजिक सहभाग के सम्भव नहीं हो सकेगा । रूल ऑफ लॉ सोसायटी अवध क्षेत्र संयोजक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि अवैध नशा सीमावर्ती इलाकों के लिए अभिशाप बनता जा रहा है। हजारों घर परिवार बर्बाद हो चुके हैं नशा के प्रभाव में आकर लोग चोरी , लूटपाट व हत्या की घटना तक को अंजाम दे रहे हैं। नमामि गंगे प्रकल्प संयोजक राकेश चेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि अवैध नशा कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है परिचर्चा का संचालन पत्रिका एवं प्रकाशन प्रकोष्ठ के अवध क्षेत्र संयोजक आशीष अग्रवाल ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन योगाचार्य दीप नारायण पाल ने किया। परिचर्चा में सामाजिक कार्यकर्ता मनोज श्रीवास्तव, अंगद गुप्ता, चौधरी किशोरीलाल एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ० राधेश्याम श्रीवास्तव , समाजसेवी अर्जुन कुमार दिलीप , समाज शास्त्री जय प्रकाश , एके त्रिपाठी एडवोकेट , समाज शास्त्री कुलदीप सिन्हा , शिक्षक नेता पुण्डरीक पाण्डेय , संविधान विशेषज्ञ अनिल त्रिपाठी , आदेश प्रताप सिंह एडवोकेट आदि लोग उपस्थित रहे।

दीवानी न्यायालय स्थित कैंप कार्यालय में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

मारपीट में सगी बहनें घायल, तीन पर केस

बहराइच। रामगांव थाना क्षेत्र के बड़गांवा के मजरे बरगधिया निवासनी पूजा के पिता बंधशीधर दिव्यांग है। पूजा की बड़ी बहन सोनापति की शादी इसी थाने के बेहटा भया गांव में मुनके के साथ हुई है। मुनके चेन्नई मे रहकर मजदूरी कर रहा है। पूजा अपने बहन के घर आई हुई थी। बुधवार की शाम बेहटा भया निवासी रमेश, उसकी पत्नी मालादेवी, पुत्र रमेश ने चप्पल के विवाद में घर में घुसकर सोनापति व उसकी बहन पूजा के साथ गाली-गलौज व धमकाते हुए मारपीट की। जिसके चलते दोनो बहने घायल हो गई। पूजा के सिर में गंभीर चोटे आ गई । थानाध्यक्ष शशिकुमार राणा ने बताया कि पूजा की तहरीर पर तीन को नामजद कर केस दर्ज कराया है ।

सात परिवारों को टूटने से बचाया

बहराइच, अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए परिवार परामर्श केन्द्र में शिविर लगा। परिवारिक विवाद को समाप्त कराकर 07 परिवारो में सुलह कराते हुए परिवारों को टूटने से बचाया गया।

वर्ग पहेली-52

बाएं से दाएं

4.1. किसी कला विशेष का विशेषज्ञ 2. कलापूर्ण ढंग से काम करने वाला व्यक्ति 3. विधिवत शिक्षा प्राप्त गायक, गवैया 4. गाने-बजाने का काम करने वाली एक प्राचीन जाति।

5.1. पैदल चलने से या बैलगाड़ी आदि के पहिए से भूमि पर बनी रेख, पगडंडी 2. लकीर, रेखा 3. मर्यादा 4. लोकरीति, पुरानी परंपरा, रूढ़ि। (मु.)-पीटना : किसी पुरानी चली आई हुई प्रथा या रीति का बिना सोचे-समझे अनुकरण करते चलना।

7.1. वन में विचरण करने और रहने वाला 2. जंगली पशु।

8. पुराने विचारों वाला, रूढ़िवादी।

ऊपर से नीचे

1. शराब, दारू, मद्य।

2.1. भूतकाल या बीते हुए समय से संबंधित 2. ऐतिहासिक, अतीत का 3. गत, गुज़रा हुआ 4. पौराणिक 5. पिछला 6. प्राचीन, विगत।

3. सर्पराज, शेषनाग।

4. कुरान शरीफ़, कलामे मजीद।

6. एक तरह का नमक, काला नमक।



वर्ग पहेली -51 का हल

1 झु	टुं	ग	■	2 ख	रों	3 ट
र	■	■	4 अं	■	■	क
मु	■	■	ध	■	■	टो
ट	■	5 दु	का	न	दा	र
■	6 लौं	ग	र	■	■	ना
■	■	ना	■	■	■	■
7 लै	ला	■	8 भा	र	शि	व

सुडोकू -131

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	6							2
9		1				8		
		2			1			
		5			6		3	
	7				8		2	
	1		6			6		
1						9		
8						2		6
4					2		7	

सुडोकू -130 का हल

1	9	3	8	5	6	7	4	2
6	5	8	4	7	2	9	1	3
2	4	7	9	1	3	5	6	8
9	1	4	3	8	5	2	7	6
8	2	6	7	4	1	3	9	5
7	3	5	2	6	9	1	8	4
5	6	9	1	3	8	4	2	7
3	7	1	6	2	4	8	5	9
4	8	2	5	9	7	6	3	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 अप्रैल शनिवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 08.17 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-ज्येष्ठा 28 अप्रैल 04.28 तक तत्पश्चात मूल।

मेष — आज नए कार्यों की शुरुआत करने से बचें। यात्रा के दौरान थकान महसूस होगी। अपने काम को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। व्यापार में आपको नुकसान हो सकता है। सेहत को लेकर लापरवाही न करें। परिवार के लोग आपसे अपेक्षा रखेंगे। इस कारण आपके ऊपर दबाव रहेगा।

वृष — आज दांपत्य जीवन में सामन्जस्य बेहतरीन रहेगा। आपकी कला की लोग प्रशंसा करेंगे। व्यापार में बड़ी डील हो सकती है। नया वाहन खरीदने का विचार बनायेंगे। प्रेम संबंध का आनंद उठायेंगे। शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर लेंगे।

मिथुन — आज आप दूसरों की समस्याओं को सुलझाने में काफी प्रभावी हो सकते हैं। मन में कुछ नया करने का विचार बनेगा। आपके बातचीत करने के तरीके से लोग प्रभावित रहेंगे। कठिन कार्य के पूरा होने से आप उत्साहित रहेंगे। सोशल मीडिया में आपकी सक्रियता बढ़ेगी।

कर्क — आज संतान को शिक्षा और करियर में बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। पढ़ाई में आ रहे अवरोध दूर होंगे। बच्चों की जरूरतों का सामान खरीदने के लिए बाजार जा सकते हैं। आमतौर पर आपकी सेहत काफी अच्छी रहेगी। धार्मिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आज मौज-मस्ती के मूड में रहेंगे।

सिंह — आज पुरानी समस्या आपको सुलझती हुई नजर आयेंगी। कानूनी मामलों को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। अनैतिक कार्यों से दूरी बनाकर रखें। व्यवसाय में आय वृद्धि होगी। जीवनसाथी का उत्तम सहयोग मिलेगा।

कन्या — आज व्यापार में साझेदारी करने के लिए दिन शुभ है। आपके काम में स्थिरता आयेगी। व्यापार में लाभ होने से मन बेहद प्रसन्न रहेगा। सामाजिक कार्यों में आप बेहद सक्रिय रहेंगे। दूसरों से ज्यादा अपेक्षा न करें। दिन आपके लिए नई संभावनाओं को जन्म देगा।

तुला — आज आपको कुछ कड़वे अनुभवों का सामना करना पड़ेगा। धन का ज्यादा लालच न करें। बैंकिंग से जुड़े कार्यों में व्यवधान आ सकता है। आय से अधिक खर्च होने से आपको नुकसान होगा। आंखों में जलन की शिकायत हो सकती है। दुष्टजन आपको हानि पहुंचा सकते हैं।

वृश्चिक — आज आप भौतिक सुख-सुविधाओं का भरपूर आनंद लेंगे। जीवनसाथी की सलाह का अनुसरण अवश्य करें। नई परियोजनाओं में आप धन निवेश कर सकते हैं। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत ही अच्छी रहेगी।

धनु — आज परिवार के किसी सदस्य का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। दूसरों पर ज्यादा भरोसा न करें। अपनी भावनाओं को संयमित रखें। आज कर्ज बिल्कुल भी न लें। आपकी बातें लोगों को बुरी लग सकती है। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

मकर — आज कार्यक्षेत्र के महत्वपूर्ण अवसर मिलेंगे। आपकी जीवनशैली में सुधार आयेगा। परिवार में सुख-शान्ति बनी रहेगी। पुराने स्वास्थ्य विकार दूर होंगे। उच्च अध्ययन में रुचि ले सकते हैं। यात्रा से बड़ा धन लाभ हो सकता है। अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं।

कुंभ — आज आपके कार्यक्षेत्र में विस्तार हो सकता है। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। व्यापार को लेकर नए विचार मस्तिष्क में आयेंगे। प्रेम संबंधों को आप काफी महत्व देंगे। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं।

मीन — आज विद्यार्थियों का मन पढ़ाई से कुछ उचट सकता है। एसिडिटी और गैस के कारण समस्या होगी। सहकर्मियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। पिता की सलाह से आपको लाभ मिलेगा। अपने काम के प्रति उदासीन न रहें। फोन पर रिश्तेदारों के साथ बात हो सकती है।

आज की फिल्में

जुर्म
सुबह : 08.39
सिंबा
शाम : 06.11

तारा रम पम
सुबह : 09.36
बेल बॉटम
रात : 09.08

स्पाइडर-मैन 2
सुबह : 09.55
रैमपेज
शाम : 05.00

ये साली आशिकी
सुबह : 08.40
ऊंचाई
रात : 09.30

रंगून
सुबह : 09.23
ओएमजी 2
रात : 09.31

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर पर रात :09.08 बजे

जोक्स ऑफ द डे

दो आदमी शराब के नशे में धुत्त होकर रेल की पटरियों के बीचों-बीच जा रहे थे।

पहला - हे भगवान, मैंने इतनी सीढ़ियां पहले कभी नहीं चढ़ीं

दूसरा - अरे सीढ़ियां तो ठीक हैं, मैं तो इस बात को लेकर हैरान हूं कि हाथ से पकड़ने के लिए रेलिंग कितने नीचे लगी हुई हैं।

टीचर- मैं जो पूछूं उसका जवाब फटाफट देना।
छात्र- जी सर
टीचर- भारत की राजधानी बताओ?
छात्र- फटाफट
टीचर अभी तक संजू को पीट रहा है।

एक नजर

पेमापुर हत्याकांड के आरोपियों की जमानत

सुलतानपुर, अमृत विचार। मोतिगरपुर थाना के पेमापुर गांव में हुए बहुचर्चित विकास यादव हत्याकांड के आरोपी अकबाल व नौशाद को पुलिस ने जेल भेजा था। आरोपी के वकील शेख नजर अहमद ने बताया कि जेल में बंद आरोपियों अकबाल और नौशाद की जमानत हाईकोर्ट ने मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है। 20 नवंबर 2023 की सुबह दो पक्षों में हुई चर्चित घटना में विकास यादव की मौत हो गई थी। घटना में क्रास केस भी दर्ज कराया गया था।

जरूरतमंदों को कराया गया भोजन

सुलतानपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ प्रत्येक गुरुवार की रात जरूरतमंदों को भोजन खिलाता है। गुरुवार को संघ के मार्गदर्शक निज़ाम खान के नेतृत्व में जिला/महिला अस्पताल में 292 और रेलवे स्टेशन पर 60 कुल 352 नि :शुल्क भोजन थाली का वितरण किया गया। मौके पर मेराज, विजय निगम ,सुहेल सिद्दीकी,राज कुमार यादव,नफीसा बानों, डॉ शादाब खान,सरदार गुरुप्रीत सिंह,संतोष चौरसिया आदि मौजूद रहे।

जामिया इस्लामिया खैराबाद में आयोजित हुई शोक सभा

सुलतानपुर, अमृत विचार : इमाम अहलुस सुन्नत के उत्तराधिकारी हजरत मौलाना अब्दुल अलीम साहब फारुकी लखनवी के निधन पर जामिया इस्लामिया खैराबाद सुल्तानपुर में शोक सभा आयोजित की गई। जामिया इस्लामिया खैराबाद के शाहगंज मस्जिद के इमाम और खतीब हजरत मौलाना मुहम्मद उस्मान साहब कासमी ने हजरत रहमतुल्लाह अलैह के जीवन और उनकी धार्मिक और राष्ट्रीय सेवाओं का वर्णन किया।

प्रेम प्रसंग में विवाहिता की गला दबाकर हत्या

मृतका की बेटी बोली- डब्लू ने मां को मारा, पति ने दी नामजद तहरीर, पुलिस कर रही मामले की जांच-पड़ताल

बल्दीराय, सुलतानपुर

अमृत विचारः हलियापुर थाना क्षेत्र के जरई कला में विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दी गई। घटना के समय मृतक महिला का पति घर पर नहीं था। हत्याकांड से गांव में हड़कंप मच गया है। सीओ बल्दीराय सौरभ सावंत ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है। शुरुआती जांच में प्रेम प्रसंग में हत्या किए जाने की बात सामने आई है। वहीं, मृतका के पति ने नामजद तहरीर थाने पर दी है।

हलियापुर थाना क्षेत्र के जरईकला निवासी दिनेश पासी ने लगभग 14 वर्ष पहले गांव से दो किमी दूर गौहनिया की रहने वाली सुनीता (35) के साथ प्रेम विवाह किया था। सुनीता के दो लड़के और एक लड़की है। परिवार में सब कुछ ठीक चल रहा था। इसी बीच पड़ोस के डब्लू पासी की दोस्ती दिनेश से हुई। उसका दिनेश के घर आना-जाना बढ़ गया। ग्रामीणों की मानें तो कुछ ही दिनों में सुनीता और डब्लू में काफी नजदीकियां हो गई। जिसकी चर्चा गांव क्षेत्र में होने लगी। डब्लू भी शादीशुदा था। काफी चर्चाओं के बाद जब बात डब्लू की पत्नी के कानों तक पहुंची तो वह मायके चली गई है। बीती रात दिनेश अयोध्या के अरकुना गांव में मामा के घर गया हुआ था। यहां घर पर पत्नी सुनीता

मामले की जांच करते हुए सूचना पर पहुंची पुलिस व इनसेट में सुनीता की फाइल फोटो।

तीनों बच्चों के साथ थी। सुनीता की 12 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी ने बताया कि गुरुवार की रात डब्लू घर में आया। किसी बात को लेकर दोनों में हाथापाई हुई तो डब्लू ने मां की दुपट्टे से गला दबा कर हत्या कर दी। उसके बाद बच्चों को डरा धमका कर फरार हो गया। सुबह साढ़े छह बजे दूध वाले के दरवाजा पीटने पर लक्ष्मी ने रोते हुए दरवाजा खोला। तब लोगों को हत्या का पता चला। सूचना पर पहुंची पुलिस को दिनेश के घर के आंगन में चूड़ियों के टूटे पड़े होने के साथ,दुपट्टा तथा दो मोबाइल टूटा पड़ा मिला है। ग्रामीणों ने दिनेश को सूचना दिया। वह घर पहुंचा तब तक सीओ बल्दीराय व एसओ हलियापुर भी मौके पर पहुंच चुके थे। अधिकारियों ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम में भेजा है। दिनेश ने डब्लू के विरुद्ध नामजद तहरीर पुलिस में दी है। वहीं, मृतका की पुत्री लक्ष्मी 12, पुत्र दुर्गा प्रसाद 7 व आयुष्मान 6 वर्ष का है।

> मृतका के बेटी के बयान, घटना स्थल पर मिले साक्ष्य के आधार पर हम जांच कर रहे हैं। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।–**सौरभ सावंत,** क्षेत्राधिकारी बल्दीराय

दोस्त ने उजाड़ा दोस्त का घर

बल्दीराय : मृतका सुनीता का मायका रामतीरथ पुत्र राम दुलारे निवासी गौहनीया मजरे हलियापुर के यहां है। स्थानीय लोगों के बताने के अनुसार लगभग 14 वर्ष पूर्व दिनेश पासी व सुनीता की लव मैरिज हुई थी, जिससे मायके वाले भी नाराज़ रहते थे। डब्लू पासी व दिनेश पासी की मित्रता काफी दिनों से थी, जिससे डब्लू का दिनेश के यहां आये दिन आना जाना व साथ खाना पीना लगा रहता था। इसी का फायदा उठाकर घटना के दिन डब्लू दिनेश के घर पहुंचा था।

दहेज हत्या में सास को राहत

सुलतानपुर, अमृत विचारः गोसाईगंज थानाक्षेत्र के किठांवा में बीते माह दहेज उत्पीड़न कर बहू की हत्या करने की आरोपी सास नीलम तिवारी की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए जिला जज जय प्रकाश पांडेय ने जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह के मुताबिक वादी राजकुमार ने अपनी पुत्री ज्योती का विवाह किठांवा निवासी रमाशंकर तिवारी से दो साल पूर्व में किया था। आरोप था दहेज की खातिर बीते माह पांच मार्च को बहू की हत्या कर दी तथा मायके में सूचना दी कि उनकी पुत्री ने फांसी लगाकर जान दे दी है। जेल में निरुद्ध सास नीलम की जमानत पर हुई सुनवाई में कोर्ट ने आरोपी सास की जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है।

बेकाबू पिकअप ने बाइक सवार को रौंदा, दो की मौत

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

अखंडनगर, सुलतानपुर

अमृत विचारः गुरुवार की आधी रात के बाद निमंत्रण से लौट रहे व्यवसायी की बाइक को सामने से आ रही बेकाबू डीजे बनी पिकअप ने रौंद दिया और पलट गई। हादसे में व्यवसायी समेत 2 लोगों की मौत हो गयी, जबकि चार अन्य घायलों को अंबेडकरनगर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए पिकअप वाहन को कब्जे में लिया है।

अखंडनगर थाना क्षेत्र में कादीपुर से अखंडनगर मार्ग पर गिधौना के पास गुरुवार की रात एक बजे पिकअप ने बाइक सवार को ज़ोरदार

संजय व नरेंद्र की फाइल फोटो।

टक्कर मार दी। अनियंत्रित होकर डीजे लगी हुई पिकअप सड़क के किनारे गड्ढे में पलटी। जिससे बाइक सवार नरेंद्र प्रसाद उर्फ छोटे मिश्र (55) निवासी अलीपुर अखंड नगर तथा पिकअप पर सवार संजय कुमार (19) निवासी थाना पवई आजमगढ़ की मौके पर हुई मौत।

मृतक के भाई राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने बताया कि बीती रात लगभग एक बजे मैं अपने भाई के साथ दूसरी बाइक से कनकपुर, अखंडनगर से निमंत्रण

थाने में खड़ी दुर्घटना में शामिल पिकअप। अमृत विचार

देकर लौट रहा था, कि सामान से लहराते हुए तेज गति से कादीपुर से अखंड नगर की ओर आ रही पिकअप ने मेरे भाई की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उन्हें गम्भीर चोटें आईं एवं पिकअप भी अनियंत्रित होकर पलट गई। सूचना पर एंबुलेंस 108 के द्वारा घायलों को सीएचसी अखण्डनगर लाया गया। डॉ. सुधीर कुमार बरनवाल ने दो को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी नारद मुनि सिंह सीएचसी अखण्डनगर में पहुंचकर शव को कब्जे में लिया तथा प्राथमिक उपचार के पश्चात अन्य 4 घायलों को जिला अस्पताल अम्बेडकर नगर रेफर किया गया है।

पुलिस मुठभेड़ में लुटेरा गिरफ्तार

- जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में लगी गोली

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः लूट की वारदात को फिर से अंजाम देने पहुंचे लुटेरे से जयसिंहपुर पुलिस की शुक्रवार की सुबह करीब 4:30 बजे मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली बदमाश के पैर में लगी है। घायल अवस्था में उसे गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई में पुलिस जुटी है।

सीओ जयसिंहपुर ने बताया कि सुबह सूचना प्राप्त हुई कि अभियुक्त नौशाद निवासी धौरहरा थाना जीएनपुर जनपद आजमगढ़ जो जनपद आजमगढ का हिस्ट्रीशीटर है तथा थाना कोतवाली

पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार बदमाश। अमृत विचार

जयसिंहपुर क्षेत्र के राघवपुर शुक्ल स्थित पेट्रोल पंप पर हुई लूट की घटना का 20,000 रुपये का ईनामिया वांछित अभियुक्त है। वह फिर से किसी घटना को अंजाम देने आ रहा है। इस सूचना पर थाना जयसिंहपुर की पुलिस द्वारा घेराबंदी की गयी। अभियुक्त द्वारा गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर फायरिंग किया गया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा फायर किया गया, जिसमें अभियुक्त नौशाद को पैर में गोली लगी। अभियुक्त को उपचार हेतु सीएचसी जयसिंहपुर में भर्ती कराया गया। अभियुक्त के पास से 01 तमंचा, 03 कारतूस व 8500 रुपये बरामद हुए। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

डीएम ने लिया नामांकन स्थल का जायजा

- अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना, पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 38-सुलतानपुर के लिये नामांकन कक्ष, न्यायालय कक्ष जिलाधिकारी सुलतानपुर के आस-पास की गयी वैरीकेडिंग, छाया हेतु टेन्ट, साफ-सफाई, आने जाने के लिये रूट डायवर्जन प्लान, सुरक्षा व्यवस्था आदि के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण किया गया।

डीएम ने नामांकन कक्ष, न्यायालय

जिलाधिकारी ने एसपी के साथ नामांकन केंद्रों का किया निरीक्षण। अमृत विचार

कक्ष जिलाधिकारी का भौतिक निरीक्षण कर लोनिवि द्वारा विभिन्न स्थानों पर लगायी जाने वाली बैरिकेडिंग, टेन्ट आदि के विषय में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने लॉ एंड आर्डर के संबंध में पुलिस अधीक्षक के साथ चर्चा करते हुए पर्याप्त मात्रा में सुरक्षाबलों की तैनाती हेतु माइक्रो प्लान बनाने व सही स्थान का चयन करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने न्यायालय कक्ष में कम्प्यूटर सिस्टम लगाने, वेब कास्टिंग, वीडियोग्राफी आदि सभी आधारभूत सुविधाओं के सम्बन्ध में सभी संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिये।

माकपोल के तहत कराया गया चुनाव

लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचारः प्राथमिक विद्यालय लम्भुआ प्रथम में स्वीप कार्यक्रम के तत्वावधान में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मद्देनजर विद्यालय के बच्चों द्वारा निर्वाचन में माकपोल की प्रक्रिया करते हुए चुनाव कराया गया। प्रधानाध्यापक लीला यादव के नेतृत्व में शिक्षक वागीश त्रिपाठी, राकेश सिंह आदि ने निर्वाचन प्रक्रिया का अभिनय करते हुए कक्षा 4 व 5 के बच्चे- पीठासीन अधिकारी शुभ बरनवाल , प्रथम, द्वितीय, तृतीय मतदान अधिकारी क्रमशः श्रीकांत बरनवाल, नव्या, उत्कर्ष एवं अभिकर्ता आयशा, शुभम, सुरक्षा कर्मी - शिवम, तथा मतदान कर्ता के रूप में श्रेयांश, शगुन, आराध्या आदि मौजूद रहे ।

पूर्व विधायक संतोष पांडेय के मामले में सुनवाई 7 को

- पूर्व सपा विधायक समेत 12 के खिलाफ आदर्श आचार चुनाव संहिता के उल्लंघन का मामला

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः लंभुआ विधानसभा से पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय समेत 12 आरोपियों के खिलाफ आदर्श आचार चुनाव संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी/एमएलए कोर्ट रिक्त होने के कारण सुनवाई के लिए 7 मई की तारीख नियत की गई है।

बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कि लंभुआ के पूर्व सपा विधायक सन्तोष पांडेय व उनके दर्जन भर साथियों पर फरवरी 2022 में दो मुकदमे बीते विधानसभा चुनाव के दौरान उड़नदस्ता प्रभारी रहे वीडीओ संदीप सिंह ने कोतवाली देहात थाने में दर्ज कराया था । आरोप है कि विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व विधायक ने समर्थकों के साथ विधानसभा क्षेत्र में कई स्थानों पर बिना प्रशासन की अनुमति के जनसभा की। आदर्श चुनाव आचार संहिता और कोरोना महामारी के नियमों का उल्लंघन किया। वही एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह में 7 मई , पूर्व विधायक अनूप सण्डा के केस में 9 मई की तारीख और हर्ष फायरिंग में पूर्व विधायक सोनू सिंह की बहन अर्चना सिंह के केस में सुनवाई के लिए 7 मई की तारीख नियत की गई है।

सार-संक्षेप

सुलतानपुर का सम्मान और विकास प्राथमिकताः मेनका

सुलतानपुर, अमृत विचार : पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने शुक्रवार को चुनावी कैंपेन के 22 वें दिन लंभुआ विधानसभा में दो दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया ।उन्होंने बताया कि पांच वर्षों में 70 से 80 हजार लोगों की समस्याओं का समाधान कराया है ।उन्होंने कहा हमारी ताकत लोगों के न्याय दिलाने व रक्षा करने में इस्तेमाल होती है। उन्होंने कहा कोई भी मुश्किल हो हम बिना भेदभाव सबकी मदद करते हैं। सुल्तानपुर का विकास व सम्मान हमेशा हमारी प्राथमिकताओं में होता है। श्रीमती गांधी ने महमूदपुर में सभा को संबोधित करते हुए कहा हमने लोगों से मदद लेकर बहुत सुंदर डोप मंदिर बनाया है आप वहां पर काफी संख्या में पर्यटक आते हैं। हमने महिला समूहों को धोपाप ब्रांड से अगरबत्ती, साबुन,मेहंदी समेत अन्य कई चीजों को सिखवाया गया है।

कार्यक्रम में मौजूद अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के पदाधिकारी।

मंदिर निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

सुलतानपुर, अमृत विचार। कुलदेवी शाकुम्भरी देवी के मंदिर निर्माण के लिए बाबा बरियार शाह स्मारक स्थल जमुआवां रामगंज के प्रांगण में शुक्रवार को भूमिपूजन कर शिलान्यास किया गया। अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के संरक्षक अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा, पूर्व बार अध्यक्ष नरेंद्र बहादुर सिंह, रमाशंकर सिंह, वीरेन्द्र सिंह, सुरेश सिंह, दिनेश सिंह, समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

आग लगने से वनराजा बस्ती हुई राख

धनपतगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के टीकर गांव की वनराजा बस्ती मे बीती देर रात अज्ञात कारणों से लगी आग में चार घर जलकर राख हो गए। अब पीड़ितों को खुले आसमान के नीचे गुजर बसर करना होगा। गांव के बाहर एक बाग में वनराजा समाज के कुछ परिवार घास फूस की झोपडी मे रहकर जीवन बसर कर रहे थे। जीविकोपार्जन के लिये बुधई वनराजा का कहना है कि लोग पेड़ के पत्तों से दोना पत्तल बना कर बेचते थे। अचानक बीती रात झोपड़ी मे आग .लग गयी। हम .लोग कुछ समझ पाते तब तक लाला, सुमेरे, मगरू वनराजा के छप्पर वाले मकान भी आग की जद मे आ गये। आग .बुझाने के लिये कहीं आस पास कोई जल स्रोत भी नही था। हमारी बस्ती का इकलौता हैंड पम्प भी जलती झोपडी के निकट था जिससे पानी निकाल पाना सम्भव . नहीं हो सका। ऐसे में हमारी आंखों के सामने ही सब कुछ जलकर राख हो गया। अब पेड़ के नीचे ही गुजर बसर करना होगा। खाने के लिये भी कुछ नहीं बचा है। प्रधान की तरफ से राजस्व टीम को सूचना दी गयी है।

राणा प्रताप महाविद्यालय में मिड टर्म परीक्षा देते विद्यार्थी। अमृत विचार

राणा प्रताप पीजी कालेज में हुई स्नातक मिडटर्म परीक्षा

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातक कक्षाओं की मिड टर्म परीक्षा शुक्रवार को सकुशल सम्पन्न हो गई। पांच दिन चली इन परीक्षाओं में लगभग ढाई हजार विद्यार्थी शामिल हुए। परीक्षा नियंत्रक डॉ धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि बीए द्वितीय सेमेस्टर में लगभग 650 , चतुर्थ सेमेस्टर में लगभग 600 ,छठवें सेमेस्टर में लगभग 500 ,बीएससी द्वितीय सेमेस्टर में लगभग 130, चतुर्थ सेमेस्टर में 120 , छठवें सेमेस्टर में 90 तथा बीकाम द्वितीय सेमेस्टर में 80,चतुर्थ सेमेस्टर में 94 व छठवें सेमेस्टर में 87 विद्यार्थियों ने मिड टर्म परीक्षाएं दीं। वोकेशनल कोर्स कम्प्यूटर एप्लीकेशन की परीक्षा में स्नातक द्वितीय सेमेस्टर के 450 व चतुर्थ सेमेस्टर के 325 विद्यार्थी शामिल हुए। कालेज के मीडिया प्रभारी ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने बताया कि यदि किसी कारणवश विद्यार्थी मिड टर्म परीक्षा नहीं दे पाये हैं तो चिंता की कोई बात नहीं है। छूटे हुए विद्यार्थियों की परीक्षाएं विभाग अपने स्तर से आयोजित करायेंगे। एमए की मिडटर्म परीक्षा भी विभागों द्वारा शीघ्र ही आयोजित की जायेगी।

कॉलेज जा रही छात्रा से मनचलों ने की अश्लीलता

- ग्रामीणों ने मनचले को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचारः थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह कॉलेज जा रही छात्रा के साथ बाइक सवार मनचला अश्लील हरकत करने लगा। शोर शराबा सुनकर लोग दौड़े तो आरोपी बाइक से भागने लगा। ग्रामीणों ने बाइक सवार मनचले को पकड़ लिया। घटना से आक्रोशित स्कूल स्टाफ व परिजनों ने थाने पहुंचकर नाराजगी जताई।

क्षेत्र में संचालित विद्यालयों तक छात्र छात्राओं को पहुंचने के लिए के लिए कई ऐसे स्थान पड़ते हैं, जहां का रास्ता सुनसान है। जिस वजह से बेखौफ मनचले कॉलेज आने-जाने वाली छात्राओं पर फब्तियां कसते हैं। शुक्रवार की सुबह कॉलेज जा रही एक छात्रा के साथ सरेराह सड़क मनचले ने अश्लीलता शुरू कर दी। विरोध करते हुए छात्रा ने शोर मचाया। शोर शराबा सुनकर राहगीर दौड़ पड़े। यह देख बाइक सवार मनचला भागने लगा। लोगों ने बाइक सवार मनचले को दौड़ाकर पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को पकड़ कर थाने ले गई। घटना से आक्रोशित परिजन व कालेज के शिक्षक थाने पहुंच गए और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष ने बताया कि मुकदमा दर्ज सख्त कार्रवाई होगी।

सरकारी दुकान की जगह बाग में उतारा जा रहा राशन

- डोर स्टेप डिलिवरी की कागजी व्यवस्था से कालाबाजारी को बढ़ावा

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः भदैंया के 76 पंचायतों की सरकारी राशन दुकानों पर राशन पहुंचने की डोर स्टेप डिलिवरी व्यवस्था लागू है। अधिकारियों की लापरवाही व ठेकेदार की नियम विरुद्ध कार्य से दुकानों के बजाय चौराहे व बाजारों में राशन उतारकर व्यवस्था को तार-तार किया जा रहा है।

नियमों की अनदेखी कर राशन पहुंचाने वाले ठेकेदार द्वारा एमडीएम, आगनबाड़ी राशन तथा चीनी को राशन दुकानों पर न पहुंचाकर संयुक्त रूप से दस से पंद्रह राशन दुकानों को बुलाकर बाग बगीचे, चौराहे पर राशन उतारकर उनको सुपुर्द किया जाता है। इससे कोटेदार द्वारा राशन कालाबाजारी की आशंका भी बनी रहती है। पूर्ति विभाग के अधिकारियों की घोर लापरवाही व मिलीभगत से राशन पहुंचाने वाला ठेकेदार द्वारा

भदैंया में बाग में उतारा जा रहा सरकारी राशन।

> इस तरह का मामला मेरे संज्ञान में नहीं आया है। यदि ऐसा हो रहा है तो मैं जांच कर कार्रवाई करूंगा। इस तरह बिलकुल नहीं होने दिया जाएगा।–**जीवेश कुमार,** जिला पूर्ति अधिकारी सुलतानपुर

विकवाजितपुर की मेला वाली बाग मे कंधईपुर बाजार में, शंभूगंज व छतौना में ट्रक खड़ी कर दस से पंद्रह राशन दुकानदारों को एक साथ राशन उतारकर सुपुर्द कर देता है। डोर स्टेप डिलिवरी की व्यवस्था को कागज पर ही संचालित कर रहा है।

पूर्ति निरीक्षक और एसडीएम का नहीं मिला जवाबः मामले की जानकारी को भदैंया पूर्ति निरीक्षक आशुतोष सिह और एसडीएम दीपक वर्मा के मोबाइल पर बार बार फोन मिलाया गया, लेकिन उनका फोन नहीं उठा।

विकवाजितपुर बाग में 10 गांवों का उतारा गया राशन

भदैया के विकवाजितपुर स्थित मेला वाली बाग मे शुक्रवार को हनुमानगंज, विकवाजितपुर, सेमरी पुरुषोत्तमपुर, ऊंचहरा, भपटा, पूरेबाघराय, लोदीपुर मजिलेगांव सहित दर्जन भर गांव की राशन दुकानों का आंगनबाडी केन्द्रों का राशन ट्रक से उतारा गया। राशन दुकानदार मौके पर ई रिक्शा व छोटे वाहनों से राशन को सरकारी दुकान तक ले गये है। राशन दुकानदारों में इस व्यवस्था से काफी नाराजगी है लेकिन पूर्ति विभाग के अधिकारियों के दबाव व ठेकेदार की मनमर्जी के आगे वे बेबस है।

उपलब्धि विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने जताई खुशी

जेईई मेन्स में सनबीम स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

वैभवराज द्विवेदी श्रेयाश तिवारी देवांश श्रीवास्तव अंशुमान दुबे कृष्णा गुप्ता।

सुलतानपुर

अमृत विचारः सनबीम स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर से जेईई मेन्स की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के प्रबंधक अनिरुद्ध गुप्ता और विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. शरणजीत कौर ने खुशी जताई है। प्रधानाचार्य ने बताया कि जेईई मेन्स की परीक्षा में श्रेयस तिवारी ने 99.75 परसेंटाइल तथा वैभव तिवारी ने 99.31 परसेंटाइल प्राप्त किया है। इसके अलावा तेजस्व पांडेय ने 98.25 देवांश श्रीवास्तव ने 97.26, कृष्णा गुप्ता ने 94.01तथा अंशुमान दूबे ने 91.74 परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

छात्रवृत्ति परीक्षा में तीन बच्चों का चयन

बल्दीराय, सुलतानपुर : उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरे तुलसीराम तिवारी की छात्राओं ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रियांशी, निधी, मंजुला को सरकार की तरफ से छात्रवृत्ति दी जाएगी। यह परीक्षा जिले स्तर पर कराई जाती है। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि इंटर तक की पढ़ाई करने के लिए आगे के चार साल बच्चों को 1000 रुनसे प्रतिमाह छात्रवृत्ति मिलेगी। प्रधानाध्यापक शैलेंद्र कुमार मिश्र, सहायक अध्यापक संजीव कुमार सिंह ने बच्चों की उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की है।

मंजुला प्रियांशी निधि

सुमित यादव ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

कूरेभार, सुलतानपुर : राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई–मेन्स सत्र 2 के लिए रिजल्ट की घोषणा कर दी गई है। जेईई मेन्स सत्र 2 रिजल्ट 2024 में विकास क्षेत्र कूरेभार के भटवारा प्रधान प्रतिनिधि संदीप यादव के पुत्र सुमित यादव 99 .33 प्रतिशत स्कोर प्राप्त किया है। जेईई मेन्स टॉपर लिस्ट में अपना नाम दर्ज कर यूपी का परचम लहराया है।

सुमित यादव

कुंवर नीरज सिंह बने कार्यवाहक प्रधानाचार्य

सुलतानपुर, अमृत विचार। जवाहर लाल स्मारक इंटर कालेज गरएं के कार्यवाहक प्रधानाचार्य अरविंद सिंह की कुर्सी छिन गई है। समाजसेवी सत्यनाथ पाठक की शिकायत पुष्ट होने पर प्राधिकृत नियंत्रक पल्लवी सिंह ने उन्हें कार्यमुक्त कर दिया है। उनकी जगह विद्यालय प्रवक्ता कुंवर नीरज सिंह कार्यवाहक प्रधानाचार्य बनाए गए हैं। अरविंद सिंह विद्यालय में प्रवक्ता बने रहेंगे। वे माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री भी हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने बताया कि शासन के आदेश पर यह कार्यवाही की गई है। विद्यालय में द्वितीय नंबर के वरिष्ठ प्रवक्ता भी विवादित है तो तीसरे नंबर को कार्यवाहक प्रधानाचार्य बनाया गया है।

एक नजर

पुलिस ने वर-वधू पक्ष को समझाकर कराया विवाह

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। शादी के दौरान वर और वधू पक्ष के लोगों में मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची मोहाना थाना पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया और सुलह कराकर विवाह को संपन्न कराया। थाना मोहाना अन्तर्गत ग्राम बेलौहा मे खेसरहा से बारात आयी थी। डीजे पर डांस को लेकर वर एवं वधू पक्ष के बीच मार-पीट हो गयी तथा बरात बिना शादी किए वापस चली गयी। वर पक्ष कार्यवाही के लिए पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत होकर प्रतिवेदन दिया था। मामले में एसपी के निर्देश पर थाना मोहाना पुलिस ने दोनो पक्षों को सम्भ्रान्त व्यक्तियों की मौजूदगी में समझाकर सुलह कराया और विवाह संपन्न करने को राजी किया। दुल्हन रेनू पुत्री रामकेश निवासी बेलौहा व दूल्हा शिवकुमार पुत्र रुप नारायण निवासी कड़जा थाना खेसरहा ने एक-दूसरे को थाना के समीप एक मंदिर में वर माला पहनाई।

चार अभियुक्तों को एक-एक वर्ष का कारावास

सिद्धार्थनगर ,अमृत विचार। ऑपरेशन कन्विंसिंग के तहत जिला मॉनिटरिंग सेल वह थाना खेसरा पुलिस की प्रभावी पैरवी से मारपीट के चार आरोपियों को एक-एक वर्ष के कारावास वह प्रत्येक को 25-25 हजार के अर्थ दंड से दंडित कराया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में शुक्रवार को कई मुकदमों में अभियुक्त रामनरेश, रामरक्षा, राम भवन व रामकरण निवासी भलुहा थाना खेसरहा को एक-एक वर्ष के कठोर कर आवास वह 25-25 हजार के अर्थदन से दंडित कराया गया। सजा कराए जाने में जिला मॉनिटरिंग सेल अपर जिला शासकीय अधिवक्ता चंद्र प्रकाश पांडे तथा न्यायालय पैरों कर मुख्य आरक्षी राजेश्वरी चंद्रा थाना खेसरा का योगदान रहा।

700 हिस्ट्रीशीटरों पर पुलिस रख रही नजर

सिद्धार्थनगर

▸▸ **चुनाव में गड़बड़ी करने की आशंका को लेकर पुलिस सतर्क**

अमृत विचार। चुनाव में अशांति न फैलने पाए, इसके लिए पुलिस हर तरह से अलर्ट हो गई है। अपराधियों से माहौल खराब होने की आशंका रहती है। इसलिए पुलिस अपराधियों पर ही नजर रख रही है। जिले के 700 हिस्ट्रीशीटरों पर नजर रखने के लिए उनके परिवारों से पूछताछ की जा रही है। इसके साथ ही उनके मोबाइल की भी मॉनिटरिंग की जा रही है, जिससे उनके लोकेशन के बारे में पता चल सके और अगर कोई गड़बड़ी करने की कोशिश करते हैं तो कार्रवाई की जा सके।

लोकसभा चुनाव को सकुशल और निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए पुलिस विभाग की ओर से अपराधियों पर कार्रवाई कर रही है। बार्डर पर चेकिंग करने के साथ ही शराब सहित अन्य कार्रवाई कर रही है। इसके साथ ही पुलिस हिस्ट्रीशीटर की भी निगरानी कर रही है। 700 ऐसे हिस्ट्रीशीटर चिह्नित हैं, जिनका पूरा ब्यौरा पुलिस ने रखा है। बीट दरोगा और सिपाही प्रतिदिन इनकी खबर ले रहे हैं कि कहां है। परिवार से पूछते हैं कि घर पर है या कहीं बाहर। अगर बाहर है तो कहां गया है। इसके बारे में पुलिस जानकारी ले रही है। यह इसलिए की इनकी ओर से मतदान प्रभावित किया जा सकता है। यह लोग आसपास के लोगों में भय फैला सकते हैं, इसलिए इनकी विशेष निगरानी की जा रही है। मतदान और मतगणना समाप्त होने तक इनकी कड़ी निगरानी होगी। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए हिस्ट्रीशीटरों की कड़ी निगरानी की जा रही है।

संबंधित थाने की पुलिस अपने-अपने क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों का नंबर भी ले रखी है। उसके परिवार का भी नंबर रखा है, जिससे जरूरत पड़ने पर उसके बारे में जानकारी ली जा सके। वहीं घर छोड़कर काफी समय से गायब रहने वाले हिस्ट्रीशीटरों के बारे में परिवार से पता किया जा रहा है। समय-समय पर कॉल करके उनके बारे में पूछा जा रहा है। इसमें सक्रिय वालों पर विशेष निगरानी की जा रही है। क्योंकि वह प्रभाव डाल सकते हैं।

10वीं व 12वीं की मेधावी छात्राओं को सम्मानित कर बढ़ाया हौसला

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। बुद्ध विद्यापीठ इंटर कॉलेज बर्डपुर में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट में माधुरी 90 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान, अभय प्रताप सिंह 87 .6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा नेहा वर्मा ने 86 .6 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। सर्वोच्च 10 स्थानों में इनायतुल्लाह, आशीष पाल, अमन चौबे, फैजान अहमद, अशरफ अली, सपना कसौधन, ईशा राव और गरिमा कान्दू रहीं। हाईस्कूल में शीर्ष 10 स्थान में प्रथम स्थान खुशी, द्वितीय स्थान मानसी तथा तृतीय स्थान अस्मिता को प्राप्त हुआ। इसके अलावा बनिता, खुशबू, पायल, रंजीत विश्वकर्मा, पूजा, प्रिया चौधरी और खुशबू सिंह को स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जावेद आलम उर्फ चुन्ने तथा प्रधानाचार्य मनोज कुमार मिश्र ने मेधावी बच्चों को फूल माला तथा मेडल पहनाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि इसी तरह अच्छे से मेहनत करते हुए आगे बढ़ते रहिए। प्रधानाचार्य ने कहा कि मेहनत और लगन से इसी तरह आगे बढ़ते रहिए तथा भविष्य में अच्छा पद प्राप्त करके अपने माता पिता, अपने गांव तथा विद्यालय का नाम रोशन करें। कार्यक्रम का संचालन पूर्णेश्वर मिश्र ने किया।

इस बार का चुनाव जाति-धर्म से हटकर : ब्रजेश

उप मुख्यमंत्री ने भाजपा के सोशल मीडिया कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को किया संबोधित

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। इटवा में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने तहसील मुख्यालय के माता प्रसाद जायसवाल इंटर कॉलेज परिसर में शुक्रवार को आयोजित सोशल मीडिया कार्यक्रम को संबोधित किया। भाजपा के हजारों सोशल मीडिया कार्यकर्ताओं के साथ जिले के सभी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। सम्मेलन में सिद्धार्थनगर जिले के विभिन्न पार्टियों के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस, सपा, बसपा छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

सम्मेलन को संबोधित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

उपमुख्यमंत्री ने सभी का स्वागत किया।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पिछले 10 सालों में मोदी सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों की विफलताएं गिनाईं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। आज जो ख्याति जो स्थान पूरे विश्व में भारत को मिला है, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देन है। कहा कि हर तरफ विकास की गंगा बह रही है स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार कृषि हर क्षेत्र में भारत ने प्रगति की है। बाद में मुख्यमंत्री ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि इस बार का चुनाव जाति-धर्म से उठकर हो रहा है, लोग जात धर्म को भूलकर भाजपा को वोट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में भाजपा पर लोगों का भरोसा बढ़ा है और हर जगह विशेष कर यूपी में भाजपा की एक तरफ़ा लड़ाई है। विपक्षी पार्टी के प्रत्याशी दूर-दूर तक कहीं नहीं है इस बार के चुनाव में सारे ही विपक्ष के प्रत्याशियों की जमानत जप्त हो जाएगी और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी उत्तर प्रदेश में 80 के 80 सीटों पर विजय प्राप्त करेंगे। उपमुख्यमंत्री ने डुमरियागंज लोकसभा से वर्तमान सांसद और भाजपा प्रत्याशी जगदम्बिका पाल को लेकर कहा कि यहां पर भाजपा प्रत्याशी जगदम्बिका पाल यहां से बहुत बड़ी मार्जिन से जीत हासिल करेंगे। इस सम्मेलन में इस सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बदले हुए समय पर खुले नहीं मिले अधिकतर स्कूल

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। भीषण गर्मी व लू को देखते हुए परिषदीय स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया है। लेकिन इस बदलाव के पहले दिन गुरुवार को खुनियांव ब्लॉक क्षेत्र के तमाम विद्यालय समय पर नहीं खुले।

बुधवार को जिलाधिकारी ने गर्मी और तेज हवा को देखते हुए कक्षा एक से 12 तक के विद्यालयों के संचालन का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक कर दिया। आदेश के अनुसार गुरुवार से परिषदीय विद्यालयों का संचालन भी सुबह 7 बजे से होना था, लेकिन पड़ताल में अधिकतर विद्यालय समय पर नहीं खुले। प्रथमिक विद्यालय कटया में सुबह 7:10 पर ताला लटका मिला। अकोलिहा स्थित कंपोजिट विद्यालय पर भी 7:15 तक कोई नहीं आया था और गेट बंद मिला। प्राथमिक विद्यालय मिश्रौलिया में भी यही तस्वीर देखने को मिली। स्कूल के गेट पर ताला लटकता मिला। प्राथमिक विद्यालय कुनगाई में साढ़े सात बजे स्कूल के गेट का ताला तो खुला मिला, लेकिन अन्य कमरों में ताला बंद था और पूरे परिसर में कोई नजर नहीं आया। पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय लटेरा व प्रथमिक विद्यालय शिवदासपुर भी साढ़े सात बजे तक बंद रहा। बीईओ ओम प्रकाश मिश्रा ने कहा कि समय परिवर्तन के बाद तय समय पर विद्यालयों का संचालन होना है।

नौ विषयों की सेमेस्टर परीक्षाएं संपन्न

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में चल रही सम सेमेस्टर परीक्षा के सातवें दिन नौ विषयों की परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा में विश्वविद्यालय व छह जिलों के महाविद्यालय के लगभग 12 हजार छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। छात्रों के अनुसार प्रश्न पढ़ते ही उसके विकल्प का चयन हो जा रहा हैं। जबकि कोर्स से संबंधित ही प्रश्न आ रहे हैं। इससे परीक्षा में किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं हो रही हैं।

गुरुवार को राजनीति विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित, कला प्रदर्शन, इलेक्ट्रानिक्स, विभेदक शिक्षा और यात्रिंक, संस्कृत, व बीबीए बीसीए की परीक्षा संपन्न हुई। सभी पालियों में छात्रों ने परीक्षा दिया। परीक्षा के दौरान सीसीटीवी कैमरे से निगरानी हो रही थी। परीक्षा को लेकर पूरी तैयारी रही। सचलदस्ता की टीम निगरानी करती रही। परीक्षा के दौरान प्रशासनिक अधिकारी विद्यालय पर बैठकर ड्यूटी करते रहे। परीक्षा नियंत्रक अमरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा पूरी तरह से नकल विहीन कराई जा रही हैं। यदि कोई भी छात्र किसी प्रकार की हरकत कर रहा हैं तो उसे तत्काल चेतावनी दी जा रही हैं। छात्रों ने बताया की परीक्षा में आ रहे प्रश्नों का उत्तर आसानी से हो जा रहा हैं। बहुविकल्पीय परीक्षा होने से प्रश्न पर भी ध्यान दिया जा रहा हैं। प्रश्न कोर्स से संबंधित ही आ रहे हैं।

बहुविकल्पीय प्रश्न होने के बाद भी प्रश्न का उत्तर देने में परेशानी नहीं होती हैं। ओएमआर पर एक बार उत्तर गलत होने से उसे सुधारा नहीं जा सकता। ऐसे में प्रश्न को बार-बार पढ़ कर ही उत्तर दे रहे है। **शालिनी पांडेय, छात्रा**

किसी भी परीक्षा को देने के लिए किताबों को पढ़ना सबसे अधिक जरूरी हैं। ऐसे में छात्रों को परीक्षा से पहले ही कोर्स को पढ़ लेना चाहिए। किसी भी परीक्षा में विषय से हटकर प्रश्न नहीं आते हैं। **अर्पिता गुप्ता, छात्रा**

पुलिस ने चिन्हित स्थानों पर किया पैदल गश्त

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत थानाक्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट-स्पॉट तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त किया गया। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के निर्देशन में जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस-पास पैदल गश्त/चेकिंग किया गया तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुए संवाद किया।

लावारिस मिले तीन किशोरों को चाइल्ड लाइन को सौंपा

गोरखपुर

अमृत विचार। लवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़, आरक्षित टिकटों के अवैध कारोबार की रोकथाम सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है।

इसी क्रम में 25 अप्रैल को रेलवे सुरक्षा बल स्कोर्ट पार्टी को गाड़ी संख्या-12595 में 12 एवं 14 वर्ष के दो नाबालिग लड़के लावारिस हालत में मिले, जिसे रेलवे सुरक्षा बल, गोण्डा को सुपुर्द किया गया। पूछताछ के उपरान्त दोनों लड़कों को चाइल्ड लाइन को सुपुर्द किया गया। रेलवे सुरक्षा बल, गोरखपुर द्वारा गाड़ी संख्या-14617 में 8 वर्ष का एक लड़का मिला। पूछताछ के बाद उसे चाइल्ड लाइन को सुपुर्द किया गया। रेलवे सुरक्षा बल, नकहा जंगल ने यात्री का छूटा बैग बरामद कर नकहा पोस्ट पर जमा किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर बैग को उसे सुपुर्द किया गया। मण्डल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, लखनऊ से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल स्कोर्ट पार्टी द्वारा गाड़ी संख्या-15274 से यात्री का छूटा बैग बरामद कर गोण्डा पोस्ट पर जमा किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर बैग को उसे सुपुर्द किया गया। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

सार-संक्षेप

आग से आधा दर्जन से अधिक घरों का सामान जला

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। लोटन कोतवाली क्षेत्र क्षेत्र के बड़हरा टोला लोधपुरवा में शुक्रवार को डंठल से लगी आग से छह से अधिक घर जलकर राख हो गए। ग्रामीणों के घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पीड़ित परिवार फिलहाल खुले आसमान के नीचे देर डाले हुए हैं। क्षेत्र के किसी बड़हरा गांव के टोला लोधपुरवा में किसी ने डंठल में सिगरेट पीकर फेंक दिया। जो सुलगते सुलगते गांव के पश्चिम आग लग गई। हवा तेज रहने के कारण वहां जुटे ग्रामीणों के प्रयास के बावजूद आग बेकाबू हो गई। देखते ही देखते डंठल की आग मकानों तक पहुंची और वे धू धू कर जलने लगे।मौके पर मौजूद पुलिस के जवानों व ग्रामीणों के बार-बार अग्निशमन विभाग को सूचना देने के बाद दमकल आया। तब तक आधे दर्जन लोगों के मकान जल कर खाक हो चुके थे।। आग से गांव निवासी सुरेश, झिनकू, रामानंद, राजेंद्र के मकान पूरी तरह जल चुके है। जिसमें सभी लोगों का मिला कर लाखों रुपये का नुकसान हो गया है। अनाज जलने से लोग भुखमरी के कगार पर पहुंच गए है। इस समय पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे अपना सामान रख कर बैठे हुए हैं। लोग बताते हैं कि अगर समय रहते दमकल की गाड़ी पहुंच जाती तो इतना नुकसान नहीं होता। ग्रामीणों के साथ दमकल कर्मियों की ओर से किसी तरह आग पर काबू पाया गया।

उत्कृष्टता का केंद्र स्थापित करने को हुआ भूमि पूजन

गोरखपुर, अमृत विचार। महाराणा प्रताप पॉलिटेक्निक में उत्कृष्टता का केंद्र स्थापित करने के लिए भूमि पूजन किया गया। संस्था में उत्कृष्टता का केंद्र सेंटर आफ एक्सीलेंस स्थापित करने के लिए प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर यूपी सिंह एवं संस्था के प्रधानाचार्य डॉ. अनिल प्रकाश सिंह ने भूमि पूजन किया। इस अवसर पर प्रोफेसर यूपी सिंह ने संपूर्ण परिवार को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह उत्कृष्टता का केंद्र लगभग 50 करोड़ रुपए से निर्मित हो रहा है, जो रिसर्च तकनीकी एवं कौशल विकास के रूप में कार्य करेगा। इससे विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को मदद तो मिलेगी ही, साथ ही अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के जरिए समस्याओं के समाधान में भी मदद मिलेगी। संस्था के प्रधानाचार्य डॉ. अनिल प्रकाश सिंह ने कहा कि यह उत्कृष्टता का केंद्र सेंटर आफ एक्सीलेंस प्रौद्योगिकी की जटिल चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होगा। इससे इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नवाचार और विकास को बढ़ावा मिलेगा। कहा कि यह केंद्र इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञान और कौशल को मजबूत करने का माध्यम बनेगा, साथ ही तकनीकी शिक्षा में रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के जरिए युवाओं को प्लेसमेंट प्रदान करने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर संस्था प्रबंध समिति के सदस्य एवं संस्था प्रभारी रामजन्म सिंह, शिक्षक माधवेंद्र राज, अर्जुन कुमार अग्रवाल, दिनेश प्रताप सिंह, डॉ. संतोष कुमार सुमन, मनीष कुमार सिंह, अभय कुमार यादव, अनुराग उपाध्याय, अरुण कुमार सिंह, शांतनु सिंह, प्रदीप मणि त्रिपाठी, प्रदीप कुमार सिंह, सुधीर कुमार, संतोष कुमार सहित संस्था के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यदाई संस्था केके कंस्ट्रक्शन कंपनी के इंजीनियर विनीत कुमार श्रीवास्तव भी टीम के साथ उपस्थित रहे।

प्रेक्षक प्रतिदिन करेंगे आम जनता से मुलाकात

हरदोई, अमृत विचार। 31-लोक सभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र हरदोई के लाईजिनिंग आफिसर/अधिशासी अभियंता जल निगम एके त्रिपाठी ने बताया है कि लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र हरदोई के प्रेक्षक एम. सुन्दरेश बाबू का आगमन 24 अप्रैल हो चुका है। श्री त्रिपाठी ने अवगत कराया कि प्रेक्षक आम जनता से प्रतिदिन प्रातः 10 से 11 बजे तक लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले पर मुलाकात करेगें और प्रेक्षक का मोबाइल नम्बर-9453756109 है।

अनारक्षित विशेष गाड़ियों का संचालन बढ़ा

गोरखपुर

अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 01109/01110 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 28 अप्रैल एवं 2 मई को तथा गोरखपुर से 30 अप्रैल एवं 4 मई, 2024 को दो फेरों के लिए किया जायेगा। इसके अलावा 09335/09336 इन्दौर जं.-हावड़ा-इन्दौर जं. ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन इन्दौर जं. से 26 अप्रैल को तथा हावड़ा से 28 अप्रैल को एक-एक फेरे के लिये किया जायेगा। इस गाड़ी में

शयनयान श्रेणी के 07, साधारण द्वितीय श्रेणी के 08 तथा एस.एल. आर./डी. के 02 कोचों सहित कुल 17 कोच लगाये जायेंगे।

09043/09044 बान्द्रा टर्मिनस-बरौनी-बान्द्रा टर्मिनस ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन बान्द्रा टर्मिनस से 26 अप्रैल को तथा बरौनी से 29 अप्रैल को एक-एक फेरे के लिये किया जायेगा। 04065 दरभंगा-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचलन दरभंगा से 27 अप्रैल को एकल यात्रा के लिए किया जायेगा। इस गाड़ी के सभी कोच अनारक्षित श्रेणी के लगाये जायेंगे। 04411 सहरसा-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचलन सहरसा से 28 अप्रैल को एकल यात्रा हेतु किया जायेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियों का संचालन

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की हो रही अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियों का संचालन विभिन्न मार्गों से करने का निर्णय लिया है। 04066 नई दिल्ली-दरभंगा विशेष गाड़ी 26 अप्रैल को (12566 नई दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस के मार्ग पर) नई दिल्ली से 13 .20 बजे प्रस्थान कर नई दिल्ली-गाजियाबाद-अलीगढ़- टूण्डला-इटावा-कानपुर सेंट्रल-ऐशबाग-बाराबंकी-गोंडा-गोरखपुर-देवरिया सदर- सीवान-छपरा-समस्तीपुर-दरभंगा के रास्ते चलाई जा रही हैं। 04412 नई दिल्ली-सहरसा विशेष गाड़ी 26 अप्रैल को (12554 नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस के मार्ग पर) नई दिल्ली से 20 .15 बजे प्रस्थान कर नई दिल्ली-गाजियाबाद- अलीगढ़-टूण्डला-इटावा-कानपुर सेंट्रल-ऐशबाग-बाराबंकी-गोंडा-बस्ती-गोरखपुर-देवरिया सदर-सीवान-छपरा-सोनपुर-हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-बेगूसराय-खगड़िया-सहरसा के रास्ते चलाई जा रही हैं। इस गाड़ी के सभी कोच अनारक्षित श्रेणी के लगाये गये हैं। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

डीआईओएस ने अनुपस्थित मिले शिक्षकों का रोका वेतन

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। माध्यमिक विद्यालयों में पठन-पाठन समेत बच्चों, शिक्षकों, बच्चों की उपस्थिति को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) सोमारू प्रधान ने शुक्रवार को कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान राजेंद्र भारती इंटर कॉलेज बढ़नीचाफा में बिना सूचना के अनुपस्थित दो शिक्षक और एक लिपिक का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया है। जबकि जीजीआईसी डुमरियागंज में अनुपस्थित प्रिसिंपल और एक लिपिक का वेतन बाधित करने की कार्रवाई की है।

जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने राजेंद्र भारती इंटर कॉलेज बढ़नीचाफा का निरीक्षण किया। जहां बिना सूचना 18 अप्रैल से शिक्षक धीरेंद्र प्रताप सिंह, 22 अप्रैल से प्रमोद कुमार तिवारी और लिपिक राधेश्याम 12 अप्रैल से अनुपस्थित मिले। सभी का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने की कार्रवाई की है। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज डुमरियागंज के निरीक्षण में प्रधानाचार्य रजनी पांडेय, लिपिक अन्नपूर्णा अनपुस्थित मिली। इन दोनों का वेतन निरीक्षण तिथि का कटौती करने की कार्रवाई की है। इसके अलावा रफी मेमोरियल इंटर कॉलेज चकचई, मौलाना आजाद इंटर कॉलेज कादिराबाद, मार्डन हायर सेकेंड्री हल्लौर, पीपुल्स इंटर कॉलेज डुमरियागंज का भी निरीक्षण किया।

सीडीओ ने बढ़नी ब्लॉक कार्यालय का किया निरीक्षण

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा विकास खण्ड बढ़नी कार्यालय परिसर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय खण्ड विकास अधिकारी बढ़नी श्याम मुरली मनोहर मिश्र सहित लेखाकार, वरिष्ठ सहायक एपीओ, लेखा सहायक आदि मौजूद रहें। विकास परिसर में साफसफाई एवं कार्यालय के सभी पटल पर अभिलेखों का रख-रखाव एवं पत्रावली का अवलोकन किया। परिसर के साफ-सफाई एवं परिसर में लगे आरओ की टोटी बदलने के निर्देश दिये।

ब्लॉक कार्यालय में अभिलेखों का निरीक्षण करते सीडीओ। अमृत विचार

कर्मचारी की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। स्थापना पटल पर मुस्ताक अहमद अंसारी, वरिष्ठ सहायक एवं ग्राम पंचायत अधिकारी जगजीवन की सर्विस बुक व जीपीएफ पासबुक का अवलोकन किया गया। जीपीएफ पासबुक की फट गया है, जिसकी जिल्द मरम्मत करने के निर्देश दिये गये। लेखा पटल पर ग्रांट रजिस्टर पार्ट 3 का अवलोकन किया। क्षेत्र पंचायत द्वारा राज्य वित्त केंद्रीय वित्त से कराए गए ग्राम पंचायत रेकहट में इंटरलॉकिंग कार्य की पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली में श्रमिक के मस्टररोल पर कार्य प्रभारी के नाम पदनाम सहित मुहर लगाने तथा फार्म एवं बीडीओ के बीच अनुबन्ध की प्रति लगाने, मस्टर रोल के भुगतान की ऑनलाइन रिर्पोट रखने के निर्देश दिये। मनेरगा सेल में एपीओ एवं लेखा सहायक के उपस्थित मिले। ग्राम पंचायत सिसवा उर्फ शिवभरी में मिट्टी पटाई कार्य की पत्रावली का अवलोकन करते हुए एनएमएस पर फीड फोटो की कॉपी रखने के निर्देश दिया गया। ग्राम पंचायत में अभिलेख ग्राम पंचायतवार रैक में रखने के निर्देश दिया गया। खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत निर्धारित 8.4.9 के मानक एवम चेक लिस्ट के अनुसार पत्रावली में अभिलेख संरक्षित किया जाय। खण्ड विकास अधिकारी ने मतदान केन्द्रों पर आवश्यक सुविधाओं के उपलब्धता हेतु बूथवार समीक्षा करते हुए सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा निरीक्षण के पाई गई कमियों को ठीक करने के निर्देश दिया गया। बाल विकास परियोजना कार्यालय का निरीक्षण करते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया गया कि नियमित केन्द्र का निरीक्षण करें।

स्पेशल रेल सेवाओं का हो रहा संचालन

नई दिल्ली

अमृत विचार। रेलवे द्वारा आगामी गर्मियों की छुटिटयों में अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए भावनगर टर्मिनस-दिल्ली कैंट-भावनगर टर्मिनस व काचीगुडा-हिसार-काचीगुडा साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 09557/09558, भावनगर टर्मिनस-दिल्ली कैंट-भावनगर टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल गाड़ी संख्या 09557, भावनगर टर्मिनस-दिल्ली कैंट साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 3 मई से 28 जून तक (9 ट्रिप) भावनगर टर्मिनस से शुक्रवार को 15 .15 बजे रवाना होकर शनिवार को 13 .10 बजे दिल्ली कैंट पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09558, दिल्ली कैंट-भावनगर टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 4 मई से 29 जून तक 9 ट्रिप दिल्ली कैंट से शनिवार को 15 .25 बजे रवाना होकर रविवार को 12 .25 बजे भावनगर टर्मिनस पहुँचेगी।यह रेलसेवा मार्ग में भावनगर पारा, सिहोर गुजरात, धोला, बोटाद, सुरेन्द्रनगर, वीरमगांव, चन्दोलिया बी केबिन, मेहसाना, पालनपुर, आबूरोड, फालना, मारवाड ज., ब्यावर, अजमेर, किशनगढ, फुलेरा, रींगस, नीम का थाना, नारनौल, रेवाडी व गुडगांव स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 02 सैकण्ड एसी, 04 थर्ड एसी, 08 द्वितीय शयनयान, 02 साधारण श्रेणी व 02 गार्ड डिब्बो सहित कुल 18 डिब्बे होगे। 07055/07056, काचीगुडा-हिसार-काचीगुडा साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा गाडी संख्या 07055, काचीगुडा-हिसार साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 02 .05 .24 से 27 .06 .24 तक (9 ट्रिप) काचीगुडा से गुरूवार को 15 .15 बजे रवाना होकर शनिवार को 11 .15 बजे हिसार पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 07056, हिसार-काचीगुडा साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 05 .05 .24 से 30 .06 .24 तक (9 ट्रिप) हिसार से रविवार को 12 .35 बजे रवाना होकर मंगलवार को 07 .30 बजे काचीगुडा पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में मडचेल, वाडियाराम, कामारेड्डी, निज़ामाबाद, बसर, मुदखेड, नांदेड, पूर्ना, बसमत, हिंगाली, वाशिम, अकोला, षेहगांव, मलकापुर, भुसावल, जलगांव, अमालनेर, नंदुरबार, सूरत, वडोदरा, अहमदाबाद, मेहसाना, पालनपुर, आबूरोड, फालना, मारवाड ज., पाली मारवाड, लूनी, जोधपुर, मेडता रोड, नागौर, नोखा, बीकानेर, श्रीडूंगरगढ, राजलदेसर, रतनगढ, चूरू व सादुलपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 5 सैकण्ड एसी, 05 थर्ड एसी, 07 थर्ड एसी इकोनोमी, 03 द्वितीय शयनयान व 02 पावर कार डिब्बो सहित कुल 22 डिब्बे होगे।

पूर्वोत्तर राज्यों में विकास और कल्याणकारी योजनाओं के सहारे भाजपा गठबंधन की 25 में 20 से अधिक सीटें जीतने की कोशिश

कनेक्टिविटी से टी और टूरिज्म बढ़ा मिटी दिलों की दूरी

पर्वतों, नदियों, पहाड़ों, झीलों और चाय के बागानों के साथ हरियाली से सम्पन्न भरपूर प्राकृतिक सौंदर्य वाले पूर्वोत्तर के सेवन सिस्टर्स समेत आठ राज्यों में लोकसभा की कुल 25 सीटें हैं। इनमें अकेले असम में 14 सीटें हैं। मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और त्रिपुरा में 2-2 सीटें हैं, जबकि नागालैंड, सिक्किम और मिजोरम में लोकसभा की एक-एक सीट है। पहले चरण में यहां 14 लोकसभा सीटों पर मतदान हो चुका है।

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार: दूसरे चरण में शुक्रवार को असम में पांच सीटों के साथ मणिपुर और त्रिपुरा की एक-एक सीट पर वोट डाले गए। अब असम की शेष बची चार सीटों पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि पूर्वोत्तर न तो दिल्ली से दूर है और न ही दिल से, तो भाजपा के 10 साल के शासन में यहां आया बदलाव अब जमीन पर नजर आता है। सबसे बड़ी बात यह है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश के इस हिस्से में सड़क, रेल और हवाई यात्रा की कनेक्टिविटी पहले से काफी बढ़ गई है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच रहा है। मणिपुर की हिंसा को छोड़ दें तो पूर्वोत्तर राज्यों के कई अलगाववादी संगठन समझौता कर मुख्यधारा में लौट चुके हैं। बीते दस वर्षों में 11 शांति समझौतों पर दस्तखत हुए हैं। एक आंकड़े के मुताबिक 2014 से अब तक करीब 10 हजार विद्रोहियों ने आत्मसमर्पण किया है। पूर्वोत्तर में असम सहित कई राज्यों की अर्थव्यवस्था में पर्यटन (टूरिज्म) और चाय (टी) का बड़ा योगदान है, तो इस दिशा में भी कनेक्टिविटी बेहतर होने का लाभ मिल रहा है। लोकसभा चुनाव में प्रचार के दौरान भी टी और टूरिज्म उद्योग से जुड़े मुद्दों का जोर रहा। भाजपा ने चाय बागान, टूरिज्म और कनेक्टिविटी की दिशा में किए गए काम गिनाकर आगे का विजन सामने रखा और कहा कि आज पूर्वोत्तर पीएम मोदी के कारण ही देश के बाकी हिस्से से दूरी मिटाकर दिल से जुड़ गया है। पार्टी को इसी के बूते पूरा भरोसा है कि पिछली बार से और बेहतर प्रदर्शन करने में सफल हो पाएगी।

असम में सीटों के नए परिसीमन से पड़ सकता नतीजों पर असर

- पूर्वोत्तर के सबसे बड़े राज्य असम जहां से लोकसभा की 14 सीटें आती हैं, को पूर्वोत्तर भारत का प्रवेश द्वार कहा जाता है। इस राज्य की पहचान चाय के बागान हैं। बांग्लादेश, भूटान और म्यांमार जैसे देश इस राज्य की सीमा से जुड़े हैं। इस बार राज्य में परिसीमन के बाद लोकसभा चुनाव में सभी 14 सीटों के समीकरण बदल चुके हैं। लोकसभा की 14 में दो सीटें एसटी उम्मीदवारों के लिए और एक सीट एससी उम्मीदवार के लिए आरक्षित है। सीटों के नए परिसीमन का असर चुनाव नतीजों में देखने को मिल सकता है। असम में 2014 के चुनाव में भाजपा ने सात सीटें और साल 2019 के चुनाव में नौ सीटें जीती थीं। कांग्रेस दोनों बार के चुनाव में 3-3 सीटें जीतने में ही सफल हो पाई थी। असम में बदरुद्दीन अजमल की पार्टी एआईयूडीएफ 2014 के चुनाव में तीन सीटें जीतने के बाद 2019 में एक सीट पर ही सिमट गई थी। राज्य में दूसरे चरण में शुक्रवार को दर्रांग-उदलगुरी, डिफू, करीमगंज, सिलचर, नागांव में वोट डाले गए हैं। अब सात मई को कोकराझार, धुबरी, बारपेटा और गुवाहाटी लोकसभा सीट पर मतदान होना है।
- 2024 का लोकसभा चुनाव राज्य में भाजपा और कांग्रेस के साथ ही यहां सक्रिय क्षेत्रीय दलों के लिए महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि भाजपा अपनी स्थिति में और सुधार करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है, तो कांग्रेस की कोशिश वोट प्रतिशत में सुधार करके ज्यादा सीटों पर कब्जा जमाने की है। इस बार असम की 14 सीटों में से 11 पर भाजपा के उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। तीन सीटों पर भाजपा के सहयोगी दल असम गण परिषद (एजीपी) और यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) के उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं। राज्य में परिसीमन के बाद कलियाबोर सीट खत्म होकर नई सीट काजीरंगा बनाई गई थी। कलियाबोर सीट खत्म होने से वहां के सांसद कांग्रेस के गौरव गोगोई को जोरहाट जाना पड़ा। जहां उनका कड़ा मुकाबला भाजपा सांसद तपन कुमार गोगोई से हुआ है। डिब्रूगढ़ में सर्वादानंद सोनोवाल और लुरिनज्योति के बीच सीधी टक्कर हुई। यहां से भाजपा ने सांसद रामेश्वर तेली की जगह केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल को मैदान में उतारा था।

त्रिपुरा में मोथा पार्टी का समर्थन मिलने से इस बार भी भाजपा खिला सकती कमल

- त्रिपुरा में भाजपा ने सीपीएम को 2017 के विधानसभा चुनाव में सत्ता से बाहर कर दिया था। इसके बाद साल 2019 में लोकसभा चुनाव में दोनों लोकसभा सीटें भी जीत ली थीं। इस बार के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा दोनों सीटों पर कब्जा बरकरार रखना चाहती है। इस बार उसे प्रमुख विपक्षी दल टिपरा मोथा पार्टी का समर्थन है। इसका नेतृत्व त्रिपुरा के पूर्व शाही परिवार के प्रमुख प्रद्योत बिक्रम माणिक्य देबबर्मा कर रहे हैं। इससे भाजपा का प्रभाव बढ़ गया है। इसका असर शुक्रवार को पूर्वी त्रिपुरा की सीट पर मतदान में नजर भी आया। दोनों सीटों पर कांग्रेस और माकपा गठबंधन है। लेकिन जानकार भाजपा प्रत्याशी पूर्व सीएम विप्लव देब और पूर्व महारानी कृति सिंह देबबर्मा की जीत तय मान रहे हैं।

असम में एक फीसदी वोट कम मिलने पर कांग्रेस के हाथ से निकल गईं छह सीटें

- असम में 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट शेयर 36 प्रतिशत था, तब पार्टी को सात सीटें मिली थीं। कांग्रेस को 35.40 प्रतिशत वोट मिले, लेकिन उसके हाथ तीन सीट ही आई थीं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने नौ सीटें जीतीं और 36.05% वोट शेयर प्राप्त किया, जबकि कांग्रेस 35.44% वोट शेयर के साथ एक बार फिर तीन सीटों पर सीमित रह गई। अन्य दो सीटों पर बदरुद्दीन अजमल की ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) और एक निर्दलीय उम्मीदवार ने कब्जा कर लिया।

किरन रिजिजू के सामने नबाम तुकी नहीं बनते नजर आए चुनौती

- अरुणाचल प्रदेश की दो सीटों में से 2014 में भाजपा और कांग्रेस एक-एक सीट जीती थी, लेकिन 2019 में भाजपा दोनों सीटों पर कब्जा करने में सफल रही। भाजपा की कोशिश इस बार भी 2019 का परिणाम दोहराने की है। अरुणाचल प्रदेश में पूर्व और पश्चिम दो सीटें हैं। यहां पूर्व से तापिर गाओ व पश्चिम सीट से केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू सांसद हैं। दोनों ने इस बार भी चुनाव लड़ा है। रिजिजू के खिलाफ कांग्रुस ने पिछला चुनाव हारने वाले नबाम तुकी को ही उतारा तो तापिर गाओ का सामना कांग्रेस के बोसीराम सिरम से हुआ है। यहां विधानसभा चुनाव के लिए भी साथ में वोट पड़े हैं, जिनमें भाजपा 10 सीटें पहले ही निर्विरोध जीत चुकी है। भाजपा की दोनों सीटों पर फिर से जीत की संभावनाएं जताई जा रही हैं।

36.05 % 2019 के चुनाव में असम भाजपा को मिले वोट और सीटें थीं नौ

35.44 % वोट शेयर के साथ कांग्रेस के हाथ आई थी केवल तीन सीटें

7.8 % वोट मिले थे बदरुद्दीन अजमल की पार्टी एआईयूडीएफ को

किरन रिजिजू।

गौरव गोगोई।

अगाथा संगमा।

25 पूर्वोत्तर राज्यों में कुल लोकसभा सीटें

19 एनडीए गठबंधन ने 2019 में जीती थीं

कांग्रेस की जमीन पर भाजपा का आधार आधा दर्जन राज्यों से हाथ हुआ था साफ

- कांग्रेस का ग्राफ पूर्वोत्तर में लगातार गिरता जा रहा है। 2009 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को यहां की 13 सीटों पर जीत मिली थी जबकि 2019 में वह चार सीटों पर सिमट गयी। इसके दूसरी ओर भाजपा जिसने 2009 में सिर्फ चार सीटें जीती थी वह 2019 में 14 सीटों के आंकड़े पर पहुंच गई। 2019 के लोकसभा चुनाव में पूर्वोत्तर में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा में आने वाली 9 लोकसभा सीटों से उसका सफाया हो गया।

मेघालय व नागालैंड में राजग गठबंधन को किया मजबूत

- भाजपा की कोशिश मेघालय की दोनों सीटें राजग के खाते में लाने की है। इसके लिए सीएम कॉनराड संगमा को कमान सौंप दी गई थी। मेघालय में कोनार्ड संगमा की नेशनल पीपुल्स पार्टी 2014 और 2019 में शिलांग में कांग्रेस को मात देने में नाकाम रही थी। भाजपा ने दोनों सीटें एनपीपी को दी हैं। इसी तरह नागालैंड की एक सीट भाजपा ने अपने राजग सहयोगी नेशलिस्ट डेमोक्रेटिक पीपुल्स पार्टी (एनडीपीपी) के हवाले कर दी थी।
- 2019 में भी यह सीट एनडीपीपी के पास थी। इस बार भी उसकी जीत के आसार बताए जा रहे हैं। यहां एनडीपीपी से डॉ. चुम्बेन मुरी और कांग्रेस से एसएस जमीर ने किस्मत आजमाई है।

मणिपुर में भाजपा को हो सकती थोड़ी मुश्किल

- हिंसा से प्रभावित मणिपुर में भाजपा ने इस बार फिर 2019 के फॉर्मूले को अपनाते हुए इनर मणिपुर से से केंद्रीय मंत्री आरके रंजन सिंह का टिकट काटकर राज्य में मंत्री बसंत सिंह को उतारा था। आउटर मणिपुर सीटभाजपा ने अपनी सहयोगी नगा पीपुल्स फ्रंट को दी है। 2014 में मणिपुर की दोनों सीटें कांग्रेस ने जीती थी, पर 2019 में पासा पलट गया था। इनर मणिपुर में वोट पड़ चुके हैं। आउटर मणिपुर में शुक्रवार को वोट डाल गए हैं। यहां इस बार भाजपा कांग्रेस की चुनौती में फंस सकती है। इसकी वजह यह है कि मणिपुर में राहुल गांधी दो बार आ चुके हैं। जिसका सकारात्मक असर देखने में आ रहा है।

सिक्किम सीट पर त्रिकोणात्मक संघर्ष, मिजोरम में नई पार्टी के हाथ लग सकती बाजी

- मिजोरम में लोकसभा चुनाव में भी नई और सत्ताधारी पार्टी जोरम पीपल्स मूवमेंट ने मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। विधानसभा चुनाव में इस पार्टी ने मिजो नेशनल फ्रंट को हरा दिया था। इसी तरह सिक्किम की इकलौती सीट सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के पास है। मोर्चा के इंद्रा हैंग सुब्बा का मुकाबला भाजपा के दिनेशचंद्र नेपाल व सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट के प्रत्याशी से हुआ है। त्रिकोणात्मक संघर्ष में मोर्चा की स्थिति मजबूत बताई जा रही है। सिक्किम में विधान सभा चुनाव के लिए भी वोट डाले गए हैं।

हिमंता बिस्वा सरमा हैं महत्पूर्ण कड़ी

- भाजपा ने पिछले कुछ सालों में पूर्वोत्तर में लगातार अपना आधार मजबूत किया है। इस काम में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तीखे तेवर और धारदार बयानों के साथ हिंदुत्व को खुले समर्थन ने उन्हें असम या पूर्वोत्तर से बाहर दूसरे राज्यों में भी भाजपा का स्टार प्रचारक बना दिया है। आज हिमंता बिस्वा सरमा की उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसी पहचान बनती जा रही है।

हम भी हैं जोश में... चुन ली नई सरकार

राजस्थान में कड़ी धूप के बीच इन महिलाओं ने उत्साह से मतदान किया और बूथ के बाहर परिचय पत्र और अंगुली दिखाई।

वोट डालने के लिए नाव से आना पड़ा तो क्या हुआ। असम के दर्रांग जिले में गाशबरी गांव की महिलाओं ने जमकर वोट डाले।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास गैस सिलेंडर लेकर बेंगलुरु में समर्थकों के साथ वोट डालने पहुंचे।

दिग्गज भाजपा नेता रविशंकर को चुनौती दे पाएंगे डॉ. अंशुल

पटना। पटना साहिब लोकसभा सीट पर भाजपा के दिग्गज नेता रविशंकर के सामने कांग्रेस के टिकट पर उतरे लोकसभा की पूर्व स्पीकर मीरा कुमार के बेटे डॉ. अंशुल अभिजीत कड़ी चुनौती पेश कर पाएंगे, इसे लेकर जानकार संदेह जता रहे हैं। कांग्रेस ने लंबे इंतजार के बाद इस सीट पर दो दिन पहले ही डॉ. अंशुल का नाम घोषित किया है। पटना साहिब लोकसभा सीट पर जातीय समीकरण के आधार पर कायस्थों का दबदबा है जिनका झुकाव भाजपा के पक्ष में रहता है। कायस्थों के बाद यहां यादव और राजपूत वोटर सबसे ज्यादा हैं। पिपटना साहिब लोकसभा सीट 2009 में बनी थी। यहां पहला चुनाव फिल्मी स्टारों के बीच हुआ। भाजपा ने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को उतारा तो कांग्रेस ने अभिनेता शेखर सुमन पर दांव लगाया। जीत शत्रुघ्न सिन्हा की हुई। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने फिर अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को मौका दिया, तो जवाब में कांग्रेस ने भोजपुरी फिल्म के अभिनेता कुणाल को उतारा। लेकिन इस बार भी जीत शत्रुघ्न सिन्हा की हुई। उन्हें 4,85,905 मत मिले। कांग्रेस उम्मीदवार कुणाल ने 2,20,100 मत पाए। लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा ने शत्रुघ्न सिन्हा को यहां से टिकट नहीं दिया, तो कांग्रेस ने उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया। इस बार शत्रुघ्न सिन्हा को हार का सामना करना पड़ा। भाजपा के रवि शंकर जीते। उन्हें 6,07,5067 और शत्रुघ्न सिन्हा को 3,22,849 मत मिले।

लोकतंत्र का पर्व, मतदान का गर्व

यह नजारा महाराष्ट्र राज्य के थाणे जिला का है, यहां स्कूली छात्र-छात्राओं ने चुनाव आयोग की कम मतदान की चिंता कम करने के लिए आगे निकल कर मतदाता जागरूकता के लिए अनोखा कार्यक्रम किया। सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने स्कूल के मैदान में 'आई वोट फार श्योर' लिखकर लोगों से मतदान अवश्य करने का नारा बुलंद किया।

बिलासपुर संसदीय सीट | भाजपा और कांग्रेस के बीच हमेशा होता आया मुख्य मुकाबला, लगातार चार जीतने का रिकार्ड पुन्नू लाल के नाम

बिलासपुर में 26 साल से लगातार खिल रहा कमल

चुनाव डेस्क

छत्तीसगढ़ प्रांत की बिलासपुर संसदीय सीट पर हर बार मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच ही होता है। बसपा इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की कोशिश तो करती है पर इसमें सफल नहीं हो पाती। उसके उम्मीदवार 50 हजार वोटों का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाते हैं। यह सीट भाजपा का मजबूत गढ़ है। 1996 से लगातार यहां के मतदाता भाजपा की बयार में ही बह रहे हैं।

सूबे में सत्ता किसी भी दल की रही हो लेकिन यहां के मतदाताओं ने कभी भाजपा का साथ नहीं छोड़ा। यही वजह है कि भाजपा भी इस किले को बचाए रखने के लिए दिन-रात एक किए हुए है। इस संसदीय क्षेत्र में निर्णायक भूमिका अनुसूचित जाति और जनजाति के मतदाताओं की होती है। बसपा ने इस सीट से अश्विनी रजक को मैदान में उतारा है। वे मुकाबले को त्रिकोणीय तो बनाना चाहते हैं पर कितना कामयाब होंगे यह वक्त ही बताएगा।

2019 में भाजपा के अरुण साव ने कांग्रेस के अटल श्रीवास्तव को हराया था। अब अरुण सवा छत्तीसगढ़ सरकार में उप मुख्यमंत्री हैं। वह इसी संसदीय क्षेत्र की लोरमी विधानसभा सीट से विधायक हैं। इस संसदीय सीट पर इस बार भाजपा ने तोखन साहू को उम्मीदवार बनाया है। तोखन साहू लोरमी सीट से विधायक रहे हैं। इस बार उनका मुकाबला कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव से है।

देवेंद्र यादव को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद पार्टी में ही उनका विरोध हो रहा है।

हालांकि आंतरिक कलह को शांत करने के लिए उन्होंने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है। जबकि भाजपा उम्मीदवार तोखन साहू को जीत दिलाने के लिए पूरी भाजपा एकजुट होकर मैदान में उतर गई है। यहां तक कि उप मुख्यमंत्री भी रात दिन एक किए हुए हैं। भाजपा के लोग यहां के आदिवासी और दलित मतदाताओं को यह बताने में जुटे हुए हैं कि उनकी ही पार्टी आदिवासियों के हित को ध्यान में रखती है। उच्च पदों पर उन्हें बैठाने को तत्पर रहती है। इसके साथ ही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और और मोदी की गारंटी को भी भुनाया जा रहा है।

आठ में से छह विस सीटों पर भाजपा काबिज

- संसदीय क्षेत्र में विधानसभा की 8 सीटें हैं। इनमें से छह सीटों पर भाजपा और दो पर कांग्रेस का कब्जा है। कोटा विधानसभा क्षेत्र में आदिवासी व सतनामी समाज के मतदाताओं की बहुलता है तो मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में 70 फीसद आबादी एससी समाज की है। ये दोनों ही सीटें कांग्रेस के कब्जे में हैं। ऐसे में भाजपा का पूरा जोर यहां के मतदाताओं को पार्टी के पक्ष में करने की है। कांग्रेस भी विधानसभा में साथ आए दलित और आदिवासी मतदाताओं को हर हाल में अपने पाले में बनाए रखना चाहती है।

आठ बार बने भाजपा के सांसद

- इस लोकसभा सीट पर भाजपा आठ बार बार जीती है। पहली बार पार्टी का खाता 1989 में खुला था। तब रेशम लाल जांगड़े इस सीट से सांसद चुने गए थे। हालांकि इसके बाद जब 1991 में चुनाव हुआ तो भाजपा यह सीट हार गई थी। लेकिन 1996 में भाजपा के पुन्नू लाल मोहले यहां से जीते तो फिर उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा वे लगातार चार बार यहां से सांसद बने। 2009 में भाजपा ने दिलीप सिंह जुदेव को मैदान में उतारा तो उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की पत्नी रेणू जोगी को हराया। 2014 में पार्टी ने लखन लाल साहू को मैदान में उतारा। वे भी जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। 2019 भी पार्टी जीती।

इलेक्शन बायस्कोप

मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए शासन-प्रशासन द्वारा हर तरह से प्रयास हो रहा है, इसी क्रम में राजधानी के काकोरी विकास खंड क्षेत्र में स्थित बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज में महिलाओं ने हाथों में मेहंदी लगाकर मतदाताओं को जागरुक किया । अमृत विचार

आचार संहिता के उल्लंघन पर कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई में अब तक 1,21,70,187 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1275 मामलों में व लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2193 मामले में कार्रवाई की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों से 74,24,648 व निजी स्थानों से 47,45,539 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 8,13,466, पोस्टर के 34,35,430, बैनर के 20,91,697 व अन्य 10,84,055 मामलों में कार्रवाई की गई। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 6,43,341, पोस्टर के 21,82,652 बैनर के 11,72,845 व अन्य 7,46,701 मामलों में कार्रवाई की गई। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग व अन्य मामलों में 99 एफआईआर दर्ज कराई गई है।

कांग्रेस को आज भी चुभती है वो हार

रायबरेली ही नहीं, न्यायालय में भी इंदिरा को राजनारायण से मिली थी शिकस्त

दिलीप सिंह, रायबरेली

- 55, 202 मतों से हार गई थीं चुनाव

अमृत विचार। कांग्रेस के गढ़ रायबरेली को समझना इतना आसान नहीं है। यही वजह है कि अभी तक कांग्रेस की ओर से यहां पर प्रत्याशी नहीं घोषित किया जा सका है। इसकी वजह कहीं ना कहीं पूर्व में यहां पर हुए उठापटक और वर्तमान में सांसद बनने के बाद सोनिया गांधी की दूरी को भी देखा जा रहा है। इसके कारण पार्टी पूरी रणनीति के साथ मैदान में उतरना चाह रही है। कारण जो भी हो, लेकिन आज भी गांधी परिवार और कांग्रेस को 1977 में राजनारायण से मिली शिकस्त सालती है।

जी हां, हम बात कर रहे है उस चुनाव कि जब एक अप्रत्याशित परिणाम सामने आया था। 1977 वह साल था जब पहली बार कांग्रेस को सबसे बड़ा झटका लगा था। जीत का आश्वस्त हर किसी को जब पता चला कि लोकसभा चुनाव में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की रायबरेली में हार का सामना करना पड़ा तो दांतों तले अंगुलियां दबाने को मजबूर हो गए। उन्हें 55,202 मतों से हार का सामना करना पड़ा था।

इस चुनाव में इंदिरा गांधी को सिर्फ 1,22,517 मत मिले थे, जबकि विपक्ष में उतरे राजनारायण पर स्थानीय जनता ने विश्वास जताया। उन्होंने 1,77,719 मत हासिल किया। यही वजह रही कि अपने जीवन में इंदिरा गांधी ने लोकसभा चुनाव में सिर्फ एक बार हारीं वह भी अपने गढ़ से।

राजनारायण ने लगाया था धांधली का आरोप

ऐसी बात नहीं है कि राजनारायण और इंदिरा गांधी का कोई पहली बार चुनाव में मुकाबला हुआ था। 1971 के चुनाव में इसी रायबरेली में इंदिरा गांधी ने राजनारायण को भारी मतों से हरा दिया था। तब संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे राजनारायण को भरोसा था कि वे जीतेंगे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। परिणाम देखकर उन्होंने कोर्ट का सहारा लिया। इसके बाद चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए राजनारायण ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। यहां पर इंदिरा जी के खिलाफ निर्णय आया।

1980 के चुनाव में जीत के बाद जिले से बनाई दूरी

1977 लोकसभा चुनाव में राजनारायण से मिली शिकस्त ने इंदिरा गांधी को पूरी तरह से झकझोर दिया था। इस चुनाव में कांग्रेस को आजादी के बाद सबसे करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था। उस हार के महज तीन साल बाद ही 1980 में हुए चुनाव में जनता ने एक बार फिर कांग्रेस पर विश्वास जताया। इस चुनाव में रायबरेली की जनता ने इंदिरा गांधी को भारी मतों से जीत दिलाई थी। उन्हें 58 .30 प्रतिशत वोट मिले थे। इसके बावजूद उन्होंने रायबरेली सीट से त्यागपत्र दे दिया था।

इंडी गठबंधन को जनता ने शून्य पर बोल्ड कर दिया : स्वतंत्र देव

अमृत विचार, लखनऊ : जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने दावा किया है कि भ्रष्टाचारी और आतताई गठबंधन को इस चरण में भी जनता ने शून्य पर क्लीन बोल्ड कर दिया है। हाथी, हाथ और साइकिल चारों खाने चित हो चुके हैं। सपा और इंडी गठबंधन के झूठे प्रचार को जनता ने नकार दिया है।

शुक्रवार को उप्र. भाजपा मुख्यालय में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एवं सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। यहां स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रथम चरण के मतदान के रुझानों से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए के पक्ष में चली लहर दूसरे चरण में और भी पुष्ट हो गई है। वहीं, जेपीएस राठौर ने कहा कि 2014 और 2019 की तरह फिर से पश्चिम यूपी और ब्रज में कमल का फूल खिलेगा और आने वाले चरणों में भाजपा को जनसमर्थन और भी पुष्ट होता जाएगा। हम 80 की 80 सीटों को जीतने में सफल रहेंगे।

इलाहाबाद में दो उत्तराधिकारियों के बीच मुकाबला

- पांच विधानसभाओं में चार सीटों पर भाजपा का है कब्जा
- अपनी जीत का दावा कर रहे हैं भाजपा और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी
- 1984 में इसी लोकसभा सीट से संसद पहुंचे थे अमिताभ बच्चन

मिथलेश त्रिपाठी, प्रयागराज

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश की लोकसभा की 80 सीटों में इलाहाबाद सीट का चुनाव काफी महत्वपूर्ण है। इस बार प्रदेश के दो दिग्गज नेताओं के पुत्रों के बीच चुनावी जंग की बिसात बिछी है। एक ओर भाजपा ने मौजूदा सांसद रीता बहुगुणा का टिकट काटकर पूर्व राज्यपाल व विधान सभा अध्यक्ष रहे भाजपा के कद्दावर नेता स्व. केशरी नाथ त्रिपाठी के पुत्र नीरज त्रिपाठी चुनावी मैदान में उतारा है। तो दूसरी ओर सपा के बड़े नेताओं में शुमार एवं पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह के पुत्र उज्जवल रमण सिंह इंडी गठबंधन के तहत कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर मैदान में है। दो दिग्गज नेताओं के पुत्रों ने इस चुनाव को रोचक बना दिया है। भाजपा इस बार इस सीट से चुनावी सिक्सर मारने के लिए पिच पर तैयार दिख रही है। तो दूसरी ओर उज्ज्वल रमण भी मजबूत दावा पेश करते हुए कह रहे हैं कि इस बार लोगों का हाथ कांग्रेस के साथ है। ऐसे में इस सीट पर दो उत्तराधिकारियों के बीच सीधे युद्ध होता नजर आ रहा है।

नीरज त्रिपाठी

उज्जवल रमण सिंह

प्रयागराज में वोटिंग छठें चरण में 25 मई को होनी है। सभी उम्मीदवार मतदाताओं को अपनी ओर करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए हैं। पार्टियों की ओर से स्टार प्रचारकों का भी जमघट आने वाले समय में लगेगा। 25 मई को क्षेत्र की जनता अपना नया सांसद चुनने के लिए मतदान करेगी और 4 जून को फैसला आएगा कि जनता ने किसके दावों और वादों पर अपना विश्वास जताया है। प्रयागराज प्रदेश का सर्वाधिक आबादी वाला जिला है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जिले की कुल जनसंख्या 59,54,390 है। जिले में जनसंख्या घनत्व 1,086 निवासी प्रति वर्ग किलोमीटर है। 2001-2011 के दशक में यहां जनसंख्या वृद्धि दर 20.6 प्रतिशत रही। लिंगानुपात 1000: 901 है। साक्षरता दर 72.3 प्रतिशत है। जिले में कुल12 विधानसभा सीटें हैं। यह फूलपुर और इलाहाबाद के अलावा भदोही संसदीय सीट का हिस्सा हैं।



2019 के लोकसभा चुनाव में इलाहाबाद संसदीय सीट पर 14 उम्मीदवार मैदान में थे, भाजपा की ओर से रीता बहुगुणा जोशी को मैदान में उतारा गया। जोशी के सामने समाजवादी पार्टी ने राजेंद्र सिंह पटेल मैदान में थे।

रीता बहुगुणा जोशी को चुनाव में 4,94,454 वोट मिले जबकि राजेंद्र पटेल के खाते में 3,10,179 वोट आए। कांग्रेस की ओर से मैदान में उतरे योगेश शुक्ला को महज 3,1,953 वोट ही मिले। एकतरफा मुकाबले में रीता बहुगुणा जोशी ने 184,275 मतों के अंतर से जीत हासिल की। इससे पहले 2014 के संसदीय चुनाव में बीजेपी को मोदी लहर का फायदा इलाहाबाद सीट पर भी मिला। बीजेपी के टिकट पर श्यामाचरण गुप्ता ने सपा के सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह को कड़े संघर्ष में 62,009 मतों से हरा दिया।

अमिताभ को देना पड़ा था त्यागपत्र

1984 में राजीव गांधी ने अपने मित्र अभिनेता अमिताभ बच्चन को चुनाव मैदान में उतारा था। उस चुनाव में अमिताभ बच्चन के फिल्मी करिश्मे के सामने हेमवती नंदन बहुगुणा जैसे दिग्गज नहीं टिक सके। हालांकि बोफोर्स विवाद में नाम आने के बाद अमिताभ बच्चन ने कार्यकाल पूरा होने से पहले ही इस्तीफा दे दिया। 1988 के उपचुनाव में विश्वनाथ प्रताप सिंह जीत गए।

नाम बदल गया

2017 से पहले तक प्रयागराज जनपद इलाहाबाद के नाम से प्रसिद्ध था। योगी राज में शहर का नाम बदला तो यह प्रयागराज लोकसभा सीट बन गया। अंग्रेज जमाने से ही राजनीति के गढ़ रहे इलाहाबाद लोकसभा सीट 1952 में अस्तित्व में आया।

यहां से जीत कर बने प्रधानमंत्री

- पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर , पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह, छोटे लोहिया के नाम से मशहूर जनेश्वर मिश्र, भाजपा के त्रिमूर्तियों में से एक डॉक्टर मुरली मनोहर जोशी, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा जैसे नेताओं को जीताकर लोकसभा में भेजा है। फिल्मी जगत के महानायक अमिताभ बच्चन भी 1984 में इसी लोकसभा से चुनकर संसद पहुंचे थे।

विधानसभा का ब्योरा

इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र में पांच विधानसभा सीट हैं। इलाहाबाद दक्षिणी , कोराव, बारा, मैजा और करछना है। जिसमें कोराव और बारा विधानसभाएं अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इन पांच विधानसभाओं में चार सीटों पर बीजेपी का कब्जा है। मेजा विधानसभा सीट सपा के कब्जे में है। शहर दक्षिणी को छोड़कर बाकी चारों विधानसभा जमुनापार क्षेत्र की है। जिसमें ज्यादातर मतदाता ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं।

उम्मीदवार के दावे और वादे

भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी राज्य की डबल इंजन की सरकार द्वारा गरीब, युवा, महिलाओं के लिये किये गये विकास और कल्याणकारी योजनाओं के चलते अपनी जीत दावा कर रहे है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह मंहगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर मतदाताओं में खासकर युवा वर्ग को अपनी ओर खीचने की जोर-आजमाईश कर रहे हैं।

2019 के चुनाव का लेखा जोखा



उम्मीदवार	वोट
रीता बहुगुणा जोशी	4,94,454
राजेंद्र सिंह पटेल	3,10,179
योगेश शुक्ला	31,953
गिरिधर गोपाल त्रिपाठी	10,403

2014 में किसको कितने वोट

दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	श्यामाचरण गुप्ता	3,13,772
सपा	कुँवर रेवती रमण सिंह	2,51,763
बसपा	केशरी देवी पटेल	1,62,073
कांग्रेस	नंद गोपाल गुप्ता नंदी	1,02,453



निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1952	श्री प्रकाश/पुरुषोत्तम टंडन	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1957, 62	लालबहादुर शास्त्री	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1967	हरि कृष्ण शास्त्री	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1971	हेमवती नंदन बहुगुणा	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	जनेश्वर मिश्र	जनता पार्टी
1984	अमिताभ बच्चन	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1988 (उप चुनाव)	विश्वनाथ प्रताप सिंह	निर्दलीय
1989	जनेश्वर मिश्र	जनता दल
1991	सरोज दुबे	जनता दल
1996, 98, 99	मुरली मनोज जोशी	भारतीय जनता पार्टी
2004, 09	रेवती रमण सिंह	समाजवादी पार्टी
2014	श्यामाचरण गुप्त	भारतीय जनता पार्टी
2019	रीता बहुगुणा जोशी	भारतीय जनता पार्टी

2014 नोटा	2019 नोटा
3,624	7,625

2009 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
सपा	कुँवर रेवती रमण सिंह	2,09,431
बसपा	अशोक कुमार वाजपेयी	1,74,511
भाजपा	योगेश शुक्ला	60,983
कांग्रेस	श्याम कृष्ण पांडे	33,027

2024

कुल मतदाता	- 16,93,443
पुरुष	- 9,27,964
महिला	- 7,65,288
अन्य	- 191



अपनी ढपली अपना राग

आपका वोट उन विषधरों को नहीं जाना चाहिए जो लोग भारत माता जय जय कार करने में संकोच करते हों।
- योगी आदित्यनाथ

भाजपा से सौदा करके अखिलेश यादव चुनाव हार रहे हैं, 2014, 2017 में चुनाव हारे, 2019 में भी हार गए।
-असदुद्दीन ओवैसी

कब्जा करने वाले सपाई गुण्डे कहते थे, जितना बड़ा सपा का झण्डा उतना बड़ा सपा का गुण्डा।
-ब्रजेश पाठक

कन्नौज अब भी सपा का ही गढ़ है। वो उसकी पहली और आखिरी जीत थी, उसे पागलखाने भेजना चाहिए।
-रामगोपाल यादव

उन्हें पिछड़े, दलित और मुसलमान का सौ प्रतिशत वोट चाहिए, लेकिन उनका सम्मान नहीं चाहिए।
-पल्लवी पटेल

कैसरगंज में कायम है बेनी बाबू का रिकॉर्ड

एक ही पार्टी से लगातार चार बार जीता लोकसभा चुनाव

राजू जायसवाल, बहराइच

अमृत विचार। कैसरगंज सीट कई ऐतिहासिक पलों को सजाए हुए हैं। दिवंगत बेनी प्रसाद वर्मा की बेटी गोंडा से चुनाव लड़ रही है, लेकिन चर्चा बेनी प्रसाद वर्मा की न हो, इसके बिना लोक सभा चुनाव अधूरा है। बहराइच के कैसरगंज सीट से बेनी प्रसाद वर्मा ने समाजवादी पार्टी से निरंतर चार बार चुनाव लड़ा और उन्हें जीत हासिल हुई। इसी सीट से बेडनानापुर की राजमाता ने भी स्वतंत्र पार्टी से जीत दर्ज की थी। बेनी बाबू ने लगातार एक ही पार्टी से जीत को जो रिकार्ड बनाया वह अभी तक कायम है, मौजूदा सांसद हालाकि यहां से लगातार तीन बार जीत चुके हैं लेकिन उनको यह सफलता एक बार सपा और दो बार भाजपा के सहारे मिली है, और इस बार अभी तक भाजपा से उनके प्रत्याशी बनाए जाने पर ऊहापोह कि स्थिति है, ऐसे में अभी बेनी बाबु का रिकार्ड टूटता नजर नहीं आ रहा है

बहराइच जिले के कैसरगंज सीट में कैसरगंज और पयागपुर विधान सभा के साथ गोंडा जिले की तीन विधान सभा क्षेत्र की सीट शामिल है। कैसरगंज से अभी किसी भी पार्टी ने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। लेकिन इस सीट की प्रदेश और देश में अलग ही पहचान है।

इस सीट से बाराबंकी जिला निवासी स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा ने चार बार लगातार लोकसभा चुनाव जीतकर रिकार्ड कायम किया है। बेनी प्रसाद वर्मा समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य और मुलायम सिंह यादव के पुराने साथी थे। कुर्मी और क्षत्रिय बाहुल्य सीट पर समाजवादी पार्टी ने वर्ष 1996 में बेनी प्रसाद वर्मा को कैसरगंज सीट से चुनाव मैदान में उतार दिया। बेनी प्रसाद वर्मा को जनता ने सिर आंखों पर बैठाते हुए जीत दर्ज कराई। इसके बाद बेनी प्रसाद वर्मा ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने समाजवादी पार्टी के टिकट पर वर्ष 1998, 1999 और वर्ष 2004 में हुए चुनाव में भी जीत दर्ज की। इसके बाद सपा ने वर्ष 2009 के चुनाव में बृज भूषण शरण सिंह को टिकट दिया। उन्होंने भी जीत दर्ज किया। इस सीट से महसी तहसील के बेडनापुर राज घराने की माता बसंत कुंवर बा ने भी वर्ष 1962 में हुए चुनाव में स्वतंत्र पार्टी से जीत दर्ज की थी।

भाजपा लगा सकती है जीत की हैट्रिक

कैसरगंज के वर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने वर्ष 2009 के चुनाव में समाजवादी पार्टी से जीत दर्ज की थी इसके बाद उन्होंने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से जीत दर्ज की। भाजपा के प्रत्याशी ने अगर इस बार जीत दर्ज की तो पार्टी की हैट्रिक हो जाएगी।

समाजवादी पार्टी से कर लिया था किनारा



2008 में मुलायम से नाराज होकर बेनी प्रसाद वर्मा ने समाजवादी पार्टी से किनारा कर लिया था। बेनी प्रसाद वर्मा अपने बेटे के लिए 2007 के लोकसभा चुनाव में टिकट चाहते थे, लेकिन अमर सिंह की वजह से बेनी के बेटे राकेश वर्मा को टिकट नहीं मिल पाई। इसी वजह से नाराज बेनी प्रसाद वर्मा ने समाजवादी पार्टी छोड़ दी और समाजवादी क्रांति दल बनाया। इसके बाद 2008 में वह कांग्रेस में शामिल हो।

वर्ष 2009 के चुनाव में बृजभूषण सिंह ने तोड़ा तिलिस्म

केंद्रीय मंत्री बने बेनी बाबू

बाराबंकी जिला निवासी स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा को लोग प्यार से बाबू जी के नाम से पुकारते हैं। बेनी प्रसाद वर्मा ने लगातार चार बार कैसरगंज सीट से चुनाव जीता इसके बाद उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में गोंडा से भी जीत दर्ज की। केंद्र में उन्हें मंत्री भी बनाया गया था।

धीमा मतदान कराया ताकि मुस्लिम मतदाता वोट न डाल सकें: राजेंद्र चौधरी

अमृत विचार, लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा है कि दूसरे चरण के चुनाव में भी ईवीएम खराबी की पहले की तरह कई जगहों से खबरें आई हैं। उन्होंने कहा कि, गाजियाबाद में सत्ता पक्ष के इशारे पर धीमा मतदान कराया गया ताकि मुस्लिम मतदाता बड़ी संख्या में वोट न डाल सके।

सपा नेता के मुताबिक, लोकसभा क्षेत्र मेरठ में भाजपा नेता बूथ संख्या 329 पर जबरन फर्जी मतदान कराते मिले। गौतमबुद्ध नगर में नोएडा के बूथ संख्या 113 व 120 पर भाजपा प्रत्याशी की पत्नी पार्टी का पटका पहनकर मतदाताओं पर भाजपा के पक्ष में मतदान का दबाव डाल रही थी। अमरोहा में पुलिस समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को धमकाकर भगाती रही। राजेन्द्र चौधरी ने कहा, सपा द्वारा मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत सरकार तथा जिला निर्वाचन अधिकारियों को तत्काल सभी शिकायतों से अवगत कराकर उनसे तत्काल आवश्यक कार्यवाही की अपेक्षा की गई है।

चुनावी चक्कर

- इन वोटर्स के लिए राष्ट्रीय मसले नहीं क्षेत्रीय समस्याएं बड़ी :

लोकसभा चुनाव में जहां राजनीतिक दल राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों, वायदों को लेकर मतदाताओं को ललचा रहे हैं वहीं, तमाम मतदाता ऐसे भी हैं जिन्हें राष्ट्रीय मसलों से नहीं अपने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं से मतलब है। ऐसे मतदाता किसी भी राजनीतिक दल के चक्कर में नहीं फंस रहे। ताजा उदाहरण मथुरा का है। जहां गांव बंडपुरा के मतदाताओं ने शाम देर तक मतदान बहिष्कार किया। दरअसल, यहां ग्रामीणों ने मूलभूत समस्याओं के विरोध में लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर दिया। यहां तक कि, ग्रामीणों को मनाने चुनाव आयोग के अधिकारीगण तक पहुंच गए। लेकिन वे भी काफी देर पंचायत करने के बाद भी ग्रामीणों को समझा नहीं सके। ग्रामीणों का कहना था कि, गांव में आजादी के बाद से आज तक सांसद, विधायक निधि या किसी विभाग ने कोई विकास नहीं कराया। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने इसके उदाहरण में माइनर की सफाई, जर्जर पटरी, गांव की सड़क, नाली, जर्जर विद्युत तार, पेयजल की समस्या जैसे उदाहरण दिए। ग्रामीणों का कहना है कि चाहे कोई भी चुनाव हो नेता आते हैं और बड़े-बड़े वायदे करते हैं, चुनाव जीतते ही उनका अपने वायदों से कोई सरोकार नहीं रह जाता, जब ऐसे मुकर जाते हैं तो हम भी मतदाता है हम भी अपने अधिकार को जानते है, हमारी कोई नहीं सुनेगा तो हम भी किसी की नहीं सुनेंगे।

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 1000 फ्लैग-1110 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 900
रामपुर : शिवालिक-990 फ्लैग-1105 डीएमओ-885 बोल्ड-1165

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	83600
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74400
सोना गिन्नी (प्रति नग)	55450-55650
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	73,550
सोना रवा	73,400
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	83,300
चांदी (999)	83,200
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,850
चांदी आभूषण	82,550
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	73000
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	72000
सिल्वर (पक्की)	814 (अनुमानित)

लखनऊ मंडी

गेहूं (आरआर 21) 2360-2800, गेहूं (के 65) 3500-3800, बाजरा 2200-2300, मक्का 2700-2800, जौ 2900-3000, चावल सेल्हा 2800-3100, चावल बासमती 7000-8000, चावल मोटा 2800-3000, चावल मन्सूरी 3200-3500, चावल शक्कर चीनी 4800-5200, चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600, चावल राजरानी 7000-7500, चना देशी 6800-7000, चना फार्मी 7200-7500, चना काबली 4500-17000, मटर हरा 6000-6200, मटर सफेद 6100-6500, दाल चना 8000-8400, दाल मटर 6400-6500, उड़द हरा 12000-12500, उड़द काला 9000-9500, दाल उड़द हरी 15500-16000, दाल उड़द काली 10500-11000, दाल उड़द धोवा 12000-12500, मूंग खड़ा 10000-10500, मूंग दाल 10500-11000, मूंग धोवा 12000-13000, मसूर 8800-9000, मलका 9000-9500, दाल अरहर फूल 16000-17000

पांच दिन की तेजी के बाद सेंसेक्स धड़ाम

बिकवाली और विदेशी पूंजी की निकासी से सेंसेक्स 609.28 और निफ्टी 150.40 अंक गिरा

मुंबई, एजेंसी

शेयर बाजारों में पांच सत्रों से जारी तेजी के बाद शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 609 अंक टूट गया। वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुझानों के बीच बैंक, वित्तीय और टिकाऊ उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। रुपये में गिरावट और विदेशी पूंजी की निकासी से भी निवेशक धारणा पर असर पड़ा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 609.28 अंक यानी 0.82 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,730.16 अंक पर खिसक आया। कारोबार के दौरान यह 722.79 अंक टूटकर 73,616.65 पर भी आ गया था। एनएसई का निफ्टी भी 150.40 अंक यानी 0.67 प्रतिशत गिरकर 22,419.95 अंक पर बंद हुआ। बीते पांच दिनों में सूचकांकों में 2.5 प्रतिशत की तेजी आई थी। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में

641.83 अंक की बढ़ोतरी हुई जबकि निफ्टी में कुल 272.95 अंक वृद्धि हुई है। मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि पांच दिनों की तेजी से बाजार में गिरावट और मुनाफावसूली की आशंका बनी थी। जापानी येन के 34 साल के निचले स्तर पर गिरने और अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल बढ़ने से बदलाव दिखा। सेंसेक्स में शामिल बजाज फाइनेंस में आठ प्रतिशत की बड़ी गिरावट हुई। कंपनी की मार्च तिमाही के नतीजे निवेशकों को उत्साहित नहीं कर पाए। बजाज फिनसर्व में भी तीन प्रतिशत गिरावट रही। इंडसइंड बैंक, नेस्ले, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी नुकसान के साथ बंद हुए। आईटी सेवा कंपनी टेक महिंद्रा में सात प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई। राजस्व वृद्धि में तेजी लाने और मार्जिन बढ़ाने के एक महत्वाकांक्षी तीन साल के रोडमैप की रूपरेखा पेश करने से कंपनी के शेयरों को लेकर दिलचस्पी देखी गई। विप्रो, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन और एक्सिस बैंक के शेयर भी बढ़त में रहे। अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.83 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई जबकि स्मालकैप सूचकांक 0.27 प्रतिशत चढ़ गया।

अमेरिकी आर्थिक आकड़ों ने बाजार को किया प्रभावित

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों ने बाजार को प्रभावित किया। निवेशकों को अमेरिका में मंदी आने की आशंका सताने लगी है। वहीं घरेलू बाजार में कंपनियों के तिमाही नतीजों के कमजोर होने और ऊंचे मूल्यांकन को लेकर चिंता देखी गई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के ज्यादातर प्रमुख बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजारों में बृहस्पतिवार को गिरावट दर्ज की गई थी। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.31 प्रतिशत चढ़कर 89.29 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 2,823.33 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की। बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को 486.50 अंक चढ़कर 74,339.44 अंक और एनएसई निफ्टी 167.95 अंक बढ़कर 22,570.35 अंक पहुंचा था।

अदालत का विमान पंजीकरण रद करने के आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) को 54 विमानों का पंजीकरण रद करने के पट्टेदारों के आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई करने का शुक्रवार को निर्देश दिया। विमान पट्टे पर दे रखी कंपनियों ने संकट ग्रस्त एयरलाइन गो फर्स्ट से विमान वापस लेने की कवायद में यह आवेदन किया है।

उच्च न्यायालय ने कहा कि प्रक्रिया पांच कामकाजी दिन या उससे कम समय में पूरी की जाएगी। न्यायमूर्ति तारा वितस्ता गंजू ने एयरलाइन और उसके निदेशकों के प्रबंधन के लिए दिवाला कानून के तहत नियुक्त समाधान पेशेवर (आरपी) को विमानों या कलपुर्जों, दस्तावेजों, रिकॉर्ड और किसी भी अन्य सामग्री को ले जाने या कहीं रखने से भी रोक दिया। अदालत ने कहा कि डीजीसीए तुरंत तथा पांच कामकाजी दिन के भीतर 54 विमानों के पंजीकरण रद करने

- विमान पट्टे पर दे रखी कंपनियों ने संकट ग्रस्त एयरलाइन गो फर्स्ट से विमान वापस लेने की कवायद में किया है आवेदन

संबंधी आवेदनों पर कार्रवाई करेगा। उच्च न्यायालय ने कहा कि डीजीसीए, एएआई (भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण) और उसके अधिकृत प्रतिनिधि याचिकाकर्ता पट्टेदारों की सहायता करेंगे और उन्हें हवाई अड्डों तक पहुंच प्रदान करेंगे।

अदालत ने कहा कि पट्टेदारों को लागू नियमों और कानूनों के तहत विमान निर्यात करने की अनुमति है। गौरतलब है कि गो फर्स्ट ने तीन मई 2023 से अपनी विमान सेवाएं रोक दी थीं।

भारत की जीडीपी 6.6% रहने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

डेलॉयट इंडिया ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। निर्यात में तेजी और पूंजी प्रवाह इसमें मुख्य कारक रहेंगे।

डेलॉयट ने भारत की आर्थिक परिदृश्य पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि मध्यम आय वर्ग की तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है। प्रीमियम लक्जरी उत्पादों व सेवाओं की मांग भी उत्पन्न हुई है। डेलॉयट ने पिछले वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को संशोधित कर 7.6 से 7.8 प्रतिशत के बीच कर

- डेलॉयट इंडिया ने कहा- निर्यात में तेजी व पूंजी प्रवाह होंगे मुख्य कारक

दिया है। जनवरी में कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में वृद्धि के 6.9 से 7.2 प्रतिशत की सीमा में रहने का अनुमान लगाया था। डेलॉयट ने कहा कि देश की जीडीपी वृद्धि 2024-25 में 6.6 प्रतिशत और उसके अगले वर्ष 6.75 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। बाजार अपने निवेश तथा उपभोग निर्णयों में भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को ध्यान में रखना सीख रहे हैं। डेलॉयट की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में 2025 में एक समकालिक बदलाव देखने की उम्मीद है क्योंकि प्रमुख चुनावी अनिश्चितताएं दूर हो जाएंगी और पश्चिम के केंद्रीय बैंक 2024 में बाद कुछ दरों में कटौती की घोषणा कर सकते हैं। भारत में पूंजी प्रवाह में सुधार और निर्यात में उछाल देखने की संभावना है। मजबूत आर्थिक गतिविधि के दम पर पूर्वानुमानित अवधि में मुद्रास्फीति के रिजर्व बैंक के लक्ष्य स्तर चार प्रतिशत से ऊपर रहने का अनुमान है।

विदेशी मुद्रा भंडार 640 अरब डॉलर पहुंचा

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में गिरावट आने से 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.83 अरब डॉलर कम होकर दूसरे सप्ताह गिरता हुआ 640.3 अरब डॉलर रह गया। पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 5.4 अरब डॉलर घटकर 643.2 अरब डॉलर था। रिजर्व बैंक से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 19 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.8 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 560.9 अरब डॉलर रह गया।

लघु बैंकों से नियमित बनने के लिए मांगे आवेदन

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक ने नियमित बैंक बनने के लिए शुक्रवार को 1,000 करोड़ के न्यूनतम शुद्ध संपत्ति होने समेत निर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करने वाले छोटे बैंकों से आवेदन आमंत्रित किए। रिजर्व बैंक ने नवंबर, 2014 में निजी क्षेत्र में लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) को लाइसेंस देने से संबंधित दिशानिर्देश जारी किए थे।

इस समय एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक और उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक सहित एक दर्जन एसएफबी हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि नियमित बैंक बनने का लक्ष्य रखने वाले एसएफबी की पिछली तिमाही के अंत में न्यूनतम शुद्ध संपत्ति 1,000 करोड़ होनी चाहिए।

बैंक के शेयर किसी मान्यता प्राप्त बाजार में सूचीबद्ध होने चाहिए। बीते दो वित्त वर्षों में इस एसएफबी का शुद्ध लाभ भी होना चाहिए और दो वित्त वर्षों में उसका जीएनपीए (सकल एनपीए) और एनएनपीए (शुद्ध एनपीए) क्रमशः तीन और एक प्रतिशत से कम या उसके बराबर होना चाहिए। आरबीआई ने शेयरधारिता के संदर्भ में कहा कि पात्र एसएफबी के लिए चिह्नित प्रवर्तक होने की कोई अनिवार्यता नहीं है। पात्र एसएफबी के मौजूदा प्रवर्तक, यदि कोई हैं, नियमित बैंक में तब्दील होने पर प्रवर्तक के रूप में बने रहेंगे।

आरबीआई ने ऋण सेवा प्रदाताओं के लिए जारी किया मसौदा

मुंबई। आरबीआई ने बैंकों के एजेंट के रूप में काम करने वाले ऋण सेवा प्रदाताओं (एलएसपी) को अपने पास उपलब्ध सभी कर्ज प्रस्तावों की जानकारी उधारकर्ताओं को देने का प्रस्ताव शुक्रवार को रखा। आरबीआई ने कहा कि सभी कर्ज प्रस्तावों की जानकारी सामने होने पर संभावित कर्जदार के लिए फैसला करना आसान होगा। कई एलएसपी ऋण उत्पादों के एग्रीगेटर के तौर पर भी काम करते हैं। उनके पास कई ऋण उत्पादों के बारे में जानकारी होती है।

राष्ट्रीय

एक नजर

हाईकोर्ट ने विचाराधीन कैदियों को जमानत पर रिहा करने की मांग वाली याचिका रद की

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने कारागारों में भीड़ के मद्देनजर विचाराधीन कैदियों को जमानत पर रिहा करने की गुहार के साथ दाखिल की गई जनहित याचिका खारिज कर दी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन ने टिप्पणी की कि याचिकाकर्ता गौतम कुमार लाहा द्वारा याचिका में उठाये गये मुद्दे पर पहले ही उच्चतम न्यायालय विचार कर रहा है और ऐसे में अर्जी को स्वीकार करने का कोई औचित्य नहीं है। पीठ ने 24 अप्रैल को पारित आदेश में कहा कि हम इस बात से संतुष्ट हैं कि चूंकि वर्तमान याचिका में याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दे सीधे तौर पर डब्ल्यूपी (सी) 406/2013 में उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित हैं और उसपर विचार किया जा रहा है। इसलिए हमें वर्तमान याचिका पर विचार करने का कोई कारण प्रतीत नहीं होता है। तदनुसार, वर्तमान याचिका खारिज की जाती है। इस पीठ में न्यायमूर्ति मनमीत पी.एस.अरोड़ा भी शामिल थे।

गुरुग्राम में सौतेले पिता ने सात महीने की बच्ची को पटक कर मार डाला

गुरुग्राम। गुरुग्राम के नाथूपुर गांव के पास झुग्गी में सात महीने की बच्ची की उसके सौतेले पिता ने कथित तौर पर फर्श पर पटक कर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में डीएलएफ फेज -3 पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई और आरोपी को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की पहचान 30 वर्षीय विजय साहनी के रूप में की गई है, जो बिहार के सीतामढ़ी जिले का निवासी है। उसने बताया कि घटना गुरुवार रात नाथूपुर पहाड़ी इलाके के पास झुग्गी बस्ती में हुई, जहां आरोपी की पत्नी उसके भाई और सात महीने की बच्ची के साथ रह रही थी। आरोपी ने वहां पहुंचकर पत्नी से झगड़ा दिया और सात महीने की सौतेली बेटी को फर्श पर पटक दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। सूचना पर एक टीम पहुंची और बच्ची को नजदीकी अस्पताल ले गई जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

102 वर्ष के बुजुर्ग ने युवाओं के लिए नौकरियों की आस में डाला वोट

जम्मू। जम्मू सीट के लिए शुक्रवार को 102 साल के बुजुर्ग ने रियासी केन्द्र में मतदान किया और उम्मीद जताई कि नयी सरकार युवाओं के लिए नौकरियां लाएगी, जिससे केन्द्र शासित प्रदेश के युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने में मदद मिलेगी। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में जम्मू संसदीय क्षेत्र में मतदान शुरू हुआ, जिसमें 17.81 लाख से अधिक मतदाता 22 उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला करेंगे। हाजी करमदीन (102) ने रियासी में मतदान के बाद कहा कि यह युवा पीढ़ी नशे के कारण बर्बाद हो रही है। वे खाली बैठे हैं क्योंकि नौकरी नहीं है। वयोवृद्ध करमदीन को उनके परिजन मतदान केंद्र पर लाए थे और पीठासीन अधिकारी ने उनका स्वागत किया।

खुद को पायलट बताने वाला व्यक्ति दिल्ली हवाईअड्डे से गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे से ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जो खुद को कथित तौर पर एक एयरलाइन कंपनी का पायलट बताता था। पुलिस के अनुसार उन्होंने एयरलाइन की वर्दी पहने हुए एक व्यक्ति को मेट्रो स्काईवॉक क्षेत्र में घूमते हुए देखा। पुलिस उपायुक्त (आईजीआई हवाईअड्डा) उषा रंगनानी ने कहा कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मियों के सामने उसने खुद को एयरलाइन कंपनी का पायलट बताया, उसने अपने गले में लटका हुआ एक पहचान पत्र दिखाया। सीआईएसएफ के कर्मियों को कुछ गड़बड़ दिखी और पूछताछ करने पर उसकी पहचान नोएडा के संगीत सिंह के रूप में हुई। जांच से पता चला कि उसने कुछ ऑनलाइन एप्लिकेशन का उपयोग करके जाली आईडी बनाई थी और दिल्ली के द्वारका से वर्दी एवं अन्य सामान खरीदा था।

बड़ी संख्या में युवाओं ने तृणमूल नेताओं को रिश्वत देने के लिए कर्ज लिया: मोदी

26 हजार नौकरियां रद होने के मामले में टीएमसी की कट और कमीशन नीति से हुआ नुकसान

मालदा, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद प. बंगाल में 26,000 नौकरियां रद होने के मामले में शुक्रवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि राज्य के युवाओं को पार्टी की कट और कमीशन नीति से नुकसान उठाना पड़ा है और यह (तृणमूल) अब घोटालों का पर्याय बन गई है।

मोदी ने मालदा में चुनावी रैली में युवाओं की दुर्दशा पर प्रकाश डाला, जिन्होंने तृणमूल नेताओं को रिश्वत देने के लिए ऋण तक लिया था। उन्होंने कहा कि तृणमूल घोटाले करती है, जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे घोटालों में तृणमूल की संलिप्तता ने न केवल युवाओं के भविष्य को खतरे में डाला है, बल्कि हजारों परिवारों पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ा है। मोदी ने कहा कि शिक्षक भर्ती घोटाले ने लगभग 26,000 परिवारों की आजीविका छीन ली। जिन युवाओं ने तृणमूल नेताओं को रिश्वत देने के लिए कर्ज लिया था, अब उन पर इसका बोझ पड़ रहा है। केंद्र युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने की दिशा में काम कर रहा है।

मुंगेर में आयोजित चुनावी बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

- प्रधानमंत्री ने कहा- तृणमूल घोटाले करती है, जिसका खामियाजा भुगतने के लिए जनता विवशा

हाईकोर्ट ने प. बंगाल सरकार द्वारा संचालित और उससे सहायता प्राप्त विद्यालयों में, राज्यस्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की भर्ती प्रक्रिया से हुई शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मियों की 25,753 नियुक्तियों को रद करने का सोमवार को आदेश दिया था तथा चयन प्रक्रिया को अमान्य एवं अवैध करार दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि तृणमूल शासन में केवल एक ही चीज मौजूद है- हजारों करोड़ के घोटाले।

मतपत्रों से चुनाव की मांग करने वालों को सुप्रीम कोर्ट का तमाचा

अररिया-मुंगेर। प्रधानमंत्री ने मतपत्रों से चुनाव कराने की मांग को उच्चतम न्यायालय द्वारा रद किए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि यह कांग्रेस नीत गठबंधन के लिए करारा तमाचा है। मोदी ने अररिया और मुंगेर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों के पक्ष में अलग-अलग चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस और गठबंधन को न संविधान और न लोकतंत्र की परवाह है। ये वे लोग हैं जिन्होंने 10 साल तक मतपत्रों के बहाने गरीबों का अधिकार छीना, बिहार के लोग साक्षी हैं कैसे राजद-कांग्रेस के शासन में बूथ और मतपत्र लूटे जाते थे। इतना ही नहीं गरीबों को वोट डालने के लिए घर से निकलने नहीं दिया जाता था। उन्होंने कहा कि देश के मतदाताओं को जब ईवीएम की ताकत मिली तो यह उनको बर्दाश्त नहीं हुआ। आज दो घंटे पहले ही कोर्ट ने मत पेटियों को लूटने वालों और इसका इरादा रखने वालों को कैसा झटका दिया है। उनके सारे सपने चूर-चूर हो गए हैं।

आतिशबाजी से लगी आग में छह लोगों की गई जान

दरभंगा, एजेंसी

- बिहार के दरभंगा जिले में हुआ हादसा मरने वाले एक ही परिवार के लोग
- घटना पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक घायलों के उपचार के दिए निर्देश

बिहार के दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना अंतर्गत अंटोर गांव में शुक्रवार की रात विवाह समारोह के दौरान आतिशबाजी से लगी आग में एक परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार घटना पर शोक व्यक्त किया है।

कुमार ने घटना को दुखद बताते हुए घायलों को समुचित इलाज का निर्देश दिया है। मृतकों की पहचान सुनील पासवान (26), लीला देवी (23), कंचन देवी (26), सिद्धांत कुमार (4), शशांक कुमार (3) और साक्षी कुमारी (5) के रूप में हुई है। घटना में तीन गायों की भी मौत हो गई।

दरभंगा डीएम राजीव रोशन ने बताया कि बहेड़ा थाना अंतर्गत अलीनगर इलाके में हुई आग की घटना में तीन बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई। घटना के सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच का आदेश दिया गया है। इस बीच जिला प्रशासन आपदा प्रबंधन दिशा-निर्देशों के अनुसार पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। एसपी जगुनाथ रेड्डी ने बताया कि रात 11.15 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद थाना प्रभारी एवं अग्निशमन अधिकारी को भेजा गया, काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। शवों को दरभंगा मेडिकल कालेज ले जाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि अंटोर गांव में बीती रात छगन पासवान की बेटी की शादी थी, बारातियों के ठहरने और खाने का प्रबंध रामचंद्र पासवान के आवासीय परिसर में किया गया था, बारातियों ने वहां आतिशबाजी की, जिससे पंडाल में आग लग गई। आग लगने से वहां रखे रसोई सिलेंडर में विस्फोट हो गया, आग की चपेट में आकर उनके परिवार के छह लोगों की मौत हो गई।

महापौर चुनाव स्थगित किए जाने पर एमसीडी सदन में हंगामा

नई दिल्ली, एजेंसी

- कार्यवाही शुरू होने से पहले आप और भाजपा के पार्षदों ने एक-दूसरे के खिलाफ लगाए नारे
- पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति नहीं होने से महापौर और उपमहापौर के चुनाव हुए थे रद

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के महापौर चुनाव को स्थगित करने को लेकर शुक्रवार को सदन में जबरदस्त हंगामा हुआ। कार्यवाही शुरू होने से पहले आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दोनों के पार्षदों ने एक-दूसरे के खिलाफ नारे लगाए। चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति नहीं होने के कारण महापौर और उपमहापौर के चुनाव को गुरुवार रात स्थगित कर दिया गया था।

भाजपा के पार्षद महापौर की सीट के पास एकत्र हो गए और महापौर शैली ओबेरॉय की मौजूदगी की मांग करते हुए नारे लगाए। ओबेरॉय सदन में देरी से पहुंचीं। 'आप' पार्षदों ने पहले तो निगम मुख्यालय में आंबेडकर प्रतिमा के पास भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में, वे सदन पहुंचे और भाजपा के खिलाफ नारे लगाते रहे और उसे 'दलित विरोधी' कहा। दोनों पार्टियों के पार्षदों ने लगभग एक घंटे तक एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की। सदन में पहुंचने के बाद महापौर ओबेरॉय ने दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना पर 'संविधान की हत्या' करने और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत को एक बहाने के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। इसके बाद महापौर ने निगम सदन की बैठक अगली कार्यवाही तक के लिए स्थगित कर दी।

एमसीडी के महापौर और उपमहापौर के पदों के लिए 26 अप्रैल को होने वाले चुनाव को स्थगित करते हुए उपराज्यपाल सक्सेना ने कहा कि मुख्यमंत्री विचाराधीन कैदी के रूप में न्यायिक हिरासत में हैं और वह अपने संवैधानिक रूप से बाध्य कार्यों का निर्वहन नहीं कर सकते हैं। राजनिवास द्वारा सक्सेना की ओर से एक पत्र जारी करने के बाद नगर निगम ने महापौर चुनाव स्थगित कर दिया। पत्र में कहा गया कि मुख्यमंत्री संवैधानिक कार्यों का निर्वहन नहीं कर सकते इसलिए पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति नहीं की जा सकती। दिल्ली की मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि भाजपा के इशारे पर चुनाव स्थगित किया गया।

संदेशखालि में सीबीआई ने जब्त किए हथियार, गोला-बारूद

नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी

- तृणमूल नेता रहे शाहजहां शेख के समर्थकों के ईडी की टीम पर हमला किए जाने की घटना से जुड़ी है कार्रवाई

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को प. बंगाल के संदेशखालि में एक घर में छापेमारी के दौरान हथियार और गोला बारूद बरामद किया। अधिकारियों ने बताया कि यह तलाशी अभियान तृणमूल कांग्रेस के नेता रहे शाहजहां शेख के समर्थकों द्वारा ईडी की टीम पर हमला किए जाने की घटना से जुड़ा है।

वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सीबीआई की पांच टीमों ने पश्चिम बंगाल पुलिस और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) सहित केंद्रीय बलों की मदद से उत्तर 24 परगना जिले में संदेशखालि इलाके के सारबेरिया में स्थित घर पर छापा मारा। अधिकारी ने बताया कि हमें भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटकों को जमा कर रखने की खुफिया जानकारी मिली थी। विदेश निर्मित पिस्तौल सहित कुल 12 हथियार और डिब्बों में विस्फोटक भरे मिले। अभियान अभी भी जारी है। घर का मालिक शाहजहां शेख का रिश्तेदार है, जिसकी पहचान अबू तालीब मुल्ला के रूप में हुई है। यह स्पष्ट नहीं है कि घर में इतनी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक क्यों रखे थे। घर को सुरक्षा बलों ने घेर लिया था, जिसे मछली पालन के लिए उपयोग होने वाले जल निकायों के बीच बनाया गया था। केंद्रीय बल घर के बाहर मेटल डिटेक्टरों से जांच कर रही हैं कि कहीं और हथियारों व गोला-बारूद को दबाकर तो नहीं रखा गया है। एक रोबोटिक उपकरण का भी है। ईडी की टीम पर पांच जनवरी को संदेशखालि में उस समय हमला किया गया था जब वह कथित राशन घोटाले के सिलसिले में शेख के परिसर पर छापा मारने गई थी। सीबीआई को अपनी जांच के दौरान यह जानकारी मिली कि संदेशखालि में भारी मात्रा में हथियार छिपाए गए हैं।

अवमानना पर मप्र बार काउंसिल के नेताओं की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट करेगा विचार

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह कथित तौर पर हड़ताल का आह्वान करने के मामले में, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और अन्य के खिलाफ जारी अवमानना कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा।

भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष मध्य प्रदेश राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और अन्य बार नेताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने दलील रखी कि कई बार नेताओं को अवमानना कार्यवाही का सामना करना पड़ रहा है और मामले की तत्काल सुनवाई की जरूरत है। तन्खा ने कहा कि न केवल राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष, बल्कि 103 बार एसोसिएशन भी अवमान ना कार्यवाही का सामना कर रही हैं।

बारामूला में मुठभेड़ जारी, दो आतंकी ढेर, दो सैनिक घायल

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में आतंकियों और सुरक्षा बलों में दूसरे दिन भी जारी मुठभेड़ में शुक्रवार को दो आतंकी मारे गए, जबकि दो सैनिक घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह मुठभेड़ उत्तरी कश्मीर में सोपोर इलाके के चेक मोहल्ला नौपोरा में गुरुवार को शुरू हुई थी। रात में शांति के बाद शुक्रवार सुबह फिर से मुठभेड़ शुरू हुई। मुठभेड़ स्थल के पास गुरुवार को एक आम नागरिक भी घायल हो गया था। सेना के अधिकारी ने बताया कि इलाके से आतंकवादियों को खदेड़ने का अभियान जारी है।

आज का मुकाबला

दिल्ली कैपिटल्स बनाम मुंबई इंडियंस	राजस्थान रॉयल्स बनाम लखनऊ सुपर जाइंट्स
दोपहर 3:30 बजे	शाम 7:30 बजे

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	08	13
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	08	13
हर्षल पटेल (पंजाब)	08	13

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	09	430
ऋतुराज गायकवाड़ (सीएसके)	08	349
ऋषभ पंत (दिल्ली कैपिटल)	09	342

जॉनी-शशांक ने बौना कर दिया 262 का लक्ष्य

पंजाब ने रचा इतिहास कोलकाता को आठ विकेट से हराया, बेयरस्टो ने बनाए नाबाद 108 रन

कोलकाता, एजेंसी

जॉनी बेयरस्टो नाबाद (108), शशांक सिंह नाबाद (68) और प्रभसिमरन सिंह (54) की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर पंजाब किंग्स ने शुक्रवार को आईपीएल के 42वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को आठ गेंदें शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया है। पंजाब की यह नौ मैचों में तीसरी जीत है। पंजाब किंग्स की टीम ने टी-20 इतिहास में अभी तक से बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए यह जीत हासिल की है। पंजाब की टीम ने 24 छक्के लगाए। वहीं कोलकाता की ओर 18 छक्के लगे।

262 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की जॉनी बेयरस्टो और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी ताबड़तोड़ शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए छह ओवर में 93 रन जोड़े। प्रभसिमरन सिंह ने 20 गेंदों में 54 रन बनाए। उन्हें सुनील नारायण ने रनआउट किया। राइली रुसो 16 गेंदों में 26 रन बनाए। जॉनी बेयरस्टो 48 गेंदों में आठ चौके और नौ छक्के लगाते हुए नाबाद 108 रनों की पारी खेली। वहीं शशांक सिंह ने भी आतिशी अंदाज में 28 गेंदों में दो चौके और आठ छक्के जड़ते हुए नाबाद 68 रन बनाए। पंजाब किंग्स ने 18.4 ओवर में दो विकेट पर 262 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। कोलकाता की ओर से एक मात्र विकेट सुनील नारायण को मिला। यह आईपीएल के एक मैच में पहली बार हुआ है जब चारों सलामी बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाया है। कुलमिलाकर यह पुरुषों के टी-20 मुकाबले 11वीं बार ऐसा हुआ है।

ईडन गार्डंस में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरे कोलकाता के फिल सॉल्ट और सुनील नारायण की सलामी जोड़ी ने चौके और छक्को की बारिश करते हुए पहले विकेट के लिए 138रनों की साझेदारी की। सॉल्ट (75) और नारायण (71) रनों की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स 262 रनों का लक्ष्य दिया।

कोलकाता 261/ 6

20 ओवर, अतिरिक्त : 13

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
फिल साल्ट बो करन	75	37	6/6
सुनील नारायण का बेयरस्टो बो चाहर	71	32	9/4
वेंकटेश अय्यर रन आउट	39	23	3/2
आंद्रे रसेल का पटेल बो अर्शदीप	24	12	2/2
श्रेयस अय्यर का रबाडा बो अर्शदीप	28	10	1/3
रिंकू सिंह का शर्मा बो पटेल	5	4	1/0
रमनदीप सिंह नाबाद	6	3	0/1

गेंदबाजी : सैम करन 4-0-60-1, अर्शदीप सिंह 4-0-45-2, हर्षल पटेल 3-0-48-1, कागिसो रबाडा 3-0-52-0, राहुल चाहर 4-0-33-1, हरप्रीत बरार 2-0-21-0

पंजाब 262/2

18.4 ओवर, अतिरिक्त : 06

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
प्रभुसिमरन सिंह रन आउट नारायण	54	20	4/5
जॉनी बेयरस्टो नाबाद	108	48	8/9
रिले रोसौव कैच श्रेयस बो नारायण	26	16	1/2
शशांक सिंह नाबाद	68	28	2/8

गेंदबाजी : चमीरा 3-0-48-0, हर्षित 4-0-61-0, अनुकूल 2-0-36-0, नारायण 4-0-24-1, वरूण 3-0-46-0, रसेल 2-0-36-0, रमनदीप 0.4-0-9-0

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	8	7	1	14	+0.698
कोलकाता	8	5	3	10	+0.972
हैदराबाद	8	5	3	10	+0.577
लखनऊ	8	5	3	10	+0.148
चेन्नई	8	4	4	8	+0.415
दिल्ली	9	4	5	8	-0.386
गुजरात	9	4	5	8	-0.974
पंजाब	9	3	6	6	-0.187
मुंबई	8	3	5	6	-0.227
बेंगलुरु	9	2	7	4	-0.721

खेल डायरी

सेंथिल, आकांक्षा पीएसए टूर्नामेंटों के क्वार्टर फाइनल में

नई दिल्ली। शीर्ष वरीयता प्राप्त वेलावन सेंथिलकुमार ने फ्रांस के मात्तेओ कोरूगे को सीधे गेम में हराकर 12,000 डॉलर ईनामी राशि के बैच ओपन स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। राष्ट्रीय चैंपियन सेंथिल कुमार ने यह मुकाबला 11-4, 11-6, 11-7 से जीता। उन्हें पहले दौर में बाय मिला था। अब उनका सामना चेक गणराज्य के याकूब सोलनिकी से होगा। वहीं राष्ट्रीय खेलों की महिला चैंपियन आकांक्षा सालुंके ने अमेरिका के स्प्रिंगफील्ड में चल रहे 20,000 डॉलर ईनामी राशि के पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के अंतिम आठ में जगह बनाई। उन्होंने ग्वाटेमाला की विनिफर बोनिला को 11-8, 11-2, 11-9 से हराया। अब वह यूक्रेन की एलिना बुश्मा से खेलेगी।

सिफत कौर ओलंपिक चयन ट्रायल में जीती

नई दिल्ली। सिफत कौर सामरा ने डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) में चार ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए लगातार स्पर्धाओं में जीत हासिल की। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर भी ओएसटी में विजेता रहे में प्रवेश किया। उन्होंने पुरुषों का थ्री पी टी2 फाइनल जीता। मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन, विश्व रिकॉर्ड धारी और पिछले कुछ समय से महिलाओं की थ्री पी में भारत की नंबर एक खिलाड़ी सिफत ने ओएसटी टी2 फाइनल में 465.1 का स्कोर बनाया।

नौकायन में नेत्रा को दूसरा ओलंपिक कोटा

नई दिल्ली। नेत्रा कुमानन ने शुक्रवार को फ्रांस के हेरेस में 'लास्ट चांस रेगाटा' ओलंपिक क्वालीफायर में भारत के लिए दूसरा पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। तीन साल पहले तोक्यो ओलंपिक में हिस्सा ले चुकी नेत्रा ने महिलाओं की डिंघी (आईएलसीए 6) में हिस्सा लेते हुए 'एमर्जिंग नेशन्स प्रोग्राम' बैनर के अंतर्गत यह कोटा हासिल किया। नेत्रा 67 नेट अंक हासिल कर ओवरऑल लीडरबोर्ड पर पांचवें स्थान पर रहीं। हालांकि उन्होंने 'एमर्जिंग नेशन्स प्रोग्राम' के अंतर्गत नौकाचालकों में शीर्ष पर रहकर कोटा हासिल किया।

ब्राजील की मार्टा ने फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की

ब्राजिलिया। ब्राजील की महिला खिलाड़ी मार्टा विएरा डी सिल्वा ने कहा कि वह इस वर्ष के आखिर में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लेंगी। मार्टा ने स्थानीय मीडिया को बताया अगर मैं ओलंपिक में जाती हूं, तो मैं हर पल का आनंद लूंगी क्योंकि चाहे मैं जाऊं या न जाऊं, यह राष्ट्रीय टीम के साथ मेरा आखिरी साल है। एक क्षण आता है जब हमें समझना होता है कि समय आ गया है। मैं इस बारे में बहुत शांत हूं क्योंकि मैं युवा खिलाड़ियों के संबंध में हमारे द्वारा किए जा रहे इस विकास को बहुत आशावाद के साथ देखती हूं। टोक्यो 2020 में, वह लगातार पांच ओलंपिक खेलों में स्कोर करने वाली पहली खिलाड़ी बनीं और वर्तमान में विश्व कप में (पुरुष और महिला) 17 के साथ सबसे अधिक गोल करने का रिकॉर्ड हैं। उन्होंने वर्ष 2004 और 2008 में रजत पदक जीता था।

शुभंकर शर्माजापान में कट में प्रवेश से चूके

गोटेम्बा (जापान)। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने आईएसपीएस हांडा चैंपियनशिप के दूसरे दिन दो अंडर 70 का स्कोर किया लेकिन कट में प्रवेश से चूक गए। शर्मा ने पांच ओवर 75 के साथ शुरूआत की थी। दो दौर के बाद वह तीन ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 138वें स्थान पर हैं। जापान के ताइहेइ सातो, जर्मनी के यानिक पॉल, स्वीडन के सेबेस्टियन सोडेरबर्ग और इंग्लैंड के सैम बेयरस्टो शीर्ष पर हैं।

लॉस एंजिलिस में अदिति की खराब शुरुआत

लॉस एंजिलिस। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने एलपीजीए टूर की जेएम ईगल एलए चैंपियनशिप में निराशाजनक शुरूआत की और पहले दौर में दो ओवर 73 के स्कोर के साथ वह संयुक्त 82वें स्थान पर हैं। अब कट में प्रवेश के लिए दूसरे दौर में उन्हें बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। ग्रेस किम ने सात अंडर 64 के स्कोर के साथ बढ़त बना ली है।

अगर तदर्थ समिति वापस आई तो फिर लगेगा प्रतिबंध : यूडब्ल्यूडब्ल्यू

नई दिल्ली, एजेंसी

कुश्ती की विश्व संचालन संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने शुक्रवार को भारत पर फिर से प्रतिबंध लगाने और उसके पहलवानों को अगले महीने होने वाले अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर से बाहर करने की धमकी दी, अगर खेल को चलाने के लिए तदर्थ समिति को फिर से लाया गया। दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया जिसमें कहा गया कि उन परिस्थितियों को बताया जाए जिसके कारण राष्ट्रीय कुश्ती संस्था को चलाने के लिए तदर्थ समिति को भंग करना पड़ा।

यूडब्ल्यूडब्ल्यू (यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग) ने डब्ल्यूएफआई (भारतीय कुश्ती महासंघ) को लिखे एक पत्र में अपना रुख दोहराया कि वे किसी भी देश के राष्ट्रीय संघ के संचालन में किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप की अनुमति नहीं देंगे। यूडब्ल्यूडब्ल्यू के अध्यक्ष नेनाद लालोविच ने डब्ल्यूएफआई को अपने ईमेल में लिखा, डब्ल्यूएफआई को खेल मंत्रालय द्वारा इसके मामलों की निगरानी के लिए एक तदर्थ समिति लाने की धमकी दी गई है।

उन्होंने डब्ल्यूएफआई को इस कदम के गंभीर प्रभावों की याद दिलाई जिसमें आगामी ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों को खतरे में डालना शामिल है। यूडब्ल्यूडब्ल्यू कानून और ओलंपिक चार्टर के अनुसार राष्ट्रीय महासंघों की स्वायत्तता और स्वतंत्रता के सिद्धांत को बनाए रखने के लिए यूडब्ल्यूडब्ल्यू के दृढ़ संकल्प को दोहराना चाहेंगे।

मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे नडाल

मैड्रिड। रफेल नडाल ने अमेरिकी युवा डारविन ब्लांच को हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। इस साल एटीपी टूर पर दूसरा मैच खेल रहे नडाल ने अपने से 21 साल छोटे प्रतिद्वंद्वी पर 6-1, 6-0 से जीत दर्ज की। 14 बार के फ्रेंच ओपन चैंपियन नडाल की नजरें अगले महीने होने वाले इस ग्रैंडस्लैम में खिताबी जीत पर लगी है। पिछले साल कूल्हे का आपरेशन कराने वाले 22 साल के ग्रैंडस्लैम चैंपियन ने कहा था कि 2024 टूर पर उनका आखिरी साल होगा। अन्य मुकाबलों में फेलिक्स आगर एलियास्सिमे ने योशिहितो निशिओका को हराया। वहीं लोरेंजो सोनेगो ने रिचर्ड गास्केट तो 6-2, 7-5 से मात दी। ब्राजील के थियागो मोंटेइरो ने डुसान लाजोविच को 6-4, 6-3 से हराया और अब वह स्टेफानोस सिटसिपास से खेलेंगे।

गत चैंपियन सबालेंका मैड्रिड ओपन के अगले दौर में

गत चैंपियन और दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को मैड्रिड ओपन टेनिस के पहले दौर में माग्डा लिनेटे को शिकस्त दी। एलीना रिबाकिना ने लुसिया ब्रोंजेटी को मात दी जबकि अमेरिका की एशलिन क्रुजर ने इकैटरीना एलेक्सांद्रोवा को पराजित किया। इगा स्वियातेक ने वांग शियू को 6-1, 6-4 से हराया। नाओमी ओसाका ने लियुडमिला सैमसोनोवा को हराया।

दीपिका सेमीफाइनल में पहुंची तीरंदाजों के चार पदक पक्के

शंघाई, एजेंसी

विश्व कप

मां बनने के बाद शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दीपिका कुमारी ने जियोन हुनयंग को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि कंपाउंड तीरंदाजों ने भारत का चौथा पदक पक्का कर दिया। दीपिका ने जियोन को 6.4 से हराया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना कोरिया की ही नैम सुहियोन से होगा।

इससे पहले ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा की कंपाउंड मिश्रित टीम ने फाइनल में जगह बनाई। दुनिया की दूसरे नंबर की टीम ने पांच ही अंक गंवाते हुए मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा और लोट मैक्सिमो मेंडेज ओर्टिज को 155-151 से हराया। अब उनका सामना एस्तोनिया से होगा। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति पदक की हैट्रिक की दौड़ में है। भारतीय तीरंदाज चार टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंच गए और कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में ज्योति तथा प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक की दौड़ में हैं।

चौथे टी-20 में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को हराया

लाहौर। न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को चार रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है। 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन ही बना सकी और चार रन से हार गई।

पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और 46 रन पर अपने तीन विकेट गवां दिये थे। कप्तान बाबर आजम (5), सईम अय्यूब (20), उसामा खान (16) रन बनाकर आउट हुए। फखर जमान ने 45 गेंदों में सर्वाधिक (61) रनों की पारी खेली। इफ्तिखार अहमद (23), शादाब खान (7) रन बनाकर आउट हुए। इमाद वसीम 22 रन बनाकर और मोहम्मद आमिर एक रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन ही बना सके। न्यूजीलैंड की ओर से विलियम ओ'' रूर्के ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। बेन सियर्स ने दो विकेट झटके।

थॉमस कप खिताब बरकरार रखने पर भारतीय पुरूष टीम की नजर

चेंगडू (चीन), एजेंसी

भारतीय पुरूष बैडमिंटन टीम शनिवार से शुरू हो रहे थॉमस कप में एकल खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के दम पर खिताब बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी जबकि उबेर कप में पी वी सिंधू के बिना युवा महिला टीम की नजरें भी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ने पर लगी होंगी। दो साल पहले भारत ने पहली बार थॉमस कप जीतकर तहलका मचा दिया था। पुरूष वर्ग में यह टूर्नामेंट टीम विश्व चैंपियनशिप की तरह है।

अपेक्षाओं के दबाव के बिना भारत ने दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को हराकर भारतीय बैडमिंटन के इतिहास का सुनहरा अध्याय लिखा। अब एक बार फिर उन पर इस प्रदर्शन को दोहराने का दबाव होगा। भारत को 'ग्रुप आफ डैथ' मिला है जिसमें कई बार की विजेता इंडोनेशिया, थाईलैंड और इंग्लैंड है। भारत को पहला मुकाबला थाईलैंड से खेलना है जिसमें मौजूदा विश्व चैंपियन कुंलावुत वितिदसर्न और युवा पी तीरारात्साकुल हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया की टीम में जोनाथन क्रिस्टी और एंथोनी जिंटिंग जैसे सितारे हैं जो मार्च में आल इंग्लैंड फाइनल्स खेल चुके हैं। इनके अलावा मुहम्मद रियान अर्दियांतो और फजर अल्फियान की सातवीं रैंकिंग वाली जोड़ी भी टीम में है। भारत के एच एस प्रणय ने कहा यह वर्ष कठिन होगा।

बॉलीवुड हलचल

करण की स्पाई कॉमेडी फिल्म में काम करेंगे आयुष्मान



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना, निर्माता करण जौहर की स्पाई कॉमेडी फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि आयुष्मान खुराना ने अपनी अगली फिल्म के लिए फिल्मकार करण जौहर से हाथ मिलाया है। यह एक जासूसी कॉमेडी होगी, जिसका निर्देशन आकाश कौशिक करेंगे। चर्चा है कि करण जौहर इस फिल्म का निर्माण गुनीत मोंगा के साथ करने वाले हैं। कहा जा रहा है कि इस स्पाई कॉमेडी फिल्म के लिए अभिनेत्री को भी फाइनल कर लिया है। इस फिल्म में सारा अली खान नजर आ सकती हैं। इसी साल जून से फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी जाएगी। बताया जा रहा है कि, करण जौहर और गुनीत इस सबजेक्ट को लेकर काफी एक्साइटेड हैं, क्योंकि स्क्रिप्ट को अच्छी तरह से तैयार किया गया है।

दीपक तिजोरी की फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता-फिल्मकार दीपक तिजोरी की आने वाली फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म टिप्सी का निर्माण निर्माण राजू चड्ढा और दीपक तिजोरी ने किया है। टिप्सी का निर्देशन दीपक तिजोरी ने किया है। सना खान और अनीता शर्मा फिल्म की सह-निर्माता हैं। टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस ट्रेलर की शुरुआत गोवा जैसे खूबसूरत शहर से होती है। जहां पांच लड़कियों का एक ग्रुप घूमने जाता हैं, लेकिन इन लड़कियों के लिए ये गोवा का ट्रिप आफत बन जाएगा। इसके बारे में नहीं पता था। गर्लस का ये ट्रिप उन्हें जेल की हवा खाने पर मजबूर कर देता है। ट्रेलर में दीपक तिजोरी की भी दमदार एंट्री देखने को मिलती है, जो एक पुलिस अफसर के किरदार में नजर आ रहे हैं। दीपक के अलावा अलंकृता सहाय, नताशा सूरी, कैनात अरोरा, नाजिया हुसैन, सोनिया बिर्जे, हरजिंदर सिंह, मनदीप कौर संधू और दानिश भट्ट नजर आ रहे हैं।

तैयारी जीत की — आत्मविश्वास से ओतप्रोत है दिल्ली, राजस्थान को भारी पड़ सकती है लखनऊ की बल्लेबाजी

दिल्ली के सामने खराब फार्म से जूझ रही मुंबई

नई दिल्ली, एजेंसी

ऋषभ पंत के शानदार फॉर्म और बेहतरीन कप्तानी से आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग में खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय को कायम रखने का होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की तो कई में शर्मनाक हार भी झेली। पिछले चार मैचों में से तीन जीतकर हालांकि वह अंकतालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई और मुंबई को हराने पर प्लेआफ का उसका दावा पुख्ता हो जाएगा।

दूसरी ओर खराब शुरूआत के बाद मुंबई ने अगले चार में से तीन मैच जीते लेकिन पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स से नौ विकेट से हार गई। अंकतालिका में आठवें स्थान पर काबिज मुंबई के लिए अब एक हार भी भारी पड़ सकती है। दिल्ली के लिए सबसे सकारात्मक बात कप्तान ऋषभ पंत का फॉर्म रही है जो मैच दर मैच निखरते जा रहे हैं।

वहीं, मुंबई इंडियंस ने इस सत्र में पहली जीत दिल्ली के खिलाफ ही दर्ज की थी और कप्तान हार्दिक पंड्या उसे दोहराना चाहेंगे। रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि टिम डेविड, ईशान और हार्दिक बड़ी पारियां नहीं खेल सके हैं।

लखनऊ के खिलाफ जीत की लय कायम रखने उतरेंगे रॉयल्स

लखनऊ। फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के मैच में शनिवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका फोकस जीत की लय कायम रखने पर होगा जबकि लखनऊ की नजरें पिछली हार का बदला चुकता करने पर लगी होंगी। पूर्व चैंपियन रॉयल्स ने इस सत्र में आठ मैचों में सात जीत दर्ज की है और उसे हराना लखनऊ के लिए टेढी खीर होगा। दूसरी ओर लखनऊ आठ मैचों में पांच जीत के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। रॉयल्स ने इस सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और पिछले तीन मैच लगातार जीते हैं। रियान पराग उसकी बल्लेबाजी की रीढ़ साबित हुए हैं जो आठ मैचों में 318 रन बना चुके हैं। यशस्वी जायसवाल के फॉर्म में लौटने से रॉयल्स की बल्लेबाजी मजबूत हुई है। कप्तान संजू सैमसन भी अभी तक 314 रन बना चुके हैं जबकि वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायेर भी बल्ले से आतिशबाजी करने में माहिर हैं। दूसरी ओर लखनऊ इस सत्र में रॉयल्स से 20 रन से मिली हार का बदला चुकता करना चाहेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

स्याही वाली उंगली दिखाओ, फ्री में डोसा खाओ

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु में मतदाताओं को लड्डू बांटते स्थानीय व्यवसायी।

चुनाव में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए चुनाव आयोग लगातार अभियान चलाता है, जिससे अधिक से अधिक लोग वोट करें और लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाएं।

अब बेंगलुरु में स्थानीय व्यावसायिक संगठनों ने इस दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अनोखी पहल की शुरुआत की है। इसके तहत शहर में मतदान करने वाले मतदाताओं को वोट देने पर मक्खन डोसा फ्री में खिलाए, अलग-अलग रेस्तरां के बाहर लंबी-लंबी कतारें दिखाई दीं, जहां लोकसभा चुनाव में मतदान करने वाले मतदाताओं को मुफ्त डोसा, लड्डू, कॉफी और अन्य खाद्य उत्पादों पर छूट दी गई। इनमें से कुछ रेस्तरां लोकसभा चुनावों में मतदान करने वाले मतदाताओं को या तो मुफ्त में खाना दे रहे हैं या फिर बिल में छूट की पेशकश कर रहे हैं। कर्नाटक की 28 लोकसभा सीट में से 14 पर शुक्रवार को मतदान हुआ, जिनमें बेंगलुरु साउथ, सेंट्रल, नॉर्थ और ग्रामीण लोकसभा सीट भी शामिल हैं। यहां नृपतुंगा मार्ग पर स्थित निसर्ग ग्रांड होटल ने 'वोट माडी, ऊटा माडी' (वोट डालें और भोजन करें) अभियान के तहत मतदान करने वाले मतदाताओं को अपनी 'स्याही लगी उंगली' दिखाने पर मुफ्त बटर डोसा, लड्डू और जूस दिया। बीबीएचए के अध्यक्ष पीसी राव ने पिछले लोकसभा चुनावों का हवाला देते हुए कहा कि पिछले चुनाव में बेंगलुरु में मतदान केवल 54 प्रतिशत (औसत से काफी कम) रहा था जबकि शहर में शिक्षित और युवा मतदाताओं की अच्छी संख्या है लेकिन तब भी बहुत कम मतदान हुआ था। उन्होंने कहा, इसलिए हमने इस अनूठी पहल की घोषणा की।

द. भारत में जल संकट, 17% जलाशय स्तर घटा

नई दिल्ली, एजेंसी

गर्मियां शुरू होने के साथ ही दक्षिण भारत जल संकट का सामना कर रहा है और क्षेत्र में जल भंडारण जलाशयों की क्षमता केवल 17 प्रतिशत रह गई है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के एक बुलेटिन से यह जानकारी मिली।

दक्षिणी क्षेत्र में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु राज्य आते हैं। सीडब्ल्यूसी द्वारा भारत के विभिन्न क्षेत्रों के जलाशयों के भंडारण स्तर के संबंध में गुरुवार को जारी रिपोर्ट में बताया गया कि दक्षिणी क्षेत्र में आयोग की निगरानी के तहत 42 जलाशय हैं जिनकी कुल भंडारण क्षमता 53.334 बीसीएम (अरब घन मीटर) है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, इन जलाशयों में मौजूदा कुल भंडारण 8.865 बीसीएम है, जो उनकी कुल क्षमता का केवल 17 प्रतिशत ही है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान भंडारण स्तर (29 प्रतिशत) और इसी अवधि के दस साल के औसत (23 प्रतिशत) की तुलना में काफी कम है। दक्षिणी क्षेत्र के जलाशयों में भंडारण का कम स्तर इन राज्यों में पानी की बढ़ती कमी और सिंचाई, पेयजल और पनबिजली के लिए संभावित चुनौतियों का संकेत है।

इसके विपरीत पूर्वी क्षेत्र, जिसमें असम, ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य आते हैं, में पिछले साल और दस साल के औसत की तुलना में जल भंडारण स्तर में सकारात्मक सुधार दर्ज किया गया है। आयोग ने कहा कि इस क्षेत्र में, 20.430 बीसीएम की कुल भंडारण क्षमता वाले 23 निगरानी जलाशयों में अभी 7.889 बीसीएम पानी है, जो उनकी कुल क्षमता का 39 प्रतिशत है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि (34 प्रतिशत) और दस साल के औसत (34 प्रतिशत) की तुलना में सुधार का संकेत है।

भारत में जल संकट का गंभीर खतरा

दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाले देश भारत में जल संकट का गंभीर खतरा है। देश के कृषि क्षेत्र में जल प्रबंधन को बढ़ावा देने से जुड़ी एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 2050 तक भारत के 50% से ज्यादा जिलों में पानी का विकट संकट हो सकता है।

75 फीसदी भारतीयों को नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी

ट्रांसफॉर्मिंग क्रॉप कल्टीवेशन: एडवांस वाटर इफिशिएंसी इन इंडियन एग्रीकल्चर रिपोर्ट के अनुसार, भारत में दुनिया की 17 फीसदी आबादी है, लेकिन हमारे पास दुनिया के पानी के सिर्फ 4% संसाधन ही हैं। प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता को मापने वाले फ्लैंकेनमार्क इंडेक्स के मुताबिक प्रति व्यक्ति 1700 क्यूबिक मीटर से कम पानी वाले इलाकों को जल संकट से ग्रस्त माना गया है। इस इंडेक्स के हिसाब से 76% भारतीयों के पास अभी भी पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक देश में जल संकट के पीछे कृषि सेक्टर बड़ी वजह है। कृषि प्रधान देश होने के कारण देश के कुल जल का 80 से 90% हिस्सा खेती में इस्तेमाल होता है।

एक नजर

पुलिस की वर्दी पहन बुरी फंसीं मरियम, नाराज शख्स कोर्ट पहुंचा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज एक बार फिर मुश्किल में पड़ गई हैं। दरअसल, गुरुवार को लाहौर में पासिंग आउट परेड में भाग लेने के दौरान मरियम ने पुलिस की वर्दी पहनी थी, जिसके खिलाफ सत्र अदालत में याचिका दायर कर दी गई है। मीडिया रिपोर्ट याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में दावा किया है कि मरियम नवाज का एक पुलिस अधिकारी की वर्दी पहनना गैरकानूनी है। याचिका में कहा गया है कि किसी को भी आधिकारिक राज्य संस्थान की पोशाक पहनने की अनुमति नहीं है। याचिकाकर्ता का कहना है कि सीएम मरियम की पुलिस से शिकायत करने के बावजूद उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

पाकिस्तान ने मानवाधिकार पर अमेरिकी रिपोर्ट को किया खारिज

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने पिछले साल देश में कथित मानवाधिकार उल्लंघनों पर अमेरिकी विदेश विभाग की एक रिपोर्ट को स्पष्ट तौर से खारिज कर दिया है और कहा है कि केवल राजनीति से प्रेरित रिपोर्ट ही गाजा में चिंताजनक स्थिति को नजरअंदाज कर सकती है। मंत्रालय ने गुरुवार देर रात जारी एक बयान में कहा, यह बेहद चिंताजनक है कि दुनिया भर में मानवाधिकार स्थितियों को उजागर करने वाली एक रिपोर्ट गाजा जैसे घोर मानवाधिकार उल्लंघन को नजरअंदाज करती है। बयान में कहा गया है, मानवाधिकार प्रथाओं पर 2023 देश रिपोर्ट: पाकिस्तान शीर्षक वाली रिपोर्ट की अनुचित सामग्री और गलत जानकारी पर आधारित है।

श्रीलंका में हिरासत में लिए गए 24 भारतीय मछुआरों की स्वदेश वापसी

कोलंबो। श्रीलंका के जलक्षेत्र में कथित तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में श्रीलंकाई नौसेना द्वारा हिरासत में लिए गए चौबीस भारतीय मछुआरों को शुक्रवार को भारत वापस भेज दिया गया है। इससे दो दिन पहले भी पांच भारतीय मछुआरों के एक समूह को भारत भेजा गया था। अब चौबीस भारतीय मछुआरे श्रीलंका से स्वदेश वापस लौटे हैं। कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा सभी मछुआरे कोलंबो से सवार हुए हैं और वर्तमान में अपने घर जा रहे हैं।

वियतनाम के संसद प्रमुख का इस्तीफा

हनोई। वियतनाम में भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के बीच राष्ट्र की संसद के प्रमुख वुओंग दीन्ह ह्यू ने इस्तीफा दे दिया है। रिपोर्ट के अनुसार 21 अप्रैल को व्यक्तिगत लाभ के लिए अपने पद और शक्ति का दुरुपयोग करने के आरोप में उनके सहायक फाम थाई हा को गिरफ्तार किया गया था। इसके कुछ दिनों बाद संसद प्रमुख वुओंग दीन्ह ह्यू ने भी इस्तीफा दे दिया है। वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी ने ह्यू के स्वैच्छिक इस्तीफे को स्वीकार कर लिया। हालांकि, शुरुआती रिपोर्ट्स में यह नहीं कहा गया कि उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया था। लेकिन जांचकर्ताओं ने पाया कि ह्यू ने पार्टी के नियमों का उल्लंघन किया था।

डिजिटल से मजबूत हुई विकास की बुनियाद

यूएन में समावेशी बदलाव का यूएनजीए अध्यक्ष ने दिया भारत का उदाहरण, भारत के विकास में आई तेजी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर की तारीफ की है। भारत की तरक्की का उदाहरण देते हुए डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि भारत का विकास इस बात का उदाहरण है कि डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर सामाजिक परिवर्तन और प्रगति का वाहक है और अगर समावेशी तरीके से इस्तेमाल किया जाए तो ये सभी को समान अवसर मुहैया करा सकता है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष ने महासभा के 78वें सत्र के दौरान अपने संबोधन में कहा कि 'इस साल जनवरी में उन्होंने भारत की यात्रा की थी। इस दौरान उन्होंने देखा कि भारत में डिजिटल बुनियादी ढांचा का व्यापक विस्तार हुआ है और इससे लाखों लोग, जो पहले आर्थिक व्यवस्था से बाहर थे, उन्हें डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास से वित्तीय स्वतंत्रता और समृद्धि हासिल हुई है।' उन्होंने कहा 'जिस तरह से आर्थिक विकास के लिए बुनियादी ढांचे की जरूरत है, उसी तरह से डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा सामाजिक परिवर्तन और प्रगति के वाहक के रूप में उभरा है। इसे समावेशी तरीके से लागू करके सभी को समान अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। फ्रांसिस ने कहा कि केवल सात वर्षों में भारत ने अपने डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास से अपने नागरिकों के लिए 80 प्रतिशत से अधिक वित्तीय समावेशन हासिल किया है, जो कि दुनिया भर में सभी डिजिटल लेनदेन का 60 प्रतिशत से भी ज्यादा है। डिजिटल लेनदेन की व्यवस्था ने कई समस्याओं को खत्म कर दिया है। नागरिक स्टैक जैसे मॉडल दक्षिण एशिया के सभी देशों में लागू होने चाहिए। इससे लोगों को सशक्त बनाने में, विशेष रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को मजबूत बनाने में मदद मिलती है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन द्वारा आयोजित डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी सम्मेलन में मौजूद रूचिरा कंबोज व अमिताभ कांत।

सम्मिलित प्रयासों से समावेशी दुनिया बना सकते हैं: अमिताभ

हमारा मानना है कि हम सभी के सम्मिलित प्रयासों से एक समावेशी और समृद्ध दुनिया बना सकते हैं। सम्मेलन को भारत के जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद दुनिया ने कर्ज, जलवायु परिवर्तन, ईंधन और फर्टिलाइजर की चुनौतियां देखी हैं। यूरोप और मध्य पूर्व में संघर्ष हो रहे हैं, लेकिन इन चुनौतियों के बीच एक उम्मीद की किरण है कि डिजिटल तकनीक से हम साथ-साथ विकास कर सकते हैं। कांत ने कहा कि डीपीआई की मदद से कमजोर वर्गों, महिलाओं और छोटे और मध्यम उद्योगों को मदद मिलती है और बिना इसके सतत समावेशी विकास संभव नहीं है।

भारत प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल में वैश्विक नेता बना

डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि दुनिया की तीन अरब आबादी ने कभी भी इंटरनेट का उपयोग नहीं किया है। ऐसे में अंतर सरकारी स्तर पर इस डिजिटल विभाजन को खत्म करने और एक तिहाई आबादी को डिजिटल बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के प्रशासक अचिम स्टीनर ने कहा कि भारत प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में वैश्विक नेता बन गया है।

भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास में सभी की सहभागिता

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संयुक्त राष्ट्र में कहा कि भारत की डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास की यात्रा अन्य देशों को भी प्रेरित करे और सभी इससे सीख लें और अपनी डिजिटल प्राथमिकताएं तय करें। संयुक्त राष्ट्र में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि ने मिलकर नागरिक स्टैक: डिजिटल बुनियादी ढांचा, नागरिकों को लिए परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी विषय पर सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने समावेशी विकास और सभी को समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे की मदद से भारत में हो रहे विकास को साझा किया। सम्मेलन में वैष्णव ने कहा कि भारत ने ऐसी नीति बनाई है, जिससे डिजिटल क्रांति का सभी को लाभ मिले। वैष्णव ने कहा कि इस दृष्टिकोण ने ही इंडिया स्टैक को जन्म दिया, जो कि डिजिटल टूल्स का गुलदस्ता है और जो सभी के लिए उपलब्ध है। डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का विकास असल मायनों में सरकार, निजी क्षेत्र, गैर लाभकारी संस्थाएं आदि सभी की सहभागिता का नतीजा है।

अमेरिका-चीन प्रतिद्वंद्विता भूलकर संबंध मजबूत करने में जुटे

बीजिंग, एजेंसी

- अमेरिका के विदेश मंत्री ब्लिंकन ने जिनपिंग से की मुलाकात

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। दोनों देशों के बीच आर्थिक, राष्ट्रीय सुरक्षा और भू-राजनीतिक मतभेदों के बावजूद तनावपूर्ण संबंधों को मजबूत करने की उम्मीद की जा रही है। यह बैठक ब्लिंकन की बीजिंग में चीनी विदेश मंत्री के साथ पांच घंटे की बैठक के बाद हुई। अमेरिकी विदेश मंत्री ने चीन के सुरक्षा मंत्री वैंग शियाओहोंग से भी मुलाकात की थी।

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, "राष्ट्रपति शी ने कहा कि उन्होंने आपसी सम्मान, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और जीत के सहयोग का प्रस्ताव दिया। दोनों को अपने इतिहास से सबक लेकर भविष्य की ओर बढ़ना चाहिए।मंत्रालय ने आगे कहा, यह दोनों देशों के लोगों की इच्छा है कि अमेरिका और चीन बातचीत को मजबूत करें, दूरियों को कम करने की कोशिश करें और सहयोग को आगे बढ़ाए। चीन एक समृद्ध और संपन्न अमेरिका को देखकर खुश है।

सेवा विवाद: केंद्रीय कानून के विरुद्ध दिल्ली सरकार की याचिका को सूचीबद्ध करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने सेवाओं पर नियंत्रण को लेकर केंद्रीय कानून के खिलाफ अपनी याचिका को पांच-न्यायाधीशों वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ के सामने शीघ्र सूचीबद्ध करने की अपील की। भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने आश्वासन दिया कि वह याचिका को सूचीबद्ध करने के दिल्ली सरकार के अनुरोध पर गौर करेंगे। आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से आग्रह किया कि पूरा प्रशासन ठप हो गया है और मामले की सुनवाई किए जाने की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि फिलहाल नौ न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष एक मामले की सुनवाई जारी है और वह इस अनुरोध पर विचार करेंगे। वर्तमान में प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की पीठ यह जटिल कानूनी सवाल उठाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है।

तेलंगाना में परीक्षा परिणाम से आहत 7 छात्र-छात्राओं ने 48 घंटों में की आत्महत्या

हैदराबाद, एजेंसी। परीक्षा में असफलता के कारण पिछले 48 घंटों में पूरे तेलंगाना में सात इंटरमीडिएट छात्र-छात्राओं की कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। तेलंगाना बोर्ड ऑफ इंटरमीडिएट एग्जामिनेशन ने 24 अप्रैल को प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष के परिणाम घोषित किए थे। महबुबाबाद के पुलिस अधीक्षक के अनुसार, परीक्षा में असफल होने के बाद दो लड़कियों ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। जिले के एक गांव में एक छात्रा ने अपने आवास पर फांसी लगा ली तो दूसरी ने कुएं में छलांग लगा दी।

(पूर्वी क्षेत्र) के पुलिस उपायुक्त आर गिरिधर ने कहा कि प्रथम वर्ष के एक छात्र ने परीक्षा में असफल होने के बाद सुल्तानबाजार पुलिस थाने की सीमा अंतर्गत अपनी जान दे दी। शहर के नल्लाकुंटा इलाके का रहने वाला एक और लड़का जडचेरला में एक रेलवे ट्रैक के पास मृत पाया गया। पुलिस को संदेह है कि उसकी मौत का कारण परीक्षा में खराब प्रदर्शन है। मंचेरियल जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि उन्हें रिपोर्ट मिली है कि इंटरमीडिएट प्रथम वर्ष के तीन छात्रों ने परीक्षा में असफल होने के कारण अलग-अलग स्थानों पर आत्महत्या कर ली है।

पतंग उत्सव

पेरिस: फ्रांस के बर्क-सुर-मेर का आकाश इन दिनों रंगों से भरा दिखाई दे रहा है। वजह- अंतरराष्ट्रीय पतंग उत्सव। इसमें देश-विदेश के पतंगबाज और कलाकार शामिल हो रहे हैं। 28 अप्रैल तक चलने वाले इस पतंग उत्सव में इस बार 10 लाख से ज्यादा लोग शामिल हो रहे हैं। ● एजेंसी

गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस ने युवक पर चलाईं गोलियां, भारतवंशी की मौत

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- एक पुलिस अधिकारी व रूममेट को टक्कर मारने का था आरोप, 21 अप्रैल को पुलिस ने की थी कार्रवाई

अमेरिका में एक 42 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति की सैन एंटोनियो में पुलिस ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक युवक ने अपने वाहन से दो अधिकारियों को टक्कर मारने और एक महिला पर गंभीर हमले के मामले में पुलिस गिरफ्तार करने पहुंची थी। जहां उसकी गोलीमार कर हत्या कर दी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बेक्सर काउंटी मेडिकल परीक्षक कार्यालय ने कहा कि पिछले वीकेंड पर पुलिस के साथ विवाद के दौरान 21 अप्रैल को टेक्सास के सैन एंटोनियो शहर में कई गोलियां लगने से सचिन कुमार साहू की मौत हो गई। सचिन कुमार साहू मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। कार्रवाई के दौरान एक अधिकारी को चोट लगी है जिसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कया गया है। वहीं, दूसरे अधिकारी का इलाज घटनास्थल पर ही उपचार किया गया। घटना के दौरान कोई और घायल नहीं हुआ। पुलिस ने कहा कि आगे जांच की जा रही है। पुलिस प्रमुख बिल मैकमैनस ने कहा कि मृतक सचिन पर आरोप था महिला को कुचल दिया था, वह उसकी रूममेट थी। उन्होंने कहा कि पुलिस को आगे के तथ्य जानने के लिए अभी बॉडीकैम फुटेज देखना बाकी है। मीडिया रिपोर्ट में साहू की पूर्व पत्नी लिआ गोल्डस्टीन के हवाले से कहा गया है कि सचिन को बाइपोलर डिसऑर्डर था। वो 10 साल से इस बीमारी से पीड़ित था। सचिन में सिजोफ्रेनिया के लक्षण भी थे, जबकि पूर्व पत्नी गोल्डस्टीन ने सचिन को एक महान पिता बताया।

भारतीय छात्रों के लिए सुरक्षित देश है अमेरिका : एरिक

नई दिल्ली। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा है कि संयुक्त राज्य अमेरिका एक सुरक्षित देश है और यह भारतीय छात्रों की भलाई की परवाह करता है। उन्होंने अमेरिका में पढ़ रहे भारतीय छात्रों के माता-पिता को आश्वासन दिया कि जब तक वे अमेरिका में है, तो उनके बच्चे हमारे बच्चे हैं।

गार्सेटी ने यह जवाब उस सवाल के जवाब में दिया, जिसमें पूछा गया था कि जनवरी से अब तक अमेरिका में भारतीय मूल के आधा दर्जन छात्रों की मौत हो चुकी है। इसके जवाब में गार्सेटी ने कहा कि हम अमेरिका में भारतीय छात्रों की भलाई की परवाह करते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका में अनेक संसाधन मौजूद हैं, जो छात्रों को तैयारी करने में मदद कर सकते हैं।

फैसला बच्चों की जिम्मेदारी लेने से इनकार पर पति की तलाक की अर्जी पर दिल्ली हाईकोर्ट ने की टिप्पणी

वैवाहिक रिश्ते को अस्वीकार करना मानसिक क्रूरता

नई दिल्ली, एजेंसी

वैवाहिक रिश्ते को अस्वीकार करना और निर्दोष पीड़ित बच्चों की जिम्मेदारी लेने से इनकार करना सबसे गंभीर प्रकार की मानसिक क्रूरता है। उच्च न्यायालय ने अपनी अलग रह रही पत्नी से क्रूरता के आधार पर तलाक के अनुरोध संबंधी पति की अपील को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि क्रूरता का शिकार महिला हुई है, पुरुष नहीं। अदालत ने कहा कि जीवनसाथी पर लगाए गए विश्वासघात के निंदनीय, निराधार आरोप और यहां तक कि बच्चों को भी नहीं बख्शना, अपमान और क्रूरता का सबसे खराब रूप होगा, जो व्यक्ति के लिए तलाक मंजूर नहीं करने के लिए पर्याप्त है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति नीना कृष्ण बंसल की पीठ ने कहा कि तलाक की याचिका खारिज करने वाली कुटुंब अदालत के आदेश को चुनौती देने संबंधी व्यक्ति की अपील में कोई दम नहीं है। पीठ ने कहा कि पति पत्नी के खिलाफ लगाये गये अपने किसी भी आरोप को साबित नहीं कर पाया है और उसने आत्महत्या करने की धमकी देने और आपराधिक मामलों में फंसाने के बारे में अस्पष्ट आरोप लगाए हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि विवाह एक ऐसा संबंध है जो आपसी विश्वास पर फलता-फूलता है और एक मधुर संबंध में कभी भी किसी की गरिमा को ठेस नहीं पहुंचाई जाती। व्यक्ति ने कहा है कि वह अपनी पत्नी से सितंबर 2004 में मिला था और अगले साल उसने शादी कर ली। इस व्यक्ति ने आरोप लगाया कि जब वह शराब के नशे में था तब महिला ने उसके साथ यौन संबंध बनाने के बाद उस पर शादी करने का दबाव डाला और बाद में उसे बताया कि वह गर्भवती है।

इस व्यक्ति ने आरोप लगाया कि पत्नी आत्महत्या करने की धमकी देती थी और उसके कई पुरुषों के साथ अवैध संबंध थे। महिला ने हालांकि दावा किया कि उसका शारीरिक उत्पीड़न किया गया क्योंकि वह बच्चे पैदा करने में सक्षम नहीं थी और उसकी सहमति के बिना उसकी कई जांच कराई गई। महिला ने आरोप लगाया कि बच्चों को जन्म न दे पाने के कारण उसे ताने दिए जाते थे और उस व्यक्ति के परिवार का उद्देश्य केवल उससे पैसे ऐंठना था।

पीड़िता बोली-बेटी के जन्म के बाद टूटा दुखों का पहाड़

महिला ने कहा कि 2008 में उसके बेटे के जन्म के समय उसका पति असंवेदनशील था और जब 2010 में बेटी का जन्म हुआ तो उस पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा क्योंकि उस व्यक्ति और उसके परिवार को लड़की स्वीकार्य नहीं थी। उच्च न्यायालय ने कहा कि अपनी नौकरी छोड़ने के बाद वह व्यक्ति परिवार की जिम्मेदारी निभाने में विफल रहा और पत्नी को न केवल वित्तीय बोझ झेलना पड़ा, बल्कि बच्चों की देखभाल और घरेलू जिम्मेदारियों के लिए भी संघर्ष करना पड़ा।

दिल्ली में स्पाइडरमैन की पोशाक पहने युवती समेत दो गिरफ्तार

नई दिल्लीर। दिल्ली में 19 वर्षीय एक युवती और एक युवक को स्पाइडरमैन की पोशाक पहने और बिना हेलमेट बाइक चलाने के लिए पुलिस ने पकड़ा और उनका चालान काट दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान आदित्य (20) और अंजलि (19) के रूप में हुई है, जो नजफगढ़ के रहने वाले हैं।

सोशल मीडिया पर इसका वीडियो प्रसारित हो रहा है, जिसमें एक व्यक्ति स्पाइडरमैन की पोशाक पहने और दिल्ली की 'अर्बन एक्सटेंशन रोड-2' पर बिना नंबरप्लेट वाली बाइक पर बगैर हेलमेट के स्टंट करता हुआ दिखाई दे रहा है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की गई और चालक के खिलाफ बगैर हेलमेट, बगैर लाइसेंस, बिना नंबर प्लेट की बाइक चलाने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है।

अमेरिका में युद्ध के विरोध में जॉर्ज वाशिंगटन विवि परिसर में तांबू तानकार बैठे छात्र।

अमेरिका: फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन करने पर भारतीय मूल की छात्रा गिरफ्तार

न्यूयॉर्क। अमेरिका के प्रिंसटन विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली भारतीय मूल की एक छात्रा समेत दो विद्यार्थियों को परिसर में फिलिस्तीन के समर्थन में विरोध-प्रदर्शन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया और उनके परिसर में प्रवेश करने पर रोक लगा दी गई है।

अचिंत्य शिवलिंगन कोयंबटूर में जन्मी और कोलम्बस में पली-बढ़ी हैं। विश्वविद्यालय की एक प्रवक्ता ने बताया कि अचिंत्य को विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश से रोक दिया गया है और अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा रही है। प्रदर्शनकारी छात्रों ने गुरुवार सुबह करीब सात बजे मैककॉश के प्रांगण में फिलिस्तीन के समर्थन में टेंट लगाकर डेरा डाल लिया। साप्ताहिक कॉलेज पत्रिका 'प्रिंसटन एलुमनी' ने बताया है कि विश्वविद्यालय के अधिकारियों की चेतावनी के बाद प्रिंसटन के दो विद्यार्थियों को गिरफ्तार कर लिया गया और टेंट को हटा दिया गया, लेकिन अन्य प्रदर्शनकारियों ने धरना जारी रखा।

भारतीय-रूसी कंपनियों को मिली श्रीलंका के हंबनटोटा की जिम्मेदारी

कोलंबो। श्रीलंकाई सरकार के प्रवक्ता ने कहा है कि भारत और रूस की कंपनियां हंबनटोटा में मटाला राजपक्षे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालेंगी। बता दें कि कि इस इंटरनेशनल एयरपोर्ट को दुनिया का सबसे खाली हवाई अड्डा करार दिया गया था। अब सरकार के प्रवक्ता बंडुला गनवार्डेना ने कहा कि 9 जनवरी को श्रीलंकाई कैबिनेट की बैठक हुई।

इसमें नेताओं द्वारा अपने अपने पक्ष रखे गए और इसके बाद पांच प्रस्ताव प्राप्त हुए। कैबिनेट द्वारा भारत की शौर्य एयरोनॉटिक्स (प्राइवेट) लिमिटेड और रूस की एयरपोर्ट्स ऑफ रीजन्स मैनेजमेंट कंपनी को 30 वर्षों के लिए मटाला अतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।